एतिक गैया खाय बढ़ायो, गैया तऊ न अघाई ॥४॥

ये सातौ जे कहि आये छःचक्र और सातौ सहस्त्रार जहां ब्रह्म ज्योति में जीव को मिलावै है अरु सातौ आवरण जे हैं पृथ्वी, अप्, तेज, वायु, आकाश, अहंकार, महत्तत्व अथवा सातौ बार काल अरु नौखंड जे हैं अरु चौदहो भुवन जे हैं सो ई सबन को गैया खाय कै बढ़ाइ डारयो तऊ न अघात भई अर्थात् सब वाणीमय ठहरे ॥४॥

खूंटा में राती है गैया, स्वेत सींग हैं भाई ।
अवरन वरन कछू नहिं वाके, भक्ष अभक्षौ खाई ॥५॥
ब्रह्माविष्णु खोज कै आये, शिवसनकादिक भाई ।
सिद्ध अनन्त वहि खोज परे हैं, गैया किनहुं न पाई ॥६॥

सो वह गैया खूंटा जो धोखाब्रह्म है तामे राती है अर्थात् ब्रह्म माया शबलित है अरु यहि गैया के सींग श्वेत हैं कहे सतो गुणो हैं सोई ब्रह्म में बांधियो है और अवरन कहे असत औ वरन कहे सत ई वाके कोई नहीं हैं अर्थात् सत् असत् से बिलक्षण है अथवा अवरन कहे नहीं है वरन जाके ऐसो निरक्षर ब्रह्म नाम रूपादिक नहीं है जाके और वरन कहे अक्षर ब्रह्म जीव ये दोनों नहीं हैं वाके अर्थात् ई दोनों ते बिलक्षण है और भक्ष अभक्षौ खाइ है कहे जो कर्म करावन लायक है सो करावै है और जो कर्म करावन लायक नहीं है सोऊ करावै है अर्थात् विद्यारूपते शुभ कर्म और अविद्या रूपते अशुभ कर्म करावै है, सो वाको शिव सनकादिक ब्रह्मा बिष्णु महेश अनन्त सिद्ध खोज मरे पर गैया कोऊ न खोज पायो कि सत है कि असत है तात्पर्यऊ न जाने ॥५॥६॥

कहे कबीर सुनो हो सन्तो, जो या पद अरथाई।
जो या पद को गाइ बिचरिहै आगे ह्वै तरि जाई ॥७॥

श्री कबीर जी कहै हैं कि हे सन्तो ! सुनौ जो या पद को अर्थै है कहे अर्थ विचरि है और जौन पद हम वर्णन करे आये सब ब्रह्मांड सप्तावरण आदि दैके जे पद हैं कहे स्थान तिनको जो कोई गाइ कहे माया को रूपही बिचारैगो कि ये सब माया ही है सो माया के आगे ह्वै कै साहब को लोक विचारैगो सोई तरैगो ॥७॥

शब्द ७

भाई रे दुइ जगदीश कहां ते आये, कहु कौने भरमाया।
अल्ला राम करीम केशव हरि, हजरत नाम धराया ॥१॥
गहना एक कनक ते गहना, तामें भाव न दूजा।
कहन सुनन को दुइ करि थापे, यक नेवाज यक पूजा ॥२॥

श्री कबीर जी कहै हैं कि हे भाइउ ! दुइ जगदीश कहां ते आये तोको कौने भरमायो है अल्ला राम करीम केशव हरि हज़रत ये तौ सब नाम भेद हैं कहते तो एकही को हैं ॥१॥

जैसे एक गहना को सुवर्ण का गहना कहे, गहिलेय कहे सुवर्ण विचारि लेइ तामें भाव दूजा नहीं है वह सुवर्ण है जैसे कोई चूड़ो कोई बिजायठ इत्यादिक नाम कहै हैं परन्तु है सुवर्ण ही तैसे कहिये सुनिये दुइ करि थाप्यो है 'येक नेवाज यक पूजा' परन्तु है सब साहब की बन्दगी को ही परम परपुरुष श्रीरामचन्द्र ही को सेवैं हैं ॥२॥

वही महादेव वही महम्मद, ब्रह्मा आदम कहिये ॥
कोइ हिन्दू कोइ तुरुक कहावैं, एक जिमीं पर रहिये ॥३॥

वोही परम पुरुष श्रीरामचन्द्र को महादेव व महम्मद व ब्रह्मा व आदम सब कहिये कहे कहत भये कोई राम कहिकै कोई अल्लाह नाम कहिकै कुरान में लिख्यो है कि सब नामन में अल्लाह नाम ऊपर है और यहां वेद पुराण में लिखै है कि सब नामन में रामनाम ऊपर है तामें प्रमाण

"सर्वेशामपि मंत्राणां राममंत्रफलाधिकमिति"

"सहस्रनाम तत्तुल्यं रामनाम वरानने"

याते सब के मालिक परमपुरुष श्रीरामचन्द्र ही जगदीश हैं दूसरो जगदीश नहीं है उनहीं के अल्लाह नाम को सब नामन ते परे महम्मद कुरान में लिख्यो है, व उनहीं नाम को महादेव ने तंत्रों में लिख्यो है, और ब्रह्मा वेद में कहत भये, आदम किताब में कह भये, अरु इहां तो एक जे परमपुरुष श्री रामचन्द्र हैं तिनहीं के जिमीं में कहे जगत में रहत भये नाम के भेद ते कोई हिन्दू कोई मुसलमान कहावै है ॥३॥

वेद किताब पढ़ै वे कुतुबा, वे मोलना वे पांडे ।
बिगत बिगत कै नाम धरायो, यक माटी के भांडे ॥४॥

जिनके पोथी जमा होय हैं ते कहावै हैं कुतुबा वे वेद पुराण जमा कै कै पढ़े हैं वे किताब जमा कै कै पढ़े हैं वे पण्डित कहावैं हैं वे मोलना कहावैं हैं वेद पढ़िकै पण्डित किताब पढ़ि कै मोलना कहावैं बिगत बिगत कहे जुदा जुदा नाम धराय लेते भये हैं एक ही माटी के भांड़े कहै हैं सब पञ्चभौतिक हो हैं ॥४॥

कहृ कबीर वे दूनौं भूले, रामहिं किनहुं न पाया ।
वे खसिया वे गाय कटावैं, बादै जनम गंवाया ॥५॥

श्री कबीर जी कहै हैं कि हिन्दू तो बोकरा मारिकै मुसलमान गाय मारिकै नाना प्रकार के वादविवाद करिके अथवा बादै कहे वृथा ही दोऊ भूलि के जन्म गंवाय दियो परमपुरुषपर जे श्रीरामचन्द्र तिनको न पावत भये हिन्दू तुरुक के खुदा खाविन्द एकई है कोई बिरले जानै हैं ते वहां पहुंचे हैं तामें प्रमाण,

"छोड़ि नासूत मलकूत जबरूत लाहूत हाहूत बाजी ।
और साहूत राहूत इहाँ डारिदे कूदि आहूत जाहूत जाजी ।
जाय जाहूत में खुद खाविन्द जहँ वही मकान साकेतसाजी ॥
कहै कब्बीर ह्यां भश्त दोजख थके वेद कीताब काहूत काजी"॥५॥

शब्द ८

हंसा संशय छूरी कुहिया, गैया पियै बछरुवै दुहिया ॥१॥
घर घर सावज खेलैं अहेरा, पारथ बोटा लेई ।
पानो माहि तलफि गै भूभुरि, धूरि हिलोरा देई ॥२॥

कबीर जी कहै हैं कि हे हंसा ! संशय रूप छूरी ते मारिगयो तोको उलटो ज्ञान ह्वै गयो बछरुवा जो है तैसो तेरो स्वरूप ज्ञानरूप जो दूध ताको गैया जो माया सो दुहि कै पीलियो ॥१॥

सावज जो यह मन है सो घर घर में कहे शरीर शरीर में शिकार खेलै है 'पारथ' कहे शिकारी जोतैं सो बोटा लेइ है अर्थात् नाना उपासना नाना ज्ञान करत फिरै है पर मन तोको नहीं छोड़ै है साउज ते नहीं बचे है पानीरूप जो है पानी नाना शास्त्र तौने में 'भूभुरि' जो सूर्यन के तापते तपित भूमि होय है सो भूभुरि कहावै है ऐसे संसार ताप ते तपित जो तेरा अन्तःकरण सो तलफि गयो अर्थात् अधिक अधिक शंका होत भई तिन ते अधिक तप्त भयो शीतल न भयो काहे ते कि धूरि जो सूखा ब्रह्मज्ञान सो हिलोरा देन लग्यो कहे शास्त्रन में वही धोखा ब्रह्म ही देख परन लग्यो शास्त्रन को तात्पर्य जो साहब तिनको न जान्यो ॥२॥

धरती बरसै, बादल भीजै, भीट भया पैराऊ।
हंस उड़ाने ताल सुखाने, चहले बीधा पाऊ॥ ८॥

बुद्धि जो है सो धरती है काहेते सब मतन को आधार यही है बानीरूप पानी बरसै है कहे नाना मतन को निश्चय कै कै प्रकट करै है अरु यह बानी जीवही ते प्रथम निकसी है सो जीव बादल है सो भीजै कहे वोई मतन को ग्रहण कियो यह लोकोक्ति है कि फलाने फलाने में भीजि रहे हैं कहे आसक्त ह्वै रहे हैं, भीट चारयो वेद हैं, मर्यादा ते पैराऊ ह्वै गये कहे उनकी थाह कोई न पावत भयो अर्थात् तात्पर्य करिकै जो परमपुरुष श्रीरामचन्द्र को वर्णन करैहै सो कोई न पावत भयो। ताल सूखे हंस उड़ै हैं यहां हंस उड़े ताल सूखे हैं जब हंस उड़ो कहे या जीव निकसि गयो तब ताल जो शरीर है सो सूखि गयो तब बासना जे हैं तेई चहला हैं तिनमें पाँउ बीधि रह्यो जैसे तलाउ जब सूखेउ और पुनि चौमासे में जब जल बरस्यो तब जल को तस ह्वै गयो तैसे बासना में पाँउ फँसि रह्यो है दूसर शरीर जब पायो तब फिर वही शरीर में तलाउ में हंस जीव बूड़न उतरान लग्यो है सो भाव यह कि उड़न को तो करैहै शरीर ताल ते अन्तै नहीं जाय सकै है कोई योनि में रहै॥ ८॥

जौ लगि कर डोलै पग चलई, तौ लगि आस न कीजै।
कह कबीर जेहि चलत न दीखै, तासु बचन का लीजै॥९॥

जब लग पांव चलै है कर डोले है कहे शरीर बनो है तब लगि गुरुवालोगन की आश न करिये जो आश करैगो तौ याही भांति बँधि रहैगो सो कबीर जी कहै हैं जे गुरुवालोग नाना पदार्थन में आश लगाइ देइ हैं तिनही ते चलत नहीं बनै है तौ तिनको कह्यो बचन कैसे लीजिये कहे कैसे मानिये अर्थात् उनके यहां न जाइये काहे ते कि वे साहब को भुलाइ कै औरै में लगाइ देहिंगे संसार ही में फंसो रहैगो यामें धुनि यह है कि जे संसार ते छूटे हैं रामोपासक हैं तिनही को बचन मानिये तिनही के यहां जाइये॥ ९॥

हंसा हो चित चेत सवेरा, इन्ह परपञ्च करल बहुतेरा ॥ १ ॥
पाखंडरूप रच्यो इन्ह तिरगुन, तेहि पाखंड भूल संसारा।
घर को खसम बधिक भो राजा, परजा कार्धों करै विचारा ॥२॥

हे हंसा जीवो! सबेरे ते कहे अबही ते चित्त में चेत करौ सबेरे ते कह्यो ताको भाव यह है कि जब काल नियराय आवैगो तब कछू न करत बनैगो तिहारे फांसिबे को यह माया बहुत परपञ्च कियो है ॥१॥

पहिले पाखण्डरूप जो वह धोखाब्रह्म है ताको रच्यो तामें मिलिकै तिरगुन जे सत-रज-तम हैं, तिनको तिहारे फाँसिबे को प्रगट कियो सो तीनों गुणाभिमानी जे तीनों देवता हैं अरु पाखण्डरूप जो धोखा-ब्रह्म है तामें सब भूलि गये घर को खसम जब स्त्री को बधिक कहे दुःख देन लाग्यो मारन लाग्यो तब स्त्री कहा करै तैसे जो राजा प्रजा को बधिक कहे मारन लाग्यो दुःख देन लाग्यो, तब बिचारे प्रजा कहा करै सो यह मन तो सब को मालिक ह्वै रह्यो है सो यही जो सब को दुःख देन लाग्यो तौ जीव कहा करै ॥ २ ॥

भक्ति न जानै भक्त कहावै, तजि अमृत विष कै लिय सारा।
आगे बड़े ऐसही भूले, तिनहुं न मानल कहा हमारा ॥ ३ ॥

भक्ति को जानै नहीं हैं भक्त कहावै हैं अमृत जो है परमपर पुरुष श्रीरामचन्द्र की भक्ति ताको छोड़िकै विष जो है और और की भक्ति ताको सार मानि लियो है सो आगे जे बड़े बड़े ह्वै गये हैं तेऊ ऐसेही भूलि गये हमारो कह्यो नहीं मान्यो साहब की भक्ति छोड़िकै और और की भक्ति करिकै संसार ही में परत भये ॥ ३ ॥

कहल हमारा गांठी बांधो, निशि बासरहि होहु हुशियारा।
ये कलि के गुरु बड़ परपञ्ची, डारि ठगौरी सब जग मारा ॥४॥

सो हमारो कह्यो गांठी बांधो जो अबहूँ हमारो कह्यो न मानौगे साहब की भक्ति न करौगे तौ संसार ही में परौगे कलियुग के जे गुरुवा

हैं ते बड़े परपञ्ची हैं सब जग का ठगोरी कहे ठगिकै परमपुरुषपर जे श्रीरामचन्द्र हैं तिनकी भक्ति को छोड़िकै और और मतन में डारि दे रहैं सो निशिवासर हुशियार रहो अर्थात् निशिवासर रामनाम को स्मरण करत रहो साहब को जानत रहो गुरुवा लोगन को कहा न मानो ॥ ४ ॥

वेद किताब दोय फन्द पसारा, ते फन्दे पर आप विचारा।
कहत कबीर ते हंस न विछुरे, जेहि मैं मिलो छोड़ावनहारा ॥५॥

बोई जे गुरुवालोग हैं ते आइ ये वेद किताब को फन्द पसारि कै नाना मतन में करत भये सो वही फन्द में आप परत भये व औरहु को वही फन्द में डारि कै नाना मतन में लगाय देते भये वेद किताब को तात्पर्य न जानत भये सो कबीर जी कहै हैं कि जौने जीव को मैं फन्द ते छोड़ावनहार मिल्यौ हौं और परमपुरुष में लगाइ दियो ते आज लौं नहीं विछुरे न विछुरेंगे सो तुमहूं परखि करिकै मेरो कह्यो मानिकै हे हंस जीवो ! तुमहू फंद छोड़ि परमपुरुषपर जे श्री रामचन्द्र हैं तिनमें लगो ॥ ५ ॥

हंसा प्यारे सरवरते जे *जाय।
जेहि सरवर बिच मोतिया चुनते, बहुविधि केलि कराय ॥१॥
सुखे ताल पुरइनि जल छोड़े, कमल गयो कुंभिलाय।
कहु कबीर जो अबकी विछुरै, बहुरि मिलै कब आय ॥२॥

हे प्यारे हंस, सरवर जो शरीर है ताते जे जाय कहे जिनके शरीर छूटि जाय हैं जौने सरवर शरीर को प्राप्त होइकै मोतिया चुनै हैं कहे ज्ञानयोगादिक साधन करिकै मुक्ति की चाह करैं हैं और बहुविधि की केलि करै हैं, जो त्याजे पाठ होय तो यह अर्थ है हे हंसा जीव, प्यारो जो

* कहीं कहीं पाठ है "सरवर त्याजे जाय"

सरवर शरीर ताको त्यागे जाय है जौन सरवर शरीर में नाना देवतन की उपासना रूप मोती चुने नाना विषयन को भोग कीन्हे सो छोड़े जाय है ॥ १ ॥

सो शरीररुपीताल जब सूख्यो कहे रोग करिके ग्रस्त भयो तब पुरइनि जल छोड़ि दियो अर्थात् वह ज्ञान बुद्धि तुम्हारे न रहिगयो अरु अनुभव जो तुम करत रह्यो सोई कमल है सो कुंभिलाय गयो अर्थात् भूलि गयो सो कबीरजी कहे हैं कि यहि तरह ते जो अब की बिछुरे कहे शरीर छूटि जाय तब पुनि कबै ऐसो शरीर पावैगो, चौरासी लाख योनि भटकैगो तब फेरि कबहूं जैसे तैसे मिलेगो शरीर छूटे ज्ञान योगादिक साधन भूलि जाय हैं तेहिते मानुषशरीर पाइकै साहब को जानै वह शरीरहु छूटे नहीं भूलै है काहे ते कि साहबही आपनो ज्ञान देइहै और हंस स्वरूप देइहै ॥ २ ॥

॥ अथ चौतीसीप्रारम्भ: ॥

ॐकार आदिहि जो जानै।
लिखिकै मेटि ताहि फिरि मानै॥
वै ॐकार कहै सब कोई।
जिन्हुं लखा सो बिरला होई ॥ १ ॥

ओंकार को आदि जो रामनाम ताको जो कोई जानै पिण्डाण्ड ब्रह्माण्ड को नाईं लिखिकै कहे उत्पतिकै मेटै कहे नाशकरै फिरि मानै कहे पालन करै सो वह ओंकार को तो सबै कोई कहै हैं परन्तु जिन वाको लखा है सो कोई बिरला है ताके लखिबे को प्रकार हौं कहौ हौं अकार लक्ष्मण को स्वरूप, उकार शत्रुघ्न को स्वरूप, मकार भरत को स्वरूप अर्द्धमात्रा श्रीरामचन्द्रजी को स्वरूप सम्पूर्ण प्रणव श्रीजानकी जी को स्वरूप यहि रीति ते जो कोई प्रणव को जानै सो बिरला है कौनी

रीति ते जप करै त्रिकुटी में अकार कण्ठ में उकार हृदय में मकार नाभि में अर्द्धमात्रा गैबगुफा में सम्पूर्ण प्रणव ऐसे एक एक मात्रा को अर्थ विचारत घण्टानाद की नाई जपकरनवारो विरला है। साहबमुख यह अर्थ हम दिग्दर्शन कर दियो है और विस्तारते अर्थ हमारे रहस्यत्रयग्रंथ में है और सब जगत्मुख अर्थ है ॥ १ ॥

कका कमल किरनि में पावै।
शशि विकसित संपुट नहिं आवै॥
तहां कुसुम्भ रंग जो पावै।
औ गहगह कै गगन रहावै॥ २॥

क कहिये सुख को, सो कका कहे सुख को सुख जो साहब तिनको किरनि जो अर्द्धमात्रा ताको नाभिकमल में ध्यान करि जीव जानै और शशि जो चन्द्र नाड़ी तौन को अमृत सींचि कै विकसित किये रहै, संपुटित न होन पावै व तहँ कुसुंभरङ्ग जो प्रेम ताको पावै तो अगह जो साहब जे मन बचन करि कै नहीं गहे जाइँ तिनको गहि कै गगन जो हृदय आकाश तामें राखै याके आवरण के मंत्र और ध्यान को प्रकार हमारे शान्तिशतक में लिख्यो है। ककार सुख को कहै हैं तामें प्रमाण—

"कः प्रजापतिरुद्दिष्टः को वायुरिति शब्दितः।
कश्चात्मनि समाख्यातः कस्सामान्य उदाहृतः॥ १॥
कं शिरो जलमाख्यातं कं सुखेऽपि प्रकीर्तितम्।
पृथिव्यां कुः समाख्यातः कुः शब्देऽपि प्रकीर्तितः॥ २॥

खखा चाहै खोरि मनावै।
खसमहिं छोड़ि दशहु दिशि धावै॥
खसमहिं छोड़ि छमा ह्वै रहई।
होइ अखीन अक्षय पद गहई॥ ३॥

ख जो चैतन्याकाश ताहू को चैतन्याकाश अर्थात् ब्रह्महूँ को ब्रह्म जो साहब ताको जो चाहै तो अपनी खोरि जो चूक सो मनावै कहे

बकसावै कौन चूक जौन खसम जे साहब हैं तिनको छोड़िकै जो दशौ दिशा में धावै है कहे नाना उपासना करै है सो या चूक बकसावै व ख जो चैतन्याकाश सम कहे सर्वत्र पूर्ण ऐसो जो धोखाब्रह्म ताको छोड़ि कै तैं क्षमा ह्वै रहु ब्रह्म को वादविवाद न करु होइ अखीन कहे आपनो स्वरूप जानि कै कि मैं साहब को हौं अक्षय हौं ब्रह्महूँ में लीन भये मेरो जीवत्व नहीं जाय है ऐसो हंस रूप ह्वै कै अक्षयपद जे साहब तिनको गहु ॥ ३ ॥

गगा गुरु के बचनै मानै।
दूसर शब्द करै नहिं कानै॥
तहां विहंगम कतहुं न जाई।
औ गहि गहि कै गगन रहाई ॥ ४ ॥

ग जो है साहब को गीत ताको ग कहे ते गवैया है सो हे जीव ! तैं गुरु जे साहब हैं तिनके बचन मानु कौन बचन कि—

अजहूं लेउं छुँड़ाय काल से जो घट सुरति सँभारै।

और दूसर शब्द न कान करु जौं घट सुरति संभारै गो तौ विहङ्गम जो जीवत्मा सो कतौं न जाइगो व गह कहे अवगाह जे साहब हैं तिनको गहि कै गगन जो हृदयाकाश ताहो में रहैगो अर्थात् जो साहब को गुन गान करैगो तौ तेरो मन जो सर्वत्र डोलै है सो कतौं न जाइगो। तामें प्रमाण

"गो गणपतिरुद्दिष्टो गन्धर्वौ गः प्रकीर्तितः।
गं गीते गा तु गीता च,गौश्च धेनुस्सरस्वती" ॥ ४ ॥

घघा घट बिनसे घट होई।
घटही में घट राखु समोई॥
जो घट घटै घटै फिरि आवै।
घटही में फिरि घटै समावै ॥५॥

घ जो घट है ताको घा जौ नाश है सो करनवारो अर्थात् जनम मरनवारे हे घघा जीव! घट जे पांचौ शरीर ताके बिनसे घट जो है हंसशरीर सो होइ है कैसे होइ है ताको साधन कहै हैं घट ही में घट राखु समोई कहे स्थूल सूक्ष्म में, सूक्ष्म कारण में, कारण महाकारण में, महाकारण कैवल्य में, कैवल्य हंसस्वरूप में समोइ राखु अर्थात् एक एक में लीन कै देइ जो यही रीति ते घट जे पांचौ शरीर तिनको घटै घटै फिरि आवै तो घट जो है हृदयाकाश ताही में घट जो हंसशरीर सो समावै अर्थात् जीतै यही शरीर में हंसस्वरूप पाय जाय। घघान को कहै हैं—

घो घटेऽपि समाख्यातः किंकिणी वा प्रकीर्तितः।
हनुमते घा समाख्याता घृ मूर्द्धनि प्रकीर्तितः॥ ५॥

ङ ङा निरखत निशि दिन जाई।
निरखत नयन रहत रतनाई॥
निमिष एकलौं निरखै पावै।
ताहि निमिष में नयन छिपावै॥६॥

ङ कहे भयानक ङा कहे विषयवाञ्छा सो ङङा भयानक विषयवाञ्छा निरखत कहे बिचारत तो को दिनौ राति जाइ हैंयाही के निरखत में कहे बिचारत में नय जो नीति सो नहीं रहत, रतनाइ जो अनुराग विषय में सोई रहि जाइ है कैसी है वह विषय कि एक निमिष लौं निरखौ पावै कहे वामें लगै तो तौंनेन निमिष में भोगेपरान्त नयन छिपाये है नहीं नीक लागै है अर्थात् रूप को देख्यो फिरि नयन में नीर भरि आवै है नहीं नीक लागै है, सुगन्ध बहुत सूंघ्यो उपरान्त नाक बरि उठै है अच्छो भोजन कियो तृप भये पर बिरस परिजाय है गान बहुत सुन्यो फिरि बकवादि लगै है सो ये सब तृप्ति के उपरान्त जो निमिष है तोने निमिष नहीं नीक लागै है। ङ विषय वाञ्छा को कहै हैं तामें प्रमाण,

ङकारो भैरवः ख्यातो ङा ध्वनावपि कीर्तितः ।
ङकारस्स्मरणे प्रोक्तो ङाकारो विषयस्पृहा" ॥ ६ ॥

चचा चित्र रचौ बहु भारी ।
चित्र छोड़ि तू चेतु चित्रकारी ॥
जिन यह चित्र विचित्रउ खेला ।
चित्र छोड़ि तू चेतु चितेला ॥ ७ ॥

च कहे मन काहे ते कि मन को देवता चन्द्रमा याते च मन को कही और दूसर चा चोर को कही सो तेरो मन जो चोर सो तेरो स्वरूप को चोराय लीन्हो साहब को भुलाय दीन्हो सो यह जगत्रूप चित्र जो रच्यो है चित्र विचित्र सो तू छोड़ि दे, हे जीव ! चित्रकारी जो मन ताको चेत करु वही तेरे स्वरूप को भुलाय दियो है । च चन्द्रमा व चोर को कहै हैं—

"च चन्द्रश्च समाख्यातस्तस्करश्च उदाहृतः" ॥ ७ ॥

छछा आहि छत्रपति पासा ।
छकि किन रहै छोड़ि सब आसा ॥
मैं तोहीं छन छन समुझाया ।
खसम छोड़ि कस आपु बंधाया ॥ ८ ॥

छ कहे निर्मल जीव तैं आपने स्वरूप को भूलि कै साहब को भूलि गयो ताते छा कहे खेद रूप ही ह्वै गयो तेरे स्वरूप की छय ह्वै गई से तैं तो छत्रपती जे परमपुरुष श्रीरामचन्द्र तिनको आहि तिनके पास जायकै ई सब नाना देवन की आशा छोड़ि कै छकि रहु या बात मैं तो को छन छन समझायो परन्तु खसम जे साहब हैं तिनको छोड़ि कै तैं काहे को जगत में अपनपौ बँधाया । छ निर्मल को और खेद को कहै हैं, तामें प्रमाण—

"निर्मलछस्समाख्यातः तरणिश्छः प्रकीर्त्तितः ।
वेदे च छः समाख्यातो विद्वद्भिः शब्दशासने" ॥ ८ ॥

जजा ई तन जियतहि जारो।
जोबन जारि जुक्ति जो पारो॥
घटहि ज्योति उजियारी करै।
जो कछु जानि जानि परजरै॥ ६॥

ज कहिये वेगवंत को व जा कहिये जघन को सो हे जीव! वेग-धारी जो मन है सोई तेरो जघन है ताही ते भागत फिरै है अर्थात् जनन मरण होत रहै है सो या तनको कहे मनरूप तन को तैं जीतै में कहे यही शरीर को साधन करके जारि दे मरेते न जरैगो दूसर शरीर वेइगो जोबन कहे युवाअवस्था को जारि कै वह युक्ति को पारो कहे धारण करो फिर वृद्धावस्था में साधन करिबे की समर्थ नहीं रहै है। ताते युवै अवस्था में इन्द्रिन को विषयसाधन करि जारु कौनी तरह ते जारु कि जो कछु पदार्थ जगत् में जानि राख्यो है ते जानि परैं कि जरि गये अर्थात् मन को संकल्पविकल्प छूटि जाइ तबहीं ज्योति जो मन है सो घट में साहब की ओर उजियारी करै है। ज्योति मन को कहै हैं तामें प्रमाण—

"जीवरूप यक अन्तरबासा। अन्तर ज्योति कीन परकासा"

और जकार वेगवारे को व जघन को कहै हैं—

जेति तेजः समाख्यातो जघने जः प्रकीर्तितः" ॥ ६॥

झझा अरुझि सरुझि कित जाना।
हीठत ढूंढ़त जाहि पराना॥
कोटि सुमेरु ढूंढ़ि फिरि आवै।
जो गढ़ गढ़ा गढ़हि सो पावै॥ १०॥

झ कहिये झंझा पवन को और झा कहिये नष्ट को सो तैं विषय झंझा में परिकै नष्ट होइ गये सो या में अरुझि कै तैं कहां सरुझि कै जैहै, झ कहिये पीठि को झा कहिये विषयबयारि को, सो विषयबयारि

में अरुझि कै साहब को पीठि दैकै सरुझि कै कित जान चाहै है। हीठत ढूंढ़त तेरो परान जाइ है नाना उपासना नाना मत करै है अथवा हीठत ढूंढ़त तेरो परान जाइ है नाना मतन में पै तोको विषयवियारि न छांड़ैगी वाही में अरुझो रहैगो कोटि सुमेरु कहे कोटिन ब्रह्माण्ड भटकि आओ परन्तु जौन मन शरीर गढ़ को गढ़ा है कहे बनावा तौनेन को व गढ़ कहे शरीर को तपावैगो याते तैं विषयबयारि को छांडु साहब के सन्मुख होइ। झ झंझा वात को व नष्ट को कहै हैं तामें प्रमाण—

"झंझावाते झकारः स्यान्नष्टे झस्समुदाहृतः" ॥ १० ॥

ञञा निरखत नगरसनेहू।
आपन करु निरुवारु सँदेहू॥
नहिं देखौं नहिं आपु भजाऊँ।
जहां नहीं तहँ तन मन लाऊँ॥ ११ ॥

ञ कहिये सोइबे को ञा कहिये घर्घरध्वनि को सो घर्घर नाक बजावत ऐसो सोवत कहे अपने स्वरूप को भूलो जीव नाना मतन में वादविवाद करत नगर जो जगत व शरीर ताही को निरखै है व वाही में सनेह करै है आपने जो संदेह कि मैं साहब को हौं कि और को हौं ताको तो निरुवारु करु नय वात ते नहीं देखो जेहि में साहब मिलै हैं और न आप भजाऊँ कहे न अपनपौ जान कि मैं कौन को हौं जिन जिन मतन में न साहिबै जनि परै न आपनो स्वरूप जानि परै तामें तैं तन मन को लगाये है। ञ शयन को व घर्घरध्वनि को कहै हैं तामें प्रमाण—

"ञकारः शयने प्रोक्तो ञकारो घर्घरध्वनौ" ॥ ११ ॥

टटा विकट बात मन माहीं।
खोलि कपाट महल में जाहीं॥
रहे लटपटे जुटि तेहि माहीं।
होहिं अटल तेहि कतहुं न जाहीं॥ १२ ॥

एक ट कहे जो नाभी में रेफ की ध्वनि उठै है और दूसरो टा कहे जो सुरतिकमल में गुरु रकार ध्वनि करै है सो दूनो ध्वनि जामें होइँ सो टटा कहावै है सो हे टटा जीव ! विकट बात की जे बासना तेरे मन में तेई कपाट हैं ताको खोलि कै दूनो रकार की ध्वनि एक कै रामनाम को छुइउ मात्रा जपत अर्थ विचारत महल जो साकेत तहां को जाय रहै। लटपटे कहे जैसे होय तैसे रामनाम में जुटि रहु तौ साकेत में जाइकै तैं अटल ह्वै है अथवा विकट बासनन को तेरे मन में टटा ह्वै रहा है सो टटा को खोलि कै महल में जा हे लटपटे ! जौने संसार में लटपट ह्वै रहे हैं कहे नरक स्वर्ग में तैं गिरे उठै है सो तैं साकेत में जुटि रहु जे साकेत में जुटि रहे हैं कहे प्रवेश करि रहे हैं तेई अटल ह्वै रहे हैं उनको जनन मरण नहीं होय वे कतहूँ नहीं जाय हैं। ट ध्वनि को कहै हैं तामें प्रमाण—

"टः पृथिव्यां च कटके टो ध्वनौ च प्रकीर्तितः" ॥ १२ ॥

ठठा ठौर दूरि ठग नेरे।
नित के निठुर कीन्ह मन धीरे॥
जेहि ठग ठग सब लोग सयाना।
सो ठग चीन्हि ठौर पहिचाना ॥१३॥

ठ कहिये बृहद्ध्वनिको और ठा कहिये चन्द्रमंडल को सो बृहत् है ध्वनि कहे कीर्ति जिनकी तीनों ताप के हरनहारे चन्द्रमंडल की नाई ऐसे परमपुरुषपर जे श्रीरामचन्द्र हैं तिनको ठौर दूरि है और ठग जो मन है सो नेरे है अथवा हे ठट्ठहा मसखरा जीव! साहब सोँ मसखरी करनवारो जाते जनन मरण छूटै है वा साहब को ठौर दूरि है ठग जे मन बुद्धि चित्त अहंकार ते नेरे हैं तैं नित्य को निठुर है मा जो माया ताको ना धीरे करत भे सो कहे तेज करते भये ऐसो जो ठग मन जौन सब सयाने लोगन को ठगत भो तौने ठग मन को चीन्हि कै साहब के ठौर को पहिचानौ अथवा ठग जे हैं गुरुवा लोग ते साहब ते छोड़ायकै

और और में लगायो ते कहां तेरे मन को धीरे किये नाहीं किये । ठ बृहद् ध्वनि को व चन्द्रमंडल को कहै हैं तामें प्रमाण—

"बृहद्ध्वनिश्च ठः प्रोक्तस्तथा चन्द्रस्य मण्डले" ॥१३॥

डडा डर कीन्हें डर होई ।
डरही में डर राखु समोई ॥
जो डर डरै डरै फिरि आवै ।
डरही में पुनि डरहि समावै ॥१४॥

एक ड कहिये ध्वनि को और डा कहिये त्रास को सो मायारूप बानी को त्रास कहे डर सो या डर तेरे कीन्हे ते होइ है अर्थात् ये मिथ्या हैं तैं ही बनाय लियो है कैसे मिटै सो जिनको तैं डरै है विषयन को तिनको इन्द्रिन में समोइ दे इन्द्रिन को डरै है सो मन जो महाडर है तामें समाइ दे और मन को चित् तन्मात्र ब्रह्म में समोइ दे या रीति ते डर को डर में समोइ कै तैं फिरि आउ साधन करि साहब को आनु । डकार ध्वनि को और त्रास को कहै हैं तामें प्रमाण—

"डकारः शंकरे त्रासे डकारो ध्वनिरुच्यते" ॥ १४ ॥

ढढा ढूंढ़तई कत जाना ।
ढीगर डोलहिं जाइ लोभाना ॥
जहां नहीं तहँ सब कछु जानी ।
जहां नहीं तहँ ले पहिचानी ॥१५॥

ढ कहिये बानी को ढा कहिये निर्गुन ब्रह्म को सो हे जीव ! बानी में लगि कै निर्गुन ब्रह्म को ढूंढ़त तोको कहां जाना है अर्थात् उहां कछु नहीं है तैं तो साहब को है वा ढीगर है जा पुरुष के है तौने को ढोल बाजा बानी रूप पानी तौने में लोभाने तैं जाइ अर्थात् या बानी रूप ढोल बाजा है अहंब्रह्म बुद्धि बतावै है सो दूरि को ढोल सुहावन है यामें कछु नहीं देश काल वस्तु परिच्छेद ते शून्य है हाथ एको न लगैगो सो हे जीव ! जहाँ कहे जौने साधन में साहब नहीं है तौनेन साधन

को तैं सब कछु जान लीन्हें है सो जहाँ नहीं कहे जहां माया ब्रह्म ये एकहू नहीं हैं तहां साहब को तैं पहिचान ले। ढ निर्गुन को और ध्वनि को कहै हैं तामें प्रमाण—

"ढकारः कीर्तितो ढक्का निर्गुणो च ध्वनावपि" ॥ १५ ॥

णणा दूरि बसौ रे गाऊं।
रे ण णा टूटै तेरे नाऊं॥
मुये येते जिय जाही घना।
मुये यतादिक* केतिक घना ॥१६॥

ण कहिये निष्फल को णा कहिये ज्ञान को सो हे जीव! या धोखा ब्रह्म को ज्ञान तेरो निष्फल है या ज्ञान ते साहब न मिलैंगे साहब को गाउँ जो साकेत है सो दूरि बसै है सो रे निष्फलज्ञानवारे मूढ़ जीव! टूटै तेरो नाउँ कहे वा धोखाब्रह्म में लगे तेरो जीवत्व को नाउँ टूटि जायगो अर्थात् तैं हूं धोखाब्रह्म कहावन लगैगो सो या ज्ञान में केती मरि गये हैं व घना कहे बहुत जीव मुये जाहि हैं और केते गनै यही रीति मरि जैहें या धोखाब्रह्म निष्फल ज्ञान ते साहब न मिलैंगे। णा निष्फल को वा ज्ञान को कहै हैं तामें प्रमाण—

" णकारः कीर्तितो ज्ञाने निष्फलेऽपि प्रकीर्तितः ॥ १६ ॥

तता अतित्रियो नहिं जाई।
तन त्रिभुवन में राखु छपाई॥
जो तन त्रिभुवन मांहिं छपावै।
तत्वहिं मिले तत्व सो पावै ॥१७॥

त कहिये चोर को ता कहिये सीगट की पूंछ को सो हे जीव! साहब तें चोराइ कै आंखी छपाइ कै सिंह जो साहब ताकी शरन छोड़ि कै सीगट की पूंछ जो धोखाब्रह्म तौने को तैं गहे सो अतित्रियो कहे आरमता ताते कहे अत्यन्त चारिउ ओर ब्याप्त त्रिगुणात्मिका माया

* इत्यादिक

तौनो भरि तेरी नहीं जाइ है मुक्ति होवे की कहा कहिये सो तन कहे अणुमात्र जो तैं है ताको त्रिभुवन में छपाय राखति भै माया सो ये जे तेरे पांचौ तन हैं तिनको तैं त्रिभुवन में छपाय दे अर्थात् चारिउ शरीर हैं तिनको संसारी मानि ले व मैं इन ते भिन्न हौं व शरीर को अभिमान जो तैं छाड़ि दे तो तत्व जो साहब को यथार्थज्ञान कि मैं साहब को हौं तौन जब तोको मिलै तब तत्त्व जे साहब हैं तिनको पावे। तत्त्व यथार्थ को कहे हैं तामें प्रमाण—

"तत्त्वं ब्रह्मणि याथार्थ्ये"

और साहब तत्त्व कहावै है तामें प्रमाण—

"राम एव परं तत्त्वं राम एव परंतपः"

त चोर को व सीगट की पूंछ को कहे हैं तामें प्रमाण—

" तकारः कीर्तितश्चौरः क्रोष्टुपुच्छेपि ता स्मृतः ॥ १७ ॥

थथा थाह थहो नहिं जाई।
इह थोरे वह थीर रहाई॥
थोरे थोरे थिर रहु भाई।
बिनु थम्भे जस मँदिल थँभाई ॥१८॥

थ कहिये शिलासमूह को और था कहिये रक्षा को सो हे जीव! शिलासमूह जो मन तौने के भय ते अपनी रक्षा करु काहे ते थाह है अर्थात् विचार कीन्हे कछु वस्तु नहीं है परन्तु काहू के थहाये नहीं थहाय जाय है, शिलासमूह मन है सो आगे पद में कहि आये हैं—

"पाहन फोरि गंग यक निकसो चहुं दिशि पानी पानी"

सो यह मन थिर होय तौ वह जीवहू थिर रहै ताते तैं थोरे थोरे साधन करु जातें मन थिर होइ जो साधन न करैगो तो मन न थिर रहैगो कैसे जैसे बिना थम्भ कहे खम्भा देवाल, और जो कौनो यशौवाली बात न करै तो वह यश बनै रहत है मन्दिल थँभै है अर्थात् नहीं थँभै है अथवा थोरे थोरे साधन करि मन थिर कै ले जब मन थिर ह्वै जाइगो तब साधन न करन परैगो कैसे जैसे कौनो यश

बाली बात कियो फिर वा यशरूप मन्दिर बिना थम्भे बनो रहै है। थ शिलासमूह को व रक्षा को कहै हैं तामें प्रमाण—

" शिलोच्चये थकारस्स्यात्थकारो भयरक्षणे " ॥ १८ ॥

ददा देखो विनशनहारा।
जस देखौ तस करौ विचारा॥
दशौ द्वार में तारी लावै।
तब दयाल को दर्शन पावै॥१९॥

द कहिये कलत्र को व दा कहिये दान को सो हे जीव! या सब कहे यह लोक में जो कलत्रादि व वह लोक स्वर्गादिक विनशनहारा है अर्थात् सब नाशमान है सो जस देखो कहे जैसा नाशमान देखते हौ तैसा तुहूँ अपने को विचार करो कि हमहूं नाश ह्वै जैहैं दशौ द्वार को महामुद्रा करि बन्द करि तालो लावै कहे समाधि करै तब दयालु जे साहब हैं तिनको दर्शन तैं पावैगो। द कलत्र को और दान को कहै हैं तामें प्रमाण—

" दं कलत्रे बुधैरुक्तं छेदे दानेऽपि दातरि " ॥ १९ ॥

धधा अर्ध माहँ अँधियारी।
जस देखै तस करै बिचारी॥
अर्ध छोड़ि ऊरध मन लावै।
अपा मेटि कै प्रेम बढ़ावै॥ २० ॥

ध कहिये बन्धन को व धा कहिये धाता को सो हे जीव! माया के बन्धन में परिकै अपने को धाता कहे ब्रह्म मानि लियो है सो हे जीव! तैं अर्ध कहे अधोगति की अँधियारी में परो है तो को नहीं सूझि परै अज्ञान में परो है सो जस देखै है सुनै है तैसे ही विचार अज्ञानपूर्वक करै है सो तैं न करु अर्ध जो है अधोगति की राह ताको छोड़ि कै उरध कहे साहब के यहां जाबे की जो राह है तामें मन लगाउ अपा मेटि कै

कहे जो आपन सब मान राख्यो है सो सब साहब को मानि कै और अपने हूं को साहब को मानि के प्रेम को बढ़ावै। ध बन्धन को और धाता को कहै हैं, तामें प्रमाण—

"धो बन्धने धनाध्यक्षे धाताधीर्मरुतावपि" ॥ २० ॥

नना चो चौथे में जाई।
राम को गद्‌दहह्वै खर खाई॥
नाहिं छोड़िकिय नर्कबसेरा।
नीच अजौं चित चेतु सबेरा॥ २१॥

न कहिये गुण को और ना कहिये निन्दा को सो हे जीव! तैं त्रिगुण में बँधि कै निन्दा रूप ह्वै गयो। अर्थात् निन्दा करिबे लायक ह्वै कै मन बुद्धि चित्त में अहंकार जो चौथ तामें परिकै अर्थात् आपने को ब्रह्म मानि कै राम को तैं ह्वै कै अर्थात् तैं तो श्रीरामचन्द्र को है परन्तु अवरे अवरे में गदहा ह्वै खर खात फिरै है अर्थात् क्रूर ज्ञान में परो है सो नाह जे परमपुरुष श्री रामचन्द्र हैं तिनको छोड़ि कै नरक में बसेरा कियो सो हे नीच! अबै सबेरो है अजहूं चेतु। न गुन को वा निन्दा को कहै हैं तामें प्रमाण—

"नकारः स्याद् गुणे चन्द्रे दुःस्तुतौ च प्रकीर्तितः" ॥ २१ ॥

पपा पाप करै सब कोई।
पाप के धरे धर्म नहिं होई॥
पपा कहे सुनहु रे भाई।
हमरे सेये कछू न पाई॥ २२॥

प कहिये श्रेष्ठ को पा कहिये रक्षक को सो हे जीव! तैं साहब को ह्वै के औरे औरे देवतन को श्रेष्ठ मानै है व रक्षक मानै है, पापई करै है पाप के किये ते धर्म नहीं होयगो अर्थात् औरे देवतन के किये तेरी रक्षा न होयगी काहे ते पपा जे हैं श्रेष्ठ रक्षक जिनको तैं मानै है तेई कहै हैं

हे भाई! सुनो हमारे सेये कछू न पावैगो, मुक्ति हमारी दीन नहीं दै जाइ, मुक्ति श्रीरामचन्द्र ही की दई दै जाइ है। तामें प्रमाण—

"मुक्तिप्रदाता सर्वेषां विष्णुरेव न संशयः"

विष्णु श्रीरामचन्द्रजी को नाम है सो हमारे सर्व सिद्धान्त में लिखो है। प श्रेष्ठ को व रक्षक को कहै हैं, तामें प्रमाण—

" परमे पः समाख्यातो पा पाने चैव पातरि " ॥ २२ ॥

फफा फल लागो बड़ दूरी।
चाखैं सतगुरु देइँ न तूरी॥
फफा कहै सुनहु रे भाई।
स्वर्ग पताल की खबरि न पाई॥ २३ ॥

फ कहिये फल को फा कहिये निष्फल भाषण को, सो हे जीव! जौने फल को तैं भाषण करै है कि ऐसो फल होइगो सो या तेरो भाषणों निष्फल है, फल जे साहब हैं ते बहुत दूरि हैं, सतगुरु जे हैं जे साहब को जानै हैं तेई चाखै हैं व फल वे तूरि कै काहू को नहीं देइ हैं काहे ते वे साहब मन वचन के परे हैं आपही ते आप जानेजाइ हैं अपनी दई इन्द्रिय ते आप देखेजाइ हैं सतगुरु जे बतावै हैं ते साहेब के प्रसन्न होवै की राह बतावै हैं सो हे भाई लोकन में फल की चाह करिकै निष्फल के भाषणवाले जे गुरुवालोग हैं ते कहै हैं कि स्वर्ग पाताल में साहब की खबरि हमहूँ कहूँ नहीं पाई अर्थात् साहब हई नहीं हैं। फ फल को और फा निष्फल भाषण को कहै हैं तामें प्रमाण—

"फंफा वाते फकारः स्यात्फः फलेऽपि प्रकीर्तितः
फकारेऽपिच फः प्रोक्तस्तथा निष्फलभाषणे" ॥ २३ ॥

बबा बरबर कर सब कोई।
बरबर किये काज नहिं होई॥

बवा बात कहै अरथाई।
फल के मर्म न जानेहु भाई ॥ २४ ॥

ब कहिये वरुण को वा कहिये घट को सो वरुण जल के भीतर रहै हैं ऐसे हे जीव ! तुहूँ वाणी के भीतर ह्वै कै घट की नाईं भकभकाइ। बरबर सब कोई करौ हौ सो बरबर के किये काज नहीं होइ है अर्थात् साहब नहीं मिलै है, सो हे बवा ! घटकी नाईं भकभकानवारे बात तो बहुत अर्थाय कै कहै हैं परन्तु हे भाइ ! लोकन के फल को मर्म नहीं जानौ हौ कि या फल भोग करि कुछ दिन में गिरहीं परैंगे। ब वरुण को व कलश को कहै हैं तामें प्रमाण—

"प्रचेत वः समाख्यातः कलशो व उदाहृतः ॥ २४ ॥

भभा भर्म रहा भरपूरी।
भभरे ते है नियरे दूरी ॥
भभा कहै सुनौ रे भाई।
भभरे आवै भभरे जाई ॥ २५ ॥

भ कहिये आकाश शून्य को भा कहिये भ्रमण को सो हे जीव ! भ भरिबो कहावै है डेरायो धोखा या उयहि मतन में फल शून्य है तेहीं मतन में तैं भ्रमण करि रहो है, कहे सो बिचार को भ्रमण तेरे पूरि रहो है सो तो को गुरुवा लोग साहब ते डेरवाइ दियो और धोखा में लगाइ दियो सो तोको डर ही डर सर्वत्र देख परै है जब आवै कहै जन्म होइहै तबहूं भभरे आवै है कहे डरै में आवै है और जब जाइ है तबहूँ भभरै कहे डरै में जाइ है योहू नाना प्रकार के दुःख होइ है सो या भभरे ते नियरे जे साहब हैं ते दुरि ह्वै गये सो भभा जे हैं धोखाब्रह्म के भ्रमण वाले तेई कहै हैं सो हे भाई, सुनों भ्रमै ते आवै है भ्रमते जाइ है महा प्रलय में लीन होइ है पुनि सृष्टि समय में संसार में आये। भ आकाश को व भ्रमण को कहै हैं तामें प्रमाण—

" नक्षत्रं भं तथाकाशं भ्रमणो भः प्रकीर्तितः
दीप्तिर्भा भूस्तथा भूमिर्भी भयं कथिता बुधैः ॥ २५ ॥

ममा सेये मर्म न पाई।
हमरे ते इन्ह मूल गँवाई॥
ममा मूल गहल मनमाना।
मर्मी होइ सो मर्महिं जाना॥ २६॥

म कहिये लक्ष्मी को मा कहिये बन्धन को सो हे जीव! तैं लक्ष्मी के बन्धन में परिकै ऐश्वर्य में परिकै साहब को मर्म तू न पायो हमरे ते कहे यह सब हमार है यह विचार ते यह सब साहब को पहन आनो हहै आपन मानते इन्ह मूल जे साहब हैं तिनको गँवाइ दियो सो हे ममा! मायाबंधन में बँधो जीव, जौन तेरे मन में माना है ताही को मूल मानि गहि लीन्हो है सो तैं मूल न पायो काहे ते कि मर्मी कहे जो कोई साहब को मर्मी होइ है सोई साहब के मर्म को जानै है। मा लक्ष्मी को और बन्धन को कहै हैं। तामें प्रमाण—

" मः शिरश्चन्द्रमा वेधा मा च लक्ष्मीः प्रकीर्तिता।
मश्च मातरि माने च बन्धने मः प्रकीर्तितः "॥ २६॥

यया जगत रहा भरि पूरी।
जगतहुँ ते यया है दूरी॥
यया कहै सुनौ रे भाई।
हमरे सेये जय जय पाई॥ २७॥

य कहिये त्याग को या कहिये प्राप्त को सो हे जीव! त्याग ते नाम संन्यास ते प्राप्त जे साहब होइ हैं ते साहब जगत् में पूरि रहे हैं जौन भरिपूरि कह्यो सो साहब को सौलभ्य गुण दिखायो न जानै ताको जगत् ते दूरि है अर्थात् बाहर है ते यया जे साहब हैं ते कहै हैं कि हे भाई! सुनो हमरे सेये ते कहे हमरेन सेया ते सब को जयकरनवाला जो काल ताहू ते जय पावै औरी तरह ते काल ते जय नहीं पावै है साहब त्याग ही ते मिलै हैं, तामें प्रमाण—

दोहा

" बिगरी जनम अनेक की, सुधरै अबहीं आज ।
होय राम को राम जपि, तुलसी तजि कुसमाज " ॥ ४ ॥

य त्याग को व प्राप्त को कहै हैं तामें प्रमाण—
"यमो यः कीर्तितः शिष्टैर्यो वायुरिति विश्रुतः ।
याने पातरि या त्यागे कथिता शब्दवेदिभिः " ॥ २७ ॥

ररा रारि रहा अरुझाई ।
राम कहे दुख दारिद जाई ॥
ररा कहै सुनौ रे भाई ।
सतगुरु पूँछि कै सेवहु आई ॥२८॥

र कहिये काम को रा कहिये अग्नि को सो हे जीव ! तैं कामाग्नि में अरुझि रहो है तामें जरो जाइ है सो यातें दुख दरिद्र न जाइगो, रामनाम कहे ते दुख दरिद्र जाइ है सो हे भाई ! सुनो ररा कहे रसरूप जे साहब तिनको ज्ञानाग्नि ते कर्म लाय कै सतगुरु जे साहब के जाननवारे तिनसों समुझि के रामनाम को सेवहु, रामनाम के सेवन की युक्ति बूझि कै र को काम अर्थ छांड़ि कै। र काम को व अग्नि का कहै हैं, तामें प्रमाण—

"रश्च कामेऽनले सूर्ये रश्च शब्दे प्रकीर्तितः ॥ २८ ॥

लला तुतरे बात जनाई ।
ततुरे पावै परचै पाई ॥
अपना ततुर और को कहई ।
एकै खेत दुनो निरबहई ॥ २९ ॥

ल कही इन्द्र को ला कही लक्ष्मी को सो हे जीव ! तैं इन्द्र की नाई लक्ष्मी पाइ कै तत्व की बातें जनावै है सो तत्व तब पावैगो जब साधुन ते परचै पावैगो सो हे जीव !

"तत्वं राति गृह्णातीति तत्वरः"

अपना तो तत्वं जे हैं यथार्थ साहब तिनको नहीं जानै है औरको ज्ञान सिखवै है सो एक खेत जो है एक हृदय तेरो तामें दोनों निरवहई अर्थात् का दोनों निरवहै है ? नहीं निरवहै हैं कि तै अज्ञानी वनो रहै है औरको ज्ञान कथै है तौ का और के ज्ञान लगे । है, नहीं लगै है जो तैं हूं ज्ञानी होइ है तौ तेरो ज्ञानो कथियो और को लगै । और जो तुतरे पाठ होय तो या अर्थ है ; ला इन्द्र को व छेदन को कहै हैं सो हे जीव ! जो यज्ञादिक करि इन्द्रादिक देवतन के सन्तुष्टि के वास्ते पशुच्छेदन करौ हौ सो वेद या तुतरे बात जनाई है जैसे लरिका रोटी को टोटी कहै है परन्तु माता तात्पर्य जानै है कि रोटी ही मांगै है ऐसे वेद जो यज्ञादिक कहै हैं सो दुष्कर्म छुड़ाइ कै यज्ञादिक में लगायो फेरि ज्ञान दैकै येऊ कर्म छुड़ाइ कै तात्पर्य ते साहब को बतावै है सो तुतर जो है वेद तौ-ने को अर्थ तब पावै जब वाके तात्पर्य को पावै सो आप तो तुतर हैं वेद परदा कै कै बात कहै हैं सब जीवन को ए कहै हैं कि जीव और को औरई कहै हैं मेरो तात्पर्य नहीं समुझै है । सो एकै खेत जो संसार है तामें दूनों निबहै हैं अथवा साहब के इहां वेद-नहीं पहुंचि सकै है न प्रकट वर्णन करि सकै है, तात्पर्य ही करिकै कहै है जगत् व कर्म याही को प्रकट वर्णन करै है और जीव जे हैं ते जगत् ही में परे रहै हैं जे तात्पर्य जानै हैं तेई साहब के समीप पहुंचे है ताते वेदौ जीवौ एक खेत जो जगत है ताही में निबहै है जो जगत न रहै तो बद्धविषयी मुमुक्षुई न रहि जायँ मुक्त भरि रहि जांय और चारिउ वेद रकार मकार में रहि जायँ । ल इन्द्र को व लक्ष्मी को छेदन को कहै है, तामें प्रमाण—

"ल इन्द्रो लवणो लश्च ला च लक्ष्मी प्रकीर्तिता ॥ २६ ॥

ववा वह वह कह सब कोई ।
वह वह कहे काज नहिं होई ॥
ववा कहै सुनो रे भाई ।
स्वर्ग पताल की खबरि न पाई ॥ ३० ॥

य कहिये भक्त को वा कहिये वायु को सो हे जीव ! तैं तो साहब को भक्त है वायु की नाईं जगत में बहुत फिरौ हौ वह है ईश्वर वह है ईश्वर या कहा सब कोई कहौ हौ सो वे नाना ईश्वरन के कहे काज कहे मुक्ति न होइहै सो हे यया कहनेवारे भाई ! सुनते जाउ तुम स्वर्ग पाताल की खबरि नहीं पाई अर्थात् सब के रखवार साहब को नहीं जानौ हौ, तामें प्रमाण—

"स्वर्ग पताल भूमि लौं बारी। एकै राम सकल रखवारी" ॥

वा सात्त्वत को य वायु को कहै हैं तामें प्रमाण—

सात्त्वते वरुणे वाते यकारः समुदाहृतः ॥ ३० ॥

शशा शर देखै नहिं कोई।
सर शीतलता एकै होई॥
शशा कहै सुनौ रे भाई।
शून्य समान चला जग जाई ॥ ३१ ॥

श कहिये सुख को शा कहिये शेष को सो हे जीव ! तैं तो सुख सागर जे साहब हैं तिनको शेष है अर्थात् अंश है सो सुखसर जे साहब हैं तिनको तुम कोई नहीं देखौ हौ कैसो है वा सर कि जाकी शीतलता एकई है वा शीतलता पाये फिरि जनन मरण नहीं होइ है सो शशा जे साहब के शेष साधु हैं ते कहैं हैं कि जिनको अंश जीव तिनको नहीं जाने है शून्य जो धोखाब्रह्म ताही में जगत् समान जाइ है। श शेष को व सुख को कहै हैं,

"वदन्ति शं बुधाः शेषे शः शान्तश्च निगद्यते ॥
शशश्च शयनमित्याहु रहिंसा शः समुदाहृतः" ॥ ३१ ॥

षषा षर षर कह सब कोई।
षर षर कहे काज नहिं होई॥
षषा कहै सुनौ रे भाई।
राम नाम लै जाहु पराई ॥ ३२ ॥

ष कहिये श्रेष्ठ को सो षा दूसरी है सो हे जीव ! श्रेष्ठों ते श्रेष्ठ जे साहब हैं तिनको षर षर सांच सांच सबै कहै हैं श्रौर को खोटा मानै हैं परन्तु षर षर कहे ते काज जो है मुक्ति सो न होयगी बिना राम नाम के साधन कीन्हे व बिना नीकी प्रकार साहब के जाने, काहे ते षषा कहे श्रेष्ठों से श्रेष्ठ जे साहब हैं ते कहै हैं कि हे भाई ! सुनौ तुम राम नाम को लैकै मायाब्रह्म ते पराइ जाउ अर्थात् सब को छोड़िकै राम नाम जपौ। ष श्रेष्ठ को कहै हैं—

"षकारः कीर्तितिः श्रेष्ठे षश्च गर्भविमोचने" ॥ ३२ ॥

ससा सरा रचो बरिआई।
सर बेधे सब लोग तबाई॥
ससा के घर सुनुगुन होई।
यतनी बात न जानै कोई॥ ३३ ॥

स कहिये लक्ष्मी को सा कहिये परोक्ष को, सो हे जीव ! तेरो ऐश्वर्य परोक्ष में है अर्थात् साहब के यहां है या देखिवे की लक्ष्मी तेरी नहीं है सों तैं सरा जो कर्म है ताको बरिआई रचि लियो सो वाही सरारूपी शर है कहे कर्मरूपी शर में लोग बेधे हैं ते सब तबाई में परे हैं नर्क स्वर्ग में जाइ आवै हैं सो ससा जो जीव ताके धर कहे हृदय में काहू के शून्य कहे धोखाब्रह्म के समान है काहू के गुण जो माया सो समान है सो यतनी बात कोई नहीं जानै है कि येई साहब को चीन्हन न देइ हैं। स लक्ष्मी को व परोक्ष को कहै हैं।

"स परोक्षे समाख्यातः सा च लक्ष्मीः प्रकीर्तिता" ॥ ३३ ॥

हहा होइ होत नहिं जानै।
जबहीं होइ तबै मन मानै॥
है तौ सही लहै सब कोई।
जब वा होइ तब या नहिं होई॥ ३४ ॥

ह कहिये विष्कम्भ को हा कहिये त्याग को सो हे जीव ! या विष्कम्भ शरीर को त्याग होत कोई नहीं जानै है जब शरीर त्याग ह्वै जाइ है तबहीं जानै है कि शरीर त्याग ह्वै गयो जामें जीव थँभा रहै है सो शरीर में हंस रूप सही है ता जीव को परन्तु सब कोई नहीं लगै है कहे नहीं पावै है जब वा हंस शरीर होइ जब या शरीर नहीं होइ है वाही हंस शरीर में थँभा रहै हैं। ह विष्कम्भ को व त्याग को कहै हैं तामें प्रमाण—

"हः कोपवारणे प्रोक्तो हस्स्यादपिच शूलिनी।

हाने ऽपि हः प्रकथितो हो विष्कम्भः प्रकीर्तितः ॥ ३४ ॥

> च्छा च्चण परलय मिटि जाई।
> च्चेव परे तव को समुझाई॥
> च्चेव परे कोउ अन्त न पाया।
> कह कबीर अगमन गोहराया॥ ३५ ॥

च्च कहिये च्चत्र को च्चा कहिये वच्चस्थल को सो हे जीव! तैं च्चत्र पति जे श्रीरामचन्द्र हैं तिनको वच्चस्थल में तो ध्यान करु तो तेरी प्रलय जनन मरण च्चणै में मिटि जाइ जब च्चेत्र कहे तेरो शरीर च्चय ह्वै जाइगो तब तोको को समुझावैगो च्चेव परे कहे शरीर च्चय ह्वै गये कोऊ अन्त साहब को नहीं पायो है सो कबीर जी कहै हैं कि याही ते तोको हम आगे ते गोहरावै हैं कि फिरि क्या करैगो। च्चा च्चत्र को व वच्चस्थल को कहै हैं तामें प्रमाण—

"च्चश्च च्चत्रं चाच्चवश्चस्यात् च्चोवच्चसि कथ्यते"

च्चत्र कहे च्चत्र पती को बोध ह्वै जाइ जैसे बलि कहे बलिराम को बोध ह्वै जाइ है ॥ ३५ ॥

॥ इतिः चौतीसी सम्पूर्णम् ॥

॥ अथ वसन्त ॥

जहँ बारहि मास वसन्त होय।
परमारथ बूझै विरल कोय ॥ १ ॥
जहँ बरषै अग्नि अखण्डधार।
बन हरियर भो अट्ठारभार ॥ २ ॥

जाके कहे जौने साहब के लोक में बरहौ मास बसन्त बनो रहै है सो या परमार्थ कोई विरला बूझै है सो वा रूपकातिशयोक्ति अलंकार करि कहै हैं ॥ १ ॥ और बसन्त ऋतु मैं सूर्य ते अग्नि बरषै है अखण्ड-धार बन जो है अठारहभार बनस्पती सो हरियर होत जाइ हैं और साहब के लोक में कोटिन सूर्य को प्रकाश है परन्तु सब को ताप हरिलेन-वारो है वहां के सब बन सन्तानक आदिक हरियर रहै हैं ॥ २ ॥

पनिया अन्दर तेहि धरे न कोय।
वह पवन गहे कशमलन धोय ॥ ३ ॥
बिनु तरुवर जहँ फूलो अकास।
शिव औ विरञ्चि तहँ लेहिं बास ॥ ४ ॥

और बसन्त ऋतु में वृक्षन के अन्दरन में कोई पानी नहीं धरै है चन्द्र जो है सो अमृत को स्रवै है ताही को गहे पवन वृक्षन के कशमलन को धोय डारै है व साहब को लोक कैसो है कि पनिया अन्दर कहे वा रसरूप है ताको कोई नहीं जानै है वही रसरूप लोक को स्मरण पवन है ताके गहे कहे किये ते कश्मल जे पाप हैं ते धोय जात हैं अथवा कामादि जे कश्मल हैं ते धोय जात है ॥ ३ ॥ और बसन्तऋतु में जहाँ तरुवर नहीं हैं ऐसो जो आकाश सोऊ पुहुपन के परागन करिकै फूलो देखो परै है कैसो है आकाश जहाँ शिव विरंचि बास लेहि हैं अर्थात् बास कीन्हे हैं सुगंधित ह्वै रह्यो है और साहबहि को लोक कैसा है कि जेहि का प्रकाश चैतन्याकाश बिना तरुवरै जगतरूप फूल फूले है शिव विरंचि आदिक बास लेहि हैं ॥ ४ ॥

सनकादिक भूले भँवर भोय।
तँह लख चौरासी जीव जोय ॥ ५ ॥

बसन्त ऋतु में चौरासी लाख योनि जीवन की कौन गनती सनकादिक जे मुनि हैं तेऊ पुष्पमकरन्द में भोय कै भँवर की नाईं भूलि जादि हैं और साहब को लोक प्रकाशब्रह्म कैसा है कि सनक, सनन्दन, सनत्कुमार, जाके भँवर में भोयकै कहे परिकै भूलै हैं चौरासी लाख योनि जीवन की कौन गनती है ॥ ५ ॥

तोहिं जो सतगुरु सत्त कै लखाय।
तुम तासु न छांड़हु चरनभाव ॥ ६ ॥
वह अमरलोक फल लगे चाय।
यह कह कबीर बूझै सो खाय ॥ ७ ॥

सो श्रीकबीर जी कहैं हैं कि ऐसो जो साहब को लोक जहाँ बरहौ मास बसन्त बनो रहै है तौन जो सतगुरु कहे साहब के बतायदेनवारे तोको सत्य कै लखायो होय तो तुम ताके चरन को भाव न छांड़, भाव यह है कि या लोक के मालिक जो साहब हैं तिनहूं को बताय देयँगे वह अमरलोक कैसा है कि जहाँ चारिउ फल अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष आनन्दै के फल लगे हैं सो हे जीवो! या बात जो कोई बूझै है सोई खाय है, साहब के धाम में बरहौ मास बसन्त रहै है, तामें प्रमाण, कबीर की साखी ज्ञानसागर कीः—

सदा बसंत होत तेहि ठाऊँ।
संशय रहित अमरपुर गाऊँ॥
जहँवां रोग सोग नहिं होई।
सदा अनन्द करै सब कोई॥
चन्द्र सूर्य देवस नहिं राती।
बरन भेद नहिं जाति अजाती॥
तहवाँ जरा मरन नहिं होई।
क्रीड़ा विनोद करै सब कोई॥

पुहुपविमान सदा उजियारा ।
अमृत भोजन करै अहारा ॥
काया सुन्दर को परवाना ।
उदित भये जिमि षोडश भाना ॥
येता एक हंस उजियारा ।
शोभित चिकुर उदय जनु तारा ॥
बिमल बास जहवाँ पौढ़ाही ।
योजन चार भ्रान जो जाही ॥
श्वेत मनोहर छत्र शिर छाजा ।
बूझि न परै रङ्क अरु राजा ॥
नहिं तहँ नरक स्वर्ग की खानी ।
अमृत बचन बोलै भल बानी ॥
अस सुख हमरे घरन महँ, कहैं कबीर बुझाय ।
सत्य शब्द को जानइ, अस्थिर बैठे आय ॥

* इति पहिला बसन्त समाप्तम् *

॥ अथ दूसरा बसन्त ॥

रसना पढ़ि भूले श्रीबसन्त ।
पुनि जाइ परिहौ तुम यम के अन्त॥१॥

श्रीबसन्त कहे ऐश्वर्यरूप जो बसन्त ताको रसना में पढ़िकै मन बचन के परे जो साहब के लोक को बसन्त ताको तुम भूलि गयो रसना में पढ़ि जो कह्यो तामें धुनि यह है कि औरै देवतन की उपासना में बड़ो ऐश्वर्य प्राप्ति होइ है यह पोथिन में पढ़ि पढ़ि भुलाइ गयो वाह को जी मै भरे ते कह्यो कछु प्राप्ति नहीं भै सो तुम फेरि यम के अन्त कहे संसार में परिहौ और जो लेहु पाठ होय तो रसना में श्रीबसन्त को पढ़ि लेहु नहीं तो पुनि यमके अन्त कहे फन्द में परिहौ ॥ १ ॥

जो मेरुदण्ड पर डङ्क दीन्ह ।
सो अष्टकमल पर जारि दीन्ह ॥ २ ॥

और जो या गुमान करो कि हम योगवारे हैं हम यम के अन्त मैं न परैंगे सो जो तुम मेरुदण्ड में प्राण खैंचि कै मेरुदण्ड पर डङ्का दीन्ह्यो और अष्ट जो हैं आठौं कमल मूलाधार, विशुद्ध मणिपूरक, स्वाधिष्ठान, अनहद, आज्ञाचक्र, सहस्रारचक्र, अठयें सुरतिकमल जहां परम पुरुष हैं तामें पहुंचि कै जारि दीन्ह अर्थात् योगौ की ख़बरि भूलि गई ॥

तहँ ब्रह्मअग्नि कीन्हो प्रकास ।
तहँ अर्ध ऊर्ध्व बहती बतास ॥ ३ ॥
तहँ नव नारी परिमल सो गाव ।
मिलि सखी पाँच तहँ देखन जाव ॥ ४ ॥

सो वा ज्योति में लीन भयो जीवत हैं ब्रह्मअग्नि प्रकाश करत भई व बतास जो अर्ध ऊर्ध्व श्वास सो बहै बहत में अर्थात् बहिरेन आवत भै श्वास वहैं रहत भै या भाँति जीव तखत में बैठि मालिक भयो गांवकारा बसन्त देखै है ॥ ३ ॥ सो यहाँ परिमल कहे गन्ध का गांव है शरीर में पृथ्वीतत्त्व अधिक है सो गन्ध का गांव शरीर है तौने में नौ नारी हैं कहे नौ राह हैं तहां पाँचों जे ज्ञानेन्द्रिय हैं तेई सखी देखन जाय हैं अर्थात् वहैं लीन ह्वै गई हैं ॥ ४ ॥

तहँ अनहद बाजा रहल पूर ।
तहँ पुरुष बहत्तरि खेलैं धूर ॥ ५ ॥
तैं मया देखि कस रहसि भूलि ।
जस बनस्पती बन रहल फूलि ॥ ६ ॥

बसन्त में बाजा बजै है सो अनहद बाजा जहाँ पूरि रह्यो है तहाँ बहत्तरि पुरुष जे बहत्तरि कोठा हैं ते धूरि खेलै हैं अर्थात् चैतन्यता न रहिगे ॥ ५ ॥ सो बसन्त में बनस्पति फूलै हैं ऐसे या माया फूलि रहा

है तामें समाधि उतरे फिरि काहे भूले अथवा जैसे बनस्पती फूले हैं ऐसे गैबगुफा में सुआ पी कैनागिनी फूली है तामें तैं काहे भूलि रहे है कहा वा माय के बहिरे है समाधि, नागिनीही के आधार तो समाधिउ है ॥६॥

यह कह कबीर ये हरि के दास।
फगुवा मागैं बैकुण्ठबास ॥ ७ ॥

सो यह हठयोग करिकै जानैं कि मै मुक्त होउँगो तो या समाधि में माया ही ते नहीं छूट्यो मुक्त कहां होइगो ताते श्रीकबीर जी कहै हैं कि हे जीवात्मा, हरि के दास ! तैं बैकुण्ठ बास को फगुवा माँगै अर्थात् फगुहार फगुवा खेलाइकै फगुवा मांगै है सो तैं हठयोग कियो ताको फल फगुवा राजयोग मांगु जाते बैकुण्ठबास होइ ॥ ७ ॥

* इति दूसरा बसन्त समाप्तम् *

॥ अथ तीसरा बसन्त ॥

मैं आयउँ मेहतर मिलन तोहिं।
अब ऋतु बसन्त पहिराउ मोहिं ॥ १ ॥
है लम्बी पुरिया पाइ झीन।
तेहि सूत पुराना खुंटा तीन ॥ २ ॥

जीव कहै हैं मेह कही बड़े को और जो बड़ा ते बड़ा होइ ताको मेहतर कहै हैं फ़ारसी में सो ईश्वरन ते ब्रह्म ते जो बड़े श्रीरामचन्द्र हैं तिन सो जीव कहै है कि मैं तुमको मिलन आयो हौं सो जौने लोक में सदा बसन्त रहै हैं सो मोको पहिरायो अर्थात् मेरो प्रवेश कराइ दीजै तानारूप जो मेरे शरीर को बसन्त ताते छुड़ाइये ॥ १ ॥ सो लम्बी पुरिया कौन कहावै जो ताना तनै है पूरै है सो मैं वासननि करि कै बहुत लं वा ह्वै रह्यो हौं कहे कसनि से करि कै मैं संसार में फैलि रह्योहौं और पाई वा कहावै है जो ताना साफ़करै है सो या आत्मा को साफ करिबो बहुत

झीन है कहे जब कोई बिरले सन्त मिलैं तब आत्मा शुद्ध होइ काहे ते कि यह सूत जीव पुरान कहे अनादि काल ते तीन सूटा जो हैं सत, रज, तम ता में बँधो है ॥ २ ॥

सर लागै तेहि सै तीनि साठि।
तहँ कसनि बहत्तरि लाग गांठि ॥ ३ ॥
खुर खुर खुर खुर चलै नारि।
बह बैठि जोलाहिनि पलथि मारि ॥ ४ ॥

पाई में सर लागै है सो शरीर में तीन से साठि हाड़ हैं तेई शर हैं बहत्तरि जे कोठा हैं तिनमें बहत्तरि हज़ार नसन की गांठि एक एक कोठन में लाग हैं तेई कसनी हैं ॥ ३ ॥ व विमत में जौन बोब है चलावै है सो नारि कहावै है सो या शरीर में नाड़ी जो है सो खुर खुर खुर खुर चलै है और जोलाहिन जो है बुद्धि सो पलथी मारि कै बैठी है अर्थात् देह ही में निश्चय करिकै बैठी है ॥ ४ ॥

सो करिगह में दुइ चलहिं गोड़।
ऊपर नचनी नचि करै कोड़ ॥ ५ ॥

सो यह तरह को जो शरीर है सो करिगह है जहां जोलाहिनि बैठे है धमारि महल में होय है सो शरीरै महल है सो करिगह में जोलाहिनि दोऊ अंगूठा चलावै है ऊपर ताना में नचनी कोड़ करै है कहे नाचै है इहां शरीररूपी करिगह में बुद्धिरूपी जोलाहिनि बैठिकै कहूँ शुभकर्म में निश्चय करै कहूँ अशुभ कर्म में निश्चय करै है, यही दोऊ अंगूठा को चलाइबो है और वृत्ति बुद्धि की कहूँ शुभ में कहुं अशुभ में जाय है यही नचनी है सो नाचै है और धमारि पद में नाचत में नचनी को गोड़ चलै है ऊपर कोड़ करै है कहे भाव बतावै है ॥ ५ ॥

है पांच पचीसौ दसहु द्वार।
सखी पांच तहाँ राची धमार ॥ ६ ॥

और पाँच जे हैं अविद्या अस्मिता, राग, द्वेष, अभिनिवेश और पचीसौ जे तत्व हैं जीव माया, महत्तत्व, अहंकार, शब्द, रूप, रस, गन्ध,

स्पर्श, दशौ इन्द्रिय एक मन पञ्चभूतई और ताही में दशौ द्वार ऐसे शरीर में पांच सखी जे हैं पञ्च प्राण ते धमारि रचत भई और ताना पक्ष में पांच पचीस तत्व के कहे सब कोरी कै साजु आइगे और धरि कहे सब अपने अपने घमारि में लगिगे कौड़ावारे माड़ीवारे पुरियावारे करिगहवारे ताना साफ़करै वारे और धमारि पक्ष में पांच सखी धमारि रचै हैं दुइ एकबार कियो एक दिखैया भो ॥ ६ ॥

वे रङ्ग बिरङ्गी पहिरैं चीर।
धरि हरि के चरन गावैं कबीर ॥ ७ ॥

पांचों जे सखी हैं पांच तत्वन का रङ्ग बिरङ्ग चीर पहिरैं स्वरोदय में लिखे हैं श्वास तत्वन के रङ्ग जुदे जुदे देखे परै हैं और कोरी के घर के अनेक रङ्ग के चीर पहिरैं हैं और धमारि पक्ष में केशरि कस्तूरी करि कै गुलाल भोड़र करि कै चीर रङ्ग बिरङ्ग होय हैं ते पहिरै हैं सो यहि तरह की धमारि यह संसार में है ताते हरि को चरन धरि कै कबीर गावै है कहैं है या धमारि को प्रथम या कहि आये हैं जौने लोक में सदा बसन्त है तहां प्रवेश करावो और इहां धमारि कहैं हैं तात्पर्य यह कि यह शरीर को ताना बाना जनन मरन में परि रह्यो है या धमारि तुमको दिखायो जो रीझे होहु तो मैं यह फगुवा यही मांगो हौं कि जहां सदा बसन्त है वा लोक में प्रवेश करावो और न रीझ्यो होहु तौ तुम हरि हौ या ताना बाना धमारि हरि लेहु या कहो कि ऐसी धमारि तैं न रचु कबीर कहैं कि हे जीव ! हरि के चरण धरि ऐसो विनय करु ॥ ७ ॥

* इति तीसरा बसन्त समाप्तम् *

॥ अथ चौथा बसन्त ॥

बुढ़िया हँसि कह मैं नितहि बारि।
मोहि ऐसि तरुनि कहु कौनि नारि ॥ १ ॥

बुढ़िया जो माया है सो हँसि कै कहै है कि मैं नित्य ही बारी हौं माया अनादि है या ते बुढ़िया कह्यो है तामें प्रमाण—

"अजामेकांलोहित" इत्यादि।

और हँसि कै कह्यो याते या आयो कि साधन करि कै छोटे छोटे या कहै हैं कि हमको माया जीर्ण हो गई है अर्थात् अब छूटि जाइ है मैं नित्य ही बारी हौं सब के कायरूप ते उत्पन्न होत रहौं हौ और मोहिं अस तरुनि कौनि नारि है जो सब जीवन संग करौं हौं और बुढ़ाऊँ कबौं नहीं हौं ॥ १ ॥

दांत गये मोर पान खात।

औ केश गयल मोर गंग नहात ॥ २ ॥

और दांत गये पान खात जो कह्यो सो पान जो है वेद ताको तात्पर्य जो जानै है यही खाय है सो वेद तात्पर्यार्थ जानेते कामादिक जे मेरे दांत हैं जिन ते जीव सज्जनन को ज्ञान खाय लेइ है ते दांत मेरे जात रहे काम क्रोधादिक माया के दांत हैं तामें प्रमाण, रत्नयोग ग्रन्थ कबीर को "काम क्रोध लोभ मोह माया। इन दांतन सों सब जग खाया" और साहब की जो कथा चरित्ररूप गङ्गा ता में जो नहाय है अर्थात् सुनै है सो कुमतिरूप केश मेरे जात रहे हैं ॥ २ ॥

औ नयन गयल मोर कजल देत।

अरु बैस गयल परपुरुष लेत ॥ ३ ॥

साहब को ज्ञानरूप कज्जल जो कोई दियो तो मेरे नयन जो निरञ्जन हैं सो जात रहे हैं अर्थात् चैतन्य कै योग करि कै माया देखै है और नयन को निरञ्जन कहै हैं तामें प्रमाण कबीर जी को "नयन निरञ्जन जानि भरम में मत परै" और बैस जो मोर है सो परम पुरुष जे श्रीरामचंद्र है तिन को लेत अपने बस कै बैस मोर जात रहै है अर्थात् चारिउ शरीर मोर नहीं रहते ॥ ३ ॥

औ जान पुरुषवा मोर अहार।

मैं अनजाने को कर शृँगार ॥ ४ ॥

और ज्ञान पुरुषवा कहे जो या कहे हैं कि हम ब्रह्म को जानि लिये हम हीं ब्रह्म हैं ते तो हमार अहार ही हैं आपने आत्मै को भूलि गये और अज्ञान जे हैं तिनको शृङ्गारै किये हैं नाना विष देकै लोभाय लेउ हीं अर्थात् ज्ञानी अज्ञान को विद्या अविद्यारूपी ते बस करि लियो है धुनि या है जिनको साहब आपनो हंसरूप दियो है तेई बचे हैं, या उपसंहार कियो ॥ ४ ॥

कह कबीर बुढ़ि आनँद गाय।
पूत भतारहिं बैठी खाय ॥ ५ ॥

सो श्रीकबीरजी कहै हैं कि बुढ़िया जो माया है सो जैसो या पद कहि आये तैसो आनंद सों गावै है वेद शास्त्रादिकन में वाणीरूप ते सब जीव सुनै हैं परन्तु या नहीं जानै हैं कि जीव व ब्रह्म माया के भितरै है पूत जो जीव है और भतार जो ब्रह्म है ताको बैठि खाय है अर्थात् जब जीव संसारी भयो तब संसार में डारिकै खायो जब ब्रह्म में लीन भयो और सृष्टि समय आयो तब वा ब्रह्मज्ञानहूं नहीं रहिजाइ है ब्रह्म हूं को खायो ॥ ५ ॥

* इति चौथा बसन्त समाप्तम् *

॥ अथ पांचवां बसन्त ॥

तुम बूझहु पंडित कौन नारि।
कोइ नाहिं बिआहल रह कुमारि ॥ १ ॥
यहि सब देवन मिलि हरिहि दीन्ह।
तेहि चारहु युग हरि संग लीन्ह ॥ २ ॥

श्रीकबीरजी कहै हैं कि हे पण्डित! तुम बूझौ तो या शङ्खिनी हस्तिनी, चित्रिणी, पद्मिनी चारि प्रकार की नारिन में कौन नारि है या

माया अर्थात् एकौ के लक्षण नहीं मिलते, एकौ के लक्षण जो मिलते तो कुमारि न रहती बिआहि जाती याही ते अब तक कुमारि है ॥ १ ॥

जब समुद्र मथि गयो लक्ष्मी कढ़ी सो सब देव मिलि हरि कें। देत सो भये हरि चारिहु युग संग ही राखत भये ॥ २ ॥

यह प्रथमहि पद्मिनिरूप आय।
है सांपिनि सब जग खेदि खाय ॥ ३ ॥
या बर युवती वे बार नाह।
अति तेज तिया है रैनि ताह ॥ ४ ॥

प्रथम तो ब्रह्म जे हैं विष्णु तिनकी नाभी में कमलिनी है सो लक्ष्मीरूप है सो आय अब धनरूप साँपिन हैं संसार को खेदि खाय है ॥ ३ ॥ या माया बर युवती है कहे श्रेष्ठ है बार जे लरिका ब्रह्मा, विष्णु, महेश तेई याके नाह हैं और ताह कहे तौन जो संसाररूपी रैनि है तौने में अति तेज है ॥ ४ ॥

कह कबीर सब जग पियारि।
यह अपने बलकवै रहल मारि ॥ ५ ॥

सो श्रीकबीर जी कहे हैं कि या माया सब जगत को पियारि है, आपन बालक जे जीव तिनको मारि रही है अर्थात् सब जीवन को बांधे है जनन मरन करावै है ॥ ५ ॥

* इति पांचवां बसन्त समाप्तम् *

॥ अथ छठवां बसन्त ॥

माई मोर मनुष है अति सुजान।
धन्धा कुटि कुटि करै बिहान ॥ १ ॥
बड़े भोर उठि अँगन बहार।
बड़ी खांच लै गोबर डार ॥ २ ॥

बासी भात मनुष लै खाय।
बड़ घैला लै पानी जाय ॥ ३ ॥
अपने सैंयां बाँधी पाट ।
लै रे बेंचौ हाटै हाट ॥ ४ ॥
कह कबीर ये हरि के काज।
जोइया के ढिंगर कौन है लाज ॥ ५ ॥

जीवशक्ति कहै है कि हे माई, माया, मोर मनुष जो मन सो बड़ा सुजान है धन्धा जो बाल, पौगण्ड, किशोर ताही को कूटि कूटि कहै कै कै विहान कहे देहान्त कै देइहै सुजान याते कह्यो कि मोको नहीं जान देइ है आप ही जानै है बड़े भोर कहे जब दूसर भयो तब आँगन बहार कहै गर्भवास में ज्ञान दियो, अन्तः करण साफ कियो, यही बहारयो है और बड़ी खांच जो प्रसूतवायु तौने ते गर्भरूप गोबर टारयो अर्थात् बाहर निकारयो और बासी भात जो पूर्वकर्म ताको दुःख सुख आप ही भोगै है और घैला जो बुद्ध है ताको लै के गुरुवन के इहां नाना बानीरूप पानी ताको लेन जाइ है अर्थात् बुद्धि ते निश्चय करै है ऐसो जो मोर सैयां है ताको पाट जो ज्ञान, तामें बांधे पाऊं तो हाट हाट में बेचौं अर्थात् साधुन को संग करिकै अपनो व याको सम्बन्ध छोड़ाय देउँ सो श्रीकबीरजी कहैं हैं कि जोइया जो जीव तौने को ढिंगरा जो मन सो हरि जे श्रीरामचन्द्र तिनको काज में जो नहीं लागै तो याको कौन लाज है, धुनि या है जो साहब में लागै तो यह शुद्ध होइ जाय ॥ ५ ॥

* इति छठवां वसन्त समाप्तम् *

॥ अथ सतवाँ वसन्त ॥

घर ही में बाबुल बढ़ी रारि ।
अँग उठि उठि लागै चपल नारि ॥ १ ॥

वह बड़ी एक जेहि पांच हाथ ।
तेहिं पँचहुन के पच्चीस साथ ॥ २ ॥

हे बाबू, जीव ! तुम्हारे घट ही में कहे शरीर ही में रारि बढ़ी है काहे ते कि हमेशा उठि उठि चपल नारि जो माया सो तेरे पीछू लगी है ॥ १ ॥ तामें वह एक सब ते बड़ी काया जाके पाँच हाथ कहे पाँच तत्त्व हैं पृथ्वी, अप, तेज, वायु आकाश पुनि एक एक तत्त्वन के साथ पाँच पाँच प्रकृति हैं अस कै कै पचीस प्रकृति हैं सो कहे हैं मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार चौथा पांचो अन्तः करण जामें चारयो ओर रहै हैं ये सब निराकार हैं ऐसे आकाश के साथ है और प्राण, अपान, समान, व्यान, उदान ये कर्म करावै हैं एते वायु के साथ हैं और आंखी, कान, नाक, जिह्वा, त्वचा येऊ विषय को प्रकाश करैं हैं एते अग्नि के साथ हैं और शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध सो येऊ पांचौ तृप्ति कर्त्ता हैं येते जलपञ्चक हैं जल के साथ हैं और हाथ पांव, मुख, गुदा, लिङ्ग येऊ आधार भूत हैं ऐते पृथ्वी के साथ हैं यही रीति पँचहुन तत्वन के साथ पचीसौ प्रकृति हैं ॥ २ ॥

पचीस बतावैं और और ।
वे और बतावैं कई ठौर ॥ ३ ॥

सो ये पचीसौ प्रकृति जे हैं ते और और अपने विषय को बतावैं हैं सो कहे हैं, अन्तःकरण को विषय निर्विकल्प, मन को विषय संकल्प विकल्प, चित्त को विषय वासना, बुद्धि को विषय निश्चय, अहंकार को विषय करतूति, प्राण को विषय चलब, अपान को विषय छोड़ब, समान को विषय बैठब, उदान को विषय उठब, व्यान को विषय पौढ़ब, कान को विषय सुनब, आंखों को विषय रूपदर्शन, नाक को विषय सूँघिबो, जीभ को विषय बोलिबो, त्वचा को विषय स्पर्श, शब्द को विषय रागरस, स्पर्श को विषय कोमलत्व, कठिनत्व, शीतलत्व, उष्णत्व रूप को विषय सुन्दरत्व रस को विषय स्वाद, गन्ध को विषय सुवास, इन को वे पचीसौ प्रकृति

बतावै हैं ई सब कई ठौर और बतावै हैं कहे चौरासी लक्षयोनि जीव को बतावै हैं ॥ ३ ॥

सो अन्तर मद्धे अन्त लेइ।
झकझेलि झुलाउब जीव देइ ॥ ४ ॥
सब आपन आपन चहैं भोग।
कह कैसे परिहै कुशलयोग ॥ ५ ॥
बीवेक विचार न करै कोइ।
सब खलक तमाशा लखै सोइ ॥ ६ ॥

सो ये विषय कैसे हैं कि अन्तर में अन्त लेइ हैं कहे गड़ि जाते हैं झकझेलिकै कहे जोरावरी झुलाउब जो आवागमन है सो जीव को देइ है ॥ ४ ॥ सो ये सब आपन आपन भोग चाह्यो तब जीव के कुशल को योग कैसे परै अर्थात् कैसे कल्याण पावै ॥ ५ ॥ सो ये बन्धन को विवेक कहे विचार कोई नहीं करै है कि क्या सांच है क्या झूठ है सब खलक कहे सब संसार के लोग वाणी विषयन को तमाशा देखै हैं और वही में अरुझि रहे है ॥ ६ ॥

मुख फारि हँसै सब राव रङ्क।
तेहि धरन न पैहौ एक अङ्क ॥ ७ ॥
नीयरे बतावैं खोजैं दूरि।
वह चहुंदिशि बागुरि रहल पूरि ॥ ८ ॥
है लक्ष अहेरी एक जीव।
ताते पूकारै पींव पींव ॥ ९ ॥

सो वही विषय में परिकै मुख फारिकै राव रङ्क सब हँसैं हैं या दुखदायी है विषय या अङ्क कोऊ नहीं धरन पावै है तेहि को सो वेद शास्त्र पुराण साहब को तो नियरे ही बतावैं हैं, और दूरि खोजै हैं काहे ते कि मायारूप बागुरि सर्वत्र पूरि रही है ॥ ८ ॥ सो ये तो सब शिकारी हैं

और लक्ष कहे निशाना एक जीव ही है ताते हे जीव, तैं पीउ पीउ पुकारैं तबहीं तेरो बचाउ है ॥ ९ ॥

अबकी बारैं जो होय चुकाव।
ताकी कबीर कह पूरि दाँव ॥ १० ॥

सो श्रीकबीर जी कहैं है कि अबकी बार जो मानुषशरीर में चुकाव होयगो वह साहब को न जानैगो तो ताकी पूरि दाँव है काहे ते कि अबकी बार के चूके फेरि ठिकाना न लगैगो, चौरासी लाख योनिन में भटकैगो फेरि जो मानुष शरीर पावैगो तब पुनि नाना मतन में लगि कै चौरासी लाख योनि में भटकैगो, उद्धार न होयगो ताते अबकी बार जो समुझै वह साहब को जानै तौ तेरौ पूरो दाँव परैं, तामें प्रमाण —

कबीरजीकी साखी ' लखि चौरासी भटकि कै, पौमें अटको आय' अबकी पौ जो ना परै तौ फिरि चौरासी जाय ॥

* इति सातवां बसन्त समाप्तम् *

॥ अथ आठवां बसन्त ॥

करपल्लव के बल खेलै नारि ।
पण्डित होय सो लेइ विचारि ॥ १ ॥

सो श्रीकबीर जी कहै हैं कि नारि जो माया सो पल्लव जो राम नाम सो कर में लै कै वाही के बल खेलै है जब प्रथम यह जगत की उत-पत्ति भई तब रामनाम लै के बाणी निकली है तामें प्रमाण " रामनाम लै उचरी बाणी " । ताही जगतमुख अर्थ में चारिउ वेद ईश्वर ब्रह्म सब संसार निकसे हैं तामें प्रमाण सायर के। " राम नाम के दोई अक्षर चारिउ वेद कहानी " सो तौने ही के बल ते सब संसार बाँध लियो है सो जो कोइ पण्डित होय सो विचारि कै लै लेइ जगतमुख साहब मुख यामें दोऊ अर्थ हैं सो साहबमुख अर्थ रामनाम में लेइ जगतमुख अर्थ केवल माया खेले है ताको छोड़ि देइ ॥ १ ॥

कपरा नहिं पहिरै रह उघारि ।
निरजीवै सो धन अति पियारि ॥ २ ॥
उलटी पुलटी बाजै सो तार ।
काहुहि मारै काहुहि उबार ॥ ३ ॥

सो वा नारि माया कैसी है की कपरा नहीं पहिरै उघारही रहै है अर्थात् वह माया सबको मूंदे है वाको मूंदनवारो कोई नहीं है जो कहो वाको ब्रह्म मूंदे होइगो तो निर्जीव जो ब्रह्म सो धन जो माया ताको अति पियार है अर्थात वाहू को शबलित किये है ॥ २ ॥ व पुनि कैसी है कि उलटी पुलटी तार बाजै है कहे काहू को अविद्या में डारि कै नरक देइ है और काहू को विद्यारूप ते स्वर्ग सत्यलोकादि देइ है ॥ ३ ॥

कहै कबीर दासन को दास ।
काहू सुखदै काहू उदास ॥ ४ ॥

श्रीकबीरजी कहै हैं कि दासन के दास कहे ब्रह्मादिक जो माया के दास तिनहूं के दास जीव तुम्हारी माया कैसे छूटै वे ब्रह्मादिक माया ते नहीं छूटे या माया कैसी है काहू को तो सुखद है काहू कैति उदास है काहे उनको स्पर्श नहीं करि सकै है अर्थात जे साहब को जानै हैं तिनकी कैति उदास है तिनही के दास तुमहूं होउ तब उबार होइगो माया ब्रह्म जीव के परे श्रीरामचन्द्र ही हैं तामें प्रमाण—

राम एव ब्रह्म परं राम एव परंतपः ।
राम एव परं तत्वं श्रीरामो ब्रह्मतारकम् ॥ इति श्रुतिः ॥ ४ ॥

* इति आठवां बसन्त समाप्तम् *

॥ अथ नवां बसन्त ॥

ऐसो दुर्लभ जात शरीर ।
रामनाम भजु लागै तीर ॥ १ ॥

गये बेणु बलि गे हैं कंस।
दुर्योधन गये बूड़े बंस ॥ २ ॥
पृत्थु गये पृथ्वी के राव।
विक्रम गये रहे नहिं काव ॥ ३ ॥
छौ चक्रवैमण्डली के झार।
अजहूं हो नल देखु बिचार ॥ ४ ॥
हनुमत कश्यप जनकौ वार।
ई सब रोकैं यम के धार ॥ ५ ॥
गोपीचँद भल कीन्हों योग।
रावन मरिगो करतै भोग ॥ ६ ॥
जात देखु अस सब के जाम।
कह कबीर भजु रामै नाम ॥ ७ ॥

चौरासी लाख योनिन में भटकत भटकत यह शरीर पायो दुर्लभ सो वृथा ही जाय है सो रामनाम को भजुसेवा करु जाते तीर लगै, बेणु, बलि, कंस, दुर्योधन, पृथु, विक्रम, यो छयो चक्रवर्ती भूमिमण्डल के ते शरीर छोड़िकै जात भये सो नर अजहूँ बिचारि कै तू देखु व हनुमत, कश्यप अदिति जनक कहे ब्रह्मा वार कहे सनकादिक ते ये अबलौं रामनाम कहि यम को धार रोके हैं अर्थात जे उनके मत में जाय रामनाम कहै हैं ते संसार ते छूटि ही जाय हैं उन पै यम को बल नहीं चलै है और गोपीचन्द जोगी रहे रावण भोगी रह्यो पै रामनाम नहीं भजे ते दोऊ मरि गये सो श्रीकबीरजी कहैं हैं कि यही भाँति सबके जामा जे शरीर ते जात देखै हैं ताते रामनाम भजु, 'भजु सेवायाम्' धातु है ताते तैं हूं रामनाम की सेवा करु तबही संसारसमुद्र के तीर लगै गो नहीं तो बहिजायगो, रामनाम के जपैया नहीं मरे हैं तामें प्रमाण कबीरजी को पद—

हम न मरैं मरिहै संसारा। हमको मिला जिलावनवारा॥
अब ना मरौं मोर मन माना। सोइ मुवा जिन राम न जाना॥
सो कत मरै संतजन जीवै। भरि भरि रामरसायन पीवै॥
हरि मरि हैं तो हमहूं मरि हैं। हरि न मरैं हम काहे को मरि हैं॥
कहि कबीर मन मनहिं मिलावा। अमर भये सुखसागर पावा॥

* इति नवां वसन्त समाप्तम् *

॥ अथ दसवा वसन्त ॥

सब ही मद्माते कोई न जाग।
सो सँगहि चोर घर मुसन लाग॥ १॥
योगी मद्माते योगध्यान।
पण्डित मद्माते पढ़ि पुरान॥ २॥
तपसी मद्माते तप के भेव।
सन्यासी माते करि हमेव॥ ३॥
मौलना मद्माते पढ़ि मुसाफ़[1]।
क़ाज़ी मद्माते कै निसाफ़॥ ४॥
शुकदेव मते ऊधो अक्रूर।
हनुमत मद्माते लिये लँगूर॥ ५॥
संसार मत्यो माया के धार।
राजा मद्माते करि हँकार॥ ६॥
शिव मात रहे हरिचरणसेव।
कलि माते नामदेव जयदेव॥ ७॥

---

१ मुसहफ़-कुरान।

वह सत्य सत्य कह सुम्रित बेद
जस रावण मारे घर के भेद ॥ ८ ॥
यह चञ्चल मन के अधम काम ।
सो कह कबीर भजु राम नाम ॥ ९ ॥

यह पद को समेटि कै अर्थ करै है यह संसार में सब कोई मद में मातत भयो जागत कोई न भयो सो जिनको जिनको यह पद में गनाय आये तेते प्रथम जैसे रावण घर के भेद से मारे गये तैसे मनके भेद ते मारे गये परन्तु इन सब में जे रामनाम को जप्यो तेई छूटे हैं हनुमदादि शुकादि जे कहि आये यह मन के तो अधम काम हैं जे रामनाम को नहीं जानें ते संसार ही में परे, ताते तेंहू रामनाम को भजु तबहीं तेरो उधार होइगो। औरी भांति संसार ही में परे रहैगे। और संसार सागर को पार करनवालो एक रामनाम ही है तामे प्रमाण—

माधव दुख दारुन सहि न जाइ ।
मेरी चपल बुद्धि ताते का बसाइ ॥
तन मन भीतर बस मदन चोर ।
सब ज्ञानरतन हरि लीन मोर ॥
हौं मैं अनाथ प्रभु कहौं काहि ।
अनेक बिगूचे मैं को आहि ॥
और सनक सनंदन शिव सुकादि ॥
आपुन कमलापति ब्रह्मा आदि ।
योगी जङ्गम यति जटाधारि ॥
अपने अवसर सब गये हारि ।
सो कह कबीर करि सन्तसात ॥
अभिअन्तर हरिसों करहु बात ।
मन ज्ञान जान करि करि बिचार ॥
श्रीरामनाम भजु होउ पार ।

* इति दसवां बसन्त उपासम *

॥ अथ ग्यारहवां वसन्त ॥

शिव काशी कैसी भै तुम्हारि।
अजहूं हो शिव देखहु विचारि ॥ १ ॥
चोवा अरु चन्दन अगर पान।
सब घर घर स्मृति होइ पुरान ॥ २ ॥
बहु विधि भवनन में लगैं भोग।
अस नगर कोलाहल करत लोग ॥ ३ ॥
बहु विधि परजा निर्भय हैं तोर।
तेहि कारण चित है ढीठ मोर ॥ ४ ॥

श्री कबीरजी कहै हैं कि जब मैं बालापन में साधन करत रह्यों है तबहीं देवतन को दर्शन होत रह्यो है सो मैं महादेव जी ते पूछ्यो कि या काशी तुम्हारी कैसी भई है अजहूँ तो विचारि देखो तुम्हारी काशी में चन्दन, चोवा, अगर लगावै हैं, पान खाय हैं घर घर स्मृति पुराण होइ हैं विविध भाँति के मेवा पकवान भोग लगावै हैं यही रीति ते लोग नगर में कोलाहल कर रहे हैं ऐसे परजा तुम्हारे निर्भय होइ रहे हैं तौने कारण ते मोरी चित ढीठ होइ गयो है ॥

हमरे बालक कर यहै ज्ञान।
तोहीं हरि को समुझावै आन ॥ ५ ॥
जग जो जेहिं सो मन रहल लाय।
सो जिव के मरे कहु कहँ समाय ॥ ६ ॥

सो हम जे सब बालक हैं तिन कर यहै ज्ञान है तुम जे हौ महादेव और हरि जे हैं श्रीरामचन्द्र तिनको तो समुझवैं काशीवाले आन हैं काहे ते कि वेदद्वारा यह कहते है कि संसार छूटै है ज्ञान होइ है तब मुक्ति होइ है ये सब जो काशी में मेरे हैं सो मुक्ति होइ जाइ है भोग करे

हैं सो यहू वेद द्वारा कहीं हीं कि कहे विलक्षण समुझावै है ॥ ५ ॥ जगत् में जो जौने में मन लगावै है सो शरीर छूटे कहो कहां समाय है अर्थात् जाही में मन लगावै है ताही में समाय है यहू वेद में लिखे हैं :—

अन्ते या मतिः सा गतिः ।

सो हम तुम सों पूछे हैं कि विषय में मन लगाये मरे जे काशी के लोग ते कहां जाय हैं ॥ ६ ॥

तहँ जो कछु जाकर होइ अकाज।
है ताहि दोष साहब न लाज ॥ ७ ॥
तब हर हर्षित ह्वै कहल भेव।
जहँ हमहीं हैं तहँ दूसर केव ॥ ८ ॥
तुम दिना चार मन धरहु धीर।
पुनि जस देखेहु तस कह कबीर ॥ ९ ॥

सो जाकर अकाज होइ है ताही को दोष है काहेते वाके कर्म ही ते अकाज होइ, है साहब जो आप हैं श्रीरामचन्द्र तिनको कौन लाज है जो आप काशी के जीवनमुक्ति देइ हैं सो कौने हेतु ते कहो और संसारी जीव आपका न होइ काशी आप का है ॥ ७ ॥ तब हर्षित ह्वै के हर मोसे भेद बतायो कि जहां हम हैं तहां दूसर को है काशी में और सब संसार में जहां हम हैं अर्थात् हमको जे जानै हैं तेके कर्म औ कालई की जोर कै सकैं काहे ते कि जब हम ब्रह्मा ते रामनाम पायो है तब जान्यो है ताही ते मुक्ति करै हैं रामनाम को उपदेश करि श्रीरघुनाथजी को ज्ञान देइ है वाको तब मुक्ति होइ है सो काशी हू में रामनाम दै मुक्ति करै है औरहू देश में रामनाम पाइ कै मुक्ति ह्वै जाइ है ॥ ८ ॥ सो दिन चार तुम मन में धीर धरौ पुनि जस देख्यो तस हे कबीर ! तुम कहो अर्थात् जैसे हम रामनाम दैके जीवन को उद्धार करते हैं तैसे तुमहूँ करौगे तब तस देखोगे कि रामनाम ते कैसो विषयी होइ पै उद्धारई होइ जाइ है और काशी में रामनाम ही ते मुक्ति होइ है महादेव देइ हैं तामें प्रमाण–

"पेयं पेयं श्रवणपुटके,
रामनामाभिरामं ।
ध्येयं ध्येयं मनसि सततं,
तारकं ब्रह्मरूपम् ॥
जल्प्यं जल्प्यं प्रकृति विकृतौ,
प्राणिनां कर्णमूले ॥
वीथ्यां वीथ्यामटति जटिलः
कोपि काशीनिवासी"

(इति स्कान्दे) ॥ ६ ॥

* इति ग्यारहवां वसन्त समाप्तम् *

॥ अथ बारहवाँ वसन्त ॥

हमरे कहल कर नहिं पतियार।
आपु बूड़े नल सलिलै धार ॥ १ ॥
अन्धा कहै अन्ध पतियाय ।
जस बिश्वा के लगनै जाय ॥ २ ॥
सो तौ कहिये अतिहि अबूझ।
खसम ठाढ़ ढिग नाहीं सूझ ॥ ३ ॥

श्रीकबीरजी कहै हैं कि हमरे कहे ये जीव कोई नहीं पतियाय हैं साहब में कोई नहीं लगते हैं आप सुखो बानीरूप सलिल में बूड़े जाते हैं बानी को पानी आगे कहि आये हैं ॥ १ ॥ आँधर जे गुरुवालोग हैं हे नाना मतन को बतावै हैं आँधर जे जीव ते ग्रहण करै हैं साहब को नहीं जानै हैं जैसे वेश्या की लगन व नाना पुरुष ते रमै है एक को जानती ही नहीं है ऐसे नाना उपासना माने हैं सो साहब को मानत ही नहीं हैं ॥ २ ॥ सो ते जीवन को हम अतिही अबूझ कहै हैं काहे ते कि श्रीरामचन्द्र अन्तर्यामी रूपते ढिग में हैं तिन को नहीं सूझै है ॥ ३ ॥

आपन आपन चाहहिं मान।
झुठ परपंच साँच करि जान ॥ ४ ॥
झूठा कबहुं करौ नहिं काज।
मैं तोहिं बरजौं सुनु निरलाज ॥ ५ ॥
छाँड़हु पाखँड मानहुं बात।
नहीं तो परिहौ यम के हात ॥ ६ ॥

आपन आपन मान जो है बड़ाई सिद्धता तौनेको चाहै हैं झूठ परपञ्च जो धोखाब्रह्म आत्मै मालिक है या को सांच मानै हैं ॥ ४ ॥ सो जो तैं या झूठो विचार करि राखै है कि हमहीं ब्रह्म है आत्मा मालिक है सो ये झूठे काज तैं न करु हे निर्लज्ज जीव! केतौ जन्म मारो गयो है पुनि वही काम करै हैं सो मैं तोकों बरजौ हौं तू या काम न करु साहब को जानु ॥ ५ ॥ सो मेरी बात तू मानु पाखण्ड को छोड़ि दे नहीं तो यम जे हैं तिन के हात काहे गड़वा में परिहो यमदूत डाढ़ो पकरि कै डारि देयँगे ॥

कह कबीर नल चले न सोझ।
भटक मुये जस बन के रोझ ॥ ७ ॥

सो श्रीकबीर जी कहै हैं कि हे नल! सोझ कहे सूधो अन्तर्यामी जे साहब समीप तिनको न जान्यो। दूरि हैं जे नाना उपासना तिनमें बनके रोझ की नाईं भटकि कै मरि गये अर्थात रोझ औघट बाग तो है शिकारी सों भेंट भई मारो गयो ऐसे नाना उपासना करत रह्यो यमदूत डाढ़ो पकरि नरक में डारि दियो तामें प्रमाण "हं इ हिस्साब तब ज्वाब का देहुगे पकरि फिरीस्त लै जाय डाढी" औ साहिबै के जाने से छूटैगो तामें प्रमाण कबीर जी को पद...

चेतन दे कै रे जगधन्धा।
राम नामको मरम न जानैं माया के रस अन्धा ॥
जनमत तबहिं काह लै आया मरत काह लै जासी।
जैसे तरुवर बसत पखेरू दिवस चारि के बासी ॥

श्राया थाती और न जानै जनमतही जर काटी।
हरि के भक्ति बिना यहि देही फिर लौटे हिय फाटी॥
काम अरु कोह मोह मद मत्सर पर शपवादा सुनिये।
कहै कबीर साधु की संगति रामनामगुन भनिये॥

* इति बारहवां बसन्त समाप्तम् *

* इति बसन्त सम्पूर्णम् *

साखी

सेवक और दास का अंग

सेवक सेवा में रहै सेवक कहिये सोय।
कहै कबीर सेवा बिना सेवक कबहुँ न होय॥
सेवक सेवा में रहै अनत कहूँ नहिं जाय।
दुख सुख सिर ऊपर सहै कह कबीर समुझाय॥
सेवक स्वामी एक मति जो मति में मति मिल जाय।
चतुराई रीझै नहीं रीझै मन के भाय॥
द्वार धनी के पड़ि रहै धका धनी का खाय।
कबहुँक धनी नेवाजई जो दर छांड़ि न जाय॥
कबीर गुरु सबको चहै गुरु को चहै न कोय।
जब लग आस शरीर को तब लग दास न होय॥
सेवक सेवा में रहै सेव करै दिनरात।
कहै कबीर कुसेवका सन्मुख ना ठहरात॥
निरबंधन बंधा रहै बंधा निरबंध होय।
करम करै करता नहीं दास कहावै सोय॥
गुरु समरथ सिरपर खड़े कहा कमी तेहिं दास।
ऋद्धि सिद्धि सेवा करैं भक्ति न छांड़े पास॥

दास दुखी तो हरि दुखी आदि अन्त तिहुँ काल ।
पलक एक में प्रगट ह्वै छिन में करै निहाल ॥

दात[1] धनी याचै नहीं सेव करै दिन रात ।
कह कबीर ता सेवकहिं काल करै नहि घात ॥

सब कछु गुरु के पास है पैये अपने भाग ।
सेवक मन सों प्यार है निसदिन चरनन लाग ॥

सेवक कुत्ता गुरू का मोतिया वाका नांव ।
डोरी लागी प्रेम की जित खैंचे तित जाव ॥

दुर दुर करैं तो बाहिरे तू तू करैं तो जाय ।
ज्यों गुरु राखै त्यों रहै जो देवै सो खाय ॥

दासातन हिरदे नहीं नाम धरावै दास ।
पानी के पीये बिना कैसे मिटै पियास ॥

भुक्ति मुक्ति मांगौं नहीं भक्ति दान दे मोंहि ।
और कोई यांचौं नहीं निस दिन यांचौं तोहि ॥

धरती अम्बर जांयँगे बिनसैंगे कैलास ।
एकमेक होइ जांयगे तब कहँ रहैंगे दास ॥

एकमएका होनदे बिनसनदे कैलास ।
धरती अम्बर जानदे मो में मेरे दास ॥

यह मन ताको दीजिये जो सांचा सेवक होय ।
सिर ऊपर आरा सहै तहुन दूजा जांय ॥

काजर केरी कोठरी ऐसा यह संसार ।
बलिहारी वा दास की पैठि के निकसनहार ॥

काजरकेरी कोठरी काजरही का कोट ।
बलिहारी वा दास की रहै नामकी ओट ॥

कबीर गुरु का भावता दूरहि ते दीसन्त ।
तन छीना मन अनमना जग ते रूठि फिरन्त ॥

१–दाता ।

अनराते सुख सोवना राते नींद न आय ।
ज्यों जल टूटे* माछरी तलफत रैन विहाय ॥
राता राता सब कहैं अनराता कहै न कोय ।
राता सोही जानिये जातन रक्त न होय ॥
जा घट में साईं बसै सा क्यों छाना होय ।
जतन जतन करि दाबिये तौ उजियारा सोय ॥
कबीर खालिक जागिया और न जागै कोय ।
कै जागै बिषयाभरा कै दास बन्दगी जोय ॥
सब घट मेरा साइयां सूनी सेज न कोय ।
बलिहारी वा घट्ट की जा घट परगट होय ॥

सूरमा का अंग

गगन दमामा बाजिया पड़त निसाने चोट ।
कायर भाजै कछु नहीं सूरा भाजै खोट ॥
गगन दमामा बाजिया पड़त निशाने घाव ।
खरा पुकारै सूरमा अब लड़ने का दाव ॥
गगन दमामा बाजिया हनहनिया के कान ।
सूरा घरै बधावना कायर तजै परान ॥
सूरा सोइ सराहिये लड़ै धनी के हेत ।
पुरजा पुरजा होइ रहै तऊ न छाँड़ै खेत ॥
सूरा सोइ सराहिये अंग न पहिरै लोह ।
जूझै सब बँद खोलिके छांड़ै तन का मोह ॥
खेत न छांड़ै सूरमा जूझै दो दल मांहि ।
आसो जीवन मरन की मन में आनै नांहि ॥
अब तो जूझे ही बनै मुड़ चाले घर दूर ।
सिर साहेब को सौंपते सोच न कीजै सूर ॥

---

*-सूखना

घायल तो घूमत फिरै राखा रहै न ओट।
जतन किये नहिं बाहुरै लगी मरम की चोट॥
घायल की गति और है औरन की गति और।
प्रेमबान हिरदै लगा रहा कबीरा ठौर॥
सूरा सीस उतारिया छांड़ो तनकी आस।
आगे से गुरु हरखिया आवत देखा दास॥
कबीर घोड़ा प्रेमका (कोइ) चेतन चढ़ि असवार,
ज्ञानखड़ग लै काल सिर भली मचाई मार॥
चित चेतन ताजी करै लव की करै लगाम।
सब्द गुरू का ताजना[1] पहुंचै संत सुठाम॥
हरि घोड़ा ब्रह्मा कड़ी विस्नू पीठ पलान।
चन्द सूर होय पावड़ा[2] चढ़सी सन्त सुजान॥
साधु सती औ सूरमा इनकी बात अगाध।
आसा छोड़ैं देहकी तिनमें अधिका साध॥
साधु सती औ सूरमा इन पटतर कोइ नाहिं।
अगम पंथको पग धरैं डिगैं तो ठाहर नाहिं॥
साधु सती औ सूरमा कबहुं न फेरैं पीठ।
तीनो निकस जो बाहुरैं ताको मुंह मति दीठ॥
साधु सती औ सूरमा ज्ञानी औ गजदंत।
एते निकसत बाहुरैं जो जुग जाहिं अनन्त॥
साधु सती औ सूरमा देइ न मोड़ैं मूंह।
ये तीनो भागे बुरे साहेब जाकी सूंह॥
सिर राखे सिर जात है सिर काटे सिर सोय।
जैसे बाती दीप की कटि उजियारा होय॥
धड़ से सीस उतारि के डारि देय ज्यों ढेल।
कोई सूरको सोहसी घर जाने का खेल॥

---

१ ताज़ियाना whip. २ रिकाब।

लड़ने को सबही चले सस्तर बांधि अनेक।
साहेब आगे आपुने जूझैगा कोइ एक ॥
जूझेंगे सब कहेंगे अब कछु कहा न जाय।
भीड़ पड़े मनमलखरा लड़े कि यों भगि जाय ॥
सूरा के मैदान में कायर फंदा आय।
ना भाजै न लड़ि सकै मनहीं मन पछिताय ॥
कायर बहुत पमावहीं* बड़क न बोलै सूर।
सारी खलक यों जानहीं केहिके मोहड़े नूर ॥
सूरा थोड़ा ही भला सत करि रोपै पग्ग।
घना मिला केहि काम का सावन का सा बग्ग ॥
रनहिं धसा जो ऊबरा आगे गिरहनिवास।
घरै बधावा बाजिया और न दूजी आस ॥
साईं सेति न पाइये बातन मिलै न कोय।
कबीर सौदा नाम का सिर बिन कबहुँ न होय ॥
आपस्वारथी मेदिनी भक्तिस्वारथी दास।
कबीर नाम सुआरथी छांड़ी तनकी आस ॥
ज्यों ज्यों गुरुगुन सांभलै त्यों त्यों लागै तीर।
लागे से भागै नहीं साई साच सुधीर ॥
ऊंचा तरुवर गगन को फल निरमल अति दूर।
अनेक सयाने पचि गये पंथहि मूए झूर ॥
दूर भया तो क्या भया सतगुरु मेला सोय।
सिर सौंपै उन चरन में कारजसिद्धी होय ॥
जेता तारा रैन का एता बैरी मुज्झ।
धड़ सूली सिर कांगुरे तउँ न बिसारूं तुज्झ ॥
चौपड़ मांड़ो चौहटे अरध उरध बाजार।
सतगुरु सेती खेलता कबहुं न आवै हार ॥

---

* पमाना—to boast

जो हारौं तो सेव गुरु जो जीतो तो दांव ।
सत्त नाम से खेलता जो सिर जाव तो जाव ॥
खोजी को डर बहुत है पल पल पड़ै बिजोग ।
प्रन राखत जो तन गिरै सो तन साहेब जोग ॥
अगिनि आंच सहना सुगम सुगम खड़ग की धार ।
नेह निभावन एक रस महा कठिन ब्योहार ॥
नेह निभाए ही बनै सोचे बनै न आन ।
तन दे मन दे सीस दे नेह न दीजै जान ॥
भाव भाल का सुरति सर धरि धीरज कर तान ।
मनकी मूठ जहां मँडी चोट तहां हीं जान ॥
मेरे संसय कछु नहीं लागा गुरु से हेत ।
काम क्रोध से जूझना चौड़े माड़ा खेत ॥
कायर भया न छूटिहौ कछु सूरता समाय ।
भरम भाल का दूर करि सुमिरन सेल मजाय ॥
कोने परा न छूटि हौ सुनु रे जीव अबूझ ।
कबिरा मँड़ मैदान मैं करि इन्द्रिन सों जूझ ॥
बांका गढ़ बांका मता बांकी गढ़ की पौल ।
कालि कबीरा नीकला जमसिर घाली रौल ॥
बांकी तेग कबीर की अनी पड़ै दुइ टूक ।
मारा मीर महाबली ऐसी मूठ अचूक ॥
कबीर तोड़ा मानगढ़ पकड़े पांचो खान ।
ज्ञान कुल्हाड़ा कर्मबन काटि किया मैदान ॥
कबीर तोड़ा पांच गढ़ मारे पांच गनीम ।
सीस नवाया धनी को साजी बड़ी मुहीम ॥
कबीर पांचो मारिये जा मारे सुख होय ।
भला भली सब कोइ कहै बुरा न कहसी कोय ॥
ऐसी मार कबीर की मुवा न दीसै कोय ।
कह कबीर सोइ ऊबरे धड़ पर सीस न होय ॥

सूरा सार संभालिया पहिरा सहज सँजोग।
ज्ञानगजंदा चढ़ि चला खेत पड़न का जोग॥
सीतलता संजोय लै सूर चढ़े संग्राम।
अबकी भाज न सरत है सिर साहेब के काम॥
सूरा नाम धराय के अब का डरपै बीर।
मँडि रहना मैदान में सन्मुख सहना तीर॥
तीर तुपक से जो लड़ै सो तो सूर न होय।
माया तजि भक्ती करै सूर कहावै सोय॥
कबीर सोई सूरमा मन से मांड़ै जूझ।
पांचो इन्द्री पकरि के दूरि करै सब दूझ॥
कबीर सोई सूरमा जाके पांचो हाथ।
जाके पांचो बस नहीं तेहि गुरु संग न साथ॥
कबीर रन में पैठिके पीछे रहै न सूर।
सांई से सन्मुख भया रह सो सदा हजूर॥
जाय पूछु वा घायलै दिवस पीर निसि जागि।
बाहनहारा जानिहै कै जानै जेहि लागि॥
कबीर हीरा बनि जिया महंगे मोल अपार।
हाड़ गला माटी मिली सिर काटे व्यवहार॥
भागे भली न होयगी कहां धरोगे पांव।
सिर सौंपो सीधे लड़ो काहे करे कुदाव॥
सूर सिलाह न पहिरई जब रन बाजा तूर।
माथा काटै धड़ लड़ै तब जानी जे सूर॥
जोग से तौ जौहर भला घड़ी एक का काम।
आठ पहरका जूझना बिन खांड़े संग्राम॥
तीर तुपक बरछी बहै बिगसि जायगा चाम।
सूरा के मैदान में कायर का क्या काम॥
सूरा के मैदान में कायर का क्या काम।
सूरा से सूरा मिलै तब पूरा संग्राम॥

बिना पांव का पंथ है मंझि सहर अस्थान।
बिकट बाट औघट घना कोइ पहुंचै संत सुजान॥
पंज समाना जब लिया तब रन धसिया सूर।
दिल सौंपा सिर ऊबरा मुजरा धनी हजूर॥
रन धंसिया ते ऊबरा पाया गेह निवास।
घरे बधावा बाजिया औ जीवन की आस॥
जबलग धड़ पर सीस है सूर कहावै कोय।
माथा टूटै धर लड़ै कमँद[1] कहावै सोय॥
सूरा तो सांचै मते सहै जो सन्मुख धार।
कायर अनी चुभाय कै पाछे झँखै अपार॥
भाजि कहां लौं जाइये भय भारी घर दूर।
बहुरि कबीरा खेत रहु दल आया भरपूर॥
सार बहै लोहा झरै टूटै जिरह जंजीर।
अबिनासी की फौज में मांड़ा दास कबीर॥
ज्ञान कमाना लौ गुना तन तरकस मन तीर।
भलका बहे है सार का मारै हदफ[2] कबीर॥
कठिन कमान कबीर की पड़ी रहै मैदान।
केते जोधा पचि गये कोइ खैंचे संत सुजान॥
घटो बढ़ो जानै नहीं मन में राखै जोत।
गाड़र लड़ै गयन्द सा देखो उलटो रीत॥
धुजा फरक्कै सुन्न में बाजै अनहदतूर।
तकिया है मैदान में पहुंचैगा कोइ सूर॥
नामरसायन प्रेमरस पीवत बहुत रसाल।
कबीर पीवन कठिन है मांगै सीस कलाल॥
कायर भागा पीठ दै सूर रहा रन मांहि।
पटा लिखाया गुरू पै खरा खजीना खाहि॥

---

१ कबंध। २ هدف target

चेतावनी का अंग ।

कबीर गर्व न कीजिये काल गहे कर केस ।
न जानौ कित मारिहै क्या घर क्या परदेस ॥
आज काल के बीच में जंगल ह्वैगा बास ।
ऊपर ऊपर हल फिरै ढोर चरेंगे घास ॥
हाड़ जरै ज्यों लाकड़ी केस जरै ज्यों घास ।
सब जग जरता देखिकरि भये कबीर उदास ॥
झूठे सुख को सुख कहैं मानत हैं मनमोद ।
जगत चबेना कालका कुछ मुख में कुछ गोद ॥
कुसल कुसलहीं पूछते जग में रहा न कोय ।
जरा मुई ना भय मुआ कुसल कहां से होय ॥
पानी केरा बुदबुदा अस मानुष की जाति ।
देखत ही छिप जायगा ज्यों तारा परभात ॥
निधड़क बैठा नाम बिनु चेति न करै पुकार ।
यह तन जलका बुदबुदा बिनसत नाहीं बार ॥
रात गंवाई सोयकरि दिवस गँवायो खाय ।
हीरा जन्म अमोल था कौड़ो बदले जाय ॥
कै खाना कै सोवना और न कोई चीत ।
सतगुरु सब्द बिसारिया आदि अन्त का मीत ॥
यहि औसर चेत्यां नहीं पसु ज्यों पाली देह ।
सत्त नाम जान्यो नहीं अन्त पड़ै मुख खेह ॥
लूटि सकै तो लूटि ले सत्तनामभंडार ।
काल कंठ ते पकड़ है रोकै दसो दुआर ॥
आछे दिन पाछे गये गुरु से किया न हेत ।
अब पछतावा क्या करै जब चिड़िया चुग गई खेत ॥
आज कहै कल्ह भजूंगा काल्ह कहै फिर काल ।
आज काल के करतही औसर जासी चाल ॥

काल्ह करै सो आज कर सबहि साज तेरे साथ ।
काल्ह काल्ह तू क्या करै काल्ह काल के हाथ ॥
काल्ह करै सो आज कर आज करै सो अब्ब ।
पल में परलै होयगी बहुरि करैगा कब्ब ॥
पाव पलक की सुधि नहीं करै काल्ह का साज ।
काल अचानक मारसी ज्यों तीतर को बाज ॥
पाव पलक तो दूर है मो पै कह्यो न जाय ।
ना जानू क्या होयगा पाव बिपल के माय ॥
कबीर नौबत आपनी दिन दस लेहु बजाय ।
यह पुर पट्टन यह गली बहुरि न देखो आय ॥
जिनके नौबत बाजती मंगल बँधते बार ।
एकै सतगुरु नाम बिन गये जनम सब हार ॥
पांचो नौबत बाजती होत छतीसो राग ।
सो मन्दिर खाली पड़ा बैठन लागे काग ॥
ढोल दमामा गड़गड़ी सहनाई अरु भेरि ।
अवसर चले बजाइके है कोई लावै फेरि ॥
कबीर थोड़ा जीवना मांड़ै बहुत मँड़ान ।
सबहि उभा* में लगि रहा राव रंक सुलतान ॥
इक दिन ऐसा होयगा सब से पड़ै बिछोहि ।
राजा राना छत्रपति क्यों नहि सावध होहि ॥
ऊजड़ खेड़े ठीकरी गढ़ि गढ़ि गये कुम्हार ।
रावन सरिखा चलि गया लंका का सरदार ॥
ऊंचा महल चुनावते करते होड़महोड़ ।
सुवरनकली ढलावते गये पलक में छोड़ ॥
कहा चुनावै मेड़ियां लंबी भीति उसारि ।
घर तो साढ़े तीन हथ घना तो पौने चारि ॥

---

* उभय = दुविधा ।

पांच तत्व का पूतला मानुष धरिया नाम ।
दिना चार के कारने फिरि फिरि रोके ठाम ॥
कबीर गर्व न कीजिये देहीं देखि सुरंग ।
बिछुरे पै मेला नहीं ज्यों केचलि तजै भुअंग ॥
कबीर गर्व न कीजिये अस जोवन की आस ।
टेसू फूला दिवस दस खंखर भया पलास ॥
कबीर गर्व न कीजिये ऊंचा देखि अवास ।
काल्ह परों भुइं लेटना ऊपर जमसी घास ॥
कबीर गर्व न कीजिये चाम लपेटे हाड़ ।
हयवर ऊपर छत्र तर तौ भी देवैं गाड़ ॥
पक्की खेती देखकर गर्वै कहा किसान ।
अजहूं झोला बहुत है घर आवै तब जान ॥
जेहि घट प्रेम न प्रीतिरस पुनि रसना नहि नाम ।
ते नरपशु संसार में उपजि खये बेकाम ॥
ऐसा यह संसार है जैसा सेमर फूल ।
दिन दस के व्यवहार में झूठे रंग न भूल ॥
कबीर धूल सकेलि के पुड़ी जो बांधी एह ।
दिवस चार का पेखना अन्त खेह का खेह ॥
पांच पहर धंधे गया तीन पहर रहे सोय ।
एको घड़ी न हरि भजे मुक्ति कहां ते होय ॥
कबीर मन्दिर लाखका जड़िया हीरा लाल ।
दिवस चार का पेखना बिनसि जायगा काल ॥
सपने सोया मानवा खोल देखि जो नैन ।
जीव परा बहु लूट में ना कछु लेन न देन ॥
मारोगे मरि जाहुगे कोई न लेगा नाम ।
ऊजड़ जाइ बसाहुगे छोड़िके बसता गाम ॥
घर रखवाला बाहरा चिड़िया खाया खेत ।
आधा परधा ऊबरै चेत सकै तो चेत ॥

कबीर जो दिन आज है सो दिन नाहीं काल।
चेत सकै तो चेतियो मीच रही है ख्याल॥
माटी कहै कुम्हार को तूं क्या रूंदै मोहिं।
इक दिन ऐसा होयगा मैं रूंदूंगी तोहिं॥
जिन गुरु की चोरी करी गये नाम गुन भूल।
ते विधना गादुर रचे रहे उरधमुख झूल॥
सत्त नाम जाना नहीं लागी मोटी खोरि।
काया हांडी काठ की ना यह चढ़ै बहोरि॥
सत्त नाम जाना नहीं हुआ बहुत अकाज।
बूड़ैगा रे बापुरा बड़े बड़ी की लाज॥
सत्त नाम जाना नहीं चूके अबकी घात।
माटी मलत कुम्हार ज्यों घनी सहै सिर लात॥
कबीर या संसार में घना मनुष मतिहीन।
सत्त नाम जाना नहीं आये टापा दीन॥
आया अनआया हुआ जो राता संसार।
पड़ा भुलावे गाफिला गये कुबुद्धी हार॥
कहा कियो हम आइके कहा करैंगे जाइ।
इतके भये न उतके चाले मूल गँवाइ॥
कबीर गुरु की भक्ति बिन धृग जीवन संसार।
धूंआ कासा धौरहर जात न लागे बार॥
जगतहिं में हम राचिया झूंठे कुल की लाज।
तन छीजै कुल बिनसिहै चढ़े न नामजहाज॥
यह तन कांचा कुम्भ है लिये फिरै था साथ।
टपका लागा फुट गया कछु नहिं आया हाथ॥
पानी कासा बुदबुदा देखत गया बिलाय।
ऐसे जिवड़ा जायगा दिन दस ठोली लाय॥
कबीर यह तन जात है सकै तो ठौर लगाव।
कै सेवा करु साधकी कै गुरु के गुन गाव॥

कायामंजन क्या करै कपड़ा धोयमधोय ।
उज्जल होय न छूटसी सुख नींदड़ी न सोय ॥
मोर तोर की जेवरी बटि बांधा संसार ।
दास कबीरा क्यों बँधै जाके नामअधार ॥
जिन जाना निज गेह को सो क्यों जोड़ैं मित्त ।
जैसे पर घर पाहुना रहै उठाये चित्त ॥
दुर्लभ मानुष जन्म है देह न बारम्बार ।
तरवर ज्यों पत्ता झड़ै बहुरि न लागै डार ॥
आये हैं सो जायँगे राजा रंक फकीर ।
एक सिंघासन चढ़ि चले इक बांधे जात जँजीर ॥
जो जानहु जिव आपना करहु जीव को सार ।
जियरा ऐसा पहुना मिलै न दूजी बार ॥
बनजारा का बैल ज्यों टाँडा[1] उतर्यो आय ।
एकन कौं दूना भया इक चला मूल गँवाय ॥
कबीर यह तन जात है सकै तो राख बहोर ।
खाली हाथों वे गये जिनके लाख करोर ॥
आस पास जोधा खड़े सबी बजावैं गाल ।
मंझ महल से ले चला ऐसा काल कराल ॥
हांको परवत फाटते समुदर घूंट भराय ।
ते मुनिवर धरती गले क्या कोई गर्व कराय ॥
या दुनिया में आइके छांड़ि देइ तू ऐंठ ।
लेना होय सो लेइले उठी जात है पैंठ ॥
यह दुनिया दुइ रोजकी मत कर या से हेत ।
गुरुचरनन से लागिये जो पूरन सुख देत ॥
तन सराय मन पाहरू मनसा उतरी आय ।
कोउ काहूका है नहीं सब देखा ठोंक बजाय ॥

---

१ वह हाट जहां बनजारे माल लाकर बेंचते हैं ।

मै मैं बड़ी बलाय है सको तो निकसो भाग ।
कहैं कबीर कबलगि रहै रुई लपेटी आग ॥
कबीर आप ठगाइये और न ठगिये कोय ।
आप ठगे सुख ऊपजै और ठगे दुख होय ॥
मौत बिसारी बावरे अचरज कीया कौन ।
तन माटी मिलि जायगा ज्यों आटे में नोन ॥
जनम मरन दुख याद कर कूड़े काम निवार ।
जिन जिन पंथों चालना सोई पंथ सम्हार ॥
कबीर खेत किसान का मिरगों खाया झाड़ ।
खेत बिचारा क्या करै जो धनी करै नहिं बाड़ ॥
बासर सुख ना रैन सुख ना सुख सपने मांहि ।
जे नर बिछुड़े नाम से तिनको धूप न छांहि ॥
कबीर सोता क्या करै क्यों नहिं देखै जाग ।
जाके संग से बीछुड़ा वाही के संग लाग ॥
कबीर सोता क्या करै उठि के जपो दयार* ।
एक दिना है सोवना लम्बे पांव पसार ॥
कबीर सोता क्या करै सोते होय अकाज ।
ब्रह्मा का आसन डिगा सुनी काल की गाज ॥
अपने पहरे जागिये ना पड़ि रहिये सोय ।
ना जानौ छिन एक में किसका पहरा होय ॥
चकवी बिछुड़ी रैन की आनि मिलै परभात ।
जे नर बिछुरे नाम से दिवस मिलै नहिं रात ॥
दीन गवांयो दुनी सँग दुनी न चाली साथ ।
पांव कुल्हाड़ी मारिया मूरुख अपने हाथ ॥
कुल खोये कुल ऊबरै कुल राखे कुल जाय ।
नाम अकुल को मेंटिया सब कुल गया बिलाय ॥

---

* दयाल

दुनियां के धांखे मुवा चाला कुल की कानि ।
तब क्या कुल की लाज है जब ले धरै मसान ॥
कुलकरनी के कारने हंसा गया बिगोय ।
तब क्या कुल की लाज है चार पांव का होय ॥
उज्जल पहिरे कापड़े पान सुपारी खाँहि ।
सो इक गुरु की भक्ति बिन बांधे जमपुर जांहि ॥
मलमल खासा पहिरते खाते नागर पान ।
ते भी होते मानवी करते बहुत गुमान ॥
गोफन माँहीं पौढ़ते परिमल अंग लगाय ।
ते सुपने दीसैं नहीं देखत गये बिलाय ॥
मेरा संगी कोइ नहीं सबै स्वारथी लोय ।
मन परतीति न ऊपजै जिव विश्वास न होय ॥
कबीर बेड़ा जरजरा फूटे छेद हजार ।
हरुए हरुए तरि गये बूड़े जिन सिर भार ॥
डागल ऊपर दौड़ना सुखनींदड़ी न सोय ।
पुन्नो पाया दिवसड़ा ओछी ठौर न खोय ॥
मैं भंवरा तोहि बरजिया, बन बन बास न लेय ।
अटकैगा कहुं बेल से तड़पि तड़पि जिय देय ॥
बाड़ी के बिच भँवर था कलियां लेता बास ।
सो तो भँवरा उड़ि गया तजि बाड़ी की आस ॥
दुनियां सेती दोसती होय भजन में भंग ।
एकाएकी गुरूसों कै साधन कौ संग ॥
भय बिनु भाव न ऊपजै भय बिनु होय न प्रीति ।
जब हिरदे से भय गया मिटी सकल रसरीति ॥
भय से भक्ति करै सबै भय से पूजा होय ।
भय पारस है जीव को निर्भय होय न कोय ॥
डर करनी डर परम गुरु डर पारस डर सार ।
डरत रहै सो ऊबरै गाफिल खावै मार ॥

खलक मिला खाली हुआ बहुत किया बकवाद ।
बांझ हिलावै पालना तामें कौन सवाद ॥
यह जग कोठी काठ की चहुं दिसि लागी आगि ।
भीतर रहा सो जरिमुआ साधू उबरे भागि ॥
यहि बिरिया तो फिर नहीं मन में देख बिचार ।
आया लाभ के कारने जनमजुआ मत हार ॥
बैल गढ़ंता नर गढ़ा चूका सींग अरु पोंछ ।
एकहि गुरु के नाम बिन धिक दाढ़ी धिक मोंछ ॥
कहै कबीर पुकारि के चेतै नांही कोय ।
अबकी बेरियां चेतत है सो साहेब का होय ॥

शब्द का अंग

कबीर सब्द शरीर में बिन गुन बाजै तांत ।
बाहर भीतर रमि रहा ताते छूटी भ्रांत ॥
जो जन खोजी सब्द का धन्य सन्त है सोय ।
कह कबीर सब्दै गहे कबहूँ न जाय बिगोय ॥
सब्द सब्द बहु अंतरा सब्द सारका तीर ।
सब्द सब्द का खोजना सब्द सब्द का पीर ॥
सब्द सब्द बहु अंतरा सार सब्द चित देय ।
जा सब्दै साहेब मिलै सोई सब्द गहि लेय ॥
सब्द सब्द सब कोइ कहै वो तो सब्द विदेह ।
जिभ्या पर आवै नहीं निरखि परखि करिदेह ॥
एक सब्द सुखरास है एक सब्द दुखरास ।
एक सब्द बंधन कटै एक सब्द गलफांस ॥
सब्द सब्द सब कोइ कहै सब्द के हाथ न पांव ।
एक सब्द औषधि करै एक सब्द करै घाव ॥
सीखे सुनै बिचारि ले ताहि सब्द सुख देय ।
बिना समझै सब्दै गहै कछू न लाहा लेय ॥

सब्द हमारा आदि का पल पल करिये याद।
अन्त फलैगी माहि* की बाहर की सब बाद॥
सब्दहि मारे मरि गये सब्दहि तजिया राज।
जिन जिन सब्द पिछानियां सरिया तिनका काज॥
सब्द गुरू को कीजिये बहुतक गुरू लबार।
अपने अपने लोभ को ठौर ठौर बटमार॥
सब्द हमार हम सब्द के सब्दहि लेय परक्ख।
जो तू चाहै मुक्ति को अब मत जाय सरक्क॥
सब्द हमार हम सब्द के सब्द ब्रम्ह का कूप।
जो चाहै दीदार को परख सब्द का रूप॥
एक सब्द गुरुदेव का जाका अनँत विचार।
पंडित थाके मुनिजना बेद न पावै पार॥
सब्द बिना स्रुति आँधरी कहो कहाँ को जाय।
द्वार न पावै सब्द का फिरि फिरि भटका खाय॥
यही बड़ाई सब्द की जैसे चुम्बक भाय।
बिना सब्द नहिं ऊबरै केता करै उपाय॥
सही टेक है तासु की जाके सतगुरु टेक।
टेक निवाहै देह भरि रहै सब्द मिलि एक॥
काल फिरै सिर ऊपरै जीवहिं नजिर न आइ।
कह कबीर गुरु सब्द गहि जम से जीव बचाइ॥
ऐसा मारा सब्द का मुआ न दीसै कोय।
कह कबीर सो ऊबरै धड़ पर सीस न होय॥
सब्द बराबर धन नहीं कोई जानै बोल।
हीरा तो दामों मिलै सब्दहिं मोल न तोल॥
सब्द दुराया ना दुरै कहीं जो ढोल बजाय।
जो जन होवै जौहरी लेहै सीस गढ़ाय॥

---

* मध्य—अन्तर

सब्द पाय स्रुति राखहीं सो पहुँचै दरबार।
कह कबीर तंह देखई बैठे पुरुष हमार॥
औरै दारू सब करी पै सुभाव की नांहि।
सो दारू सतगुरु करी रहै सब्द के मांहि॥
सब्द उपदेस जो मैं कहूं जो कोइ मानै संत।
कहैं कबीर बिचारि कै ताहि मिलाओ कंत॥
मता हमारा मंत्र है हमसा होय सो लेय।
सब्द हमारा कलपतरु जो चाहै सो देय॥
रैन समानी भानु में भानु अकासे मांहि।
अकास समाना सब्द में सब्द परे कछु नांहि॥
सब्द कहां से उठत है कहँ को जाइ समाय।
हाथ पांव वाके नहीं कैसे पकरा जाय॥
सहस कँवल ते उठत है सुन्नहि जाय समाय।
हात पांव वाके नहीं स्रुति से पकरा जाय॥
सब्द कहां से आइया कहां सब्द का भाव।
कहां सब्द का सीस है कहां सब्द का पाव॥
सब्द ब्रह्मँड ते आइया मध्य सब्द का भाव।
ज्ञान सब्द का सीस है अज्ञान सब्द का पाव॥
सीतल सब्द उचारिये अहं आनिये नांहि।
तेरा प्रीतम तुज्झ में सत्रू भी तुझ मांहि॥
सब्द भेद तब जानिये रहै सब्द के मांहि॥
सब्दे सब्द प्रगट भया दूजा दीखै नांहि॥
सोई सब्द निज सार है जो गुरु दिया बताय।
बलिहारी वा गुरू की सिष्य बिगोय न जाय॥
वह मोती मत जानियो पुहै पोत के साथ।
यह तो मोती सब्द का बेधि रहा सब गात॥
बलिहारी वह दूध की जिसमें निकसत घीव।
आधी साखि कबीर की चार बेद को जीव॥

सब्द अहै गाहक नहीं वस्तु गरुआ मोल।
बिना दाम को मानवा फिरता डांवा डोल॥
रैनितिमिरि नासत भयो जबहीं भान उगाय।
सार सब्द के जानते कर्म भर्म मिटिजाय॥
जंत्र मंत्र सब झूठ है मत भरमो जग कोय।
सार सब्द जाने बिना कागा हंस न होय॥
सत्त सब्द निज जानि के जिन कीन्हा परतीत।
कागकुमति तजि हंस ह्वै चले सो भवजल जीति॥
सब्दखोज मन बसि करै सहज जोग है एहि।
सत्त सब्द निज सार है यह तो झूठी देहि॥
सार सब्द जाने बिना जिव परलै में जाय।
काया माया थिर नहीं सब्द लेहु अरथाय॥
भर्म फन्द जग फंदिया जप तप पूजा ध्यान।
जेहिं सब्द तें मुक्ति है सो न परै पहिचान॥
सतजुग त्रेता द्वापरा यहि कलिजुग अनुमान।
सार सब्द इक सांच है और झूठ सब ज्ञान॥
पृथ्वी अपहुं तेज नहिं नहीं बायु आकास।
अनल पच्छ तहँ ह्वै रहै सत्त सब्द परकास॥

सांच का अंग

सांच बराबर तप नहीं झूठ बराबर पाप।
जाके हिरदै सांच है ता हिरदे गुरु आप॥
सांई से सांचा रहो साँई सांच सुहाय।
भावै लम्बे केस रख भावै घोट मुड़ाय॥
साँचे स्राप न लागई सांचे काल न खाय।
साँचे को साँचा मिलै सांचे मांहि समाय॥
सांचै सौदा कीजिये अपने जिव में जानि।
सांचै हीरा पाइये झूठे मूलहुं हानि॥

जो तू सांचा बानियां सांची हाट लगाय ।
अन्दर झाड़ू देइ के कूड़ा दूरि बहाय ॥
तेरे अन्दर सांच जो बाहर कछु न बनाव ।
जाननहारा जानि है अन्तर गति का भाव ॥
जाकी सांची सुरित है ताको सांचा खेल ।
आठ पहर चौंसठ घड़ी सांई सेती मेल ॥
सांच बिना सुमिरन नहीं भय बिन भक्ति न होय ।
पारस में परदा रहै कंचन केहि बिधि होय ॥
अब तो हम कंचन भये तब हम होते कांच ।
सतगुरु की किरपा भई दिल अपने का सांच ॥
कंचन केवल हरिभजन दूजा कांचकथीर ।
झूठ जाल जंजाल तजि पकड़ा सांच कबीर ॥
प्रेम प्रीति का चोलना पहिरि कबीरा नाच ।
तन मन तापर वारहूँ जो कोइ बोलै सांच ॥
सांच सब्द हिरदै गहा अलख पुरुष भरपूर ।
प्रेम प्रीति का चोलना पहिरे दास हजूर ॥
साधू ऐसा चाहिये सांची कहै बनाय ।
कै टूटै कै फिरि जुरै कहे बिन भरम न जाय ॥
जिन नर सांच पिछानियां करता केवल सार ।
सो प्रानी काहे चलै झूठे कुल की लार ॥
कबीर लज्जा लोक की बोलै नाहीं सांच ।
जानि बूझि कंचन तजै क्यों तू पकरै काँच ॥
झूठ बात नहि बोलिये जब लगि पार बसाय ।
अहो कबीरा सांच गहु आवागवन नसाय ॥
सांचे कोइ न पतीजई झूठे जग पतियाय ।
गली गली गोरस फिरै मदिरा बैठि बिकाय ॥
सांच कहं तो मारिहैं झूठे जग पतियाय ।
ये जग काली कूकरी जो छेड़ै तो खाय ॥

सांचे को सांचा मिलै अधिका बढ़ै सनेह ।
झूठे को सांचा मिलै तड़दे टूटै नेह ॥
जाके बोलीबन्ध नहि साँच नहीं मन मांहि ।
ताके संग न चालिये छांड़ै पैंड़े मांहि ॥
कबीर पूंजी साहु की तू मत खोवै ख्वार ।
खरी बिगूंचन होयगी लेखा देतीबार ॥
लेखा देना सहज है जो दिल सांचा होय ।
सांई के दरबार में पला न पकरै कोय ॥
जो तेरे दिल साँच है बाहर नाहिं जनाव ।
जाननहारा जानहीं अन्तरगति का भाव ॥
सांच सुनै अरु सत कहै सत्तनाम की आस ।
सत्तनाम को जान करि जग से रहै उदास ॥
सांच हुआ तो क्या हुआ जो नाम न साँचा जान ।
साँचा ह्वै सांचे मिलै तब साँचै मांहि समान ॥
साँचा सब्द कबीर का हिरदय देख बिचार ।
चित दै समझत है नहीं मोहिं कहत भये जुग चारि ॥

बिचार का अंग

आगि कहै दाझै नहीं पाव न दीजै माहँ ।
जो पै भेद न जानई नाम कहा तौ काह ॥
कबीर सोचि बिचारिया दूजा कोई नाहिं ।
आप परे जब चीन्हिया उलटि समाना माहिं ॥
पानीकेरा पूतला राखा पवन संचार ।
नाना बानी बोलता जोति धरी करतार ॥
आधी साखी सिर कटै जोरे बिचारा जाय ।
मनहिं प्रतीत ना ऊपजै राति दिवस भरि गाय ॥
एक सब्द में सब कहा सबही अर्थ बिचार ।
भजिये निर्गुन नाम को तजिये बिषय बिकार ॥

बोली तो अनमोल है जो कोई जानै बोल ।
हियेतराजू तोल के तब मुख बाहर खोल ॥
सहज तराज़ू आन करि सब रस देखा तोल ।
सब रस माहीं जीभरस जो कोइ जानै बोल ॥
ज्यों आवै त्यों ही कहै बोलै नाहिं संभारि ।
हतै पराई आतमा जीभ लेइ तरवारि ॥
बोलै बोल बिचारि कै बैठै ठौर संभारि ।
कहै कबीर वा दास की कबहुं न आवै हारि ॥
बोली हमरी पलटिया या तन याही देस ।
खारी सोँ मीठी करी सतगुरु के उपदेस ॥
कबीर उलटे ज्ञान का कैसे करूं बिचार ।
थिर बैठे मारग कटै चला चली नहिं पार ॥
जो कछु करै विचारि के पाप पुन्य तें न्यार ।
कह कबीर इह जानि कै जाय पुरुष दरबार ॥
आचारी सब जग मिला बिचारी मिला न कोय ।
कोटि अचारी वारिये इक बिचारि जो होय ॥

विवेक का अंग ।

फूटी आँखि बिबेक की लखै न संत असंत ।
जाके संग दस बीस हैं ताको नाम महंत ॥
साधू मेरे सब बड़े अपनी अपनी ठौर ।
सब्दविबेकी पारखी सो माथे के मौर ॥
जब लग नाहिं विवेक मन तब लग लगै न तीर ।
भवसागर नाहीं तरै सतगुरु कहैं कबीर ॥
गुरपसु नरपसु नारिपसु बेदपसू संसार ।
मानुष सोई जानिये जाहि बिबेक बिचार ॥
प्रगटै प्रेम विवेक दल अभय निसान बजाय ।
उम ज्ञान उर आवतौं यह सुनि मोह दुराय ॥

कर बन्दगी विवेक की भेष धरै सब कोय ।
वा बन्दगी बहि जान दे जहं सब्द विवेक न होय ॥
कहै कबीर पुकारि के कोइ सन्त विवेकी होय ।
जामें सब्द विवेक है छत्रधनी है सोय ॥
जीव जन्तु जलहर बसै गये विवेक जो भूल ।
जल के जलचर यों कहैं हम उड़गन सम तूल ॥
सत्तनाम सब कोइ कहैं कहिये मांहि विवेक ।
एक अनेकै फिरि मिलै एक समाता एक ॥
समझा समझा एक है अनसमझा सब एक ।
समझा सोई जानिये जाके हृदय विवेक ॥

॥ इति ॥

SRI RAIDAS

The saint Raidás, one of the famous disciples of Swami Rámánand, was a *chamár* by caste and as remarked by my esteemed friend P. Shyambihari Misra, in the Second Triennial Report of the Search for Hindi Manuscripts, "it is very creditable to the Vaishnava sect to have embraced in its fold and assigned honourable position to persons of such castes as *Dom* (Nabha) and *Chamár* Raidas."

According to the Sant Bani Series, his father was Raghu and his mother was Ghurbinia. He was initiated by Swami Ramanand while yet a child and given the name Ravidas subsequently changed to Raidas. It may be noted here that Raidás's hymns appear in the Adi Granth Sahib and there he is called Ravidás.

One of his disciples was a Rani of Chittor. Some believe that this Rani was the famous Mira Bai. In the *Bhaktamál* however she is Jhali whereas Mira was *Merti*, of the family of *Merta* Rathors.

Raidas is said to have died at the age of 120 years.

We have not been able to find out the dates of his birth and death but he flourished in the middle of the fifteenth century of the Christian era or the beginning of the sixteenth century of the Vikrama era.

Raidas's principal works are *Raidás ji ki Báni* and *Raidás ji ke pad*. The following extracts are taken from the Adi Granth Sahib.

रविदास (रैदास)

मेरी संगति पोच सोच दिन राती ।
मेरी कर्म कुटिलता जन्म कुभांती ॥
राम गुसैयां जीय के जीवन ।
मोहि न बिसारेहु मैं जन तेरा ॥ रहाउ ॥
मेरी हरहु विपति जन करहु सुभाई ।
चरण न छाड़ौं शरीर कल जाई ॥
कहु रविदास परा तेरी सामा ॥१॥
वेगि मिलहु जन करि न बिलँबा ॥

बेगमपुरा[१] शहर को नाउं ।
दुख अंदोहु[२] नहीं तेहि ठांउ ॥
ना तसवीस[३] खिराज[४] न माल ।
खौफ[५] न खता[६] न तरस[७] जुवाल[८] ॥
अब मोहि खूब वतनगह[९] पाई ।
जहां खैर सदा मेरे भाई ॥
काइम[१०] दाइम[११] सदा पतिशाही ।
दोम[१२] न सेम[१३] एक सो आही ॥

१—بیغم پورہ the town of no sorrows. २—اندوہ grief. ३—تشویش anxiety. ४—خراج revenue. ५—خوف fear. ६—خطا mistake-fault. ७—ترس fear. ८—زوال decline. ९—وطن گہہ home. १०—قائم established. ११ دائم for ever. १२—دوم second. १३—سوم third.

आबादान[1] सदा मशहूर।
ऊहां गनी[2] बसहि मामूर[3] ॥
त्यों त्यों सैल करहि जो भावै।
महरम[4] महलन को अटकावै ॥
कहि रविदास खलास[5] चमारा।
जो हमसहरी[6] सो मीतु हमारा ॥ २ ॥
घट अवघट डूगर घना इकनिर्गुण बैल हमार।
रमैये सो इक बिनती मेरी पूंजी राखु मुरारि ॥
को बनजारो रामको मेरा टांडा लदा जाइरे ॥ रहाउ ॥
हौं बनजारो राम को सहज करौ व्यापार ॥
मैं रामनाम धन लादा बिषु लादी संसार ॥
उर वार पार के दानिया लिख लेहु आलपताल।
मोहियम दंड न लागई तजि ले सब जंजाल ॥
जैसा रंग कुसुम्म का तैसा इहु संसार।
मेरे रमैये रंग मजीठ का कहु रविदास चमार ॥३॥
कूप परो डैसे दादरा कछु देश बिदेश न बूझ।
ऐसे मेरा मन बिषय बिमोहियः कछु वरा पार न सूझ ॥
सगल भुवन के नायका इकु छिन दरश दिखाय।
मलिन भई मति माधवा तेरी गति लखी न जाइ।
करहु कृपा भ्रम चूकइ मोरि सुमरत देहु समझाइ ॥
योगी मर पावहिं नही तुव गुण कथन अपार।
प्रेम भक्ति के कारणे कहु रविदास चमार ॥ ४ ॥
सत युग सत त्रेता भगति द्वापर पूजा चार।
तीनों युग तीनों दढ़े कलि केवल नाम अधार ॥

१—آبادان papulated. २—غني rich, independent. ३—معمور prosperous. ४—محرم ladies. ५—خلاص pure. ६—هم شهري fellow-townsman.

पार कैसे पाइबो रे ।
मो सों कोउ न कहै समुझाइ ।
जाते आवागवन बिलाइ ॥ रहाउ ॥
बहुविधि धर्म निरूपियै करता दीसै सब लोइ ।
कवन कर्म ते छूटियै जिहि साधे सब सिधि होइ ॥
कर्म अकर्म बिचारियै शंका सुनि वेद पुरान ।
संशय सद हिरदै बसै कौन हरे अभिमान ॥
बाहर उदक पखारियै घट भीतर बिबिध बिकार ।
शुद्ध कवन पर होइ शुच कुंजरविधिब्योहार ॥
रवि प्रकाश रजनी यथा गति जानत सब संसार ।
पारस मानो तांबो छुये कनक होत नहिं बार ॥
परम परस गुरु भेटियै पूरबलिखितलिलाट ।
उनमन मन मनही मिले खुलत न बजरकपाट ॥
भक्ति युक्ति मति संति करी भ्रमबंधन काटि विकार ।
सोई बसि रसि मन मिले गुन निर्गुन एक बिचार ॥
अनेक यत्न निग्रह किये टारो न टरै भ्रमफांस ।
प्रेम भक्ति नहि ऊपजै ताते रविदास उदास ॥
मृग मीन भृग पंतग कुंजर एक दोषबिनाश ।
पंच दोष असाध जामहि ताकी केतक आश ॥ ४ ॥
माधव अविधा हित कीन ।
बिवेकदीप मलीन ॥ रहाउ ॥
त्रिगदयोनि अचेतसंभव पुन्न पाप अशोच ।
मानुषाअवतार दुल्लभ तिही संगति पोच ॥
जीव जंतु जहाँ जहाँ लग करम के बस जाइ ।
कालफाँस अबद्ध लागे कछु न चलै उपाइ ॥
रविदास दास उदास भ्रमतपन तपु गुरुज्ञान ।
भ्रमत जनभयहरन परमानंद करहु निदान ॥ ५ ॥

संत तुही तन संगति प्रान ।
सतगुरु ज्ञान जानें संत देवादेव
संत की संगति संतकथारस
संतत प्रेम माझै दीजै देवादेव ॥ रहाउ ॥
संत आचरण संत को मारग संत का ओलग ओलगनि ।
और इक मागौ भगतिचिंतामनि ॥
जनि लखावहु असंत पापी सन ।
रविदास भनै जो जानै सो जान ॥ ६ ॥

संत अनंतहि अंतर नाहीं ॥
तुम चंदन हम इरंड बापुरे संग तुम्हारे बासा ।
नीच रूख ते ऊँच भये हैं गंध सुगंधनिवासा ॥
माधव सतसंगति सरन तुम्हारी ।
हम औगुन तुम उपकारी ॥
तुम मखतूल सुपेद सपीअल हम बपुरे जस कीरा ।
सतसंगति मिलि रहियै माधव जैसे मधुरमखीरा ॥
जाती ओछी, पांती ओछी, ओछा जनमु हमारा ।
राजा राम की सेव न कीनी कहि रविदास चमारा ॥ ७ ॥

कहा भयो जौ तन भयो छुन छुन ।
प्रेम जाइ तौ डरपै तेरो जन ॥
तुझहि चरनअरबिंद भवन मन ।
पान करत पायो अमेय धन ॥
सम्पति विपति पटल मायाघन ।
ता महि मगन होत न तेरो जन ॥
प्रेम की जेवरी बांध्यो तेरो जन ।
कहि रविदास छूटिबो कौन गुन ॥ ८ ॥

हरि हरि हरि हरि हरि हरि हरे ।
हरि सुमरत जन गये निस्तरि तरे ॥
हरि के नाम कबीरउजागर ।

जनम जनम के काटे कागर ॥
निमत नामदेव दूध पिआया ।
तौ जग जनम संकट नहिं आया ॥
जन रविदास रामरंगराता ।
गुरुपरसादि नरक नहिं जाता ॥ ९ ॥
माटी को पुतरा कैसे नचतु है ।
देखै देखै सुनै बोलै दौरयो फिरतु है ॥
जब कछु पावै तब गरब करतु है ।
माया गई तब रोवन लगतु है ॥
मन बच क्रम रसकसहि लुभाना ।
बिनसि गया जाइ कहूँ समाना ॥
कह रविदास बाजी जगु भाई ।
बाजीगर सौं मोहि प्रीति बनिआई ॥ १० ॥
दूधत बछरै थनहु बिटारयो ।
फूलभँवरि जल मीन बिगास्यो ॥
भाई गोविंदपूजा कहा लै चरावौ ।
अवरन फूल अनूपम पावौ ॥
मलयागिर पर रहै भुअंगा ।
बिषु अमृत बसहि इक संगा ॥
धूप दीप नैवेदहि बासा ।
कैसे पूज करहि तेरी दासा ॥
तन मन अर्पौं पूज करावौ ।
गुरुपरसाद निरंजन पावौ ॥
पूजा अरचा आहि न तोरी ।
कहि रविदास कवन गति मोरी ॥ ११ ॥

जब हम होते तब तू नाहीं अब तू ही मैं नाहीं ।
अनल अगम जैसे लहरि पयोदधि जल केवल जल माहीं ॥

माधव क्या कहियै भ्रम ऐसा।
जैसा मानियै होइ न तैसा ॥ रहाउ ॥
नरपति एक सिंहासन सोया सपने भया भिखारी।
अछतराज बिछुरत दुख पाया सो गति भई हमारी ॥
राज भुअंग प्रसंग जैसे है अब कछु मर्म जनाया।
अनेक टक जैसे भूले परे अब कहते कहन न आया ॥
सर्बे एक अनेकै स्वामी सब घट भोगै सोई।
कहि रविदास हाथ पै नेरे सहजे होय सु होई ॥
जो हम बांधे मोहफांस हमे प्रेमबंधनि तुम बांधे।
अपने छूटन को यत्न करहु हम छूटे तुम आराधे ॥ १२ ॥

माधव जानत जैसी तैसी।
अब कहा करहुगे ऐसी ॥ रहाउ ॥

मीन पकरि फांक्यो अरु काट्यो राँधि कियो बहु बानी।
खंड खंड कर भोजन कीनो तऊ न बिसरयो पानी ॥
आपन ब्यापै नहीं किसी को भावन को हरि राजा।
मोहपटल सब जगत बियाप्यो भगत नहीं संतापा ॥
कहि रविदास भगति इक बाढ़ी अब यह कासों कहियै।
जा कारन हम तुम आराधे सो दुख अजहूं सहियै ॥ १३ ॥
दुर्लभ जन्म पुन्य फल पाबो बृथा जात अविवेकै।
राज इन्द्र सम सरि गृह आसन बिनु हरिभगति कहहु किहि लेखै ॥
न बिचारयो राजाराम को रसु जिहि रस आनरस बिसरि जाहीं,
जानि अजान भये हम बावर शोच अशोच दिवस जाहीं।
इंद्री सबल निबल बिबेक बुधि परमारथ प्रवेश नाहीं ॥
कहियत आन आचरियत आन कछु समुझ न परै अपर माया।
कहि रविदास उदास दास मति परिहरि कोप करहु दाया ॥
सुखसागर सुरतरु चिंतामनि कामधेनु बस जाके।
चारि पदारथ अष्टदशासिधि नवनिधि करतल ताके ॥ १४ ॥

हरि हरि हरि न जपहिं रसना ।
और सब त्याग बचन रचना ॥
नाना अख्यान पुरान वेद बिधि चौंतिस अक्षर माहीं ।
ब्यास बिचारि कह्यो परमारथ रामनाम सरि नाहीं ॥
सहज समाधि उपाधि रहत पुनि बड़े भागि लवलागी ।
कहि रविदास प्रकास हृदै धरि जन्ममरनभय भागी ॥ १५ ॥

जो तुम गिरिवर तो हम मोरा ।
जो तुम चंद जो हम भये हैं चकोरा ॥
माधव तुम न तोरहु तो हम नहिं तोरहिं ।
तुम सों तोरि कौन सों जोरहिं ॥
जो तुम दियना तो हम बाती ।
जो तुम तीरथ तो हम जाती ॥
सांची प्रीति हम तुम सों जोरी ।
तुम सों जोरि और सँग तोरी ॥
जहँ जहँ जाउँ तहां तेरी सेवा ।
तुम सों ठाकुर और न देवा ॥
तुम्हरे भजन कटहि यमफांसा ।
भगति हेत गावै रविदासा ॥ १६ ॥

जल की भीति पवन का थंभा रकत बूंद का गारा ।
हाड़ मास नाड़ी को पिंजर पंखी बसै बिचारा ॥
प्रानी क्या मेरा क्या तेरा ।
जैसे तरवर पंछि बसेरा ॥
राखहु कंध उसारहु नीवां ।
साढ़े तीनि हाथ तेरी सींवां ॥
बांके बाल पाग सिर डेरी ।
इहु तन होइगो भस्म की ढेरी ॥
ऊँचे मंदिर सुंदर नारी ।
रामनाम बिन बाजी हारी ॥

मेरी जाति कमीनी पांति कमीनी ओछा जन्म हमारा ।
तुम शरनागति राजा रामचँद कहि रविदास चमारा ॥१७॥

चमरट्टा गांठि न जाई,
लोग गढ़ावैं पनहीं ॥
लोग गांठि गाँठि खरा बिगूचा ।
हौं बिन गांठे जाइ पहूंचा ॥
रविदास जपै रामनामा ।
मोहि यम सों नाहीं कामा ॥ १८ ॥

हम सरि दीन दयाल न तुम सरि अब पतियार क्या कीजै ।
बचनी तोर मोर मन मा जन कौ पूरन दीजै ॥

हौं बलि बलि जाँउ रमय्या,
कारन कौन अबोल ॥ रहाउ ॥

बहुत जन्म बिछुरे थे माधव इहु जन्म तुम्हरे लेखे ।
कहि रविदास आस लगि जीवौ चिरभयो दर्शन देखे ॥ १९ ॥
चित्त सुमरन करौ नयन अवलोकनो श्रवन बाणी सुयश पूर राखौ ।
मन सुमधुकरकरौ चरन हिरदे धरौ रसन अमृत रामनाम भाखौ ॥

मेरी प्रीति गोंविद सों जिनि घटै ।
मैं तो मोल मँहगी लई जीय सटै ॥ रहाउ ॥
साधसंगति बिना भाव नहिं ऊपजै,
भाव बिन भगति नही होइ तेरी ॥
कहै रविदास इक बती हरिसों ।
पैज राखहु राजाराम मेरी ॥ २० ॥
नाथ कछू ना जानौ ।
मन माया के हाथ बिकानौ ॥
तुम कहियत हौ जगत गुरुस्वामी ।
हम कहियत कलियुग के कामी ॥
इन पंचन मेरो मन जु बिगारयो ।
पल पल हरि ते अंतर पारयो ॥

जहं देखौ तहं दुख की राशी।
अजौं न पत्याइ निगम भये साखी॥
गोतमनारि उमापति स्वामी।
शीश धरनि सहसभगगामी॥
इन दूतन खल बधकरि मारयो।
बड़ो निलज अजहूं नहिं हारयो॥
कर रविदास कहा कैसे कीजै।
बिन रघुनाथ सरन काकी लीजै॥ २१॥
शह की सार सुहागिन जानै।
तजि अभिमान सुख रलिया मानै॥
तन मन देइ न अंतर राखै।
अवरा देखि न सुनै अभाखै॥
सो कत जानै पीर पराई।
जाके अंतर दरद न पाई॥
दुखी दुहागिन दुइपख हीनी।
जिन नाह निरंतर भगति न कीनी॥
पुर सलात का पंथ दुहेला।
संग न साथी गवन अकेला॥
दुखिया दरदवंदु दरिआया।
बहुत पियास जो आव न पाया॥
कहि रविदास सरनि प्रभु तेरी।
ज्यों जानहु त्यों करु गति मेरी॥ २२॥
जो दिन आवहिँ सो दिन जाहीं।
करना कूच रहिनि थिरु नाहीं॥
संग चलत है हम भी चलना।
दूरि गवन सिर ऊपर मरना॥
क्या तू सोया जागइ जाना।
तै जीवन जगि सचु करि जाना॥

जिन जिउ दिया सु रिजक अंबरावै ।
सब घट भीतर हाट चलावै ॥
करि बंदगी छांड़ि मैं मेरा ।
हिरदै नाम सम्हारि सवेरा ॥
जन्म सिरानो पंथ न संवारा ।
सांझ परी दस दिशि अंधियारा ॥
कहि रविदास निदान दिवाने ।
चेतसि नहिं दुनिया फनखाने ॥ २३ ॥
ऊंचे मंदर शाल रसोई ।
एक घरी पुनि रहनि न होई ॥
इहु तन ऐसा जैसे घास की टाटी ।
जलि गयो घास रलि गई माटी ॥ रहाउ ॥
भाई बंध कुटंब सहेरा ।
ओइ भी लागे काढु सवेरा ॥
घर की नारि उरहि तन लागी ।
वह तो भूत भूत करि भागी ।
कहि रविदास सबै जग लूटे ।
हम तो एक राम कहि छूटे ॥
दारिद देखि सब कोइ हँसै ऐसी दशा हमारी ।
अष्टदशासिधि करतले सब कृपा तुम्हारी ॥
तूं जानत मैं कछु नहीं भवखण्डन राम ।
सकल जीव सरनागतो प्रभु पूरनकाम ॥
जो तेरी सरनागति को नाहीं भार ।
ऊँच नीच तुम ते तरे आलम संसार ॥
कहि रविदास अकथ कथा बहु काह करीजै ।
जैसा तू तैसा तुही क्या उपमा दीजै ॥ २४ ॥
जेहि कुल साधु वैष्णव होइ ।
बर्न अबर्न रंक नहीं ईसुरबिमलबास जानियै जग सोइ ॥

ब्राह्मन बैस सूद अरु छत्री डोम चँडार मलेच्छ न सोइ।
होइ पुनीत भगवंतभजन ते आप तरै तारै कुल दोइ॥
धन्य सो गाऊँ धन्य सो ठाऊँ धन्य पुनीत कुटंब सब लोइ।
जिन पिया साररस तजे आनरस होइ रसमगन डारे विष खोइ॥
पंडित सूर छत्रपति राजा भगत बराबर और न कोइ।
जैसे पुरइन पात रहैं जल समीप मीन रविदास जन्मे जग ओइ॥ २६॥

मुकुंद मुकुंद जपहु संसार।
बिन मुकुंद तन होइ उहार॥
सोई मुकुंद मुकति का दाता।
सोई मुकुंद हमारा पितु माता॥
जीवत मुकुंदे मरत मुकुंदे।
ताके सेवक को सदा अनंदे॥
मुकुंद मुकुंद हमारे प्रानं।
जपि मुकंद मस्तक नीशानं॥
सेव मुकंद करै बैरागी।
सोइ मुकंद दुर्बल धन लाधी॥
एक मुकंद करै उपकार।
हमरा कहा करै संसार॥
मेटी जाति हुए दरबारि।
तुही मुकंद योग युग तारि॥
उपज्यो ज्ञान हुआ परकास।
कर किरपा लीने करि दास॥
कहु रविदास अब तृष्णा चूकी।
जपि मुकंद सेवा ताहू की॥ २७॥
जे बहु अठसठि तीरथ नावैं।
जे बहु द्वादश शिला पुजावैं॥
जे बहु कूप तटा देवावैं।
करै निंद सब बिरथा जावैं॥

साधका निंदक कैसे तरै ।
सर पर जानहु नरक ही परै ॥ रहाउ ॥
जे बहु ग्रहन करै कुल खेति ।
अर्पे नारि सिंगार समेति ॥
सगली सिमृति श्रवननि सुनै ।
करै निंद कवनै नहिं गुनै ॥
जे बहु अनेकै प्रसाद करावै ।
भूमि दान शोभा मंडप पावै ॥
अपन बिगारि बिराना सांडै ।
करै निंद बहु योनी हांडै ॥
निंदा कहा करहु संसारा ।
निंदक का परगट पाहारा ।
निंदक शोधि साधि बीचारा ।
कहु रविदास पापी नरक सिधारा ॥ २७ ॥
पढ़िये गुनियै नाम सब सुनियै ,
अनुभवभाउ न दरसै ।
लोहा कंचन हिरन होइ कैसे,
जौ पारसहि न परसै ॥
देवा, संशय गाँठि न छूटे ।
काम क्रोध माया मद मत्सर
इन पांचहु मिलि लूटे ॥
हम बड़ कवि कुलीन हम पंडित,
हम योगी सन्यासी ।
ज्ञानी गुनी शूर हम दाता,
इह बुधि कबहिं न नासी ॥
कहु रविदास सबै नहिं समझसि,
भूलि परे जैसे बौरे ।
मोहि अधार नाम नारायन ,

जीवन पान धन मोरे ॥ २८ ॥
ऐसी लाल तुम बिन कौन करै।
गरीबनिवाज गुसैयाँ मेरे माथे छत्र धरै ॥
जाको छूति जगत की लागै तापर तुही ढरै।
नीचहु ऊंच करे मेरा गोविंद काहू ते न डरै॥
नामदेव कबीर तिरलोचन सधना सैन तरै।
कहि रविदास सुनहु रे संतो हरिते सबै सरै ॥ २८ ॥
सुखसागर सुरतरु चिंतामनि,
कामधेनु बसि जाके रे।
चारि पदारथ अष्ट महासिधि,
नवनिधि करतल ताके रे।
हरि हरि हरि न जपसि रसना।
और सब छांड़ि बचनरचना ॥ रहाउ ॥
नानाख्यान पुरान बेद बिधि,
चौतिस अक्षर माहीं।
ब्यास बिचारि कह्यो परमारथ,
रामनाम सरि नाहीं ॥
सहज समाधि उपाधि रहत होइ
बड़े भागि लब लागी।
कहि रविदास उदास दासमति,
जन्म मरन भय भागी ॥ २६ ॥
षटकर्म कुल संयुक्त है,
हरि भगति हिरदै नाहिँ।
चरनारबिंद न कथा भावै,
सुपच तुल्य समाहिँ ॥
रे चित चेति चेत अचेत,
काहे न बालमीकहि देखि।
किसू जाति ते किहि पदहि अमरयो,

रामभगतिविशेषि ॥
श्वान शत्रुअजात सबते,
कृष्ण लावै हेतु ।
लोग बपुरा क्या सराहै,
तीन लोक प्रवेश ॥
अजामिल पिंगला लुभतु,
कुंजर गये हरि के पास ।
ऐसे दुर्मति निस्तरे तू,
क्यों न तरहि रविदास ॥ ३० ॥
बिन देखे उपजै नहिं आसा ।
जो दीसै सो होइ बिनासा ॥
बर्न सहित जो जापै नाम ।
सो योगी केवल निहकाम ॥
परचै राम रवै जौ कोई ।
पारस परसै दुबिधा न होई ॥ रहाउ ॥
सो मुनिमन की दुबिधा खाइ ।
बिनु द्वारे त्रैलोक समाइ ॥
मन का सुभाव सब कोई करै ।
कर्ता होइ सु अनभै रहै ॥
फल कारन फूली वन राई ।
फल लागा तब फूल बिलाई ॥
ज्ञानै कारन कर्म अभ्यास ।
ज्ञान भया तहँ कर्मह नास ॥
घृत कारन दधि मथै सयान ।
जीवनमुक्त सदा निर्बान ॥
कहि रविदास परम बैराग ।
हृदे राम किन जपसि अभाग ॥ ३१ ॥
तुझहि सुझंता कछू नाहिं ।

पहिरावा देखे ऊबि जाहिं।
गर्बवती का नाही ठाउँ।
तेरी गर्दन ऊपरि लवै काउ॥
तू क्या गर्बहि बावली।
जैसे भादों खूंबराज तू ताते खरी उतावली॥
जैसे कुरंग नहीं पायो भेदु।
तन सुगंध ढूंढै परदेशु॥
अपत न काजो करे विचारु।
तिसु न होय कंकर करे खुआर॥
पुत्र कलत्र का करहि अहंकारु।
ठाकुर लेखा मंगनहारु॥
फेड़े का दुख सहै जीउ।
पाछे किसहि पुकारहि पीउ पीउ।
साधू की जो लेहि ओट।
तेरे मिटहि पाप सब कोटि कोटि।
कहि रविदास जो जपहि नाम।
तेहि जाति न जन्म न योनि काम॥ ३२॥
नागर जना मेरी जाति विख्यात चंमार।
हिरदै राम गोबिंद गुन सार॥
सुरसरीसलिलकृत वारुनी रे,
संत जन करत नहीं पान।
सुरा अपवित्र करि मानिये रे,
जैसे कागरा करत बिचार॥
भगति भाग उत लिखिये,
तिहि उपरे पूजिये करि नमस्कार॥
मेरी जाति कुटंबो ढलाढोर ढोवंता,
नितहि बनारसी आस पासा।
अब विप्र परधान तेहि करहिं डंडौत,

तेरे नाम शरनाइ रविदास दासान दासा ॥
हरि जपत तेऊ जना पदम कैलासपति ,
तासु सम तुल्य नहीं आन कोऊ ।
एक ही एक अनेक ह्वै बिस्तरयो ।
आन रे आन भर पूरि सोऊ ॥
जा को भागवत लेखियै अवर नहिं पेखियै ,
तास की जाति आछोप छीपा ।
ब्यास महि लेखियै सनक महि पेखियैं ,
नाम की नाम ना सपतदीपा ॥
जाकै ईदि बकरीदि कुल गऊ रे बध करहिं ,
मानियहिं शेख सहीद पीरा ।
जाकै बाप वैसी करी पूत ऐसी ,
सरी तिहू रे लोक परसिध कबीरा ॥
जाके कुटंब के ढेढ़ सब ढोर ढोवंत ,
फिरहि अजहु बनारसी आस पासा ।
आचार सहित विप्र करहि डंडवत ,
तिन तनै रविदास दासानुदासा ॥

फुटकर पद

अब मैं हारयो रे भाई ।
थकित भयों सब हाल चाल ते,
लोक न बेद बड़ाई ॥
थकित भयों गायन अरु नाचन,
थाकी सेवा पूजा ।
काम क्रोध ते देह थकित भई,
कहौं कहाँ लौं दूजा ॥

राम न जानहुँ भगत कहाऊँ ।
चरन पखारूं न देवा ।
जोइ जोइ करौं उलटि मोहि बाँधै,
तातैं निकट न भेवा ॥
पहिले ज्ञान क किया चाँदना
पाछे दिया बुझाई ।
सुन्न सहज मैं दोऊ त्यागे,
राम न कहुँ दुखदाई ॥
दूर बसे षट कर्म सकल अरु,
दूरऊ कीन्हे सेऊ ।
ज्ञान ध्यान दूर दोउ कीन्हे,
दूरिउ छाँड़े तेऊ ॥
पाँचो थकित भये हैं जहँ तहँ,
जहाँ तहाँ थिति पाई ।
जा कारन मैं दौरो फिरतो,
सो अब घट में आई ॥
पांचो मेरी सखी सहेली,
तिन निधि दई दिखाई ।
अब मन फूलि भयो जग महियाँ,
आप में उलटि समाई ॥
चलत चलत मेरो निज मन थाक्यो,
अब मो से चलो न जाई ।
साई सहज मिलौ सोइ सनमुख,
कह रैदास बड़ाई ॥ १ ॥
अखिल खिलै नहिं का कहि पंडित,
कोई न कहै समुझाई ।
अबरन बरन रूप नहिं जाके,
कहँ लौ लाइ समाई ।

चंद सूर नहि रात दिवस नहिं,
धरनि अकास न भाई ।
करम अकरम नहिं सुभ आसुभ नहिं,
का कहि देव बड़ाई ॥
सीत वायु ऊसन नहिं सरवत,
काम कुटिल नहिं होई ।
जोग न भोग क्रिया नहिं जाके,
कहौं नाम सत सोई॥
निरंजन निराकार निरलेपी,
निरविकार निसासी ।
काम कुटिल ताही कहि गावैं,
हर हर आवै हाँसी ॥
गंगनधूर धूप नहिं जाके,
पवन पूर नहिं पानी ।
गुन निर्गुन कहियत नहिं जाके,
कहौ तुम बात सयानी ।
याही सों तुम जोग कहत हौ ,
जब लग आस की पासी ।
छूटै तबहिं जब मिलै एकही ,
भन रैदास उदासी ॥ २ ॥
ऐसी भगति न होइ रे भाई ।
रामनाम बिन जो कुछ करिये ,
सो सब भरम कहाई ॥
भगति न रस दान, भगति न कथै ज्ञान ,
भगति न बन में गुफा खुदाई ।
भगति न ऐसी हाँसी भगति न आसी पासी ,
भगति न यह सब कुलकान गंवाई ॥
भगति न इन्द्री बाँधा भगति न जोग साधा ,

भगति न अहार घटाई ये सब करम कहाई ।
भगति न इन्द्री साधे भगति न बैराग बाँधे ,
भगति न ये सब बेद बड़ाई ॥
भगति न मूड़ मुड़ाये भगति न माला दिखाये,
भगति न चरन धुवाये सब गुनी जन कहाई ।
भगति न तौलौं जाना आपको आप बखाना,
जोइ जोइ करे सो सो करम बड़ाई ॥
आपो गयो तब भगति पाई ऐसी भगति भाई ,
राम मिल्यो आपोगुन खोयो रिधि सिधि सबै गँवाई ।
कह रैदास छूटी आस सब तब हरि ताहीके पास
आसा थिर भई तब सबही निधि पाई ॥ ३ ॥
माधौ संगत सुरति तुम्हारी,
जग जीवन कृष्ण मुरारी ॥
तुम मखतूल चतुरभुज,
मैं बपुरो जस कीरा ।
पीवत डाल फूल फल अम्रित,
सहज भई मति हीरा ॥
तुम चंदन हम अरँड बापुरे,
निकट तुम्हारे बासा ।
नीच बिरिछ से ऊँच भये हैं
तेरी बास सुबासन बासा ॥
जाति भी ओछी जनम भी ओछा
ओछा करम हमारा ।
हम रैदास रामराई को,
कह रैदास बिचारा ॥ ४ ॥
अबिगत नाथ निरंजन देवा ।
मैं क्या जानूँ तुम्हरी सेवा ॥
बांधूं न बांधन छांऊं न छाया ।

तुमहीं सेऊँ निरंजन राया ॥
चरन पताला सीस असमाना ।
सो ठाकुर कैसे संपुट समाना ॥
सिव सनकादिक अंत न पाये ।
ब्रह्मा खोजत जनम गँवाए ॥
तोड़ूं न पाती पूजुं न देवा ।
सहज समाधि करूँ हरिसेवा ॥
नख प्रसाद जाके सुरसरिधारा ।
रोमावली अठारह भारा ॥
चारो वेद जाके सुमिरत साँसा ।
भगति हेत गावै रैदासा ॥ ५ ॥
जग में वेद वेद मानीजै ।
इनमें और अकथ कछु औरै,
कहो कौन परि कीजै ॥
भौजल व्याधि असाधि प्रबल अति
परम पंथ न गहीजै ।
पढ़े गुने कछु समुझि न परई,
अनुभव पद न लहीजै ॥
चखविहीन करतारि चलतु हैं,
तिनहिं न अस भुज दीजै ॥
कह रैदास बिबेकतत्त बिनु,
सब मिल नरक परीजै ॥ ६ ॥
त्राहि त्राहि त्रिभुवन पतिपावन ।
अतिसय सूल सकल बलिजावन ॥
काम क्रोध लंपट मन मोर ।
कैसे भजन करूँ मैं तोर ॥
विषय विहंगम दुंदनकारी ।
असरन सरन सरनभौहारी ।

देव देव दरबार तुआरे ।
राम राम रैदास पुकारै ॥ ७ ॥
नाम तुम्हारो आरति भंजन मुरारे ।
हरि के नाम बिन झूठे सकल पसारे ॥
नाम तेरो आसन नाम तेरो उरसा ,
नाम तेरो केसरि लै छिड़कारे ॥
नाम तेरो अमिला नाम तेरो चंदन ,
घसि जपै नाम ले तुझ कूंवा रे ॥
नाम तेरो दीपा नाम तेरो बाती ,
नाम तेरो तेलै ले माहि पसारे ॥
नाम तेरे ही जोति जगाई,
भयो उंजियार भवन सगरा रे ॥
नाम तेरो धागा नाम फूलमाला ,
भाव अठारह सहस जुहारे ॥
तेरो कियो तुझे का अरपूं ,
नाम तेरो तुझे चंवर डुलारे ।
अष्टादस अठसठ चारि खानि हूं ,
बरतन है सकल संसारे ।
कह रैदास नाम तेरो आरति
अंतरगति हरि भोग लगा रे ॥

4.—NAMDEV.

जैसे जलते बुदबुदा उपजै बिनसै नीत ।
जग रचना तैसे रची कहु नानक सुन मीत ॥
प्रानी कछू न चेतई मद माया के अंध ।
कहु नानक बिनु हरिभजन परत ताहि यमफंध ॥
जौ सुख को चाहै सदा सरन राम की लेह ।
कहु नानक सुन रे मना दुरलभ मानुषदेह ॥
माया कारन धावही मूरख लोग अजान ।

कहु नानक बिनु हरिभजन बिरथा जन्म सिरान ॥
जो प्रानी निशिदिन भजै रूप राम तिह जानु ।
हरिजन हरि अंतर नहीं नानक सांची मानु ॥
मन माया मै फंदि रह्यो बिसरयो गोबिंद नाम ।
कहु नानक बिन हरिभजन जीवन कौने काम ॥
प्रानी राम न चेतई मद माया कै अंध ।
कहु नानक हरिभजन बिनु परत ताहि यमफंध ॥
सुख मैं बहु संगी भये दुख मै संगि न कोइ ।
कहु नानक हरि भजु मना अंत सहाई होइ ॥
जन्म जन्म भरमत फिरयो मिटयो न यम को त्रास ।
कहु नानक हरि भजु मना निरभय पावहि बास ॥
जतन बहुत मैं करि रह्यो मिटयो न मन को मान ।
दुरमति सों नानक फंध्यो राखि लेहु भगवान ॥
बाल जुवानी बिरध फुनि तीनि अवस्था जानि ।
कहु नानक हरिभजन बिनु बिरथा सबही मान ॥
करना हुतो सु ना कियो परयो लोभ कै फंध ।
नानक समयो रमि गयो अब क्यों रोवत अंध ॥
मन माया में रमि रहयो निकसत नाहिन मीत ।
नानक मूरति चित्र ज्यों छांड़त नाहिन भीत ॥
नर चाहत कछु और , औरै की औरै भई ।
चितवत रहयो ठगौर, नानक फाँसी गल परी ॥
जतन बहुत सुख के किये दुख को कियो न कोइ ।
कहु नानक सुन रे मना हरि भावै सो होइ ॥
भगत भिखारी फिरतु है सब को दाता राम ।
कहु नानक मन सिमरु तिहि पूरन होवहि काम ॥
झूठो मान कहा करै जग सुपने ज्यों जान ।
इन में कछु तेरो नहीं नानक कहयो बखान ॥
गर्ब करतु है देह को बिनसै छिन में मीत ।

जिहि प्रानी हरिजस कह्यो नानक तिहि जगु जीत ॥
जिह घट सिमरन राम को सो नर मुकता जानु ।
तिहि नर हरि अंतर नहीं नानक सांची मानु ॥
एक भगति भगवान, जिहि प्रानी के नाहि मन ।
जैसे सूकर स्वान, नानक मानो ताहि तन ॥
स्वामी को गृह ज्यों सदा श्वान तजत नहिं नित्त ।
नानक इह बिधि हरि भजौ इक मन दै इक चित्त ॥
तीरथ व्रत अरु दान करि मन में धरै गुमान ।
नानक निहफल जात तिहि ज्यों कुंजरइस्नान ॥
सिर कम्प्यौ पग डगमगै नैन जोति ते हीन ।
कहु नानक इह बिध भई तऊ न हरिरसलीन ॥
निज करि देख्यो जगत मैं कोउ काहू को नाहि ।
नानक थिरु हरिभगति है तिहि राखो मन माहिं ॥
जग रचना सब झूठ है जानि लेहु रे मीत ।
कहि नानक थिरु ना रहै ज्यों बालू की भीत ॥
राम गयो रावन गयो जाको बहु परिवार ।
कहि नानक थिरु कछु नहीं सपने ज्यों संसार ॥
चिंता ताकी कीजिये जो अनहोनी होइ ।
यह मारग संसार को नानक थिरु नहि कोइ ॥
जो उपज्यौ सो बिनसि है परो आजु कै काल ।
नानक हरिगुन गाइ ले छांड़ि सकल जंजाल ॥
बल छुट्यो बंधन पर्यो कछू न होत उपाइ ।
कहि नानक अब ओट हरि गज ज्यों होहु सहाइ ॥
बल होवै बंधन छुटै सब किछु होत उपाइ ।
सब किछु तुमरे हाथ में तुमही होत सहाइ ॥
संग सखा सब तजि गये कोऊ न निबह्यो साथ ।
कहि नानक यहि बिपत मैं टेक एक रघुनाथ ॥
रामनाम उर में गह्यो जाके सम नहिं कोइ ।
जिह सिमरत संकट मिटै दरशु तुहारो होइ ॥

9. GURÚ GOVIND SINGH.

"Gurú Govind Singh was the tenth and the last Gurú of the Sikhs. He became the acknowledged head of Sikhs and it was he who, partly to avenge his father's death and partly because he was ambitious of power, awakened his followers to a new life. He aroused the latent energies of the people and directed them into a political channel. He took advantage on the one hand of the declining Moghul Empire and on the other hand of the oppressed condition of the Hindus and working on the imagination of the latter, infused a fresh spirit into them. The ground had already been prepared for the purpose and the magic touch of Gurú Govind's hand transformed the band of innocent Sikhs into a full pledged military organisation. He established the ceremony of initiation. He made it a rule that all Sikhs should abstain from smoking, should wear turbans and should keep the following five things with them—(a) The long hair, (b) a comb, (c) a sword, (d) an iron bracelet, (e) a knickerbocker.* He exhorted his followers to worship one God, to revere Gurú Nanak and his successors and to respect the *Adigranth.* He enforced on them the desirability of keeping their hair unshorn and to name themselves Singhs after the fashion of the Rajputs, to wear arms and to be ready to fight when required. He established a Military Theocracy which later on

* Five केश, कंघा, कृपाण, कड़ा, कच्छ । कच्छ is more like "shorts" than a knickerbocker.

became a strong engine for fighting against Moghul tyranny and succeeded in chalking out a short-lived empire in the Punjab and a little beyond the frontiers of the Punjab. It was the constructive genius of Gurú Govind Singh that gave to the Sikh Church a complete military transformation and organised a disbanded set of disciples or Sikhs into one theocratic army of adventurers, fighters and marauders. He established two or three forts of his own at strategic points and brought under control a few of the neighbouring hill chiefs and made them his own allies to fight against the declining power of the Moghuls. His influence as a great religious leader brought him innumerable followers and his secure military points served as a base for his military designs against the then Imperial Government of Delhi. Guru Govind Singh was a born warrior and a statesman and combined with these his deep scholarship and knowledge of Hinduism gave him enormous power over his devoted followers. He was in fact the creator of the 'Khalsa' and you find the present day Sikhs to be what Govind Singh had made them. He introduced the new form of salutation "Khalsa is the Lord's, Victory to Him." Sikh or Singhs as they came to be called now became a political menace and there came to be adopted (as Governments would do under the circumstances) a policy of repression and suppression and of extermination. The cost paid by Guru Govind Singh was enormous. Four of his sons had to be sacrified and became martyrs and thousands of his long-haired followers were selected for torture and were put to death. But as was natural, the blood of the martyrs served as a cement for the Sikh Church ; the Singhs became more

and more united. The greater the persecution, the larger they grew in numbers and the greater was their zeal and fervour. A weak vanquished people were filled with a longing to liberate themselves from the tyranny of an alien rule and were actuated to become freed people. (The word Khalsa means the liberated one). Foundations were therefore laid for the birth of a virile and a living community, distinguishable from amongst their fellow brethren the Hindus. The people who rallied round the banner of Gurú Govind Singh must have been hardy, daring and religious-minded and these qualities have been inherited by the present day Sikhs." (Hindustan Review, April 1919 The Sikhs by Sirdar Pritam Singh M. A.)

In the note on Tegbahádur it has been remarked that in the course of his journey to the eastern provinces he left his mother and his pregnant wife in Patna. Here, Govind Rai was born on the 7th day of the bright half of Poh 1723 V. E. The family remained in Patna for some time when they went back to Anandpur, only shortly before Tegbahádur's fateful journey to Delhi. On the death of Tegbahádur, Govind Rai became the tenth guru at the age of nine years.

As a child Govind Rai was fond of martial exercises and shortly after his accession to the guruship began to make preparations for a life of military defence. He formed a regular army and had a big drum constructed. The hill Rajas aided by Muhammadan mercenaries made war on Govind Singh but were completely defeated. He then formed the *Khálsá*. The method adopted is very interesting and we give it in extract from Macauliffe's Sikh Religion Vol. V. p. 91.

"The Guru invited all his Sikhs to attend the great Baisakhi fair at Anandpur without shaving or cutting their hair. On finding them assembled he ordered a carpet to be spread on a raised mound which he indicated and that an adjacent spot should be screened off with *qanáts* or tent walls. When this was done, the Guru ordered a confidential Sikh to go at midnight, tie five goats in the enclosure, and let no one know what he had done. The goats were duly tied, and separate orders were given to the Guru's orderlies not to go within the tent walls.

"Next morning the Guru rose a watch before day, performed his devotions, and put on his arms and uniform. He then proclaimed that there should be a great open-air gathering. When all were seated he drew his sword, and asked if there was any one of his beloved Sikhs ready to lay down his life for him. No reply was given. All grew pale on hearing such a proposal. The Guru asked a second time, but with the same result. A third time he spoke in a louder voice, "If there be any true Sikh of mine, let him give me his head as an offering and proof of his faith." Daya Ram, a Sikh of Lahore, rose and said, "O true king, my head is at thy service." The Guru took his arm, led him within the enclosure, and gave him a seat. He then cut off a goat's head with one stroke of his sword, went forth and showed the dripping weapon to the multitude. The Guru again asked, 'Is there any other true Sikh who will bestow his head on me ?' The crowd now felt quite convinced that the Guru was in earnest, and that he had killed Daya Ram, so no one replied. At the third time of asking, Dharam Das of Delhi answered, 'O great king, take

my head.' The Guru, assumed an angry mein, took Dharm Das within the enclosure, seated him near Daya Ram, and killed another goat. The Guru then looking very fierce came forth and said, 'Is there any other Sikh who will offer me his head ? I am in great need of Sikh's heads.' On this, some remarked that the Guru had lost his reason, others went to Guru's mother to complain, and said that he had undergone a complete change, and was no longer responsible for his actions. They instanced his sacrificing two Sikhs with apparently no object. His mother was advised to depose him and confer the Guruship on his eldest son. She sent a messenger for him, but he was too intent on his own purpose at the time to receive messengers of any description. He called out for a third Sikh ready to offer him his life, whereupon Muhakam Chand of Dwarka offered himself as a sacrifice. Upon this the Guru handed him into the enclosure and killed a third goat. He then came forth showing his dripping sword as before. When the Guru called for a fourth Sikh for sacrifice, the Sikhs began to think that he was going to kill them all. Some ran away and many hung down their heads. Sahib Chand a resident of Bidar clasped his hands in an attitude of supplication, and said he placed his head at Guru's disposal. The Guru took him behind the tent walls and killed a fourth goat. When he came back as before, asked for a fifth Sikh who was willing to lay down his life for him. On this there was a general flight of the remaining Sikhs, and only those who were very staunch in their faith ventured to stay. Himmat of Jagannath answered the Guru's last call, and said he might take his life also. The Guru then took him

inside the enclosure and killed the remaining goat.

"The Gurú was now ready to sacrifice his own life for the five Sikhs who showed such devotion to him. He clad them in splendid raiment, so that they shone like the sun, and thus addressed them: 'My brethren, you are in my form and I am in yours. He who thinketh there is any difference between us erreth exceedingly. Then seating the five Sikhs near him, he proclaimed to the whole assembly:—'In the time of Gurú Nanak, there was found one devout Sikh, namely Gurú Angad. In my time there are found five Sikhs totally devoted to the Gurú. These shall lay anew the foundation of Sikhism, and the true religion shall become current and famous through the world.' The people became astonished at the Gurú's expedient, and fell at the feet of five devoted Sikhs saying 'Hail to the Sikh religion! You, brethren, have established it on a permanent basis. Had we offered our heads like you we too should be blest.'

"The Gurú again asked his Sikhs: 'Since the time of Baba Nanak *charanpahul* hath been customary. Men drank the water in which the Gurús had washed their feet, a custom which led to great humility: but the Khalsa can now only be maintained as a nation by bravery and skill in arms. Therefore I now institute the custom of baptism by water stirred with a dagger, and change my followers from Sikhs to Singhs or lions. They who accept the nectar of pahul shall be changed before your very eyes from jackals into lions, and shall obtain empire in this world and bliss hereafter.'

"The increasing power of Gobind Singh filled the neighbouring hill Rajas with fear and even roused the suspicion of the Delhi Government. An army was therefore sent under Saiyad Khan to subdue Govind Singh. Saiyad Khan played false and joined the Gurú. Another army was then sent under Wazir Khan. Wazir laid seige to Anandpur. The seige was protracted and in the end Gobind Singh was compelled to leave the town. His mother and his two sons, the other two having fallen in battle, went to Sirhind where they took refuge in a Brahman's house. The treacherous Brahman robbed the mother of her wealth and betrayed them to the local Muhammadan Governor. The tragic story of the children's death is well known, how the two heroic youths were asked on the penalty of death to embrace the Muhammadan faith how they nobly refused to fall away from the faith of their father and how they were at last cruelly buried alive under a wall.

"Gobind Singh was pursued by the imperial troops. In the meantime Aurangzeb died and his son Bahadur Shah applied to Govind Singh for help. The assistance was readily given and earned the gratitude of Bahadur Shah. Govind Singh was appointed a *Panj Hazari* and marched with the Emperor on an expedition to the Deccan. On reaching Nander on the banks of the Godavari he was stabbed by one Gulkhan a grandson of Paindakhan, in revenge for the death of the latter at the hands of Guru Hargovind."

Guru Govind Singh was a great patron of learning and had fifty two scholars and poets in his court.

He had the *Mahábhárat*, the *Bhágwat* and the *Chandi* translated into Hindi. These works were collected in a book called the *Daswí Badshahí ká Granth.* A biographer of Guru Govind Singh is of opinion that most of his works were destroyed or lost.

The accompanying extracts are taken from the *Panjgranthi* and the Swaiyas are transliterated from the scholarly edition of Bhai Jodh Singh M.A., Professor of Divinity, Khalsa College.

गुरु गोबिन्दसिंह

विनती ।

चौपाई

हमरी करो हाथ दै रच्छा ।
पूरण होइ चित्त की इच्छा ॥
तव चरनन मन रहै हमारा ।
अपना जान करो प्रतिपारा ॥
हमरे दुष्ट सबै तुम घावहु ।
आप हाथ दै मोंहि बचावहु ॥
सुखी बसै मोरो परवारा ।
सेवक सिक्ख सबै करतारा ॥
मो रच्छा निज कर दे करिये ।
सब बैरन को आज सँघरिये ॥
पूरण होइ हमारी आसा ।
तोर भजन की रहै पियासा ॥
तुमहिं छांड़ि कोइ अवर न ध्याऔं ।
जो बर चाहौं सो तुम ते पाऔं ॥
सेवक सिक्ख हमारे तारिय ।
चुन चुन शत्रु हमारे मारिय ॥
आप हाथ दै मुझे उबारिय ।
मरणकाल का त्रास निबारिय ॥
हो जो सदा हमारे पच्छा ।
श्रीअसिधुजजू करियहु रच्छा ॥
राख लेहु मोहि राखनहारे ।
साहिब संतसहाय पियारे ॥

दीनबन्धु दुष्टन के हंता।
तुम हो पुरी चतरदसकन्ता॥
काल पाय ब्रह्मावपु धरा।
काल पाय शिवजी अवतरा॥
काल पाय कर बिष्णुप्रकाशा।
सकल काल का किया तमाशा॥
जवन काल जोगी शिव कियो।
बेद राज ब्रह्मा जु थियो॥
जवन काल सब लोग सँवारा।
नमस्कार है ताहि हमारा॥
जवन काल सब जगत बनायो।
देव दैत जच्छन उपजायो॥
आदि अन्त एकै अवतारा।
सोई गुरु समझिये हमारा॥
नमस्कार तिस ही को हमारी।
सकल प्रजा जिन आप सँवारी॥
सेवकन को शिव गुन सुख दियो।
शत्रुन को पल मों बध कियो॥
घट घट के अंतर की जानत।
भले बुरे की पीर पछानत॥
चींटी ते कुंचर अस्थूला।
सब पर कृपादृष्टि कर फूला॥
संतन दुख पाये ते दुखी।
सुख पाये साधन के सुखी॥
एक एक की पीर पछानै।
घट घट के पट पट की जानै॥
जब उदकरष करा करतारा।
प्रजा धरत तब देह अपारा॥

जब आकरष करत हो कबहूं ।
तुम में मिलत देहधर सबहूं ॥
जेते बदन सृष्टि सब धारै ।
आप आपनी बूझ उचारै ॥
तुम सबही ते रहत निरालम ।
जानत बेदभेद अर आलम ॥
निरंकार त्रिबिकार त्रिलंब ।
आद अनील अनादि असंभ ॥
ताका मूड़ उचारत भेदा ।
जाको भेव न पावत बेदा ॥
ताको करि पाहन अनमानत ।
महामूढ़ कछु भेद न जानत ॥
महादेव को कहत सदाशिव ।
निरंकार का चीन्हत नहि भिव ॥
आप आपनी बुधि है जेती ।
बरनत भिन्न भिन्न तुहि तेती ॥
तुमरा लखा न जाय पसारा ।
किह बिधि सजा प्रथम संसारा ॥
एकै रूप अनूप सरूपा ।
रंक भयो राव कहीं भूपा ॥
अंडज जेरज सेतज कीनी ।
उतभज खान बहुर रच दीनी ॥
कहूं फूल राजा ह्वै बैठा ।
कहूं सिमिट भयो संकर इकैठा ॥
सगरी सृष्टि दिखाय अचंभव ।
आदि जुगादि स्वरूप स्वयंभव ॥
अब रच्छा मेरी तुम करो ।
सिख्य उबार असिख्य संघरो ॥

दुष्ट जिते उठवत उतपाता ।
सकल मलेच्छ करो रणघाता ॥
जे असिधुज तव सरणी परे ।
तिनके दुष्ट दुखत ह्वै मरे ॥
पुरुष जवन पग परे तुहारे ।
तिन के तुम संकट सब टारे ॥
जो कलि को इकबार धियै है ।
ताके काल निकट नहि ऐहै ॥
रच्छा होइ ताहि सब काला ।
दुष्ट अरिष्ट टरे ततकाला ॥
कृपादृष्टि सन जाहि निहरिहो ।
ताके ताप तनिक महँ हरिहो ॥
रिद्ध सिद्ध अरिमों सब होई ।
दुष्ट छांह छ्वै सकै न कोई ॥
एकबार जिन तुम्है संभारा ।
काल फांस ते ताहि उबारा ॥
जिन नर नाम तिहारो कहा ।
दारिद दुष्ट दोष ते रहा ॥
खड़गकेतु मैं सरण तिहारी ।
आप हाथ दै लेहु उबारी ॥
सरब ठौर मों होहु सहाई ।
दुष्टदोष ते लेहु बचाई ॥
कृपा करी हम पर जगमाता ।
ग्रंथ करा पूरण शुभराता ॥
किलविष सकल देहको हरता ।
दुष्ट दोषियन को छै करता ॥
श्रीअसिधुज जब भये दयाला ।
पूरण करा ग्रंथ ततकाला ॥

मनबांछत फल पावे सोई ।
दुख न तिसै बियापत कोई ॥

अड़िल

सुनै गुंग जो याहि सु रसना पावई ।
सुनै मूढ़ चितलाय चतुरता आवई ॥
दुःख दरिद् भौ निकट न तिन नर के रहै ।
हो जो याकी एकबार चौपई को कहै ॥
सम्बत सतरह सहस भणीजै ।
अर्ध सहस फुन तीन कहीजै ॥
भादव सुदी अष्टमी रविवारा ।
तीर सतुद्रव* ग्रंथ सुधारा ॥

अफज् दोहरा

दास जान कर दास पर कीजै कृपा अपार ।
आप हाथ दै राख मोंहि मन क्रम बचन विचार ॥

चौपई

मै न गनेसहि प्रथम मनाऊं ।
किशन बिशन कबहूं नहिं ध्याऊं ।
कान सुने पहिचान न तिन सों ।
लिव लागी मोरी पग इन सों ॥
महाकाल रखवार हमारो ।
महालोह मैं किंकर थारो ॥
अपना जान करो रखवारा ।
बांह गहे की लाज बिचारा ॥
अपना जान मुझे प्रतिपरिये ।
चुन चुन शत्रु हमारे मरिये ॥
देग तेग जग मैं दोउ चलै ।
राख आप मौंहि अउर न दलै ॥

---

* Sutlej.

तुम मम सदा करहु प्रतिपारा ।
तुम साहिब मैं दास तिहारा ॥
जान आपना मुझे निवाजा ।
आप करो हमरे सब काजा ॥
तुम हो सब राजन के राजा ।
आपे आप गरीब नेवाजा ॥
दास जानकर कृपा करो मोहि ।
हार परा मैं आन द्वार तोहि ॥
अपना जान करो प्रतिपारा ।
तुम साहिब मैं किंकर थारा ॥
दास जान दै हाथ उबारो ।
हमरे सब बैरियन संहारो ॥
प्रथम धरो भगवत को ध्याना ।
बहुर करों कविता बिधि नाना ॥
कृशन यथा मति चरित उचारो ।
चूक होय कबि लेहु सुधारो ॥

कबिबाच दोहरा

जो निज प्रभु मोसो कहा सो कहि हों जग मांहि ।
जो तिह प्रभु को ध्याइहैं अन्त स्वरग को जांहि ॥
हरि हरिजन दुइ एक है बिब विचार कछु नाहिं ।
जलते उपज तरंग ज्यों जलही मांहि समाहिं ॥
जब आयस प्रभु को भयो जनम धरा जग आय ।
अब मैं कथा सँछेप ते सबहू कहत सुनाय ॥

कबिबाच दोहरा

ठाढ़ भयों मैं जोर कर बचन कहा सिर नाइ ।
पंथ चलै तब जगत में जब तुम करहु सहाइ ॥
अकाल पुरुष की देह मों कोटिक बिष्णु महेश ।
कोट इन्द्र ब्रह्मा किते रवि ससि कोट जलेस ॥

जे जे तुमरे ध्यान को नित उठि ध्यैहैं सन्त ।
अन्त लहैंगे मुकुतफल पावहिंगे भगवन्त ॥

सोरठा

रुद्रभगत जग मांहि सुख के दिवस सदा भरे ।
मरें फिर आवहिं जांहि फल कुछ लहत न मुक्ति को ।

सवैया

धन्य जीयो तेहि को जग में मुखते हरि चित्त में जुद्ध बिचारै ।
देह अनित्त न नित्त रहै जस नाव चढ़ै भव सागर तारै ।
धीरज धाम बनाइ इहै तन बुद्धि सुदीपक ज्यों उजियारै ।
ज्ञानह की बढ़नी मनो हाथ लै कातरता कतवार बुहारै ॥

दोहा

दसम कथा भागवत की भाषा करी बनाय ।
अवर बासना नांहि कछु धर्मजुद्ध के चाय ॥

चौपई

जो यह कथा सुनै अर गावै ।
दुख पाप तेहि निकट न आवै ॥
बिशनभगत कीए फल होई ।
आधि व्याधि छ्वै सकै न कोई ॥
संवत सतरह सहस पचावन ।
हाड़ बदी पिरथम सुखदावन ॥
तव प्रसादि कर ग्रंथ सुधारा ।
भूल परी लहु लेहु सुधारा ॥

दोहा

नेत्रतुंग के चरण तर सतुद्रव तीर तरंग ।
स्रीभगवत पूरन कियो रघुबरकथा प्रसंग ॥
साध असाध जान्यो नहीं बाद सुवाद बिवाद ।
ग्रंथ सगल पूरन कियो भगवतकृपाप्रसाद ॥

सवैया

पाय गहे जबते तुमरे तबते कोउ आंखि तरे नहिं आन्यो ।
राम रहीम पुरान कुरान अनेक कहे हम एक न मान्यो ।
सिम्रित सास्तर बेद सबै बहु भेद कहे हम एक न जान्यो ।
श्रीअसिपानि कृपा तुमरी कर मैं न कह्यो सब तोहि बखान्यो ॥

दोहा

सगल द्वार को छांड़के गह्यो तुम्हारो द्वार ।
बांह गहे की लाज अस गोबिन्ददास तुहार ॥

श्री वाहिगुरजी की फतेह

श्रीमुखवाक्य बादशाही १०

सवैया

[१]

जागत जोति जपै निस बासर एक बिना मन नेक न आनै ।
पूरन प्रेम प्रतीति सजै व्रत गोर[1] मढ़ी मठ भूल न मानै ।
तीरथ दान दया तप संयम एक बिना नहि एक पछानै ।
पूरन जोति जगै घट में तब खालस ताहि निखालस[2] जानै ॥

[२]

संत सदैव सरूप सतव्रत आदि अनादि अगाधि अजैहै ।
दान दया दम संयम नेम जतव्रत सील सुबर्त अखै[3] है ।
आदि अनील,[4] अनादि अनाहद आप बिअंत[5] अद्वेष अभै है ।
रूप, अरूप, अरेख जरार्दन[6] दीनदयालु कृपालु भयै है ॥

[३]

आदि अद्वेष अभेष महाप्रभु संतसरूप सुजोत प्रकासी ।

---

1 Grave. 2 Vulgar for خالص. 3 अक्षय. 4 Hindus paint their God blue in the colour of the sky (the Infinite). 5 अनंत. 6 जरार्दन or जरा + आर्त + न.

पूर रहै सबही घट के पटतंत समाधि सुभाव प्रनासी।
आदि युगादि जगादि तुही प्रभु फैल रह्यो सब अंतरबासी।
दीनदयालु कृपालु कृपा कर आदि अयोनि अजै अबिनासी॥

[४]

आदि अभेद अछेद सदा प्रभु वेद कतेबन[1] भेद न पाये।
दीन दयालु कृपालु कृपानिधि सत्त सदैव सबै घट छाये।
सेस सुरेस गनेस, महेसर, गाह फिरै श्रुति थाह न पाये।
रेम न मन्द अगूढ़ इसो प्रभु तैं केहि (मूढ़) कह्यो बिसराये॥

[५]

अच्युत आदि अनील अनाहद, संत सरूप सदैव बखाने।
आदि अयोनि, अजायि जराबिनु, पर्मपुनीत परंपर भाने।
सिद्ध स्वभू परसिद्ध सबै जग एक ही ठौर अनेक बखाने।
रे मन रंक कलंक बिना हरि तैं केहि कारण ते न पछाने॥

[६]

अच्छर[2] आदि अनील अनाहद, सन्त सदैव तुही करतारा।
जीव जिते जल मे थल मे सब के सद पेट को पोखनहारा।
वेद पुरान कुरान दुहू मिलि भांति अनेक विचार विचारा।
और जहान निदान कछू नहिं ए सुबहान[3] तुही सरदारा॥

[७]

आदि, अगाध, अछेद, अभेद, अलेख, अजेय, अनाहद जाना।
भूत भविष्य भवान तुही सबहूँ सब ठौरन में अनुमाना।
देव अदेव, महीधर, नारद, सारद संत सदैव पछाना।
दीनदयालु कृपानिधि के कछु भेद पुरान कुरान न जाना॥

[८]

संत सदैव, सरूप सदा इत वेद कतेब तुही उपजायो।
देव अदेवन देव महीधर भूत भवान, वही ठहरायो।

---

1 *Kiteb*, the Quran, the Old Testament, the New Testament and the Psalms. 2 अक्षर, Imperishable. 3 Arabic سبحان

आदि जुगादि अनील अनाहद, लोक अलोक बिलोकन पायो।
रे मन मूढ़ अगूढ़ इसो प्रभु तोहि कहो किह आन सुनायो॥

[९]

देव अदेव महीधर नागन[1] सिद्ध प्रसिद्ध बड़े तप कीने।
बेद पुरान कुरान सबै गुन गाय थके पर जाय न चीने।
भूमि अकास पतार दिसा बिदिसा जेहि सो सबके चित चीने।
पूर रही महि मे महिमा मन तैं केहि आन मुझै कहि दीने॥

[१०]

वेद कतेब न भेद लह्यो, तेहि, सिद्ध समाधि सबै कर हारे।
सिम्रिति, सास्तर वेद सबै बहु भांति पुरान बिचार बिचारे।
आदि अनादि अगाध कथा ध्रुव से प्रहलाद अजामिल तारे।
नाम उचारि तरी गनिका सोइ नाम अधार बिचार हमारे॥

[११]

आदि अनादि अगाध सदा प्रभु सिद्धसरूप सबै पहिचान्यो।
गंध्रब जच्छ[2] महीधर, नागन, भूमि अकास चहूँ चक जान्यो।
लोक अलोक दिसा बिदिसा, अरु देव अदेव दुहूं प्रभु मान्यो।
चित्त अज्ञानि सुजान स्वयंभव कौन की कान निधान भुलान्यो॥

[१२]

काहू लै ठोक बँधे उर ठाकुर काहू महेस को पेस[3] बखान्यो।
काहू कह्यो हरिमंदिर में हरि काहू मसीत के बीच प्रमान्यो।
काहु ने राम कह्यो क्रिसना कहि काहुं भने अवतारन मान्यो।
फोकट धर्म बिसार सबै करतारहि को करता जिय जान्यो॥

[१३]

जो कहौ राम अयोनि अजै अति काहे को कौसल[4] कोष जयो जू।
काल हूँ कान्ह कहैं जेहि को केहि कारन काल[5] ते दीन भयो जू।

---

1 Inhabitants of Nága Loka. 2 यक्ष 3 The word seems to be ईस and in this sense it is translated by Bhai Jodh Singh. 4 Kaushalya-mother of Rama 5 कालयमन.

संत सरूप विवैर कहाय, सु क्यों पथ[1] को रथ हांक भयो[2] जू ।
ताही को मान प्रभू करके जेहि को कोउ भेद न ले न लयो जू ॥

[१४]

क्यों कहो कृष्ण कृपानिधि हैं केहि काज ते बद्धक[3] बान लगायो ।
और कुलीन[4] उधारत जो केहि ते अपने कुल नास करायो ।
आदि अयोनि कहाय कहो किमि देवकी के जठरंदर जायो ।
तात न मात कहैं जेहि के तेहि क्यों बसुदेवहिं बाप कहायो ॥

[१५]

काहे को ईस महेसहि भाषत काहे दिजेस को ईस बखान्यो ।
है न रघेस,[5] जदेस,[6] रमापति, तै जिनको विस्वनाथ पछान्यो ।
एक को छांड़ि अनेक भजै सुकदेव परासर ब्यास भुठान्यो ।
फोकट धर्म भजै सब ही हम एक ही को बिध नेक प्रमान्यो ॥

[१६]

कोऊ दिजेस को मानत है और कोउ महेस को ईस बतैहै ।
कोऊ कहै बिसनो बिसनायक[7] जाहि भजे अघओघ कटै है ।
बार हजार बिचार अरे जड़, अंत समै सब ही तज जैहै ।
ताही को ध्यान प्रमान हिये जोउ था अब है अर आगेहू ह्वै है ॥

[१७]

कोटिक इन्द्र करे जेहि के कई कोटि उपिन्द्र बनाय खवायो[8] ।
दानव देव फुनीन्द धराधर पच्छ पसू नहिं जात गनायो ।
आज लगे तप साधत है शिवहू ब्रहमा कछु पार न पायो ।
बेद कतेब न भेद लख्यो जेहि सोउ गुरू गुरु मोहि बतायो ॥

[१८]

ध्यान लगाय ठग्यो सब लोगन सीस जटा नख हाथ बढ़ाये ।
लाय बिभूत फिरयो मुख ऊपर देव अदेव सबै डहकाये[9] ।

---

1 पार्थ-Arjuna. 2 Ran away. 3 बधिक who killed Krishna. 4 कुलन families. 5 रघुपति 6 यदुपति. 7 विश्वनायक. 8 खपायो. 9 Duped.

लोभ के लागे फिर्यो घरही घर जोग के न्यास¹ सबै बिसराये।
लाज गई कछु काज सर्यो नहि प्रेम विना प्रभु ध्यान न आये॥

[१६]

काहे को डिंभ करै मन मूरख डिंभ करे अपनी पत खैहै।
काहे को लोग ठगैं ठग लोगन लोक गयो परलोक गवैहैं।
दीनदयाल की ठौर जहां तिहिं ठौर विषै तोहि ठौर न पैहै।
चेतरे चेत अचेत महा जड़ भेष के कीन्हे अलेख न पैहै॥

[२०]

काहे को पूजत पाहन को कछु पाहन में परमेसुर नाहीं।
ताही को पूज प्रभू करके जेहि पूजतही अघऊघ मिटाहीं।
आधि बियाधि के बंधन जेतक नाम के लेत सबै छुटि जाहीं।
ताही को ध्यान प्रमान सदा, यहि फोकट धर्म करे फल नाहीं॥

[२१]

फोकट धर्म भयो फलहीन जू पूज सिला जुग कोटि गँवाई।
सिद्धि कहां सिल के परसे बलबृद्धि घटी नव निद्धि न पाई।
आजही आज समो जु बित्यो नहि काज सर्यो कछु लाज न आई।
श्रीभगवंत भज्यो न अरे जड़ ऐसेही ऐसे सु बैस गंवाई॥

[२२]

जो जुग तैं करहै तपसा कछु तोहि प्रसन्न न पाहन कैहै।
हाथ उठाइ भली विधि सों जड़ तोहे कधू बरदान न दैहै।
कौन भरोस भयो यहि को कहु भीर परी नहि आन बचैहै।
जान रे जान अजान हठी यहि फोकट धर्म सु भर्म गवैहै॥

[२३]

जाल बँधे सब ही मृतु के कोउ राम रसूल न बांचन पाये।
दानव देव फनिंद धराधर भूत भविष्य उपाय मिटाये।
अंत मरे पछताय प्रथी पर जे जग में अवतार कहाये।
रे मन लोल² इकेल ही काल के लागत काहि न पायन धाये॥

1 Resignation. 2 चंचल.

[२४]

काल ही पाय भये ब्रहमा गहि दंड कमंडल भूमि भ्रभान्यो ।
काल ही पाय सदा शिवजू सब देस बिदेस भया हम जान्यो ।
काल ही पाय भयो मिट ग्यो जग याही ते ताहि सकै पहिचान्यो ।
वेद कतेब के भेद सबै तब केवल काल कृपानिधि मान्यो ॥

[२५]

काल गयो इन कामन सों जड़ काल कृपाल हिये न चितारयो ।
लाज को छाड़ निलाज अरे तज काज अकाज के काज सँवारयो ।
बाजि बने गजराज बड़े खर को चढ़बो चित बीच बिचारयो ।
श्रीभगवंत भज्यो न अरे जड़ लाज ही लाज सों काज बिगारयो ॥

[२६]

वेद कतेब पढ़े बहुते दिन भेद कछू तिनको नहिं पायो ।
पूजत ठौर अनेक फिरयो पर एक कबै हिय में न बसायो ।
पाहन को असथालय[1] को सिर न्यात फिरयो कछु हाथ न आयो ।
रे मन मूढ़ अगूढ़ प्रभू तज आपन हूढ़[2] कहां उरझायो ॥

[२७]

जो जोगियान के जाय उठास्रम गोरख को तिन्ह जाय जपावैं ।
जाय सन्यासिन के तिंह को कहिं दत्तही[3] सत्त है मंत्र दृढ़ावैं ।
जो कोउ जाय तुरुकन में महिदीन के दीन तिसै गहि लावैं ।
आपहि बीच गनै करता करतार को भेद न कोउ बतावैं ॥

[२८]

जो जोगियान को जाप कहैं सब जोगिन को गुहि माल उठै दे ।
जो पर भाज सन्यासिन के कहैं दत्त[1] के नाम पै धाम लुटै दे ।
जोकर कोउ मसंदन से कहैं सर्व दरब्य ले मोंहि अबै दे ।
लेउ ही लेउ कहै सब को नर कोउ न ब्रह्म बताय हमैं दे ॥

[२९]

जो कर सेव मसंदन की कहिं आन प्रसाद सबै मोहि दीजै ।

1अस्थि + आलय a repository of bones-a grave. 2 Dependence. 3 Dattatreya-founder of a sect of Sannyasis.

जो कछु माल तवालय सो अबहीं उठ भेंट हमारी ही कीजै।
मेरेही ध्यान धरो निस बासर भूल के और को नाम न लीजै।
दीने के नाम सुने भज रातरि लीने बिना नहिं नेक प्रसीजै॥

[३०]

आंखिन भीतर तेल को डार सु लोगन नीर बहाय दिखावैं।
जो धनवान लखैं निज सेवक ताहि परोस प्रसाद जिमावैं।
जो धनहीन लखैं तेहि देत न माँगन जात मुखौ न दिखावैं।
लूटत हैं पशु लोगन को कबहूँ न प्रमेसुर के गुन गावैं॥

[३१]

आंखन मीच रहै बक की जिमि लोगन एक प्रपंच दिखायो।
न्यात फिरयो सिर बद्धक ज्यों अस ध्यान विलोक बिड़ाल लगायो।
लाग फिरयो धनआस जितै तिन लोक गयो परलोक गँवायो।
श्रीभगवंत भज्यो न अरे जड़, धाम के काम कहां उरझायो॥

[३२]

फोकट कर्म दृढ़ात कहां इन लोगन को कोइ काम न ऐहै।
भाजत का धन हेत अरे यम किंकर ते नहि भाजन पैहै।
पुत्र कलत्र न मित्र सबै उहँ शिष्य सखा कोउ साखि न दैहै।
चेत रे चेत अचेत महापशु, अंत की बार अकेलोही जैहै॥

[३३]

तो तन त्यागतही सुन रे जड़ प्रेत बखानि त्रिया भज जैहै।
पुत्र कलत्र सुमित्र सखा यहि बेग निकारहु आयसु दैहै।
भौन भँडार धरा गढ़ जेतक छाँड़त प्रान बिगान कहै है।
चेत रे चेत अचेत महापशु अंत की बार अकेलोही जैहै॥

10. SWÁMÍ DÁDÚ DAYÁL.

Swámí Dádú Dayál, founder of Dádú Panthí sect was born at Ahmedabad on Phagun Sudí 8, 1601 V. E. His father was Lodi Ram a Nágar Brahman and not a Mochí as is generally believed in this part of country. He remained here till the age of eighteen and spent the next six years of his life in visiting various parts of Central India. At the age of twenty-five he removed to Sámbhar and thence to Amber, then capital of Jeypur State. Dádú stayed here for fourteen years after which he went over to Naráná, now a station on the Rajputana Malwa Railway between Phulera and Ajmer and here on Jyestha Badi 8, 1660 V.E., he breathed his last.

Naráná is still considered the chief seat of Dádú Panth, and has a temple, inhabited by Sadhús of the order. I have not been able to collect further incidents of his life but they are said to be very interesting. Dádú was exceedingly kindhearted and secured for himself the surname of Dayál. Mahamahopádhyáya Pandit Sudhákar Dwivedí says that Dádú was a desciple of Kamál, son of Kabír Dás.*

Dádú is believed by the natives of Rajputana to be the greatest religious preacher of modern times.

---

* This may not be true yet Dádu had a very high regard for these saints. Vide Rai Sahib P. Chandika Prasad's Edition of स्वामी दादू दयाल की अनभै वाणी पृ० ३७७

अमृत नाम रसायन पीया। ता थैं अमर कबीरा कीया ॥
राम राम कहि राम समाना। जन रैदास मिले भगवाना ॥

He advocates Bhakti to Rama and the absolute necessity of a knowledge of Atma.

He wrote Sákhís as well as Padas in Hindi, Marwari, Gujrati, Marathi, Punjabi, and even Persian. The greater part of his writings, however, is in Brijbháshá slightly tinged with Rajputani idiom and pronunciation. The following extracts are taken from the excellent edition of Swámí Dádú Dayál kí Baní, by Rai Sahib Pandit Chandrika Prasad Tripathi, with the kind permission of the editor.

बैद बिथा कहै देषि करि, रोगी रहै रिसाइ ।
मन माहैं लीये रहै, दादू ब्याधि न जाइ ॥
दादू बैद बिचारा क्या करै रोगी रहै न सांच ।
षाटा मीठा चरपरा, मांगै मेरा बाच ॥

गुरु उपदेस

दुर्लभ दरसन साध का दुर्लभ गुरउपदेस ।
दुर्लभ करिबा कठिन है, दुर्लभ परस अलेष ॥
दादू अविचल मंत्र, अमर मंत्र, अषै मंत्र,
अभै मंत्र, राममंत्र निजसार ।
सजीवन मंत्र, सबीरज मंत्र, सुन्दर मंत्र,
सिरोमणि मंत्र, निर्मल मंत्र निराकार ॥
अलष मंत्र, अकल मंत्र, अगाध मंत्र,
अपार मंत्र, अनन्त मंत्रराया ।
नूर मंत्र तेज मंत्र, जोति मंत्र
प्रकास मंत्र परममंत्र पाया ॥
उपदेस दष्या (दादू गुरराया) ॥
दादू सबही गुर किये, पसु पंषी बनराइ ।
तीन लोग गुण पंच सौं, सबही मांहि षुदाइ ॥
जे पहिली सतिगुर कह्या, सो नैनडुं देष्या आइ ।
अरस परस मिलि एक रस दादू रहे समाइ ॥

सुमिरण को अंग

नाम चिन्तावणी

रामनाम गुरसबद सौं रे मन पेलि भरम ।
निहकरमी सौं मन मिल्या, दादू काटि करम ॥
एक राम के नांव बिन जीव की जलनि न जाइ ।
दादू केते पचि मुये, करि करि बहुत उपाइ ॥
दादू एक राम की टेक गहि, दूजा सहज सुभाइ ।
रामनाम छाड़ै नहीं, दूजा आवै जाइ ॥

नाम अगाधता

दादू राम अगाध है, परिमित नाहीं पार ।
अवरण वरण न जांणिये, दादू नांइअधार ॥
दादू राम अगाध है अविगत लखै न कोइ ।
निर्गुण सगुण का कहै नांइ विलम्ब न होइ ॥
दादू राम अगाध है, बेहद लष्या न जाइ ।
आदि अन्त नहिं जाणिये नांव निरंतर गाइ ॥

सुमिरणनाममहिमा माहात्म

दादू रामनाम निज मोहनी, जिनि मोहे करतार ।
सुरनर संकर मुनिजना ब्रह्मा सिष्टि विचार ॥
दादू रामनाम निज औषदी, काटै कोटि विकार ।
विषमव्याधि थैं ऊबरै, काया कंचन सार ॥
दादू निर्विकार निज नांव लै, जीवन इहै उपाइ ।
दादू कृतम काल है, ताकै निकटि न जाइ ॥

सुमिरण नाम चितावणी

जेता पाप सब जग करै तेता नांव बिसारैं होइ ।
दादू राम संभालिये तौ एता डारै धोइ ॥
दादू जबहीं राम बिसारिये तबहीं मोटी मार ।
षंड षंड करि नाषिये, बीज पड़ै तिहिं वार ॥
दादू जबहीं राम बिसारिये, तबहीं झंपै[1] काल ।
सिर ऊपरि करवत[2] वहै आइ पड़ै जमजाल ॥
दादू जबहीं राम बिसारिये, तबहीं कंध[3] बिनास ।
पग पग परलै पिंड परै प्राणी जाय निरास ॥
दादू जबहीं राम बिसारिये तबहीं हांना[4] होइ ।
प्राण पिंड सर्वस गया, सुषी न देष्या कोइ ॥

१. झपटै. २ आरा. ३. शरीर. ४. हानि.

बिरह का अंग

करनी बिना कथनी

दादू अष्यर[1] प्रेम का कोई पढ़ैगा एक ।
दादू पुस्तक प्रेम बिन, केते पढ़ैं अनेक ॥
दादू पाती प्रेम की, बिरला बांचै कोइ ।
बेद पुरान पुस्तक पढ़ै प्रेम बिना क्या होइ ॥

परचा को अंग

परचै जज्ञासउपदेस

ज्ञान लहर जहां थैं उठै बाणी का परकास ।
अनभै जहां थैं ऊपजै सबदैं किया निवास ॥
सो घर सदा बिचार का, तहां निरंजनवास ।
तहं तू दादू षोजि ले ब्रह्म जीव के पास ॥
जहं तन मन का मूल है, उपजै ओंकार ।
अनहद सेझा[2] सबद का, आतम करै बिचार ॥
भावभगति लै ऊपजै, सो ठाहर निज सार ।
तहं दादू निधि पाइये निरंतर निर्धार ॥
एक ठौर सूझै सदा, निकटि निरंतर ठांउ ।
तहां निरंजन पूरि ले अजरावर तिहिं नांउ ॥
साधू जन क्रिला[3] करैं, सदा सुखी तिहि गांवँ ।
चलु दादू उस ठौर की मैं बलिहारी जांवँ ॥
दादू पसु[4] पिरंनि[5] के, पेही[6] मंझि कलूब[7] ।
बैठो आहे बिचमें, पाण[8] जौ महबूब ॥
नैनहुवाला निरषि करि, दादू घालै हाथ ।
तबहीं पावै रामधन, निकटि निरंजन नाथ ॥
नैनहु बिन सूझै नहीं भूला कतहूं जाइ ।
दादू धन पावै नहीं, आया मूल गँवाइ ॥

---

१. अचर. २. झरना. ३. क्रीड़ा. ४. देख. ५ परमेश्वर.
६. पीव. ७. قلب heart. ८. आप.

उभै असमाव

दादू मिहीं महल बारीक है गांउँ न ठांउं न नांउं।
तासो मन लागा रहै, मैं बलिहारी जांउं॥
दादू पेल्या चाहै प्रेमरस, आलम अंगि लगाइ।
दूजे को ठाहर नहीं पुहपु न गंध समाइ॥
नांही ह्वै करि नाउ ले कुछ न कहाई रे।
साहिबजी की सेज पर, दादू जाई रे॥
जहां राम तहं मैं नहीं, मैं तहं नाहीं राम।
दादू महल बारीक है, द्वै को नाहीं ठाम॥
मैं नांही तहं मैं गया, एकै दूसर नांहि।
नांही कौं ठाहर घणी, दादू निज घर मांहि॥
मैं नांही तहं मैं गया आगे एक अलाव।
दादू ऐसी बंदगी दूजा नांहीं आव॥
दादू आपा जब लगे, तब लग दूजा होइ।
जब यहु आपा मिटि गया, तब दूजा नांहीं कोइ॥
दादू मैं नांही तब एक है, मैं आई तब दोइ।
मैं तैं पड़दा मिटि गया तब ज्यूं था त्यूंही होइ॥
दादू है को भै घणा, नांहीं को कछु नांहि।
दादू नांहीं होइ रह अपणे साहिब मांहि॥

करता कामधेन

कामधेन दुहि पीजिये, अकल अनूपम एक।
दादू पीवै प्रेमसौं निर्मल धार अनेक॥
कामधेन दुहि पीजिये, ताकूं लखै न कोइ।
दादू पीवै प्यास सौं, महारस मीठा सोइ॥
कामधेन दुहि पीजिये अलख रूप आनन्द।
दादू पीवै हेत सौं सुषमन लागा बन्द॥
कामधेन दुहि पीजिये, अगम अगोचर जाइ।
दादू पीवै प्रीति सूं तेज पुंज की गाइ॥

कामधेन करतार है अमृत सरवै सोइ ।
दादू बछुरा दूध कौं पीवै तो सुप होइ ॥
ऐसी एकै गाइ है, दूझै बारह मास ।
सो सदा हमारे संग है दादू आतम पास ।

परचै जिज्ञास उपदेस ।

दादू मुझहीं मांहै मैं रहूं, मैं मेरा घरबार ।
मुझही मांहै मैं बसूं, आप कहै करतार ॥
दादू मैं ही मेरा अरस[१] मैं, मैं ही मेरा थान ।
मैं हीं मेरो ठौर मैं आप कहै रहिमान ॥
दादू मैं ही मेरे आसरे, मैं मेरे आधार ।
मेरे तकिये मैं रहूं कहै सिरजनहार ॥
दादू मैं ही मेरी जाति मैं, मैं ही मेरा अंग ।
मैं हीं मेरा जीव मैं, आप कहै परसंग ॥
दादू सबै दिसा सो सारिषा, सबै दिसा मुषबैन ।
सबै दिसा श्रवणहु सुणै, सबै दिसा कर नैन ॥
सबै दिसा पग सीस हैं, सबै दिसा मन चैन ।
सबै दिसा सनमुख रहै, सबै दिसा अंग ऐन ॥
बिन श्रवणहु सब कुछ सुनै, बिन नैनहु सब देषै ।
बिन रसना मुष सब कछु बोलै यहु दादू अचरज पेषै ॥
सब अंग सबही ठौर सब, सबंगी सब सार ।
कहै गहै देषै सुनै दादू सब दीदार ॥
कहै सब ढौर गहै सब ठौर,
रहै सब ठौर जोति प्रवानै ।
नैन सब ठौर, बैन सब ठौर,
ऐन सब ठौर सोई भल जानै ॥
सीस सब ठौर श्रवण सब ठौर,
चरण सब ठौर कोई यह मानै ।

---

१. عرش highest heaven.

अंग सब ठौर संग सब ठौर,
सबै सब ठौर, दादू ध्यानै ॥
तेज ही कहणा, तेज ही गहणा,
तेज ही रहणा सारे।
तेज ही बैना तेज ही नैना,
तेज ही ऐन हमारे ॥
तेज ही मेला तेज ही खेला
तेज अकेला तेज ही तेज संवारे;
तेज ही लेवै, तेज ही देवै,
तेज ही पेवै, तेज ही दादू तारे ॥
नूरहि का धर नूरहि का घर,
नूरहि का वरु मेरा।
नूरहि मेला, नूरहि खेला,
नूर अकेला, नूरहि मंझि बसेरा ॥
नूरहि का अंग नूरहि का संग,
नूरहि का रंग मेरा।
नूरहि राता नूरहि माता,
नूरहि पाता दादू तेरा ॥

मन को अंग

दादू यह मन बरजी बावरे घट में राखी घेरि।
मनहस्ती माता बहै, अंकुस दे दे फेरि ॥
हस्ती छूटा मन फिरै, क्यूं ही बँध्या न जाइ।
बहुत महावत पचि गये दादू कछु न बसाइ ॥
जहां थैं मन उठि चलै, फेरि तहां हीं राखि।
तहं दादू लै लीन करि, साध कहैं गुर साखि ॥
थोरैं थोरैं हटकिये रहैगा ल्यौ लाइ।
जब लागा उनमन सौं तब मन कहीं न जाइ ॥

आडा दे दे राम कौं दादू राषै मन ।
सापी दे अस्थिर करै, सोई साधू जन ॥
सोइ सूर जे मन गहै, निमष न चलने देइ ।
जबहीं दादू पग भरै, तबहीं पाकड़ि लेइ ॥
जेती लहरि समंद की तेते मनह मनोरथ मारि ।
बैसे सब संतोष करि, गहि आत्म एक बिचारि ॥
दादू जे मुष मांहै बोलता, श्रवणहुं सुनता आइ ।
नैनहुं मांहै देषता, सो अंतरि उरझाइ ॥
दादू चुम्बक देषिके, लोहा लागै आइ ।
यौं मन गुण इन्द्री एक सौं दादू लीजै लाइ ॥
मन का आसण जे जिव जाणैं, तौ ठौर ठौर सब सूझै ।
पंचौ आणि एक घरि राषै, तब अगम निगम सब बूझै ॥
बैठे सदा एक रस पीवै, निरबैरी कत झूझै ।
आत्मराम मिलै जब दादू, तब अंगि न लागै दूजै ॥
जब लग यहु मन थिर नहीं, तब लग परस न होइ ।
दादू मनवां थिर भया, सहजि मिलैगा सोइ ॥
दादू बिन अवलंबन क्यूं रहै, मन चंचल चलि जाइ ।
अस्थिर मनवां तौ रहै, सुमिरण सेती लाइ ॥
मन अस्थिर करि लीजै नाम ।
दादू कहै तहां ही राम ॥
हरि सुमिरण सौं हेत करि तब मन निहचल होइ ।
दादू बेध्या प्रेमरस, बीष न चालै सोइ ॥
जब अंतरि उरझ्या एक सौं तब थाके सकल उपाइ ।
दादू निहचल थिर भया, तब चलि कहीं न जाइ ॥
दादू कउवा बोहिथ बैसि करि, मंझि समंदा जाइ ।
उड़ि उड़ि थाका देषि तब निहचल बैठा आइ ॥
यहु मन कागद की गुड़ी, उडि चढ़ी अकास ।
दादू भीगे प्रेमजल, तब आँइ रहै हम पास ॥

दादू पीला गारि[1]का, निहचल थिर न रहाइ।
दादू पग नहीं सांच के, भरमै दह दिस जाइ॥
तब सुख आनन्द आत्मा, जे मन थिर मेरा होइ।
दादू निहचल राम सौं जे करि जाणैं कोइ॥
मन निर्मल थिर होत है, रामनाम आनन्द।
दादू दरसन पाइये, पूरण परमानन्द॥

माया को अंग

माया।

सुपनै सब कुछ देखिये जागै तौ कछु नांहि।
ऐसा यहु संसार है समझि देखि मनि मांहि॥
दादू ज्यों कछु सुंपिनै देखिये तैसा यहु संसार।
ऐसा आपा जानिये फूल्यो कहा गँवार॥
दादू जतन जतन करि राखिये दिढ़ गहिं आतममूल।
दूजा दृष्टि न देखिये सबहीं सैंबल फूल॥
दादू नैनहुं भरि नहिं देखिये सब माया का रूप।
तहँ ले नैना राखिये जहँ है तत्त अनूप॥
हस्ती हयबर धन देखि करि फूल्यो अंग न माय।
भेरि दमामा एक दिन सबही छांड़े जाय॥
दादू माया बिहड़ै देखतां काया संगि न जाय।
कृतम बिहड़ै बावरे अजरावर ल्यो लाय॥
दादू माया का बल देखि करि आया अति अंहँकार।
अंध भया सिरजै नहीं का करिहै सिरजनहार॥

१– मिट्टी।

सबद

मंगलाचरण

दादू नमो नमो निरंजनं नमस्कार गुरुदेवतः ।
बन्दनं सर्वसाधवा, प्रणामं पारंगतः ॥
परब्रह्म परापरं, सो मम देव निरंजनम् ।
निराकारं निर्मलम् तस्य दादू बन्दनम् ॥

नमो नमो हरि नमो नमो ।
ताहि गुसाईं नमो नमो, अकल निरंजन नमो नमो ।
सकल बियापी जिहि जग कीन्हां, नाराइण निज नमो नमो ॥
जिन सिरजे जल सीस चरण कर, अविगत जीव दियौ ।
श्रवण संवारि नैन रसनां मुष ऐसो चित्र कियौ ॥
आप उपाइ किये जग जीवन सुरनर संकर साजे ।
पीर पैकंबर[1] सिध अरु साधिक अपनै नांइ निवाजे ॥
धरती अम्बर चन्द सूर जिन, पाणी पवन किये ।
भांणन[2] घड़न[3] पलक में केते सकल सवारि लिये ॥
आप अपंडित पंडित नांहीं सब समि पूरि रहे ।
दादू दीन ताहि नइ बंदति अगम अगाध कहे ॥

परमेश्वर महिमा

तुम बिन ऐसैं कौन करै ।
गरीबनेवाज गुसाइं मेरो माथैं मुकट धरै ॥
नीच ऊंच ले करै गुसाइं, टारयो हूं न टरै ।
हस्तकवल की छाया राखै काहू थैं न डरै ॥
जाकी छोति जगत कौं लागै, तापरि तू ढींढरै ।
अमर आप लै करै गुसाईं, मारयो हूं न मरै ॥

---

१. [illegible] २. भंजन. ३. घटन.

नामदेव कबीर जुलाहो, जन रैदास तिरै।
दादू बेगि बार नहिं लागै हरि सों सबै सरै॥

उपदेस चितावणी

मन रे राम रटत क्यूं (न) रहिये।
यहु तत बार बार क्यूं न कहिये॥
जब लग जिभ्या बांणी।
तौ लौं जपिले सारंगपांणीं॥
जब पवना चलि जावै।
तब प्राणी पछितावै॥
जब लग श्रवण सुणीजै।
तौ लौं साधसबद सुनि लीजै॥
श्रवणौं सुरति जब जाई।
ए तब का सुणिहै भाई॥
जब लग नैनहु पेवै।
तौ लौं चरनकंवल क्यूं न देपै॥
जब नैनहु कछू न सूझै।
ये तब मूरिष क्या बूझै॥
जब लग तन मन नीका।
तौ लौं जपिले जीवनि जीका॥
जब दादू जीव आवै।
तबि हरि के मनि भावै॥

परचै विनती

रामजी जिन भरमावै हमकौं।
ताथैं करौं बीनती तुम्हकौं॥
चरण तुम्हारे सबही देखौं, तप तीरथ ब्रत दाना।
गंग जमुन पास पाइन के तहां देहु अस्नांना॥
संग तुम्हारे सबही लागे, जोग जगि जे कीजे।
साधन सकल पई सब मेरे, संग आपनौ दीजै॥

पूजा पाती देवी देवल, सब देखौं तुम मांही ।
मोंको ओट आपणी दीजै चरणकंवल की छांही ॥
ये अरदास दास की सुणिये दूरि करौ भ्रम मेरा ।
दादू तुम्ह बिन और न जानै राखौ चरनौं नेरा ॥

बिरह बिनती ।

अल्ला तेरा ज़िकर फ़िकर करते हैं ।
आशिक़ मुश्ताक़ तेरे तर्स तर्स मरते हैं ॥
पलक पेश दिगर नेस बैठे दिन भरते हैं ।
दायम दरबार तेरे गैर महल डरते हैं ॥
तन शहीद मन शहीद रात दिवस लड़ते हैं ।
ग्यांन तेरा ध्यान तेरा इश्क आग जलते हैं ॥
जान तेरा जिंद तेरा पावों सिर धरते हैं ।
दादू दीवान तेरा ज़र ख़रीद घर के हैं ॥

भयभीत भयानक

डरिये रे डरिये परमेसुर थैं डरिये रे ।
लेखा लेवै भरि भरि देवै ताथैं बुरा न करिये रे ॥
सांचा लीजी सांचा दीजी सांचा सौदा कीजी रे ।
सांचा राखी झूठा नांखी बिष ना पीजी रे ॥
निर्मल गहिये निर्मल रहिये निर्मल कहिये रे ।
निर्मल लीजी निर्मल दीजी अनत न बहिये रे ॥
साहिब ठाया बनिजन आया जिन डहकावै रे ।
झूठ न भावै फेरि पठावै कीया पावै रे ॥
पंथ दुहेला जाइ अकेला भार न लीजी रे ।
दादू मेला होय सुहेला सो कुछ कीजी रे ॥

हित उपदेस ।

मनसा मन सबद सुरति पांचौं थिर कीजै ।
एक अंग सदा संग सहजै रस पीजै ॥

सकल रहित मूल गहित आपा नहिं जानै ।
अंतरगति निर्मल रति येकै मनि मानै ॥
हिरदै सुधि विमल बुधि पूरण परकासै ।
रसनां निज नांऊ निरषि अंतर गति बासै ॥
आतम मति पूरण गति प्रेम भगति राता ।
मगन गलत अरस परस दादू रसिमाता ॥

बिनती ।

गोविन्द के चरणों ही ल्यो लाऊं ।
जैसे चात्रिग बन में बोलै पीव पीव करि ध्याऊं ॥
सुरिजन मेरी रहु बीनती मैं बलि तेरे जांऊं ।
बिपति हमारी तोहिं सुनाऊं दे दरसन क्युं ही पाऊं ॥
जात दुष सुष उपजत तिनकौं तुम सरनागति आऊं ।
दादू कौं दया करि दीजै नांउ तुम्हारो गांऊं ॥

आरती

निराकार तेरी आरती बलि जांऊ अनंत भवन के राइ ॥
सुरनर सब सेवा करैं ब्रह्म विश्न महेस ।
देव तुम्हारा भेव न जानै पार न पावै सेस ॥
चंद सूर आरती करै नमो निरजंन देव ।
धरनि पवन आकास अराधै सबै तुम्हारी सेव ॥
सकल भवन सेवा करैं मुनिबर सिध समाध ।
दीन लीन ह्वै रहैं संत जन अबिगत के आराध ॥
जै जै जीवन राम हमारी भगति करै ल्यो लाइ ।
निराकार की आरती कीजै दादू बलि बलि जाइ ॥

---

11. SUNDAR DÁS.

Sundar Das is one of the "fifty-two disciples who spread Dadu Dayal's doctrines throughout Rajputana and Ajmer, each of them leaving a large collection of religious verses. Thus, the poems and hymnology of Garib Das are said to amount to 32,000 lines; Jaisa is stated to have composed 1,24,000 lines; Paryag Das, 48,000 lines; Rajab Ji, 72,000; Bakhna Ji, 20,000; lines; Sankar Das, 4,400; Baba Banwari Das, 12,000 lines; Sundar Das, 1,20,000 lines; and Madho Das, 68,000 lines."

Sundar Das was born at Deosa on Chait Sudi 9,1653 V.E. His father Parmanand was a Khandalwal Mahajan of Busar Gotra and his mother Sati was a daughter of a Khandalwal of the Sokia Gotra. A curious story is told about his birth. When Dadu was living in Amber, one of his Chelas, Jagga went out abegging and after the fashion of arrogant fakirs cried,

दे माई सूत ले माई पूत ।

"Give me cotton and take a son." The girl Sati was then on the spinning wheel. She took some thread and offered it to Jagga saying लो बाबा जी सूत, to which Jagga promptly replied हो माई तेरे पूत and went back to his house. Dadu found out by clairvoyance the promise made by Jagga and said "My friend you have been cheated. You have promised a son to one who was fated to be sonless." Jagga was alarmed and said "Save me, my lord!" Dadu replied,

"Alright! Go and tell her parents that at the time of their girl's marriage they must tell the relatives of her husband's family that the first son of the union will become a recluse in his childhood". In course of time Sati was married and the son was born to her.

In 1659 V. E. when Sundar was seven years old Dadu again visited Deosa. Parmanand and his wife brought the boy to him. Dadu on seeing him placed his hands on the child's head saying "Sundar! Have you come." It is also piously believed that the child was very beautiful and was called Sundar by Dadu.

At the age of eleven, Sundar Das went over to Benares to study Sanskrit literature. Here he remained for about nineteen years and in 1682 V. E. went back to Rajputana where he stayed with Prag Das in Fatehpur (Shekhawati). In Fatehpur, the Mahajans built for him a pucca house and a well which are still in existence. He visited various parts of India including Gujerat, Punjab and Kathiawar.

Sundar Das died at Sanganair onKartik Sudi 8, 1746 V. E. His principle works are *Gyan Samudra*, *Sundar Bilas*, *Sawaiya*, *Sakhis* and *Padas*, and he wrote in Brijbhasha tinged with Rajputani. The foregoing notes as also the following extracts are taken from *Sundar Sar*, compiled by Purohit Hari-Narain, B. A., with the kind permission of the publishers, the Kashi Nagri Pracharni Sabha.

ज्ञानसमुद्रसार

जिज्ञासुलक्षण—सवैया छन्द

जे गुरुभक्त विरक्त जगत सौं है जिनकै संतनि कौ भाव।
वै जज्ञास उदास रहत हैं गनत न कोऊ रंक न राव।
बाद विवाद करत नहि कबहूँ वस्तु जानिबे कौ अति चाव।
सुन्दर जिनकी मति है ऐसी ते पैठहिंगे या दरियाव॥

छप्पय छंद

सुत कलत्र निज देह आपु कौं बन्धन जानत।
छूटौं कौन उपाय इहै उर अन्तर आनत॥
जन्म मरन की शंक रहै निसि दिन मन माहीं।
चतुराशी के दुःख नहीं कछु बरने जाहीं॥
इहि भांति रहै सोचत सदा संतनि को पूंछत फिरै।
को है ऐसो सद्गुरु कहीं जो मेरौ कारज करै॥

गुरुलक्षण—रोला छन्द

चित्त ब्रह्मलयलीन नित्य शीतलहि सुहिर्दय।
क्रोधरहित सब साधि साधुपद नाहिन निर्दय।
अहंकार नहिं लेश महान सबनि सुख दिज्जय।
शिष्य परष्य विचारि जगत महिं सो गुरु किज्जय॥

छप्पय छन्द

सदा प्रसन्न सुभाव प्रगट सर्वोपरि राजै।
तृप्त ज्ञान विज्ञान अचल कूटस्थ विराजै॥
सुखनिधान सर्वज्ञ मान अपमान न जानै।
सारासार विवेक सकल मिथ्या भ्रम मानै॥

पुनि भिद्यंते हृदि ग्रंथि कौं छिद्यंते सब संशयं ।
कहि सुन्दर सो सदगुरु सही चिदानन्दघन चिन्मयं ॥

पमंगम छन्द

शब्दब्रह्म परब्रह्म भली बिधि जानई ।
पंच तत्व गुन तीन मृषा करि मानई ॥
बुद्धिमंत सब संत कहैं गुरु सोइ रे ।
और ठौर शिष जाइ भ्रमै जिन कोइ रे ॥

लघुग्रन्थावली

नामाष्टक

मोहनी छन्द

आदि तूं अन्त तूं मध्य तूं व्योमवत् ।
वायु तूं तेज तूं नीर तूं भूमितत् ॥
पंचहू तत्व तूं देह तैं ही करे ।
हे हरे हे हरे हे हरे हे हरे ॥
च्यारि हू पानि के जीव तैं ही सृजे ।
जोनि ही जोनि के द्वार आये बृजे[1] ॥
ते सबैं दुःख मैं जे तुम्हैं बीसरे ।
ईश्वरे ईश्वरे ईश्वरे ईश्वरे ॥
जे कछू ऊपजे व्याधिहू आधवे ।
दूरि तूही करै सर्ब जे बाधवे ॥
बैद तूं औषदी सिद्ध तूं साधवे ।
माधवे माधवे माधवे माधवे ॥
ब्रह्म तूं विष्णु तूं रुद्र तूं बेष[2] जी ।
इंद्र तूं चंद्र तूं सूर तूं शेष जी ॥
धर्म तूं कर्म तूं काल तूं देशवे ।
केशवे केशवे केशवे केशवे ॥
देव मैं दैत्य मैं ऋष्य मैं यत्त मैं ।
योग मैं यज्ञ मैं ध्यान मैं लक्ष मैं ॥
तीन हूं लोक मैं एक तू ही भजे ।
हे अजे हे अजे हे अजे हे अजे ॥

---

१ गये २ रूप

राव मैं रंक मैं साह मैं चौर मैं ।
कीर मैं काग मैं हंस मैं मौर मैं ॥
सिंह मैं, स्याल मैं, मच्छ मैं, कच्छये ।
अच्छये अच्छये अच्छये अच्छये ॥
बुद्धि मैं चित्त मैं पिंड मैं प्राण मैं ।
श्रोत्र मैं बैन मैं नैन मैं घ्राण मैं ॥
हाथ मैं पाव मैं सीस मैं सोहने ।
मोहने मोहने मोहने मोहने ॥
जन्म तैं मृत्यु तैं पुन्य तैं पाप तैं ।
हर्ष तैं शोक तैं शीत तैं ताप तैं ॥
राग तैं दोष तैं द्वंद तैं है परे ।
सुंदरे सुंदरे सुंदरे सुंदरे ॥

सुन्दरविलास

सांख्यज्ञान को अंग

मनहर छंद

प्रश्न

कैसे कै जगत यह रच्यो है जगतगुरु,
मौखौं कहो प्रथमहिं कौन तत्व कीनौं है।
प्रकृति कि पुरुष कि महतत्व अहंकार,
किधौं उपजायें सत रज तम तीनौं है।
किधौं व्योम वायु तेज आप कै अवनि कीन,
किधौं पंच विषय पसारि करि लीनो है।
किधौं दस इन्द्री किधौं अंतःकरन कीन,
सुन्दर कहत किधौं सकल विहीनौं है॥

उत्तर

ब्रह्म ते पुरुष अरु प्रकृति प्रगट भई
प्रकृति ते महतत्व पुनि अहंकार है।
अहंकार हूं ते तीन गुन सत्व रज तम
तम हूं तें महाभूत विषयपसार है।
रज हूं ते इन्द्री दस पृथक पृथक भई
सत्वहूं तें मन आदि देवता विचार है।
ऐसे अनुक्रम करि शिष्य सौं कहत गुरु
सुंदर सकल यह मिथ्या भ्रमजार है॥

प्रश्न

मेरौ रूप भूमि है कि मेरौ रूप आप है कि,
मेरौ रूप तेज है कि मेरौ रूप पौन है।

मेरौ रूप व्योम है कि मेरौ रूप इंद्री है कि,
अन्तहकरण है कि बैठो है कि गौन है।
मेरौ रूप त्रिगुण कि अहंकार महत्तत्व,
प्रकृति पुरुष किधौं बोलै है कि मौन है।
मेरौ रूप स्थूल हैं कि शून्य आहि मेरौ रूप,
सुंदर पूछत गुरु मेरौ रूप कौन हैं ॥

उत्तर

तूं तो कछु भूमि नाहिं आप तेज वायु नांहिं,
व्योम पंच विषै नाहिं सो तो भ्रमकूप है।
तूं तौ कछु इन्द्री अरु अंतहकरण नाहिं,
तीनों गुणऊ तूं नाहिं सोऊ छांह धूप है।
तूं तौं अहंकार नाहिं पुनि महत्तत्व नाहिं,
प्रकृति पुरुष नाहिं तू तौ सु अनूप है।
सुन्दर बिचारि ऐसे शिष्य सों कहत गुरु,
नाहिं नाहिं करतें रह सु तेरौ रूप है ॥
देहई नरकरूप दुःख कौ न वारपार,
देहई जू स्वर्गरूप झूठौ सुख मान्यौ है ॥
देहई कौ बंध मोच्छ, देहई अमोच्छ मोच्छ,
देहई के क्रियाकर्म सुभासुभ ठान्यौ है।
देहई में और देह खुशी ह्वै बिलास करै,
ताही को समुझि बिन आतमा बखान्यौ है।
दोऊ देह में अलिप्त दोऊ कौं प्रकाश कहैं,
सुंदर चेतनरूप न्यारौ करि जान्यौ है ॥

प्रश्नोत्तर

देह यह कौन को है देह पंचभूतनि कौं,
पंचभूत कौन तें हैं तामसाहंकार ते।
अंहकार कौन तें हैं जासौं महत्तत्व कहैं,
महत्तत्व कौन हैं प्रकृति मंझार ते।

प्रकृति हू कौन तें हैं पुरुष है जाकौ नाम,
पुरुष सों कौन तें हैं ब्रह्म निरधार ते।
ब्रह्म अब जान्यौ हम जान्यो है तो निश्चै करि,
निश्चै हम कियौ है तौ चुप मुखद्वार तें॥
भूमि परै अप. अपहू के परै पावक है,
पावक कै परै पुनि वायु हू बहतु है।
वायु परै व्योम, व्योम हू के परै इंद्री दश,
इंद्रीन के परै अंतः करण रहतु है।
अंतःकरण परै तीनौं गुण अहंकार,
अहंकार परै महत्तत्व कौ लहतु है।
महत्तत्व परै मूल माया, माया परै ब्रह्म,
ताहीं ते परातपर सुन्दर कहतु हैं॥
देह जड देवल मैं आतमा चैतन्यदेव,
याही कौ समुझि करि यासौं मन लाइये।
देवल कौं बिनसत वार नहिं लागै कछु,
देव तौ सदा अभंग देवल मैं पाइये।
देवकी शकति करि देवल की पूजा होइ,
भोजन विविध भांति भोग हू लगाइये।
देवल तें न्यारौ देव देवल मैं देषियत,
सुंदर विराजमान और कहां जाइये॥
प्रीति सी न पाती कोऊ प्रेम से न फूल और,
चित्त सौं न चंदन सनेह सौ न सेहरा।
हृदै सौ न आसन सहज सौं न सिंघासन,
भाव सी न सौंज और शून्य सौं न गेहरा।
शील सौं सनान नांहि, ध्यान सौं न धूप और,
ज्ञान सौ न दीपक अज्ञानतम के हरा।
मन सी न माला कोऊ सोऽहं सौं न जाप और,
आतमा सो देव नाहिं देह सौं न देहरा।

क्षीर नीर मिलि दोऊ एक ठौर होइ रहे,
नीर छांड़ि हंस जैसे क्षीर कौं गहतु है ।
कंचन मैं और धातु मिलि करि बान परथौ,
शुद्ध करि कंचन सुनार ज्यौं लहतु है ।
पावक हू दार मध्य दार ही सौं ह्वै है रहयो,
मथि कर काढ़ै याही दार कौं दहतु है ।
तैसे ही सुंदर मिल्यो आतमा अनातमा जू,
भिन्न भिन्न करिये सु तौ सांख्या कहतु है ॥
अन्नमय कोश सु तौ पिंड है प्रगट यह,
प्रानमय कोश पांच वायुहू बषानिये ।
मनोमय कोश पंच कर्म इंद्रिय प्रसिद्ध,
पंच ज्ञान इंद्रिय विज्ञानकोश जानिये ।
जाग्रत रु स्वप्न विषै कहिये चत्वारकोश,
सुषुप्ति मांहि कोश आनंदमय मानिये ।
पंच कोश आतमा को जीव नाम कहियतु है,
सुंदर शंकरभाष्य साष्य यह आनिये ॥
जाग्रत अवस्था जैसें सदन मैं बैठियतु,
तहां कछु होइ ताहि भली भांति देषिये ।
स्वप्न अवस्था जैसें वोवरे मैं बैठे जाइ,
रहैं रहैं उहाऊं की बस्तु सब लेखिये ।
सुषुपति भौहरें मैं बैठे ते न सूझि परै,
महाअंध घोर तहां कछुव न पेषिये ।
व्योम अनसूत घर वोवरे भौंहरे माहिं,
सुंदर साक्षी स्वरूप तुरिया विशेषिये ॥

सवैया छंद

देह सराव तेल पुनि मारुत बाती अंतःकरण विचार ।
प्रगट जोति यह चेतन दीवै जातैं भयो सकल उजियार ।
व्यापक अग्नि मथन करि जोये दीपक बहुत भांति विस्तार ।

सुंदर अद्‌भुत रचना तेरी तूंही एक अनेक प्रकार ॥
तिल मैं तेल दूध मैं घृत है दार माहिं पावक पहिचानि ।
पुहपु माहि ज्यौं प्रगट वासना इचु माहिँ रस कहत वपानि ।
पोसत मांहि अफीम निरंतर वनस्पती मैं सहत प्रवानि ।
सुंदर भिन्न मिल्यो पुनि दीसत देह माहिं यौं आतम जानि ॥

विचार को अंग

मनहर छंद

देषै तौ विचार करि सुनै तौ विचार करि,
बोलै तौ विचार करि करै तौ विचार है ।
षाइ तौ विचार करि पीवै तौ विचार करि,
सोवै तौ विचार करि तौही तौ उवार है ।
बैठै तौ विचार करि ऊठै तौ विचार करि,
चलै तौ विचार करि सोइ सतसार है ।
देइ तौ विचार करि लेइ तौ विचार करि,
सुन्दर विचार करि याही निरधार है ॥

इंदव छंद

एकही कूप के नीर ते सींचत, इचु अफीमहि अंब अनारा ।
होत उहै जल स्वाद अनेकनि, मिष्ठ कटूक षटा अरु षारा ।
त्यौं ही उपाधिसंजोग ते आतम, दीसत आहि मिल्यौ सौ विकारा ।
काढ़ि लिये जु विचार विवस्वत, सुन्दर शुद्ध स्वरुप है न्यारा ॥
रुप परा कौ न जानि परै कछु, ऊठत है जिहिं मूल ते छानी ।
नाभि विषै मिलि सप्त स्वरन्हि, पुरूष सँयोग पश्यंति वषानी ।
नादसँयोग हृदै पुनि कंठ जु, मध्यमा याही विचार तें जानी ।
अक्षर भेद लिये मुखद्वार सु, बोलत सुन्दर बैषरि बानी ॥
कर्मशुभाशुभ की रजनी पुनि, अर्द्ध तमोमय अर्द्ध उजारी ।
भक्ति सु तौ यह है अरुणोदय, अंत निसादिन संधि विचारी ।
ज्ञानी सुभानसदोदित बासर, वेद पुरान कहैं जु पुकारी ।
सुन्दर तीन प्रभाव वषानत यौं निहचै समुझै विधि सारी ॥

ब्रह्म निःकलंक को अंग

मनहर छंद

जैसें जलजंतु जल ही में उतपन्न होहिं,
जलही में बिचरत जल के अधार हैं।
जलही में क्रीड़त बिविध बिवहार होत,
काम क्रोध लोभ मोह जल में संहार हैं।
जल कौ न लागै कछु जीवन के रोग दोष,
उनही के क्रिया कर्म उनही की लार हैं।
तैसेही सुन्दर यह ब्रह्म मैं जगत सब,
ब्रह्म को न लागै कछु जगतविकार हैं॥
स्वेदज जरायुज अंडज उदभिज पुनि,
चारि षानि तिनके चौराशी लक्ष जंत हैं।
जलचर थलचर व्योमचर भिन्न भिन्न,
देह पंच भूतन की उपजी षपंत हैं।
शीत घाम पवन गगन मैं चलत आइ,
गगन अलिप्त जामैं मेघहू अंनत हैं।
तैसेही सुन्दर यह सृष्टि एक ब्रह्म माहिं,
ब्रह्म निःकलंक सदा जानत महंत हैं॥

आत्मा अनुभव को अंग

इंदव छंद

है दिल में दिलदार सही अंखियां उलटी करि ताहि चितैये।
आब में षाक में बाद में आतश जान मैं सुन्दर जानि जनैये।
नूर में नूर है तेज में तेज है ज्योति में ज्योति मिलै मिलि जैये।
क्या कहिये कहते न बने कछु जो कहिये कहते ही लजैये॥
जासों कहूं सब में वह एक तौ सौं कह कैसौ है आंखि दिषैये।
जौ कहूं रूप न रेष तिसै कछु तौ सब झूठ के माने कहैये।
जौं कहूं सुन्दर नैनन मांझि तौ नैन हूं बैन गये पुनि हैये।
क्या कहिये कहते न बनै कछु जो कहिये कहते ही लजैये॥

होत विनोद जु तौ अभिअंतर सो सुख आप मैं आपुहि पैये ।
बाहिर कौं उमग्यौ पुनि आवत कंठ ते सुन्दर फेरि पठैये ।
स्वाद निवेर निवेरयो न जात मनो गुर गूंगे ही ज्यौं नित वैये ।
क्या कहिये कहतै न बनै कछु जो कहिये कहतै ही लजैये ॥
एक कि दोइ न एक न दोइ उहीं कि इहीं न उहीं न इहीं है ।
शून्य कि थूल न शून्य न थूल जहीं कि तहीं न जहीं न तहीं है ।
मूल कि डाल न मूल न डाल वहीं की महीं न वहीं न महीं हैं ।
जीव कि ब्रह्म न जीव न ब्रह्म तो है कि नहीं कछु है न नहीं है ॥
एक कहूँ तौ अनेक सौं दीसत एक अनेक नहीं कछु ऐसौ ।
आदि कहूं तिहि अंतहु आवत आदि न अंत न मध्य सु कैसौ ।
गोपि कहूं तौ अगोपि कहा यह गोपि अगोपि न ऊभौ न वैसौ ।
जोई कहूँ सोई है नहीं सुन्दर है तो सही परि जैसे को तैसौ ॥

मनहर छंद

छिति भ्रम, जल भ्रम, पावक पवन भ्रम,
व्योम भ्रम तिनकौ शरीर भ्रम मानिये ।
इंद्री दश तेऊ भ्रम, अंतहकरण भ्रम,
तिनहूं के दैवता सु भ्रम ते बषानिये ।
सत्व रज तम भ्रम, पुनि अहंकार भ्रम,
महत्तत्व प्रकृति पुरुष भ्रम भानिये ।
जोई कछु कहिये सु सुन्दर सकल भ्रम,
अनुभौ किये तै एक आतमा ही जानिये ॥

निरसंशय को अंग

मनहर छंद

भावै देह छूटि जाहु काशी माहिं गंगातट,
भावै देह छूटि जाहु क्षेत्र मगहर मैं ।
भावै देह छूटि जाहु बिप्र के सदन मध्य,
भावै देह छूटि जाहु स्वपच के घर मैं ।

भावै देह छूटौ देश आरज अनारज मैं,
भावै देह छूटि जाहु बन मैं नगर मैं ।
सुन्दर ज्ञानी के कछु संशै नहिं रह्यौ कोइ,
स्वर्ग नरक सब भाजि गयौ भरमैं ॥

अद्वैत ज्ञान को अंग

इंदव छंद

उत्तम मध्यम और शुभाशुभ भेद अभेद जहाँ लग जो है ।
दीसत भिन्न तयो अरु दर्पन वस्तु विचारत एकहि लोहै ।
जो सुनिये अरु दृष्टि परै पुनि वा बिनु और कहो अब को है ।
सुन्दर सुन्दर व्यापि रह्यो सब सुन्दर ही महिं सुन्दर सोहै ॥
ज्यों बन एक अनेक भये द्रुम नाम अनंतनि जातिहु न्यारी ।
वापि तड़ाग रु कूप नदी सब हैं जल एक सु देषौ निहारी ।
पावक एक प्रकाश बहू विधि दीप चिराग मसालहु बारी ।
सुन्दर ब्रह्म बिलास अपंडित पंडित भेद की बुद्धि सु टारी ॥

मनहर छंद

तोही मैं जगत यह तूंही है जगत माँहि,
तो मैं अरु जगत मैं भिन्नता कहां रही ।
भूमि ही ते भाजन अनेक भांति नाम रूप,
भाजन विचारि देषैं उहै एक है मही ।
जल मैं तरंग भई फेन बुद्बुदा अनेक,
सोऊ तौ विचारे एक वहै जल है सही ।
महापुरुष जेते हैं सब कौ सिद्धांत एक,
सुन्दर खल्विदं ब्रह्म अंत वेद है कही ॥
ब्रह्म मैं जगत यह ऐसी विधि देषियत,
जैसी विधि देषियत फूलरी महीर मैं ।
जैसी विधि गिलम दुलीचे मैं अनेक भांति,
जैसी विधि देषियत चूनंरी ऊ चीर मैं ।

जैसी बिधि कांगरे ऊ कोट पर देपियत,
जैसी बिधि देपियत बुदबुदा नीर मैं।
सुन्दर कहत लीक हाथ पर देपियत,
जैसी बिधि देपियत शीतला शरीर मैं ॥

ब्रह्म अरु माया जैसे शिव अरु शक्ति पुनि,
पुरुष प्रकृति दोऊ करि कै सुनाये हैं।
पति अरु पतनी ईश्वर अरु ईश्वरी ऊ,
नारायण लक्ष्मी ह्वै वचन कहाये है।
जैसे कोऊ अर्द्धनारी नाटेस्वर रूप धरै,
एक बीज ही ते दोइ दालि नाम पाये है।
तैसे ही सुन्दर वस्तु ज्यौं है त्यौं ही एक रस,
उभय प्रकार होइ आप ही दिपाये हैं ॥

इंदव छंद

आदिहु तौ सोइ अंत रहै पुनि मध्य कहा कछु और कहावै।
कारण कारय नाम धरे युग कारय कारण मांहि समावै।
कारय देखि भयौ बिचि विभ्रम कारण देखि विभ्रम्म बिलावै।
सुन्दर या निहचै अभिअंतर द्वैत गये फिरि द्वैत न आवै ॥

जगत्मिथ्या को अंग

मनहर छंद

मृतिका समाइ रही भाजन के रूप मांहि,
मृतिका कौ नाम मिटि भाजनई गह्यो है।
कनक समाइ त्यौं ही होइ रह्यो आभूषन,
कनक न कहै कोउ आभूषन कह्यो है।
बीजऊ समाइ करि वृक्ष होइ रह्यो पुनि,
वृक्षह्न को देखियत बीज नहिं लह्यो है।
सुन्दर कहत यह यौंही करि जानै सब,
ब्रह्मई जगत होइ ब्रह्म दूरि रह्यो है ॥

कहत है देह मांहि जीव आइ मिलि रह्यो,
कहां देह कहां जीव वृथा चौंकि परयो है।
बूड़बे के डर तें तिरन कौ उपाइ करैं,
ऐसे नांहि जानै यह मृगजल भरयो है।
जेवरे कौ सांप जैसे सीप विषै रूपौ जानि,
और कौ औरइ देखि यौंही भ्रम करयौ है।
सुंदर कहत यह एकई अखंड ब्रह्म,
ताहीकौ पलटि कैं जगत नाम धरयौ है॥

साषी

उपदेशचितावनी को अंग

सुंदर मनुषादेह की महिमा कहिये काहि,
जाकौं बंछै देवता, तू क्यौं षोवै ताहि ॥१॥
सुंदर पत्ती बिरछ पर, लियो बसेरा आनि।
राति रहे दिन उठि गये, त्यौं कुटंब सब जानि ॥२॥
सुंदर यौंही देषते, औसर बीत्यौ जाइ।
अंजुरी मांही नीर ज्यौं, किती बार ठहराइ ॥३॥

कालचेतावनी को अंग

काल ग्रसत है बावरे, चेतत क्यौं न अजान।
सुंदर काया कोट में, होय रह्यौ सुलतान ॥
जौ जौ मन मै कल्पना, सो सो कहिये काल।
सुंदर तू निःकल्प हो, छांड़ि कल्पनाजाल ॥

नारीपुरुषश्लेष को अंग

नारी पुरुष सनेह, अति, देखे जीवै सोइ।
सुंदर नारी बीछुरे, आपु मृतक तब होइ ॥

तृष्णा को अंग

पल पल छीजै देह यह, घटत घटत घट जाय।
सुंदर तृष्णा ना घटै, दिन दिन नौतन थाय ॥

मन को अंग

मन कौं राषत हटकि करि, सटकि चहूँ दिशि जाइ।
सुंदर लटकि हलालची, गटकि बिषैफल षाइ ॥

झटकि तार कौं तौरि दे, भटकत सांझ रु भोर।
पटकि सीस सुंदर कहै, फटकि जाइ ज्यौं चोर॥
सुंदर यह मन चपल अति, ज्यौं पीपर कौ पान।
बार बार चलिबो करै, हाथी को सौ कान॥

वचनविवेक को अंग

सुंदर तब ही बोलिये, समझि हिये मैं पैठि।
कहिये बात विवेक की, नहितर चुप ह्वै बैठि॥
सुंदर मौन गहे रहै, जानि सकै नहिं कोइ।
बिन बोलै गुरवा कहै, बोलै हरवा होइ॥

साधु को अंग

संत समागम कीजिये, तजिये और उपाइ।
सुंदर बहुते उद्धरे, सतसंगति मैं आइ॥
सुंदर या सतसंग मैं, भेदाभेद न कोइ।
जोई बैठे नाव मैं, सो पारंगत होइ॥

समर्थाई आश्चर्य को अंग

सुंदर समरथ राम कौ, करत न लागै वार।
पर्वत सौं राई करै, राई करै पहार॥
जड़ चेतन संयोग करि, अद्भुत कीयौ ठाट।
सुंदर समरथ रामजी, भिन्न भिन्न करि घाट॥

स्वरूपविस्मरण को अंग

सुंदर भूलो आप कौं, खोई अपनी ठौर।
देह मांहिं मिलि देह सौं, भयौ और का और॥
जा घट की उनहारि है, जैसौ दीसत आहि।
सुंदर भूलौ आपहो, सो अब कहिये काहि॥

सांख्यज्ञान को अंग

पंच तत्व कौ देह जड़, सब गुन मिलि चौबीस।
सुंदर चेतन आतमा, ताहि मिलैं पचीस॥

छब्बीसौं सु ब्रह्म हैं सुंदर साक्षीभूत ।
यौं परमातम आतमा, यथा बाप के पूत ॥
जाकी सत्ता पाय करि, सबगुन है चैतन्य ।
सुंदर सोई आतमा, तुम जनि जानहु अन्य ॥
सूक्षम देह सथूलकौ, मिल्यौ करमसंयोग ।
सुंदर न्यारौ आत्मा, सुख दुख इनको भोग ॥

विचारको अंग

जैसे जल महिं कमल है, जल ते न्यारो सोइ ।
सुंदर ब्रह्म विचार करि, सबते न्यारौ होइ ॥

अद्वैतज्ञानको अंग

सुंदर हू नंहि और कछु, तूं कछु और न होइ ।
जगत कहा कछु और है, एक अखंडित सोइ ॥
सुंदर हूँ नहि तू नहीं, जगत नहीं ब्रह्मंड ।
हूं पुनि तूं पुनि जगत पुनि, व्यापक ब्रह्म अखंड ॥
सुंदर मैं सुन्दर जगत, सुंदर है जग मांहि ।
जल सु तरंग तरंग जल, जल तरंग द्वै नांहि ॥
आतम अरु परमातमा, कहन सुनन कौ दोइ ।
सुंदर तब ही मुक्ति है, जबहिं एकता होइ ॥
जगत जगत सब को कहै, जगत कहो किहि ठौर ।
सुन्दर यह तो ब्रह्म है, नाम धरयौ फिरि और ॥

पद

पद १

सोइ सोइ सब रैनि बिहानी।
रतन जन्म की षबरि न जानी॥ टेक॥
पहिलै पहर मरम नहिं पावा, मातपिता सौं मोह बधावा।
खेलत खात हँस्या कहु रोया, बालापन ऐसैं ही षोया॥१॥
दूजै पहर भया मतवाला, परधन परत्रिय देखि षुसाला।
कामअंध कामिनि संग जाई, ऐसै ही जोवन गयौ सिराई॥२॥
तीजै पहर गया तरनापा, पुत्र कलत्र का भया सँतापा।
मेरै पीछै कैसा होई, घरि घरि फिरि हैं लरिका जोई॥३॥
चौथे पहर जरा तन व्यापी, हरि न भज्यौ इहि मूरख पापी।
कहि समुझावे सुंदरदासा, रामबिमुख मरि गया निरासा॥४॥

पद २

है कोई योगी साधै पौना।
मन थिर होई बिंद नहि डौलै,
जितेंद्री सुमिरै नहि कौना॥टेक॥
यम अरु नेम धरै दृढ़ आसन, प्राणायाम करै मन मौना।
प्रत्याहार धारणा ध्यानं, लै समाधि लावै ठिकठौना॥१॥
इडा पिंगला सम करि राखै, सुषमन करै गगन दिशि गौना।
अहनिशि ब्रह्मअगिन परजारै, सांपनि द्वार छांडि दै औना॥२॥
षट्‌दल षटदल दशदल षोजै, द्वादशदल तहां अनहद भौना।
षोड़शदल अमृत रस पीवै, ऊपरि द्वै दल करै चतौना॥३॥
चढ़ि आकाश अमरपद पावै, ताकौं काल कहे नहिं पौना।
सुन्दरदास कहै सुनि अवधू, महाकठिन यह पंथ अलौना॥४॥

पद ३

मुक्ति तो धोपेकी नीसानी ।
सो कतहूं नहि ठौर ठिकाना जहाँ मुक्ति ठहरानी ॥ टेक ॥
को कहै मुक्ति व्यौम के ऊपर को पाताल के मांहीं ।
को कहै मुक्ति रहे पृथ्वी पर ढूंढ़े तो कहुं नाहीं ॥१॥
बचन विचार न कीया किनहूँ सुनि सुनि सब उठि धाये ।
गौंदड़ा[1] ज्यौं मारग चाले आगे पोज विलाये ॥२॥
जीवत कष्ट करै बहुतेरे, मुये मुक्ति कहै जाई
धोपै ही धोपै सब भूलै आगे ऊबाबाई ॥३॥
निज स्वरूप कौं जानि अखंडित ज्यौं का त्यौं ही रहिये ।
सुंदर कछू ग्रहै नहिं त्यागै वहै मुक्तिपथ कहिये ॥४॥

पद ४

नटवट रच्यौ नटवै एक ।
बहु प्रकार बनाइ बाजी किये रूप अनेक ॥टेक॥
चार पानी जीव तिनकी और औरे जाति ।
एक एक समान नाहीं करी ऐसी भांति ॥१॥
देव भूत पिशाच राक्षस मनुप पशु अरु पंपि ।
अगिन जलचर कीट कृमिकुल गनै कौन अंसपि ॥ २ ॥
भिन्न भिन्न सुभाव कीये भिन्न भिन्न अहार ।
भिन्न भिन्न हि युक्ति रापी भिन्न भिन्न विहार ॥३॥
भिन्न बानी सकल जानी एक एक न मेल ।
कहत सुंदर मांहि बैठा करै ऐसा षेल ॥४॥

पद ५

ऐसी भक्ति सुनहु सुखदाई ।
तीन अवस्था में दिन बीतै,
सो सुख कह्यो न जाई ॥टेक॥
जाग्रत कथा कीरतन सुमिरन स्वप्नै ध्यान लै लावै ।

१—गुबरौला

सुषु पतिप्रेम मगन अंतर गति सकल प्रपंच भुलावै ॥१॥
सोई भक्ति भक्त पुनि सोई सो भगवंत अनूपं ।
सो गुरु जिन उपदेश बतायो सुंदर तुरिय स्वरूपं ॥

पद ६

हम देषि बसंत कियो विचार ।
यह माया खेलै अति अपार ॥टेक॥
यहु छिन छिन मांहि अनेक रंग ।
पुनि कहुं विछुरै कहुं करै संग ॥
यहु गुन धरि बैठी कपट भाइ ।
यहु आपुहि जन्मै आपु खाइ ॥१॥
यहु कहुं कामिन कहुं भई कंत ।
यहु कहुं मारै कहुं दयावंत ॥
यहु कहुं जागै कहुं रही सोइ ।
यहु कहुँ हंसे कहुं उठै रोइ ॥२॥
यहु कहुँ पाती कहुं भई देव ।
पुनि कहुं युक्ति करि करै सेव ॥
यहु कहुं मालिन कहुं भई फूल ।
यहु कहुं सूछम है कहुं सथूल ॥३॥
यहु तीन लोक मैं रही पूरि ।
भागी कहां कोई जाइ दूरि ॥
जो प्रगटै सुंदर ज्ञान अंग ।
तो माया मृगजल रजु भुजंग ॥४॥

---

12. MALÚKDÁS.

Malúkdás's famous distich is repeated by every Hindu girl who teaches a parrot to speak,

अजगर करै न चाकरी, पंछी करै न काम।
दास मलूका यौं कहैं, सब के दाता राम॥

and is the watchword of many a lazy man in this country. Malúkdás however was one of those men who did not consider the householder's life incompatible with that of a saint. He flourished in the reign of Aurangzeb. It is said that he lifted one of the emperor's ships which was sinking in the sea. Numerous other miracles are attributed to him.

Malúkdás was born in Kará in 1631 V.E. the year of the publication of the famous *Ramáyan* of Tulasidás and in the life of Tulasidas published in the Khadgavilas Press a miracle of Malúkdás is recorded in which he sent a bag of money from Kará to Allahabad by floating it in the Ganges.

He was also visited by the ninth Sikh Guru, Teg Bahadur,

The gaddis of his sect are still extent in Multan Patna, Nepal, Kabul and other places. His principal works as *Ratnakhán* and *Jnánbodh*.

He died in Jagannathpuri in 1739 V. E., and his shrine can still be seen close to the temple.

मलूकदास की बानी ।

सतगुरु और निज रूप की महिमा

शब्द

नाम तुम्हारा निर्मला, निर्मोलक हीरा ।
तू साहेब समरत्थ हम मलमूत्रके कीरा ॥
पाप न राखै देह में जब सुमिरन करिये ।
एक अच्छर के कहत ही भौसागर तरिये ॥
अधम उधारन सब कहैं प्रभु विरद तुम्हारा ।
सुनि सरनागत आइया तब पार उतारा ॥
तुझ सा गरुवा औ धनी जा में बड़इ समाई ।
जरत उबारे पांडवा ताती बाव न लाई ॥
कोटिक औगुन जन करै प्रभु मनहिं न आनै ।
कहत मलूकादास को अपना,करि जानै ॥

भेद बानी

शब्द

मुरसिद मेरा दिल दरियाई, दिल गहि अन्दर खोजा ।
जा अन्दर में सत्तर काबा मक्का तीसो रोजा ॥
सातो तबक औलिया जा में भेद न होय जुदाई ।
सम्स कमर ठाढ़े निमाज में दरसै जहां खोदाई ॥
हवा हिरिस खुदी मै खोवा अनलहक तहं जानी ।
बिन चिराग रोसन सब खाना तामे तख़ सुभानी ॥
बिना आब जहँ बहु गुल फूले अब्र बिना जहं बरसै ।
हूर बिना सरोद सब बाजै चस्म बिना सब दरसै ॥
ता दरगाह मुसल्ला डारे बैठा कादिर काजी ।

न्याव करै सीने की जानै सब को राखै राजी ॥
जो देखै तो कमला होवै तब कमाल पद पावै ।
साहेब मिलि तब साहेब होवै ज्यों जलबूंद समावै ॥
तिसके पल दीदार किये ते नादिर होय फकीरा ।
मारै काल कलन्दर दिल सों दरदमंद धर धीरा ॥
ऐसा होय तब पीर कहावै मनी मान जब खोवै ।
तब मलूक रोसन-जमीर ह्वै पांवँ पसारे सोवै ॥

प्रेम

शब्द १

तेरा मैं दीदार-दिवाना ।
घड़ी घड़ी तुझे देखा चाहूं सुन साहेब रहमाना ॥
हुआ अलमस्त खबर नहिं तन की पीया प्रेम पियाला ।
ठाढ़ होउं तो गिरि गिरि परता तेरे रंग मतवाला ॥
खड़ा रहूं दरबार तुम्हारे ज्यों घर का बंदाजादा ।
नेकी की कुलाह सिर दीये गले पैरहन साजा ॥
तौजी और निमाज न जानूं ना जानू धरि रोजा ।
बांग जिकिर तबहीं से बिसरी, जब से यह दिल खोजा ॥
कहै मलूक अब कजा न करि हौं दिलही सों दिल लाया ।
मक्का हज्ज हिये में देखा पूरा मुरसिद पाया ॥

शब्द २

मेरा पीर निरंजना मैं खिजमतगार ।
तुहीं तुहीं निस दिन रटौं ठाढ़ा दरबार ॥
महल मियां का दिलहो मैं औ महजिद काया ।
छूरी देता ज्ञान की जब तैं लौ लाया ॥
तसबी फेरौं प्रेम की हिया करौं नेवाज ।
जहं तहं फिरौं दिदार को उसही के काज ॥
कहै मलूक अलेख के अब हाथ बिकाना ।
नाहीं खबर वजूद की मैं फकीर दिवाना ॥

चेतावनी

शब्द १

जा दिन का डर मानता सोइ बेला आई।
भक्ति न कीन्ही राम की ठकमूरी खाई॥
जिन के कारन पचि मुवा सब दुख की रासी।
रोइ रोइ जन्म गंवाइया परी मोह की फांसी॥
तन मन धन नहिं आपना नहिं सुत औ नारी।
बिछुरत बार न लागई जिय देखु बिचारी॥
मनुषजन्म दुर्लभ अहै बड़े पुन्न पाया।
सोऊ अकारथ खोइया नहिं ठौर लगाया॥
साध संगत कब करोगे यह औसर बीता।
कहै मलूका पांच में बैरी एक न जीता॥

शब्द २

बाबा मुरदे मूंड़ उठाया।
लागी अंग बाय दुनियां की रामनाम बिसराया॥
आये पहिरि करम की बेड़ी हाथ हाथ करि गाढ़ी।
फूले फिरैं जनु अमर भये हैं प्रीति विषय सौं बाढ़ी॥
काहू के मन चार पांच की कहू के मन बीस।
काहू के मन सात आठ की सब बांधे जगदीस॥
अब भये सौतिन हाथ केरे घर बीवा सौ कीन्ह।
मेरी मेरी कहि उमर गँवाई कबहुं राम ना चीन्ह॥
दिना चार के घोड़े सोड़े दिना चार के हाथी।
कहत मलूका दिना चार में बिछुरि जायँगे साथी॥

शब्द ३

सोते सोते जनम गंवाया।
माया मोह में सानि पड़ो सो रामनाम नहिं पाया॥
मीठी नींद सोये सुख अपने कबहूं नहिं अलसाने।
गाफिल हो के महल में सोये फिर पाछे पछताने॥

अजहूं उठो कहां तुम बैठे बिनती सुनो हमारी ।
चहुं ओर मैं आहट पाया बहुत भई भुइं भारी ॥
बन्दीछोर रहत घट भीतर खबर न काहू पाई ।
कहत मलूक राम के पहरा जागो मेरे भाई ॥

शब्द ४

अवधू याही करो बिचार ।
दस औतार कहां ते आये किन रे गढ़े करतार ॥
केहि उपदेस भये तुम जोगी केहि बिधि आतम जारा ।
केहि कारन तुम काया सताई केहि बिधि आतम मारा ॥
थोथे बांटि बांधि के भोंदू यहि बिधि जाव न पारा ।
ऋद्धि सिद्धि में बूड़ि मरोगे पकड़ो खेवनहारा ॥
अगल बगल का पैंड़ा पकड़ा दिन दिन चढ़ता भारा ।
कहत मलूक सुनो रे भोंदु अबिगत मूल बिसारा ॥

शब्द ५

नाम हमारा खाक है हम खाकी बन्दे ।
खाकहिं ते पैदा किये अति गाफिल गन्दे ॥
कबहुं न करते बन्दगी दुनियां में भूले ।
असमान को ताकते घोड़े चढ़ि फूले ॥
जोरू लड़के खुस किये साहिब बिसराया ।
राह नेकी की छोड़ि के बुरा अमल कमाया ॥
हर दम तिस को याद कर जिन वजूद सँवारा ।
सबै खाक दर खाक है कुछ समुझ गँवारा ॥
हाथी घोड़े खाक के खाक खानखानी ।
कहैं मलूक रहि जायगा औसाफ़ निसानी ॥

उपदेश

शब्द १

अब तो अजपा जपु मन मेरे ।
सुर नर असुर टहलुवा जाके मुनि गंधर्ब जाके चेरे ॥

दस औतार देखि मत भूलो ऐसे रूप घनेरे।
अलख पुरुष के हाथ बिकाने जब ते नैन निहारे॥
अबिगत अगम अगोचर अवधू संग फिरत हैं तेरे।
कह मलूक तू चेत अचेता काल न आवै नेरे॥

शब्द २

किरपा कर गुरु जगत बताई।
आपा खोजो भरम नसाई॥
आपा खोजे त्रिभुवन सूझै।
गुरुपरताप काल से जूझै॥
सब्दब्रह्म का करै बिचार।
सोई चलै जियत होइ छार॥
संतन की सेवा चित लावै।
पाहन पूजि न मन भरमावै॥
कामिनि कनक कलह का भंडा।
इन ठगनिन सारा जग डंडा॥
होत न हँसै मरत ना रोवै।
ताको रंड कबहु न बिगोवै॥
परम तत्व जो दृढ़ कर रहै।
माया मोह में कबहुं न बहै॥
गुरु के बचन करै परतीत।
सोई सिद्ध जाय जग जीत॥
सत संतोष हिये में राखै।
सो जन रामरसायन चाखै॥
काटे कटै न जारे जरै।
आधा नाम भजन करि तरै॥
न्यारे होय पिता औ माई।
अगिन बुझै सीतल होइ जाई॥
मनुवां मार करै नौखंड।

कबहुं न सहै देह का दंड ॥
गुरुगोबिन्द सार मत दीन्ह ।
भला भया जो आतम चीन्ह ॥
बड़े भाग से आतम जागा ।
कहत मलूक सकल भ्रम भागा ॥

शब्द ३

सब से लालच का मत खोटा ।
लालच ते बैपारी सिद्धी दिन दिन आवै टोटा ॥
हाथ पसारे आंधर जाता पानी परहि न भाई ।
मांगे ते मकु मीच भली अस जीने कौन बड़ाई ॥
मांगे ते जग नाक सिकोरै गोबिन्द भला न मानै ।
अनमांगे राम गले लगावै बिरला जन कोइ जानै ॥
जब लग जिवका लोभ न छूटै तब लग तजै न माया ।
घर घर द्वार फिरै माया के पूरा गुरु नहिं पाया ॥
यह मैं कही जे हरिरँगराते संसारी को नांही ।
संसारी तो लालचबंधा देस देसान्तर जांही ॥
जो मांगै सो कछु न पावै बिन मांगे हरि देता ।
कहै मलूक निकाम भजै जे ते आपन करि लेता ॥

शब्द ४

मनतें इतने भरम गँवावो ।
चलत बिदेस बिप्र जनि पूँछो दिनका दोष न लावो ॥
संझा होय करो तुम भोजन बिन दीपक के बारे ।
जौन कहैं असुरन की बेरियां मूढ़ दई के मारे ॥
आप भले तो सबहि भलो है बुरा न काहू कहिये ।
जाके मन कछु बसै बुराई तासों भागे रहिये ॥
लोक बेद का पैंड़ा औरहि इनकी कौन चलावै ।
आतम मारि पषानै पूजैं हिरदै दया न आवै ॥
रहो भरोसे एक राम के सूरे का मत लीजै ।

संकट पड़े हरज नहिं मानो जियका लोभ न कीजै ॥
किरियाकरम अचार भरम है यही जगत का फंदा ।
माया जाल में बांधि अड़ाया क्या जानै नर अंधा ॥
यह संसार बड़ा भौसागर ताको देखि सकाना ।
सरन गये तोहिं अब क्या डर है कहत मलूक दिवाना ॥

शब्द ५

रस रे निर्गुण राग से गावै कोइ जाग्रत जोगी ।
अलग रहै संसार से सो (इस) रस का भोगी ॥
भरम करम सब छांड़ अनूठा यह मत पूरा ।
सहजै धुन लागी रहै बाजै अनहदतूरा ॥
लहरैं उठती ज्ञान की बरसै रिम झिम मोती ।
गगनगुफा में बैठ के देखै जगमग जोती ॥
सिवनगरी आसन किया सुन ध्यान लगाया ।
तीनो दसा बिसार के चौथा पद पाया ॥
अनुभय उपजा भय गया हद तज बेहद लागा ।
घट उँजियारा होइ रहा जब आतम जागा ॥
सब रंग खेलै सम रहै दुबिधा मनहिं न आनै ।
कह मलूक सोइ रावला मेरे मन मानै ॥

मिश्रित

शब्द १

सबहिन के हम सबै हमारे ।
जीव जंतु मोहिं लगैं पियारे ॥
तीनो लोक हमारी माया ।
अंत कतहुं से कोइ नहिं लाया ॥
छत्तिस पवन हमारी जात ।
हमहीं दिन औ हमहीं रात ॥
हमहीं तरवर कीट पतंगा ।
हमहीं दुर्गा हमहीं गंगा ॥

हमहीं मुल्ला हमहीं काजी ।
तीरथ बरत हमारी बाजी ॥
हमहीं पंडित हमीं बैरागी ।
हमहीं सूम हमीं हैं त्यागी ॥
हमहीं देव और हमहीं दानौ ।
भावै जाको जैसा मानौ ॥
हमहीं चोर हमहीं बटपार ।
हम ऊंचे चढ़ि करैं पुकार ॥
हमहीं महावत हमहीं हाथी ।
हमहीं पाप पुन्न के साथी ॥
हमहीं अस्व हमहीं असवार ।
हमहीं दास हमहीं सरदार ॥
हमहीं सूरज हमहीं चन्दा ।
हमहीं भये नन्द के नन्दा ॥
हमहीं दसरथ हमहीं राम ।
हमरै क्रोध हमारै काम ॥
हमहीं रावन हमहीं कंस ।
हमहीं मारा आपन बंस ॥
हमहीं जियावैं हमहीं मारैं ।
हमहीं बोरैं हमहीं तारैं ॥
जहां तहां सब जोति हमारी ।
हमहीं पुरुष हमहीं हैं नारी ॥
ऐसी बिधि कोई लव लावै ।
सो अविगत से टहल करावै ॥
सहै कुसब्द औ सुमिरै नाव ।
सब जग देखै एकै भाव ॥
या पद का कोइ करै निबेरा ।
कह मलूक मैं ताका चेरा ॥

शब्द २

मन नहिं तौलै यार, करे तौलै बनियां।
घाट बाट सोध लेइ सम रहै न कुनियां।
बिसरै ना सुरति नांहि फेरि होय तनियां॥
पांच औ पचीस चोर लूटिहैं दुकनियां।
सुनहिं ना गोहार कोउ हाकिम है रनियां॥
कहत मलूकदास तौले जब चार रास।
साहेब मिल साहु होय मिलै तब दमनियां॥

शब्द ३

दीनबन्धु दीनानाथ मेरी तन हेरिये।
भाई नांहि बन्धु नांहि कुटुम्ब परिवार नांहि,
ऐसा कोई मित्र नांहि जाके ढिग जाइये।
सोने की सलैया नांहि रूपे का रुपैया नांहि,
कौड़ी पैसा गाँठ नहीं जासे कछु लीजिये॥
खेती नांहि बारी नांहि बनिज ब्योपार नांहि,
ऐसा कोई साहु नांहि जासों कछु मांगिये।
कहत मलूकदास छोड़ दे पराई आस;
रामधनी पाइकै अब काकी सरन जाइये॥

कवित्त

परम दयाल रायरायाँ परसोतम जी,
ऐसो प्रभु छांड़ि और कौन के कहाइये।
सीतल सुभाव जाके तामस को लेस नहीं,
मधुर बचन कहि राखै समुझाइये।
भगतबछल गुनसागर कलानिधान;
जाको जसपांत नित बेदन में गाइये।
कहत मलूक बल जाँउ ऐसे दरस की,
अधम उधार जाके देखे सुख पाइये॥१॥
बीर रघुबीर पयगम्बर खुदाय मेरे,

कादिर करीम काज़ी माया मत खोई है ।
राम मेरे प्रान रहमान मेरे दीनिमान,
भूल गयो भैया सब लोक लाज धोई है ।
कहत मलूक मैं तो दुबिधा न जानौ दूजी,
जोई मेरे मन में है नैनन में सोई है ।
हरि हजरत मोंहि माधव मुकुन्द की सौं,
छाँड़ि केशवराय मेरो दूसरो न कोई है ॥२॥
बार बार कर्ता हूं नसीहत मैं तेरे तईं,
काहे बे हरामखोर साईं तू बिसारा है ।
जिस्का नित नोन खात मुतलक भी ना डरात,
अच्छा तू वजूद पाय औरत से हारा है ।
कौल से बेकौल हुआ किसी की न लेत दुआ,
दोजख के लिये दिल कौन कौन मारा है ।
कहता मलूक अब तोबा कर साहब से,
छांड़ि दे कुराह जिन जारे पर जारा है ॥ ३ ॥
भील कद करी थी भलाई जिया आप जान,
फील कद हुआ था मुरीद कहु किसका ।
गीध कद ज्ञान की किताब का किनारा छुआ,
व्याध और बधिक निसाफ कहु तिसका ।
नागकद माला लैके बन्दगी करी थी बैठ,
मुझ को भी लगा था अजामिल का हिसका ।
एते बदराहों की बदी करी थी माफजन,
मलूक अजाती पर एती करी रिस का ? ॥ ४ ॥

---

13. ANANYA.

Born 1710. A Kayastha of Senuhra in Dattia State. He was diwan of Raja Prithichand, son of Raja Dalpatrai of Dattia, a contemporary of Maharaja Chhatrasal of Panna and his *guru*. It is said that on one occasion he was displeased, left the court and went away to a secluded spot. Search was made for him and the Raja went in person to conciliate him. Ananya was lying on the ground with his legs stretched and did not pay any heed to the Raja. The Raja thereupon said **पावँ पसारा कब से** "When did you stretch your legs" to which the prompt reply was **हाथ समेटा जब से** "From the time that I have made up my mind not to take any thing from any body." He was invited by the Maharaja of Panna but refused to go. He was a sanyasi and a master of the Vedantic system of philosophy. He is also known as Akshara Ananya, and was the first to translate the *Durgasaptashati* in Hindi Verse. He is also the author of *Rájyog*, *Vijnanyog*, *Dhányog* and *Sidhhántbodha*, *Vivekadipiká*, *Brahmajnán*, *Ananyaprakásh* and other works.

राजयोग

आतम ज्ञान सो ज्ञान वहै परमातम ध्यान सो ध्यान सुरेसुर।
वेदविधान विधान वहै सतपात्रहि दान सुदान धनेसुर॥
अन्तरभक्ति सो भक्ति वहै गति अन्तर की परखै परमेसुर।
बेद प्रमान अनन्य भनै यह भेद सुनौ प्रथिचंद नरेसुर॥

यह भेद सुनौ प्रथिचन्द राय।
फल चारहु को साधन उपाय॥
यह लोक साध लौकीक लोग।
खानहु कमान रुचि कामभोग॥
यह लोक सधै सुख पुत्र बाम।
परलोक नसै बस नरकधाम॥
परलोक सधै इक है अनित्त।
तप बर तीरथबर कष्ट नित्त॥
यह लोक न तिनको सुखबिलास।
परलोक साध सुख स्वर्गवास॥
परलोक लोक दोइ सधै जाय।
सोइ राजजोग सिद्धान्त आय॥
निज राजजोग ज्ञानी करन्त।
हठ मूढ़ धर्म साधन अनन्त॥
इक पवन खैंचि आसन्न जोर।
इक हाथ पांव कटि ग्रीव ओर॥
इक घाम सीत जल सहत अंग।
इक पांच अगिन तप देह भंग॥
इक लँघन वृत्ति जो पवन खात।
इक भ्रमत फिरत तीरथन जात॥

इक बिबिध पंथ काया कलेश ।
दुर्लभ कर पावनपद प्रवेश ॥
जैसे भुंजग बामी मँझार ।
इक खोदि काढ़ि काढ़त प्रचार ॥
हठ कर पकरै तो काटि खाय ।
हठधरमी तिनको पंथ राय ॥
इक ऊपर नहिं खोदन करन्त ।
पढ़ि मंत्र जंत्र पकरैं तुरन्त ॥
त्यों राजजोग सुख सहज मांहि ।
सिद्धान्त लहत तन कष्ट नांहि ॥
ऊपर बिलास बिलसै समस्त ।
निज ध्यान ज्ञान मनसा दुरस्त ॥
अपने कर कुछ नहिं रहै मान ।
सब ईश्वर ही को विभव जान ॥
धर त्रिकुटि बीच धुनि शब्द मूल ।
सोइ मनसा सुमिरन प्रेम फूल ॥
बैठे सबमें रहिये सुखेन ।
देखिये सब कुछ नहिं मूंद नैन ॥
करिये सब कुछ करने जो होय ।
मनसा सुमिरन धुनि सहज सोय ॥
बातें करिये जो चार उक्ति ।
कै अर्थ धर्म कै काम मुक्ति ॥
इन चारिहु में नहिं सधै एक ।
तो मित्था जनमें बिन बिवेक ॥
हांसी चवाव गिल्ला विवाद ।
का इन बातन में है सवाद ॥
कहिवो सुनिवो मतलब प्रमान ।
कर मनसा सुमिरन सुरत ध्यान ॥

बैठत उठंत चितवत चलंत ।
खातहु कमात सुमिरन करंत ॥
जो अंतर सुमिरन सहज आय ।
तो बाहर कर्म न लगे ताय ॥
जो मनसा गति यह कहत बेद ।
मति गति साधन यह ज्ञान भेद ॥
जो मति न सधै मन चर्म भोय ।
तौ टोप दिये नहिं मुक्त होय ॥
जो मति गति साधन सुरत ध्यान ॥
तो पाग न रोकत तत्वज्ञान ॥
यह मनहीं को साधन विचार ।
नहिं बंधन सुत परवार नार ॥
का होत मुंड़ाये मूंड़ बार ।
का होत रखाये जटाभार ॥
का होत भामिनी तजे भोग ।
जौ लौं नहिं चित थिर जुरो जोग ॥
थिर चित्त करै सुमिरन मंझारि ।
ऊपर साधै सब लोक चार ॥
यह राजजोग सुख को निधान ।
सोई ज्ञान मंत्र जानौ प्रमान ॥
राजन साधो यह राजजोग ।
अर्जुन्न जनक प्रथु आदि लोग ॥
सुख राज करौ वर भये सिद्ध ।
कोइ अतिथ भये इनमें प्रसिद्ध ॥
यह अतिथन ते हैं अति अनूप ।
सुन राजजोग सिद्धान्त भूप ॥
सुख मारग यह प्रथिचन्द राय ।
यहि सम न आहि दूजो उपाय ॥

यह राजजोग यहि भांति जान।
मनसा सुमिरन धुनि रूप ध्यान॥
जो यह न सधै धुनि ज्ञान गूढ़।
तो अजपा साधन स्वास रूढ़॥
जो यह न सधै अजपा उच्चार।
तो इष्टदेव धर ध्यान सार॥
जो ध्यान न आवै बिना देख।
तो प्रतिमा साधै इष्ट भेख॥
नित प्रतिमा पूजन दरस नित्त।
सोइ मूरति राखै ध्यान चित्त॥
यहि भांति ध्यान उर सकै आन।
यह ध्यान रहन नरनाह जान॥
जो ध्यान न सधै न लगै चित्त।
तो नेम सहित जप मंत्र नित्त॥
जो मंत्र न बिधि सों जपै राव।
तो पावन प्रभु को लेव नाव॥
तन सुद्ध होय मुख सुद्ध बानि।
मन सुद्ध होय सर्वज्ञ जानि॥
मन को सुभाव भनिबो अकत्थ।
तौ सुमिरन साधन ज्ञान गत्थ॥
मुख को स्वभाव बकवो नरेस।
त्यों नाम भजन चरचा सु देस॥
करि भक्ति भजन सुमिरत सुबुद्धि।
भेटो मन की भ्रमना कुबुद्धि॥
जित नित मनसा भ्रमवै अनन्त।
तित तित सुमिरन साधन सुनन्त॥
कुछ दिन साधन करते उपाय।
परि जात बहुरि मनसा सुभाय॥

मनसा सुमिरन धुनि ध्यान लीन ।
यह राजजोग जानहु प्रवीन ॥
जो राजजोग यह सधै राज ।
तो मन बांछित सब होय काज ॥
अरु कर्म लिप्त कबहूं न होत ।
जगजीवन मुक्त सो सदा उद्दोत ॥
यह ज्ञानभेद वर बेद साख ।
अच्छर अनिन सिद्धान्त भाख ॥
राजजोग सिद्धान्त यह जान राज प्रथिचन्द ।
यह सन मत नहिं दूसरो खोज शास्त्र स्वच्छन्द ॥
जो चाहौ संसार सुख वर सिद्धान्त प्रकास ।
तो साधो सर्वज्ञ यह राजजोग अनयास ॥

---

14. CHARANDÁS.

Charandás, the famous saint of Delhi, was born in 1763 V. E. in a village called Dehra in Alwar State. His father Murlidhar was of the Dhoonsar caste and it appears that his religious turn of mind instilled in the mind of his gifted son a spirit of that devotion to God which subsequently raised him to the dignity of a saint. After the death of his father, Charandás removed with his mother to Delhi where he lived to a good old age of 79.

He had 52 disciples and as many gaddis of the sect founded by him exist to this day.

Numerous miracles are attributed to him and the follower of his sect and his castemen piously believe that he was an incarnation of Krishna. Most of these miracles are described in a book called the ***Mazharulmarfat*** by Pannalal Bhargava. He is said to have received his spiritual instruction from Shukdeva and in some of hymns Shukdeva is added to that of Charandás.

चरणदास की बानी

अनहद शब्द महिमा

अनहद शब्द अपार दूर सूं दूर है।
चेतन निर्मल शुद्ध देह भरपूर है ॥१॥
निः अच्छर है ताहि और निःकर्म है।
परमातम तेहि मानि वही परब्रह्म है ॥२॥
याके कीने ध्यान होत है ब्रह्म हीं।
धारै तेज अपार जाहि सब भर्महीं ॥३॥
वा पटतर कोइ नाहिं जो योंही जानिये।
चांद सूर्य्य अरु सृष्टि के माहिं पिछानिये ॥४॥
याको छोड़ै नांहि सदा रहै लीनही।
यही जो अनहदसार जानि परवीनही ॥५॥
यों जिव आतम जान जो अनहदलीन हो।
सो परमातम होय जीवता जाय खो ॥६॥
ध्यानी को मन लीन होय अनहद सुनै।
आप अनाहद होय बासना सब भुनै ॥७॥
पाप पुन्य छुटि जाँय दोऊ फल ना रहैं।
होय परम कल्यान जो तिरगुन ना गहैं ॥८॥

विनती और प्रार्थना

शब्द १

पतित उधारन बिरद तुम्हारो।
जो यह बात सांच है हरिजू,
तौ तुम हमकूं पार उतारो ॥१॥
बालपने औ तरुन अवस्था,
और बुढ़ापे मांही।

हमसे भई सभी तुम जानो,
तुमसे नेक छिपानी नाहीं ॥२॥
अनगिन पाप भये मनमाने,
नखसिख औगुन धारी।
हिरि फिरि कै तुम सरनै आयो,
अब तुमको है लाज हमारी ॥३॥
सुभ करमन को मारग छूटो,
आलस निद्रा घेरो।
एकहि बात भली बनिआई,
जगमें कहायो तेरो चेरो ॥४॥
दीनदयाल कृपाल बिसंभर,
श्रीसुकदेव गुसाईं।
जैसे और पतित जन तारे,
चरनदास की गहियो बाहीं ॥५॥

शब्द २

अबकी तारि देव बलबीर।
चूक मोसूं परी भारी कुबुधि के संग सीर ॥१॥
भौसागर की धार तीछन महा गंभीलो नीर।
काम क्रोध मद लोभ भंवर में चित न धरत अब धीर ॥२॥
मच्छ जहँ बलवंतपांचौ थाह गहिर गँभीर।
मोह पवन झकोर दारुन दूर पैलब तीर ॥३॥
नाव तो मंझधार भरमी हिये बाढ़ी पीर।
चरनदास कोइ नांहि संगी तुम बिना हरि हीर ॥४॥

शब्द ३

अब जग फंद छोड़ाओ जी हूं चरनकँवल को चेरो।
पड़ो रहूँ दरबार तिहारे संतन माहिं बसेरो ॥१॥
बिना कामना करूं चाकरी आठों पहरे नेरो।
मन सब भक्ति कृपा कर दीजे यही मोहिं बहुतेरो ॥२॥

खानेजाद कदीमो कहियो तुही आसरो मेरो ।
झिड़क बिड़ारो तहूँ न छोड़ूं सेवा सुमिरन तेरो ॥३॥
काहू ओर आन देवन सूं रहो नहीं उरझेरो ।
जैसे राखो त्योंहीं रहहुं कर लीजे सुरझेरो ॥४॥
तेरो घर बिन कहूं न मेरो ठौर ठिकानो डेरो ।
मोसे पतित दीनको हरिजू तुमहीं करो निबेरो ॥५॥
गुरु सुकदेव दया करि मोको और तिहारी फेरो ।
चरनदास को सरनै राखौ यही इनाम घनेरो ॥६॥

शब्द ४

यह मेरि बुद्धि कहां है तुव गुन करूं बखान ।
चतुरमुखी ब्रह्मा गुन गावैं तिनहुं न पायो जान ॥१॥
गुन गावत संकर जब हारे करने लागे ध्यान ।
गुन अपार कछु पार न पायो सनकादिक कथि ज्ञान ॥२॥
गुन गावत नारद मुनि थाके सहस मुखन सूं सेस ।
लीला को कछु पार ना पायो ना परमान न भेस ॥३॥
सक्ति घनी अनगिनित तुम्हारी बहुत रूप बहु नांवँ ।।
जबहिं बिचारूँ हिये में हांरू अचरज हेरि हिरांवँ ॥४॥
अति अथाह कछु थाह न पाऊं सोच अचक रहि जाऊं ।
गुरु सुकदेव थके रन जीता मैं कहु कौन कहाऊं ॥५॥

शब्द ५

मोकूं कछू न चहिये राम ।
तुम बिन सबहीं फीके लागैं,
नाना सुख धन धाम ॥१॥
आठ सिद्धि नौ निद्धि आपनी,
और जनन को दीजै ।
मैं तो चेरो जन्म जन्म को,
निज करि आपनो कीजै ॥२॥
स्वर्ग फलन की मोंहि न आसा,

ना वैकुंठ न मोच्छहि चाहूं ।
चरनकमल के राखौ पासा,
यहि उरमाहिं उमाहूं ॥३॥
भक्ति न छोड़ूं मुक्ति न मांगू,
सुन सुकदेव मुरारी ।
चरनदास की यही टेक है,
तजूँ न गैल तुम्हारी ॥४॥

करम धरम का निषेध

शब्द ६

साधो घूंघटभर्म उठाय होली खेलिये ॥टेक॥
वेद पुरान लाज तजि बेरी इनमें ना उरझैये ।
सिर सूं सकुच उतारि चुँदरिया पियसूँ रंग बढ़ैये ॥१॥
रूप न रेख है सु मूरति ताके बलि बलि जैये ।
अचल अजर अबिनासी सोई सनमुख दरसन पैये ॥२॥
सत चेतन आनंद सदाही निरभय ताल बजैये ।
पाप पुन्य की संका त्यागों जंह मरजाद न पैये ॥३॥
ओला नीर विचारो जैसे यों आपा बिसरैये ।
चरनदास बासना तजि कै सागर बूंद समैये ॥४॥

शब्द ७

घट में तीरथ क्यों न नहावो ।
इत उत डोलो पथिक बनेहीं ,
भरिम भरिम क्यों जन्म गवावो ॥ १ ॥
गोमती कर्म सुकारथ कीजे ,
अधरम मैल छुटावो ।
सीलसरोवर हित करि न्हैये ।
कामअगिन की तपन बुझावो ॥ २ ॥
रेवा सोई छिमा को जानो ,
तामें गोता लीजै ।

तन में क्रोध रहन नहिं पावै ।
ऐसी पूजा चित दै कीजै ॥ ३ ॥
सत यमुना संतोष सरस्वति,
गंगा धीरज धारो ।
झूंठ पटकि निर्लोभ होय करि ।
सबहीं बोझा सिर सौं डारो ॥ ४ ॥
दयातीर्थ कर्मनासा कहिये ,
परसै बदला जावै ।
चरनदास सुकदेव कहत हैं ,
चौरासी में फिर नहिं आवै ॥ ५ ॥

शब्द ८

घट में खेलि ले मन खेला ।
सकल पदारथ घटही माहीं हरिसूँ होय जो मेला ॥ १ ॥
घटमें देवल घटमें जोती घटमें तीरथ सारे ।
बेगहिं आव उलट घट माहीं बीतै परबी न्हा रे ॥ २ ॥
घट में है मानसरोवर सू भर मोती मराला ।
घट में ऊँचा ध्यान शब्द का सोहं सोहं माला ॥ ३ ॥
घट में बिन सूरज उजियारा राति दिना नहिं सूझै ।
अमृत भोजन भोग लगतु हैं विरला जन कोइ बूझै ॥ ४ ॥
घट में पापी घट में धर्मी घट में तपसी जोगी ।
गुन औगुन सब घट ही माहीं घटमें बैद हिरु रोगी ॥ ५ ॥
रामभक्ति घटही में उपजै घट में प्रेमप्रकासा ।
सुकदेव कहैं चौथा पद घट में पहुंचै चरनहिंदासा ॥ ६ ॥

शब्द ६

सब जग भर्म भुलाना ऐसे ।
ऊँट कि पूँछ से ऊँट बँध्यो ज्यों भेड़चाल है जैसे ॥ १ ॥
खर का सोर भूंस कूकर की देखादेखी चाली ।
तैसे कलुआ जाहिर भैरों सेढ़ मसानी काली ॥ २ ॥

गाँव भूमिया हितकरि धावैं जाय बटोही दौरे।
खद्दो सरवर इष्ट धरत हैं लोग लोगाई बौरे ॥ ३ ॥
राखैं भाव स्वान गर्धभ को उनको लाय जिमावैं।
ढेढ़ चमारन को सिर नावैं ऊंची जाति कहावैं ॥ ४ ॥
दूध पूत पाथर से मागैं जाके मुख नहिं नासा।
लपसी पपड़ी डेर करत हैं वह नहिं खांवै मासा ॥ ५ ॥
वाके आगे बकरा मारैं ताहि न हत्या जानै।
लै लोहू माथे सों लावैं ऐसे मूढ़ अयानै ॥ ६ ॥
कहैं कि हमरे बालक ज्यावो बड़ी आयुर्बल दीजै।
उनके आगे बिनती करते अँसुवन हिरदय भीजै ॥ ७ ॥
भोये भटरे के पग लागैं साधु संत की निंदा।
चेतन को तजि पाहन पूजैं ऐसा यह जग अंधा ॥ ८ ॥
सतसंगति की ओर न झांकैं भक्ति करत सकुचावैं।
चरनदास सुकदेव कहत हैं क्यों न नरक को जावैं ॥ ९ ॥

शब्द १०

साधो भरमा यह संसारा ॥ टेक ॥
गति मति लोक बड़ाई उरझे कैसे हो छुटकारा ॥ १ ॥
भर्म पड़े नाना बिधि सेती तीरथ बर्त्तअचारा।
देहकर्म अभिमानी भूले छूंछ पकरि तत डारा ॥ २ ॥
जोगी जोग जुक्ति करि हार पंडित बेद पुराना।
षटदरसन पग आप पुजावैं पहिरि पहिरि रंग बाना ॥ ३ ॥
जानत नाहिं आप हम को हैं, को है वह भगवाना।
को यह जगत, कौन गति लागै समझै ना अज्ञाना ॥ ४ ॥
जा कारन तुम इत उत डोलौ ताको पावत नाहीं।
चरनदास सुकदेव बतायो हरि हैं अंतर माहीं ॥ ५ ॥

*शब्द ११

ब्राह्मन सो जो ब्रह्म पिछानै।
बाहर जाता भीतर आनै ॥ १ ॥
पांचौ बस करि झूंठ न भाखै।
दया जनेऊ हिरदय राखै ॥ २ ॥
आतम विद्या पढ़ै पढ़ावै।
परमातम का ध्यान लगावै ॥ ३ ॥
काम क्रोध मद लोभ न होई।
चरनदास कहैं ब्राह्मन सोई ॥ ४ ॥

शब्द १२

वह देस अटपटा विकट पंथ।
कोई गुरुमुख पहुँचै होय संत ॥ टेक ॥
बहुत चले मग चाव चाव।
औरन सूं कहि आव आव ॥ १ ॥
हमहुं पहुँच तुम्हैं दे बसाय।
ऐसो जान्यो सुलभ दाय ॥ २ ॥
बहुतक तपसी कष्ट साध।
बहुतक पंडित पोथी लाद ॥ ३ ॥
बहुतक चुंडित जटाधारि।
चहुं ओर पावक जारि जारि ॥ ४ ॥
बहुतक मुंडित पूजा राखि।
बहुतक भक्तन पिछली साखि ॥ ५ ॥
बहुतक जोगी पवन जीति।
हरिमिलिबे की करैं रीति ॥ ६ ॥
कायर थाके बाट माहिं।
कछु इक आगे चले जाहिं ॥ ७ ॥

*यह पद नवलकिशोर प्रेस के छपे भक्तिसागर ग्रन्थ में भक्तिसागर वर्णन का एक प्रसंग चौपाइयों में है। संतवानी सीरीज़ में यह "करम भरम के निषेध" का एक पद है।

है कनक कामिनी लिये घेरि ।
सो भी उनके पड़े फेरि ॥ ८ ॥
कोइ उनसे छुटि आगे जाय ।
जहँ ऋषि सिद्ध लेवैं लगाय ॥ ९ ॥
सुकदेव कहैं सब डारि आस
व्हां प्रेमी पहुँचै चरनदास ॥ १० ॥

शब्द १३

सुनु रामभक्ति गति न्यारी है ।
जोग यज्ञ संजम अरु पूजा,
प्रेम सबन पर भारी है ।। १ ।।
जाति बरन पर जो हरि जाते,
तौ गनिका क्यों तारी है ।
सेवरी सरस करी सुर मुनि ते,
हीन कुचील जो नारी है ॥ २ ॥
दुस्सासन पत खोवन लाग्यो,
सबही ओर निहारी है ।
होय निरास कृष्ण कहं टेरी,
बाढ़ी चीर अपारी है ॥ ३ ॥
टेढ़ी लौंड़ी कंस रजा की ,
दीन्हो रुप करारी है ।
एक सौ एक अधिक बृजनारी ,
कुबिजा कीन्ही प्यारी है ॥ ४ ॥
पांचो पंडवन जाय सजो है ;
सगरी संजी संवारी है ।
बालमीक बिन काज न होतो ,
बाजो संख मुरारी है ॥ ५ ॥
साधौं की सेवा में रांचो ,
भूप की सुरति बिसारी है ।

सैना भक्त के कारन हरि जू ,
  वाकी सूरत धारी है ॥ ६ ॥
दास कबीरा जाति जुलाहा ,
  भये संत उपकारी है ।
साखि सुनो रैदास चमारा ,
  सो जग में उजियारी है ॥ ७ ॥
कनक जनेऊ काढ़ि दिखाओ ,
  विप्र गये सब हारी है ।
अजामील सदना तिरलोचन ,
  नामा नाम अधारी है ॥ ८ ॥
धना जाट कालू अरु कूवा ,
  बहुत किये भौ पारी है ।
प्रीत बराबर और न देखे ,
  वेद पुरान बिचारी है ॥ १० ॥
चरनदास सुकदेव कहत है ,
  ता बस आप मुरारी है ॥ ११ ॥

शब्द १४

चारि बरन सूं हरिजन ऊंचे ।
भये पवित्तर हरि के सुमिरे तन के उज्जल मन के सूचे ॥ १ ॥
जो न पतीजै साखि बताऊँ सबरी के जूंठे फल खाये ।
बहुत ऋषीसर ह्वांई रहते तिनके घर रघुपति नहिं आये ॥ २ ॥
भिल्लनि पांव दियो सरिता में सुद्ध भयो जल सब कोई जानैं ।
मंदहु तो सो निरमल ह्वो अभिमानी नर भये खिसाने ॥ ३ ॥
ब्राह्मन छत्री भूप हुते बहु बाजो संख सुपच जब आयो ।
बालमीक जग पूरन कीन्हों जैजैकार भयो जस गायो ॥ ४ ॥
जाति बरन कुल सोई नीकों जा के होय भक्तिपरकास ।
गुरु सुकदेव कहत हैं तो को हरिजन सेव चरनहीं दास ॥ ५ ॥

शब्द १५

सब जातिन में हरिजन प्यारे

रहनी तिनकी कोइ न पावै ,
तनसूं जग में मन सूँ न्यारे ॥ १ ॥
साखि सुनो अँबरीष भूपकी ,
दुरबासा जहँ आयो ॥
लागो स्राप देन राजा को ,
चक्र सुदरसन जारन धायो ॥ २ ॥
प्रभुजी आये दुरजोधन के ,
वह मन में गरबायो ॥
नाना बिधि के व्यंजन त्यागे ,
साग बिदुर घर रुचि सूँ पायो ॥ ३ ॥
सत युग त्रेता द्वापर कलियुग ,
मान संतको राखो ॥
भक्तन बस भगवान सदाहीं ,
बेद पुरानन में जो भाखो ॥ ४ ॥
ब्राह्मन छत्री वैश्य सूद्र घर ,
कहीं होय क्यों न बासा ॥
धनि वह कुल सुकदेव बखानै ,
यह तुम सुनो चरनहींदासा ॥ ५ ॥

शब्द १६

साधो टेक हमारी ऐसी ।

कोटि जतन करि छूटै नाहीं को कोऊ करो अब कैसी ॥ १ ॥
यह पग धरो सँभाल अचल होइ बोल चुके सोइ बोले ।
गुरुमारग में लेन न देनो अब इत उत नहिं डोले ॥ २ ॥
जैसे सूर सती अरु दाता पकरी टेक न टारै ।
तन करि धन करि मुख नहिं मोड़ैं धर्म न अपनो हारैं ॥ ३ ॥
पावक जारो जल में बोरो टूक टूक करि डारो ।

साधसंग हरिभक्ति न छोड़ूँ जीवन प्रान हमारो ॥ ४ ॥
पैज न हारूँ दाग न लागै नेक न उतरै लाजा ।
चरनदास सुकदेवदया से सब विधि सुधरैं काजा ॥ ५ ॥

शब्द १७

हमारे रामनाम की टेक टारी न टरै ।
लाख करो कोइ कोट करो जिय को तौ कुछ न सरै ॥ १ ॥
ज्यों कामी कूं तिरिया प्यारी ज्यों लोभी कूं दाम ।
अमलदार कूं अमल पियारो ऐसे हम कूं नाम ॥ २ ॥
कर सूं दृढ़ गहि गहिकै पकरौं हारिल की लकड़ी भई ।
अब कैसे करि छूटै मोसों रोम रोम तनमनमई ॥ ३ ॥
ज्यों प्रहलादपैज दृढ़ कीन्ही हरनाकुस से बहु अरे ।
उबरो भक्त असुर गहि मारो परगट हो हरि आ खरे ॥ ४ ॥
गुरु सुकदेव सहाय करी है अब पग पाछे क्यों परै ।
चरनहिंदास बचन नहि मोड़ूँ सूर सती मूए टरै ॥ ५ ॥

शब्द १८

सोई जन सूर जों खेत में मँड़ि रहै ,
भक्ति मैदान मे रहै ठाढ़ा ।
सकल लज्जा तजै महा निरभय गजै ;
पैजनीसान जिन आय गाढ़ा ॥ १ ॥
भये बहु बीर गंभीर जे धीरमति ;
सबन कूं जस कहत ग्रन्थ होई ।
तिन विषय कछू इक नाम बरनन करूं ;
सुनो हो सन्त दै चित्त सोई ॥ २ ॥
पिता सूं रूठि ध्रुव पांचही वर्ष को,
टेक गहि भक्ति के पंथ धायो ।
छल भयो ना डिगो टेक पूरी भई;
जीत मैदान हरिदर्स पायो ॥ ३ ॥
हठेउ प्रहलाद हरिनाम छांड़ो नहीं;

बाप ने त्रास दै बहु डिगायो।
टेक जब ना टरी राम रच्छा करी;
दुष्ट कूं मारि कै जन जितायो ॥ ४ ॥
कबीर दादू धने पहिर बक्तर बने;
नामदेव सारिखे बहुत कूदे।
सैन सदना बली भक्त पीपा बड़ो;
रामकी ओर कूं चले सूये ॥ ५ ॥
मलुक जैदेव गजगाह कलँगी धरे;
सूर रैदास मुख नाहिं मोड़ा।
ध्यान बंदूक में प्रेमरंजक जमा,
मीर माधव चला कुदाय घोड़ा ॥ ६ ॥
दास मीरा पिलो प्रेम सन्मुख चली;
छोड़ दइ लाज कुल नाहिं माना।
और सेवरी मढ़ी तोड़ ऊंची गढ़ी;
दौर कर माचली प्रेम जाना ॥ ७ ॥
श्रीसुकदेव रनजीत सावँत कियो,
लड़े कलियुग बिषम खंभ गाड़े।
बहुत सेना लिये ललक हू हू किये,
चरमहीदास संग नाहिं छाड़े ॥ ८ ॥

शब्द १६

जो नर इकछत भूप कहावै।
सत्तसिंहासन ऊपर बैठे जतही चंवर दुरावै ॥ १ ॥
दया धर्म दोउ फौज महा लै भक्तिनिसान चलावै।
पुन्न नगारा नौबत बाजै दुरजन सकल हलावै ॥ २ ॥
पाप जलाय करै चौगाना हिंसा कुबुधि नसावै।
मोह मुकद्दम काढ़ि मुलक सूं ला बैराग बसावै ॥ ३ ॥
साधन नायब जित तित भेजै दै दै संजम साथा।
रामदोहाई सिगरे फेरैं कोइ न उठावै माथा ॥ ४ ॥

निरभय राज करै निश्चल ह्वै गुरु सुकदेव सुनावै ।
चरनदास निश्चय करि जानौ बिरला जन कोइ पावै ॥ ५ ॥

शब्द २०

मनुवां राम के ब्यौपारी ।
अबके खेप भक्ति की लादी बनिज कियो तैं भारी ॥ १ ॥
पांचो चोर सदा मग रोकत इन सूं कर छुटकारी ।
सतगुरु नायक के सँग मिलि चल लूट सकै नहिं धारी ॥ २ ॥
दो ठग मारग माहिं मिलैंगे एक कनक इक नारी ।
सावधान हो पेंच न खैयो रहियो आप सँभारी ॥ ३ ॥
हरि के नगर में जा पहुँचोगे पैहौ लाभ अपारी ।
चरनदास तोकूं समझावे रे मन बारम्बारी ॥ ४ ॥

शब्द २१

हमारे रामभक्ति धन भारी ।
राज न डांड़ैं चोर न चोरैं लूटि सकै नहिं धारी ॥ १ ॥
प्रभु पैसे अरु नाम रुपैये मुहर मुहब्बत हरि की ।
हीरा ज्ञान जुक्ति के मोती कहा कमी है ज़र की ॥ २ ॥
सोना सील भंडार भरे हैं रूपा रूप अपारा ।
ऐसी दौलत सतगुरु दीन्ही जाका सकल पसारा ॥ ३ ॥
बांटौं बहुत घटै नहि कबहूं दिन दिन डेवढ़ी डेवढ़ी ।
चोखा माल द्रव्य अति नीका बट्टा लगै न कौड़ी ॥ ४ ॥
साह गुरू सुकदेव बिराजैं चरनदास बनजोटा ।
मिलि मिलि रंक भूप होइ बैठे कबहुँ न आवै टोटा ॥ ५ ॥

शब्द २२

आओ साधो हिलि मिलि हरिजस गावैं ।
प्रेम भक्ति की रीति समुझ करि हित सूं राम रिझावैं ॥ १ ॥
गोबिंद के कौतुक गुनलीला ताको ध्यान लगावैं ।
सेवा सुमिरन बंदन अर्चन नौधा सूं चित्त लावैं ॥ २ ॥
अबकी औसर भलो बनो है बहुरि दांव कब पावैं ।

भजन प्रताप तरै भवसागर उर आनंद बढ़ावैं ॥ ३ ॥
सतसंगति को साबुन लेकर ममतामैल बहावै ।
मनकूं धो निरमल करि उज्जल मगन रूप हो जावै ॥४॥
ताल पखावज झांझ मँजीरा मुरली संख बजावै ।
चरनदास सुकदेव दया सूं आवागमन मिटावै ॥५॥

---

15. SAHJO BAI.

Sahjo Bai is casually mentioned in the *Modern Vernacular Literature of Hindustan* as the author of some hymns quoted in Krishnanand Vyasdeva's collection commonly known as the *Súrságar*.

According to the Misra Brothers, she was the second daughter of Hariprasad Dhusar and flourished about the year 1760.

She was a disciple of the famous saint Charandas.

The editor of the *Sant Bani Series* says that several miracles are attributed to her.

She wrote in Brajbhakha and her sayings indicate a deep devotion to God.

सहजो बाई की बानी

गुरु महिमा।

दोहा।

सहजो कारज जगत के गुरु बिन पूरे नाहिँ।
हरि तो गुरु बिन क्यों मिलैं, समझ देख मन माहिँ॥
परमेसर सूँ गुरु बड़े, गावत बेद पुरान।
सहजो हरि के मुक्ति है, गुरु के घर भगवान॥
अष्टादस और चारपट, पढ़ि पढ़ि अर्थ कराहिँ।
भेद न पावैं गुरु बिना, सहजो सब भर्माहिँ॥
सकल बिकल सब छोड़ कर, गुरुचरनन चित लाव।
सहजो निश्चै हरि जपो, बहुर न ऐसो दाव॥
दीपक ले गुरुज्ञान को, जगत अँधेरे माहिँ।
काम क्रोध मद मोह में, सहजो उरझै नाहिँ॥
सहजो गुरुपरताप सूँ, होय समुन्दर पार।
बेद अर्थ गूँगा कहै, बादी कित इक बार॥
सहजो सतगुरु के मिले, भये और सूँ और।
काग पलट गति हन्स ह्वै, पाई भूली ठौर॥
सहजो यह मन सिलगता, काम क्रोध की आग।
भली भई गुरु ने दिया, सील छिमा का बाग॥
निश्चै यह मन डूबता, मोह लोभ की धार।
चरनदास सतगुरु मिले, सहजो लई उबार॥
ज्ञानदीप सतगुरु दियौ, राख्यौ काया कोट।
साजन बसि दुर्जन भजे, निकल गई सब खोट॥
सहजो गुरु दीपक दियौ, रोम रोम उजियार।
तीन लोक द्रष्टा भये, मिट्यौ भरमअँधियार॥

सहजो गुरु दीपक दियौ, नैना भये अनन्त।
आदि अन्त मध एकही, सूझि पड़ै भगवन्त॥
सहजो गुरु दीपक दियौ, देख्यौ आतमरूप।
तिमिर गयो चाँदन भयो, पायो परघट भूप॥
सहजो गुरु परसन्न है, मेट्यौ मन सन्देह।
रोम रोम सूँ प्रेम उठि, भींज गई सब देह॥
सहजो गुरु परसन्न है, एक कह्यो परसंग।
तन मन तें पलटी गई, रँगी प्रेम के रंग॥
सहजो गुरु परसन्न है, मूँदि लिये दोउ नैन।
फिर मों सूँ ऐसे कही, समझ लेहि यह सैन॥
सहजो गुरु किरपा करी, कहा कहूँ मैं खोल।
रोम रोम फुल्लित भई, मुखे न आवै बोल॥
चिउँटी जहाँ न चढ़ि सकै, सरसों ना ठहराय।
सहजो कूँ वा देस में, सतगुरु दई बसाय॥
सिष पौधा नौधा अभी, गुरुकिरपा की बाड़।
सहजो तरवर फैल बड़, सुफल फलै वह झाड़॥
सहजो सिष ऐसा भला, जैसे माटी मोय।
आपा सौंपि कुम्हार कूं, जो कछु होय सो होय॥
सहजो सिष ऐसा भला, जैसे चकई डोर।
गुरु फेरैं त्योंही फिरै, त्यागै अपना खोर॥
सहजो गुरु ऐसा मिलै, जैसे धोबी होय।
दे दे साबुन ज्ञान का, मल मल डारै धोय॥
सहजो गुरु ऐसा मिलै, मेटै मनसन्देह।
नीच ऊँच देखै नहीं, सब पर बरसै मेह॥
सहजो गुरु ऐसा मिलै, जैसे सूरजधूप।
सब जीवन कूँ चाँदना, कहा रंक कह भूप॥
सहजो गुरु ऐसा मिलै, समदृष्टी निर्लोभ।
सिष कूँ प्रेम समुद्र में, करदे झोबाझोब॥

सहजो गुरु बहुतक फिरैं, ज्ञान ध्यान सुधि नाहिं।
तार सकैं नहिँ एक कूँ, गहैं बहुत की बाहिँ॥
ऐसे गुरु तो बहुत हैं, धूत धूत धन लेहिँ।
सहजो सतगुरु जो मिलैं, मुक्तिधाम फल देहिँ॥
कुटँबजाल जित तित रुप्यो, पसु पंछी नर माहिँ।
सहजो गुरुवर्ती बचै, निगुरे अरुझत जाहिँ॥
बार बार नाते मिलैं, लख चौरासी माहिँ।
सहजो सतगुरु ना मिलै, पकड़ निकासैं बांहिं॥
जन्म जन्म हरि संगही, मिलि रह्यो आठो जाम।
सहजो गुरु के बिन मिले, पायो ना बिसराम॥
सहजो गुरु पूरा मिलै, सिष मैला घट चित्त।
मेंह बरसै कालर जिमीं, खेत न उपजै छित्त॥
मलयागिरि के निकट जो सब द्रुम चन्दन होहिं।
कीकर सीसोँ चीड़ वृच्छ, हुये न कबहूँ होहिं॥
सिष माटी सिष पाथरा, सिष लकड़ी सम जोय।
सहजो गुरुपारस लगे, कैसे कंचन होय॥
सहजो गुरु समरथ कला, सर्वदेसी सर्वअंग।
कोई कैसा ही सिष्य हो, सब पर गेरै रंग॥
सहजो गुरु रँगरेज सा, सबही कूँ रंग देत।
जैसा तैसा बसन है, जो कोई आवै सेत॥
सहजो गुरु दरसन दियो, पूर रहे सब ठौर।
जहाँ तहाँ गुरुही लखै, दृष्टि न आवै और॥
देखत ही आनँद भये, सतगुरु पहुँचे आय।
भवसागर दुखरूप सूँ, सहजो लई बचाय॥
चरनदास के चरन पर, सहजो वारै प्रान।
जगत ब्याधि सूँ काढ़ि कर, राख्यो पदनिरबान॥
सहजो गुरुमहिमा कही, पढ़ सुनि हिया सिराय।
उपजै गुरुकी भक्ति दृढ़, दुबिधा दुर्मति जाय॥

साधमहिमा

दोहा।

साध मिले गुरु पाइया, मिटि गये सब सन्देह।
सहजो कूँ समही भयो, कह गिरवर कह गेह ॥
साध मिले पूरी भई, जनम जनम की आस।
सहजो पायौ भाव तैं, सतसंगत में बास ॥
सहजो साधन के मिले, मन भयो हरि के रूप।
चाह गई, थिरता भई, रंक लख्यौ सोइ भूप ॥
साध मिले हरि ही मिले, मेरे मन परतीत।
सहजो सूरज धूप ज्यों, जल पाले की रीति ॥
साध मिले दुख सब गये, मंगल भये सरीर।
बचन सुनत ही मिटि गई जनम मरन की पीर ॥
साध संग में चाँदना, सकल अँधेरा और।
सहजो दुर्लभ पाइये, सतसंगत में ठौर ॥
सत संगत की नाव में, मन दीजै नर नार।
टेक बल्ली दृढ़ भक्ति की, सहजो उतरै पार ॥
साध संग तीरथ बड़ो, तामें नीर बिचार।
सहजो न्हाये पाइये, मुक्ति पदारथ चार ॥
जो आवै सतसंग में, जाति बरन कुल खोय।
सहजो मैल कुचैल जल, मिलै सु गंगा होय ॥
सहजो संगत साधकी, काग हंस ह्वै जाय।
तजिके भच्छ अभच्छ कूं, मोती चुगि चुगि खाय ॥
जब चेतै जबही भला, मोहनींद सूँ जाग।
साधू की संगत मिलै, सहजो ऊँचे भाग ॥
जो जन आवै टूट करि, साधू ह्वै दरसाय।
सहजो साँभरखेत में, गिरि साँभर ह्वै जाय ॥
सहजो संगत साध की, भली भई कुसलात।
नातर आवागमन में, जम ही करते घात ॥

सहजो संगत साध की, छूटै सकल बियाध ।
दुर्मति पाप रहै नहीं, लागै रंग अगाध ॥
साध वृच्छ बानी कली, चर्चा फूले फूल ।
सहजो संगत बाग में, नाना फल रहे भूल ॥
सहजो दरसन साध का, दो नैनाँ भर लेहि ।
तिहूँ ताप नश जायँगे, सीतल होगी देहि ॥
सहजो दरसन साध का, देखूँ वारूँ प्रान ।
जिनकी किरपा पाइये, निर्भय पदनिर्बान ॥

साधलच्छण

दोहा

निर्दुन्दी निर्बैरता सहजो अरु निर्वास ।
संतोषी निर्मलदसा, तकै न परकी आस ॥
ज्ञान मध्य इस्थिर दसा, ध्यान मध्य गलतान ।
सहजो साधू राम के, तजैं बड़ाई मान ॥
जो सोवैं तौ सुन्न में, जो जागैं हरिनाम ।
जो बोलैं तौ हरिकथा, भक्ति करैं निःकाम ॥
तन मन मेटैं खेद सब, तज उपाधि की चाल ।
सहजो साधू राम के तजैं कनक और बाल ॥
दीर्घ बुद्धि जिनकी महा, सील सदा ही नैन ।
चेतनता हिरदे बसै, सहजो सीतल बैन ॥
तनकूँ साधे हो रहैं, चित कूँ राखैं हाथ ।
सहजो मनकूँ यौं गहैं, चलै न इन्द्रिन साथ ॥
नित ही प्रेम पगे रहैं, छके रहैं निज रूप ।
समदृष्टी सहजो कहै, समझैं रंक न भूप ॥
सुरत नहीं ब्योहार में, जगत रीति सूँ पीठ ।
सनमुख हैं गुरुभक्ति में, सहजो हरि के ईठ ॥
साध असंगी सँग तजैं, आतम ही को संग ।
बोधरूप आनन्द में, पियैं सहज को रंग ॥

दुर्जन नां साजन नहीं, नहीं बैर नहिं प्रीत ।
सकल विकल उनके नहीं, सहजो हरिजनरीत ॥
सहजो हरिजन मुक्त हैं, डार दुई की पोट ।
चाह गई संसा मिटा, बंधन छूटे कोट ॥
राग द्वेष सूँ रहित हैं, बैरागी निरबन्ध ।
सहजो इच्छा ना रही, माया ब्रह्म की संध ॥
आसन संजम साध करि, साध प्रान आपान ।
सहजो मुद्रा जौ सधै, तौ जोगी परवान ॥
तीनों बंध लगाय के, अनहद सुनै टकोर ।
सहजो सुन्न समाधि में, नहीं साँझ नहिं भोर ॥
ना सुख विद्या के पढ़े, ना सुख बादविवाद ।
साध सुखी सहजो कहै, लागै सुन्न समाध ॥
मुऐ दुखी जीवत दुखी, दुखी भूख आहार।
साध सुखी सहजो कहै, पायो नित्त विहार ॥
चाह दुखी, आसा दुखी, महा दुखी अज्ञान ।
साध सुखी सहजो कहै, पायो केवल ज्ञान ॥
धनवन्ते सबही दुखी, निर्धन हैं दुखरूप।
साध सुखी सहजो कहै, पायो भेद अनूप ॥
रंक दुखी, राजा दुखी, दुखी सकल संसार ।
साध सुखी सहजो कहै, पाया भेद अपार ॥
ना सुख दारा सुत महल, ना सुख भूप भये ।
साध सुखी सहजो कहै, तृस्नारोग गये ॥

बैरागउपजावन को अंग

दोहा

सहजो भज हरिनाम कूँ, तजो जगत सूँ नेह ।
अपना तो कोइ है नहीं, अपनी सगी न देह ॥
यही कही गुरुदेव जू, यही पुकारैं सन्त ।
सहजो तज या जगत कूँ, तोहि तजैगो अन्त ॥

कलह कलपना दुख घना, सदा रहै मन संग।
अकस भरे कूँ छोड़िये, सहजो जग बेढंग॥
जैसे सँड़सी लोह की, छिन पानी छिन आग।
ऐसे दुख सुख जगत के, सहजो तू मत पाग॥
अचरज जीवन जगत में, मरिबो साँचो जान।
सहजो अवसर जात है, हरि सूँ ना पहिचान॥
जग सेया जग में पगा, जग सँग दीन्हे प्रान।
राम तजै जग सूँ रचै, सहजो निश्चै हान॥
झूठा नाता जगत का, झूठा है घर बास।
यह तन झूठा देखकर, सहजो भई उदास॥
जब लग चावल धान में, तब लग उपजै आय।
जगछिलके कूँ तजि निकस, मुक्तिरूप है जाय॥
कुँटब सँगाती बीच में, आदि अन्त नहिं होय।
बीच मिले बिच ही गये, सहजो संग न कोय॥
सहजो स्वारथ सब लगे, दारा सुत औ बीर।
जीवत जोतैं बैल ज्यों, मुए चढ़ावैं सीर॥
कोई किसी के संग ना, रोग मरन दुखबन्ध।
इतने पर अपनौ कहैं, सहजो ये नर अन्ध॥
दरद बटाय सकैं नहीं, मुए न चालैं साथ।
सहजो क्यों कर आपने, सब नाते बरबाद॥
मर बिछुड़ै जो कुँटब सूँ, बहुर न देखै आय।
महल द्रव्य सन्तान कूँ, सहजो पचै बलाय॥
मरि बिछुड़न यों होइगो, ज्यों तरवर सूँ पात।
सहजो काया प्रान यों, मुख सेती ज्यों बात॥
सहजो जीवत सब सगे, मुए निकट नहिं जायँ।
रोवैं स्वारथ आपने, सुपने देख डरायँ॥
सहजो धन माँगै कुँटब, गाड़ा धरा बताय।
जो कछु है सो दे हमैं, फिर पाछे मरि जाय॥

मुख देखैं ढाँपैं भजैं, तड़ दे तोड़ैं नेह ।
सहजो पति सुत निज हितू, जारि करैंगे खेह ॥
काढ़ काढ़ बेगी कहैं, भीतर बाहर लोय ।
जीव छुटे सहजो कहैं, तन का सगा न कोय ॥
यह मन्दिर, यह नारि है, यह धन, यह सन्तान ।
तेरो ना सहजो कहै, काहे करत गुमान ॥
जन्म जुआ सूँ हारिहो, कियो न लाहा सूल ।
डारपात फल सींच कर, सहजो काटत मूल ॥
सहजो गुरुपरताप सूँ, ऐसी जान पड़ी ।
नहीं भरोसा स्वास का, आगे मौत खड़ी ॥
भीतर का भीतर खुलै, कै बाहर खुलि जाय ।
देह खेह ह्वै जायगी, जैहौ जन्म गँवाय ॥
स्वासा दीपक के बुझे, होत अँधेरी देह ।
सहजो सूनी प्रान बिनु, जब कैसो हरिनेह ॥
सहजो फिर पछितायगी, स्वास निकस जब जाय ।
जब लग रहै शरीर में, राम सुमिर गुन गाय ॥
स्वास खजानो जातु है, ताकी सोधी नाहिँ ।
सहजो खर्चौ का रह्यो, कर हिसाब घर माहिँ ॥
सहजो नौबत स्वास की, बाजत है दिन रैन ।
मूरख सोवत है महा, चेतन कूँ नहिँ चैन ॥
हिरनाकुस से ह्वै मिटे, दुर्जोधन सिसुपाल ।
कुम्भकरन रावन गये, सहजो खाया काल ॥
निश्चै मरना सहजिया, जीवन की नहिं आस ।
कै टूटी सी झोपड़ी, कै मन्दिर में बास ॥
कै गरीबसिर टोकरी, कै सिर छत्तर होय ।
जन्म मरन में एकसे, सहजो भांति न दोय ॥
मरना है रहना नहीं, जाना वाही ठौर ।
सहजो कै कंगाल हो, कै हो द्रव्य कड़ोर ॥

आपन हूँ थिर होहिं जो, करैं और को सोग ।
सहजो साथी नाथ के, सभी बटाऊ लोग ॥
बैठि बैठि बहुतक गये, जग तरवर की छाहिं ।
सहजो बटाऊ बाट के, मिलि मिलि बिछुड़त जाहिं ॥
यह रस्ता बहता रहै, थमै नहीं छिन एक ।
बहु आवैं बहु जातु हैं, सहजो आँखन देख ॥
जग देखत तुम जावगे, तुम देखत जग जाय ।
सहजो योंहीं रीति है, मत कर सोच उपाय ॥
मुए सोकाया जारई, बहुरि न मिलि है आय ।
रोये तें कह होत है, सहजो झुरै बलाय ॥
झुरि झुरि के पिंजर भये, रोइ गँवाये नैन ।
मरे गये सो ना मिले, सहजो सुने न बैन ॥
जो रोये सूँ बाहुरै, तौ रोवो दिन रात ।
तन छीजै वह ना मिलै, सहजो कूड़ी बात ॥
काहे कूँ रोवत रहौ, कल्प न होवैं काज ।
सहजो मुए सो मरि गये, आवैं काल्ह न आज ॥
देह निकट तेरे पड़ी, जीव अमर है नित्त ।
दुइ में मूआ कौन सा, का सूँ तेरा हित्त ॥
जो तेरा हित देह सूँ, नखसिख ताही खंड ।
जीव अमर सहजो कहै, व्यापक और अखंड ॥
तेरा थानी क्यों मुआ, क्यों न रखा गहि बाहिँ ।
सहजो बहुतक मिलि छुटे, चौरासी के माहिँ ॥
कभुवक तेरा बाप है, कभुवक तेरा पूत ।
कभुवक तेरा मित्र है, कभुवक तेरा सूत ॥
जो तेरे संग प्यार था, जाता वाके साथ ।
कै वाही कूँ राखता, सहजो गहिकर हाथ ॥
कल्प रोय पछिताय थक, नेह तजौगे कूर ।
पहिले ही सूँ जो तजै, सहजो सो जन सूर ॥

यों खाता यों सोवता, मीठे कहता बोल।
यह विचार तू मत करै, चित रह डाँवाँडोल ॥
बैठि पहिरि यों चालता, बस्तर भूषन लाल।
यह विचार तू मत करै, छलरूपी जगजाल ॥
आगे रो रो क्या किया, अब क्यों रोवै भाँड़।
संग न आया ना चलै, यह जग झूठी माँड ॥
आगे मुये सो जा चुके, तू भी रहै न कोय।
सहजो पर कूं क्या झुरै, आपन ही कूँ रोय ॥
बहुत गई थोड़ी रही, यह भी रहसी नाहिं।
जन्म जाय हरिभक्ति बिनु, सहजो झुर मन माहिं ॥

प्रेमका अंग

चरनदास सतगुरु दियो, प्रेम पिलाया पान।
सहजो मतवारे भये, तुरियातत गलतान ॥
प्रेमदिवाने जो भये, मन भयो चकनाचूर।
छके रहैं घूमत रहैं, सहजो देख हजूर ॥
प्रेमदिवाने जो भये, प्रीतम के रँग माहिं।
सहजो सुधि बुधि सब गई, तन की सोधी नाहिं ॥
प्रेमदिवाने जो भये, पलटि गयो सब रूप।
सहजो दृष्टि न आवई, कहाँ रँक कहँ भूप ॥
प्रेमदिवाने जो भये, कहैं बहकते बैन।
सहजो मुख हाँसी छुटै, कबहूँ टपकै नैन ॥
प्रेमदिवाने जो भये, जाति बरन गइ छूट।
सहजो जग बौरा कहै, लोग गये सब फूट ॥
प्रेमदिवाने जो भये, नेम धरम गयो खोय।
सहजो नर नारी हँसै, वा मन आनँद होय।
प्रेमदिवाने जो भये, सहजो डिगमिग देह ॥
पाँव पड़ै कितकै किती, हरि सम्हाल जब लेह ॥
कबहूं हकधक होर है, उठे प्रेमहित गाय।

सहजो आँख मुँदी रहै, कबहूं सुधि हो जाय ॥
मन में तो आनँद रहै, तन बौरा सब अंग ।
ना काहू के संग है, सहजो ना कोइ संग ॥
प्रेमलटक दुर्लभ महा, पावै गुरु के ध्यान ।
अजपा सुमिरन कहत हूँ, उपजै केवल ज्ञान ॥

---

16. JAGJIVANDAS.

Jagjivandas was a Chandel Thakur of Kotwa in Barabanki District of Oudh, and flourished about the year 1761 of the Christian era. He is a well known religious teacher and also wrote poems in the vernacular. "Among his successors and disciples may be mentioned Jalalidas, Dulamdas and Debidas, all of whom were poets. He and they excelled in the quetistic style. Among his works may be mentioned the *Gyánparkás*, *Maháparlai* and the *Pratham Granth*."

According to the editor of the *Sant Bani Series*, he was born in Sardaha two *cos* from Kotwa on the banks of the Saryu. The story of his initiation by his gurus is interesting and may be stated as follows :—

Jagjivandas's father was an ordinary cultivator and Jagjivan used to look after his cattle. One day two famous Sadhus, Bulla Sahib and Govind Sahib came to him and asked him to get some fire for their *chilam*. Jagjivan went home and got not only fire but some milk also for them. He was, however, afraid of being beaten by his father, whereupon the holy men told him that the milk in the house will not be diminished and accepted the gift. They went away and Jagjivan drove the cattle to his house, only to see the whole house overflowing with milk. Jagjivan ran after them and having found them asked them to initiate him. They said that no initiation was necessary as he was a Jogi of his previous birth and they had come only to remind him of his mission. Jagjivan insisted

on getting some token, whereupon Bulla Sahib gave him a black thread and Govind Sahib a white thread. Persons of this sect still wear a black thread on the left wrist and a white thread on the right. Jagjivan Das's growing importance excited the jealousy of the villagers who began to devise means for persecuting him. Jagjivan therefore left Sardaha and removed to Kotwa. Shortly after Sardaha was carried off by the river.

In Kotwa there is still a *samádh* of the saint, where a fair is held annually.

Jagjivan was a family man. A strange story is told of his daughter's marriage. The marriage party refused to dine in his house unless meat diet was offered. The saint ordered brinjals to be cooked which the party ate with as much relish as if it was meat. The followers of the sect abstain from brinjals. Bulla Sahib was a native of Ghazipur district and his other disciple Gulal was the great-grand Guru of Paltúdas of Ayodhya.

जगजीवनदास की बानी ।

विनती और प्रार्थना

शब्द १

मोहिं ते करि न बन्दगी जाइ ।
सुद्धि तुमहीं बुद्धि तुमहीं तुमहिं देत लखाइ ॥
केतनि हौं गनती मैं केती, कहि न सकौं बनाइ ।
चहे चरन लगाइ राखौ, चाहिये बिसराइ ॥
देवता मुनि जती सुर सब, रहे तारी लाइ ।
पढ़ैं चारिउ बेद ब्रह्मा गाइ गाइ सुनाइ ॥
भस्म अंग लगाइ संकर, रहे जोति मिलाइ ।
कौन जानै गति तुम्हारी, रहे जहँ तहँ छाइ ॥
जानिये जन आपना मोंहि, कबहुँ ना बिसराइ ।
जगजीवन पर करहु दाया तबहिं भक्त कहाइ ॥

शब्द २

अब मैं कवन गनती आउँ ।
दियो जबहिं लखाइ मोहिं कहँ, तबहि सुमिरौं नाउँ ॥
समुझि ऐसे परत मोहि कहँ, बसे सरबस ठाउँ ।
अहो न्यारे कहूँ नांहीं, रूपकी बलि जांउँ ॥
नाम का बल दियो जेहि कहँ, राखि निर्भय गाउँ ।
काल को डर नहीं उहवां, भला पायो दाउँ ॥
चरन सीसहि राखि निरखौ, चाखि दरस, अघाउँ ।
जगजीवन गुर करहु दाया, दास तुम्हरा आउँ ॥

शब्द ३

अब मोंहि जानु आपन दास ॥
सीस चरन में रहै लागो, और करौं न आस ।
दियो मोंहि उपदेस तुमहीं आइ तुम्हरे पास ॥
लियो ढिग बैठाइ कै जग, जानि सबै निरास ।
भला है अस्थान अम्मर, जोति है परगास ॥
करौं बिनती बहुत बिधि ते दीजिये बिस्वास ।
गति तुम्हारी कौन जानै जगजीवन है दास ॥

शब्द ४

अब मैं करौं कौन बयान ।
चहौ पल में करहु सोई होय सो परमान ॥
सहस जिभ्या सेस बरनत, कहत बेद पुरान ।
मोंहि जैसी करहुँ दाया करहुँ तैसि बखान ॥
सँतन कोंह सिखाइ लीन्ह्यो कहत सोई ज्ञान ।
लागि पागि के रहै अंतर मस्त रहत निर्वान ॥
रहे मिलि तुम नहीं न्यारे, कबहुँ नहिं बिलगान ।
जगजीवन धरि सीस चरनन नहीं भावै आन ॥

शब्द ५

अब मैं कहौं का कछु ज्ञान ।
बुद्धिहीनं सुद्धिहीनं हौं अजान हैवान ॥
ब्रह्म सेस महेस सुमिरत, गहैं अन्तर ध्यान ।
संत तंतै रहत लागे कहत ग्रंथ पुरान ॥
जोति एकै अहै निर्मल करै सबै बयान ।
जहां जैसे भाव आहै भयो तस परमान ॥
करौ दाया जानि आपन नहीं जानहुँ आन ।
जगजीवन दास सत्य समरथ चरन रहु लपटान ॥

शब्द ६

साइँ मैं नहीं कछु जाना ।

बाल बुद्धि कछु नाहिं जान्यों रह्यों सदा हैवाना ।
करि कुसंग कुमारग डोल्यो निसि बासर अभिमाना ॥
नहिं मति मोरि कहौं मैं कहँ लगि तुम सब कृपानिधाना ।
मोंहि सिखाइ पढ़ाइ दृढ़ावहु तबहिँ धरौं मैं ध्याना ॥
मैं बपुरा केतनि किन मांही करि नहिं सकौं बखाना ।
जगजीवन पर दाया करिये गुरु निरखै निरबाना ॥

शब्द ७

प्रभु बिन किरपा भक्ति न होय ।
कर्म अघ तेहि मेटि डारयौं, मंत्र सिखयो सोय ॥
तिरथ बरतं करि तपस्या डारि यहु तनु खोय ।
नांहिं लाहत नामरस बहु नांहि दृढ़ता होय ॥
कोटि तीर्थ अस्नान करिके सैन रहे समोय ।
ऐस करि कै बिचार नांही रहे मनमन रोय ॥
पढ़ि पुरान गरंथ गोता बकत कीरति सोय ।
नहीं अजपाडोरि लागै भक्ति कैसे होय ॥
हो दयाल निहाल कर मोंहि दूजा नाहिन कोय ।
जगजीवन को चरन गुरु के नहीं न्यारा होय ॥

शब्द ८

प्रभु जी बुद्धि मोंहि केतानि ।
दया जब तुम कीन मो पर कह्यो ज्ञान बखानि ॥
भ्रमत रह्यो अपंथ मारग परयो जाही जानि ।
कहाँ लगि मैं कहौं औगुन महा अघ की खानि ॥
मेटि सकल गुनाह औगुन सरन लीन्हो आनि ।
जानि हित करि आपना मोंहि और नाहीं मानि ॥
कहतहौं करि जोरि सुनिये मोरि अन्तर जानि ।
जगजीवनदास तुम्हार आहै तुमहिं लियो पहिचानि ॥

चेतावनी

शब्द १

अरे मन देहु तजि मतवारि।
जे जे आये जगत महँ एहि, गये ते ते हारि॥
नहीं सुमिरयौ नाम काँ, सब गयो काम बिगारि।
आपु कां जिन बड़ा जान्यौ, काल खायो मारि॥
जानि आपुहिं छोट जग रहि रहौ डोरि सँभारि।
बैठिकै चौगान निरखहु, रूप छबि अनुहारि॥
रहौ थिर सतसंगवासी, देहु सकल बिसारि।
जगजीवन सतगुरु कृपा करि, लेहैं सबै सँवारि॥

शब्द २

अरे मन समुझ करु पहिचान।
को तैं अहसि कहां ते आयसि, काहे भर्म भुलान?
सुधि सँभार बिचार करिकै, बूझु पाछिल ज्ञान।
नाचु एहि दुइ चारि दिन का, अचल नहिं अस्थान॥
लोक गढ़ एहु कोट काया, कठिन मायावान।
लाग सब के बचे कोउ नहिँ, हरयौ सब का ध्यान॥
खबरदार बेखबर हो नहिं, ओट नाम निर्वान।
जगजीवन सतगुरु राखि लेहैं, चरन रहु लिपटान॥

शब्द ३

अरे नर का एहि तकि बौराना।
सुख परि कौल कीन तेहिं त्यागी,
मन माना मन जाना॥
चला जात कोउ अचल नहीं है,
अबहुँ समझ हैवाना।
धोखा है तकि भूल फूल नहिं,
होइहि सबै बिराना॥

दिन दुइ चारि की संगत सब की,
है है अंत चलाना।
एत दिन रहि इतर भ्रम भीतर,
बिना भजन पछिताना ॥
लेहु बचाय नचाय नाम गहि,
कहीं नियाये ज्ञाना।
जगजीवन सब वृथा जानिकै,
धरहु चरन कर ध्याना ॥

शब्द ४

मनुवाँ ऐसो प्रीति लगाव।
ससिरूप जैसे चकोर निरखत, ऐसे चित्त मिलाव ॥
सूम के हित दाम ज्यों नित नेम कौड़ी भाव।
अस लागि रहु रस पागि दुनियाँ, धंध सब बिसराव ॥
जुवा कामी रतै कामिनि, रैन दिन भरमाव।
अस रहै लागी नहीं भूलै, दूरि दुबिधा भाव ॥
बहुत सुत हित बाँझिनी के, बसत हिरदय ठावँ।
जगजीवन गुरुचरन गहि रहु, भक्ति को असनावँ ॥

शब्द ५

मन तैं काहे का करत गुमान।
रहहु अधीन नाम वह सुमिरहु, तोहिं सिखावौं ज्ञान ॥
आये जे जे फूलि भूलि गे फिरि पाछे पछतान।
फिरि तौ कोई काम न आवा, ह्वैगा जबै चलान ॥
जो आवा सो खाकहिं मिलिगा, उड़ि उड़ि खेह उड़ान।
बिरथा गयो आय जग जनमे, जो पै नाहीं जान ॥
सुधि सँभारि सँवारि लेहु करि, अधरम करहु अड़ान।
जगजीवन गुरुचरन गहि रहु, निरगुन तकु निरबान ॥

शब्द ६

मैं तें जग त्यागि मन चलिये सिर नाई।

नाम जानि दीन हीन करिय दीनताई ॥
अहंकार गर्व ते सब गये है बिलाई ।
रावन के सीस काटि राम की दोहाई ॥
जिन जिन गुमान कीन मारि गर्द ही मिलाई ।
साधि साधि बांधि प्रीति ताहि पर सहाई ॥
परसहु गुरु सीस डारि दुनिया बिसराई ।
जगजीवन आस एक टेक रहि लगाई ॥

शब्द ७

अरे मन देहु सबै बिसराय ।
दीन ह्वै लवलीन करिकै नाम रहु लौ लाय ॥
नाम अमृत जपहु रसना गुप्त अंतर पाय ।
मैल छूटि कै होय निर्मल सुद्धि पाछिल आय ॥
निर्गुन निहारि निरखहु अनत नाहीं जाय ।
सीस दुइ कर परहु चरनन छूटि नाहीं जाय ॥
सदा रहहु सचेत हेत लगाइ नहिं बिसराय ।
जगजीवन परकासमूरति सुरति सुरति मिलाय ॥

शब्द ८

हमारा देखि करै नहिं कोई ।
जो कोई देखि हमारा करिहै, अंत फजीहति होई ॥
जस हम चले चलै नहिं कोई, करी सो करै न सोई ।
मानै कहा कहे जो चलिहै, सिद्धि काज सब होई ॥
हम तो देह धरे जग नाचब, भेद न पाई कोई ।
हम आहन सतसंगीबाली, सूरति रही समोई ॥
कहा पुकारि बिचारि लेहु सुनि, बृथा शब्द नहिं होई ।
जगजीवनदास सहज मन सुमिरत, बिरलै यहि जग कोई ॥

शब्द ९

साधो समझौ मनही माहीं ।
अजब तमासे हैं दुनियां के, कछु कहिबे को नाहीं ॥

अस्तुति करहिं भाव करि बहु बिधि, फिर फिर निंदै कराहीं ।
मैं नहिं जानौ सांच कहतु हौं, परिहैं नर्कहि माहीं ॥
मैं केतानि कौनि गिनती महँ, कहा जाति कछु नाहीं ।
साहब समरथ दाया करिहैं, नाम बसत जेहि माहीं ॥
करै न निंदा मैं तैं त्यागै, दीन रहै मन माहीं ।
जगजीवन तेहि पर किरिपा भै, बैठे अम्मरछाहीं ॥

शब्द १०

साधौ, कहा जो मानै कोई ।
जो कोइ कहा हमार मानिहै, भला ताहि कै होई ॥
तजै गरूर पूर कहि बानी, मनहि दीनता होई ।
तेहि कां काजसिद्धि कै जानौ, सुखानंद तेहि होई ॥
अन्तर भजु केहुँ दुक्ख देइ नहिं, मैं तैं डारै खोई ।
तेहि काँ राम सदा सुखदायक, सुद्धि ताहि कै लेई ॥
परगट कहत अहौं गुहराये, जगते न्यारे वोई ।
जगजीवन मूरति वह निरखा, सूरति रही समोई ॥

शब्द ११

दुनिया दुबिधा सबै परी ।
जाहि केर बनाव है सब भजत नाहिं घरी ॥
पाइ दौलत धाम सुख परि मोर मोर करी ।
मारि कै यमदूत खूंदा सबै सुधि बिसरी ॥
मातु पितु सुत साथ ना कोइ चले लै पकरी ।
महादुर्गति दूत कीन्हौ सबै सुद्धि हरी ॥
समुझि बूझि सँभार सूरति नाम चित्त धरी ।
जगजीवन ते पार उतरे नामबल उबरी ॥

शब्द १२

मन तुम काहे रसनि बिसराई ।
तबतो रसनि रही रसनी महँ, अब काहे गफिलाई ॥
पांच प्रचंड संग हैं तेरे, संग पचीस लेवाई ।

इनते पेंचि खैंचि नहिं आवै, जहां तहां उठि धाई ॥
जुक्ति बांधि करि लेहु एक करि, मैं तैं देहु छुड़ाई ।
चलि अस्थान जहां गुरु बैठे, रहहु बंदगी लाई ॥
देखत रहहु दृष्टि नहिं टारहु, निर्मल जोति निरथाई ।
जगजीवन सतगुरु के चरन गहि, रहिये थिर ठहराई ॥

शब्द १३

रहु सत साईं राखु निहार ॥
दिल खाक करु सब खाक है,
चढ़ु पवन दसहूं द्वार ।
तहँ सोधि रहु छवि निरखि नैनन,
ससि भानुछवि तेहिं बार ॥
बैठि तहँ भ्रम त्यागि करिकै,
मूरति अलख अधार ।
जगजीवन यहि जुक्ति रहे तेहिं
नाहिं बाँकहि बार ॥

शब्द १४

मन महँ नाहिं बूझत कोय ।
नहीं बसि कछु अहै आपन, करै करता होय ॥
कहत मैं तै सूझि नाहीं, भर्म भूला सोय ।
पड़े धारा मोह की बसि, डारि सर्बस खोय ॥
करै निंदा साध की, परि पाप बूड़े सोय ।
अंत फहिजत होहिंगे, पछिताय रहिहैं रोय ॥
कहौं समुझि बिचारिकै, गहि नाम द्रढ़ धरु टोय ।
जगजीवन है रहहु निर्भय, चरन चित्त समोय ॥

शब्द १५

मन तैं नाहिं इत उत धाव ।
रटतु रहु दुइ अच्छर अंतर, अपथ गैल न जाव ॥
उहाँ ते निर्बिन्दु आयौ, पिंडबासा गावँ ।

चेति सुद्धि सँभार ले तैं, चूकु नाही दांव ॥
समुझि फिरि पछिताइ है, परि जोनि बहु डरुपाव।
सत्तसरसौं बांटि उपटन, अंग अपने लाव ॥
छूटि मैलं होय निर्मल, नूर नीर अन्हाव।
जगजीवन निर्बान होवै, मिटै सब दुचिताव ॥

कर्म भर्म निषेध और उपदेश सतगुरु व शब्द भक्ति के।

शब्द १

साईं मोहिं सब कहत अनारी।
हम कहँ कहत अजान अहैं एइ, चतुर सबै संसारी ॥
अहै अभेद भेद नहिं जानत, लिखि पढ़ि कहत पुकारी।
देखि करत सो आवत नाहीं, डारिन भजन बिगारी ॥
कहा कहौं मन समुझि रहत हौं, देख्यौं दृष्टि पसारी।
समुझाये कोइ मानत नाहीं, कपट बहुत अधिकारी ॥
बिरले कोइ जन करत बंदगी, मैं तैं डारत मारी।
जगजीवन गुरुचरन सीस दै निरखत रूप निहारी ॥

शब्द २

संतन कह्यो रमज से बानी।
तत्तसार बताय दीन्ह्यौ, काहु भेद न जानी ॥
बहुतक अंधे बंधे माया, आहहिँ गर्बगुमानी।
समुझाये जे समुझत नाहीं, होइहि तिन की हानी ॥
साधन की गति कहि नहिं आवै, केहि मुख कहौं बखानी।
जगजीवन चरनन ते लागे, निरखि जोतिनिर्बानी ॥

शब्द ३

भे जे नाम भजि मस्तान।
सदा लागी रहत तारी नाहिँ सूझत आन ॥

दीनता गहि सीस वारे तजे गर्ब गुमान ।
अबल कोऊ कहँ नहिं तेहि महा है बलवान ॥
काल तिन ते करत बिनती रहत सदा हैरान ।
कहत शब्द पुकारि कै सुनि मानि ले परमान ॥
रहत नीचे तकत ठाढ़े जहँ सतगुर निर्बान ।
जगजीवन गहि चरन मन तें, भये ताहि समान ॥

---

17. PALTUDAS.

Paltudas's *akhárá* is situated at a distance of four furlongs from my house in Ayodhya yet very little could be ascertained about his life. According to a verse composed by his brother Paltuprasad, he was a *Kándu* of Nanga-Jalalpur now called Nagpur Jalalpur on the borders of Fyzabad district, adjoining Azamgarh. He was a disciple of Govind who in turn was a disciple of Bhikha Sahib. He flourished in the reign of Nawab Shujaudoulah who had his capital in Fyzabad and in whose reign Fyzabad was at the height of its glory and rivalled Delhi. He lived in Ayodhya and here he died and was buried.

It is said that the bairagis of Ayodhya, irritated by his teachings burnt him alive but he appeared in Jagannath and, shortly after, disappeared.

The accompanying extracts are taken from *Paltu Sahib ki báni* published by the Belvedere Steam Printing Works Allahabad with the kind permission of the proprietor.

With Paltudas ends my collection of saints of special *panths* like Kabir. The next two were great scholars and votaries of Lord Rama but had no *panth* of their own.

पलटूदास की बानी

कुंडलिया

गुरुदेव

(१)

परस्वारथ के कारने संत लिया औतार ॥
संत लिया औतार जगत को राह चलावैं ।
भक्ति करैं उपदेश ज्ञान दे नाम सुनावैं ॥
प्रीत बढ़ावैं जक्त मैं धरनी पर डोलैं ।
कितनौ कहै कठोर बचन, वे अम्रित बोलैं ॥
उनको क्या है चाह, सहत हैं दुःख घनेरा ।
जिवतारन के हेत मुलुक फिरते बहुतेरा ॥
पलटू सतगुरु पायके दास भया निरवार ।
परस्वारथ के कारने संत लिया औतार ॥

(२)

धुन आनै जो गगन की सो मेरा गुरुदेउ ॥
सो मेरा गुरुदेव सेव मैं करिहौं वाकी ।
सब्द में है गलतान अवस्था ऐसी जाकी ॥
निस दिन दसा अरूढ़ लगै ना भूख पियासा ।
ज्ञानभूमि के बीच चलत है उलटी स्वासा ॥
तुरिया सेती अतीत सोधि फिर सहज समाधी ।
भजन तेल की धार साधना निर्मल साधी ॥
पलटू तन मन वारिये मिलै जो ऐसा कोउ ।
धुन आनै जो गगन की सो मेरा गुरुदेउ ॥

(३)

नाव मिली केवट नहीं कैसे उतरै पार ॥
कैसे उतरै पार पथिक विश्वास न आवै ।
लगै नहीं वैराग यार कैसे कै पावै ॥
मन में धरै न ज्ञान नहीं सतसंगति रहनी ।
बात करै नहिं कान प्रीत बिन जैसे कहनी ॥
छूटि डगमगी नाहिं संत को वचन न मानै ।
मूरख तजै विवेक चतुरई अपनी आनै ॥
पलटू सतगुरु शब्द का तनिक न किया विचार ।
नाव मिली केवट नहीं कैसे उतरै पार ॥

(४)

जग खीझै तो का भया रीझै सतगुरु संत ॥
रीझै सतगुरु संत आस कुछ जग की नांहीं ।
एक द्वार को छोड़ और ना मांगन जाहीं ॥
जिउ मेरो बरु जाय जन्म बरु जाय नसाई ।
करौं न दूसर आस संत की करौं दुहाई ॥
तीन लोक रिसियाय सकल सुर नर औ नारी ।
मोर न बांकै बार पठंगा पाया भारी ॥
पलटू सब रोवै पड़ा मोर भया सलतंत ।
जग खीझै तो का भया रीझै सतगुरु संत ॥

(५)

हाथ जोरि आगे मिलैं लै लै भेंट अमीर ॥
लै लै भेंट अमीर, नाम का तेज विराजा ।
सब कोउ रगरै नाक आइकै परजा राजा ॥
सकलदार मैं नहीं नीच फिर जात हमारी ।
गोड़ धोय षटकरम बरन पीवै लै चारी ॥
बिन लसकर बिन फौज मुलुक में फिरी दुहाई ।
जन महिमा सतनाम आपु में सरस बड़ाई ॥

सत्तनाम के लिहे से पलटू भया गँभीर।
हाथ जोरि आगे मिलैं लै लै भेंट अमीर॥

(६)

बड़ा होय तेहि पूजिये संतन किया विचार॥
संतन किया विचार ज्ञान का दीपक लीन्हा।
देवता तैंतिस कोटि नजर में सब को चीन्हा॥
सबका खंडन किया खोजि के तीनि निकारा।
तीनों में दुइ सही मुक्ति का एकै द्वारा॥
हरि को लिया निकारि बहुर तिन मंत्र विचारा।
हरि हैं गुन के बीच संत है गुन से न्यारा॥
पलटू प्रथमै संत जन दूजे हैं करतार।
बड़ा होय तेहि पूजिये संतन किया विचार॥

(७)

सीतल चन्दन चन्द्रमा तैसे सीतल संत॥
तैसे सीतल संत जगत की ताप बुझावैं।
जो कोई आवै जरत मधुरमुख बचन सुनावैं॥
धीरज सील सुभाव छिमा ना जात बखानी।
कोमल अति मृदु बैन बज्र को करते पानी॥
रहन चलन मुसुकान ज्ञान को सुगँध लगावैं।
तीनि ताप मिट जायँ संत के दर्सन पावैं॥
पलटू ज्वाला उदर की रहै न, मिटै तुरंत।
सीतल चन्दन चन्द्रमा तैसे सीतल संत॥

(८)

संत बराबर कोमल दूसर को चित नांहिं॥
दूसर को चित नांहि करैं सबही पर दाया।
हित अनहित सब एक अशुभ शुभ हाथ बनाया॥
कोमल कुसुमी चाह नहीं सुपने में दूषन।
देखैं परहित लागि प्रेमरस चूसैं ऊख न॥

मिलनसार मुसकान बचन मृदु बोली मीठी ।
पुलकित सीतल गात सुभग रतनारी दीठी ॥
पलटू कौनौ कुछ कहै तनिकौ ना अकुताहि ।
संत बराबर कोमल दूसर को चित नांहिं ॥

(९)

संतन के सिर ताज है सोइ संत होइ जाय ॥
सोइ संत होइ जाय रहै जो ऐसी रहनी ।
मुख से बोलै सांच करै कछु उज्जल करनी ॥
एक भरोसा करैं, नहीं काहू से मांगैं ।
मन में करै सँतोष तनिक ना कबहूं लागैं ॥
भली बुरी कोउ कहै ताहि सुन नहिं मन मांखै ।
आठ पहर दिनरात नाम की चरचा राखै ॥
पलटू रहै गरीब ह्वै भूखे को दै खाय ।
संतन के सिर ताज है सोइ संत ह्वै जाय ॥

(१०)

तीन लोक से है जुदा उन संतन की चाल ॥
उन संतन की चाल करम से रहते न्यारे ।
लोभ मोह हंकार ताहि की गरदन मारे ॥
काम क्रोध कछु नांहिं लगै ना भूँख पियासा ।
जियतै मिर्तक रहैं करैँ ना जग की आसा ॥
ऋद्धि सिद्धि को देखि देत हैं खाक चलाई ।
माया से निर्चिंत भजन की करैं बड़ाई ॥
सभै चबैना काल का पलटू उन्है न काल ।
तीन लोक से है जुदा उन संतन की चाल ॥

(११)

कबहीं फांका फकर है कबहीं लाख करोर ॥
कबहीं लाख करोर गमी सादी कछु नांहीं ।
ज्यों खाली त्यों भरा सबुर है मन के मांहीं ॥

कबहीं फूलन सेज हाथी की है असवारी।
कबहीं सोवै भुइँ पियादे मँजिल गुजारी॥
कबहीं मलमल जरी ओढ़ते साल दुसाला।
कबहीं तापै आग ओढ़ि रहते मृगछाला॥
पलटू यह यह एक है परालब्ध नहिं जोर।
कबहीं फांका फकर है कबहीं लाख करोर॥

(१२)

साध महातम है बड़ा जैसो हरिजस होय॥
जैसो हरि जस होय ताहि को गरहन कीजै।
तन मन धन सब वारि चरन पर तेकरे दीजै॥
नाम से उत्पत्ति राम संत अनाम समाने।
सब से बड़ा अनाम नाम की महिमा जाने॥
सत बोलते ब्रह्म चरन कै पियै पखारन।
बड़ा महापरसाद सीथ संतन कर छांडन॥
पलटू संत न होवते नाम न जानत कोय।
साध महातम है बड़ा जैसो हरिजस होय॥

पाखण्डी

(१)

पिसना पीसै रांड़री पिउ पिउ करै पुकार॥
पिउ पिउ करै पुकार जगत को प्रेम दिखावै।
कहवै कथा पुरान पिया को तनिक न भावै॥
खिन रोवै खिन हँसै ज्ञान की बात बतावै।
आप न रीझै भाँड़ और को बैठि रिझावै॥
सुनै न वाकी बात तनिक जो अंतर जानी।
चाहै भेंटा पीव चलै ना सुपथ रहानी॥
पलटू ऊपर से कहै भीतर भरा विकार।
पिसना पीसै रांड़री पिउ पिउ करै पुकार॥

(२)

परदुख कारन दुख सहैं सन असंत हैं एक ॥
सन असंत हैं एक काटि के जल में सारैं।
कूंचैं खैंचैं खाल उपर से मुँगरा मारैं ॥
तेकर बटि के भांजि भांजि के बरतैं रसरा।
नर की बांधे मुसुक बांधते गउ औ बछरा ॥
अमर जाल फिर होय बझावे जलचर जाई।
खग मृग जीवाजंतु तेही में बहुत बझाई ॥
जिव दै जिव संतावते पलटू उनकी टेक।
परदुख कारन दुख सहैं सन असन्त हैं एक ॥

(३)

विस्वा किये सिंगार है बैठी बीच बजार ॥
बैठी बीच बजार नजारा सब से मारै।
बातैं मीठी करै सभन की गांठि निहारै ॥
चोवा चन्दन लाइ पहिरि के मलमल ख़ासा।
पंचभतारी भई करै औरन की आसा ॥
लेइ खसम को नाम खसम से परिचै नांहीं।
बेंचि बड़न को नाम सभन को ठगि ठगि खांहीं ॥
पलटू तेकर बात है जेकरे एक भतार।
विस्वा किये सिँगार है बैठी बीच बजार ॥

(४)

हवा हिरिस पलटू लगी नाहक भये फकीर ॥
नाहक भये फकीर पीर की सेवा नांहीं।
अपने मुँह से बड़े कहावैं सब से जांहीं ॥
धमधूसर ह्वै रहे बात में सब से लड़ते।
लाम काफ वो कहैं इमान को नांहीं डरते ॥
हमहीं हैं दुरवेस और ना दूसर कोई।
सब को देहिं मुराद यक़ीन से ओकरे होई ॥

मन मुरीद होवै नहीं आप कहावै पीर।
हवा हिरिस पलटू लगी नाहक भये फकीर॥

(५)

जौ लौं फाटै फिकिर ना गई फकीरी खोय॥
गई फकीरी खोय लगी है मान बड़ाई।
मोर तोर में परा नांहि छूटी दुचिताई॥
दुख सुख संपति विपति सोच दोऊ की लागी।
जीवन की है चाह मरन की डेर नहिं त्यागी॥
कौड़ी जिव के संग रैन दिन करै कलपना।
दुष्ट कहैं दुख देइ मित्र को जानै अपना॥
पलटू चिंता लगी है जनम गँवाये रोय।
जौ लगि फाटै फिकिर ना गई फकीरी खोय॥

प्रेम

(१)

आशिक का घर दूर है पहुँचै बिरला कोय॥
पहुंचै बिरला कोय होय जो बिरला जोगी।
बिन्द करै जो छार नाद के घर में भोगी॥
जीते जी मरि जाय मुए पर फिर उठि जागै।
ऐसा जो कोइ होइ सोई इन बातन लागै॥
पुरजे पुरजे उड़ै अन्न बिनु बस्तर पानी।
ऐसे पर ठहराय सोई महबूब बखानी॥
पलटू आप लुटावही काला मुँह जब होय।
आशिक का घर दूर है पहुंचै बिरला कोय॥

(२)

जहाँ तनिक जल बीछुड़े छोड़ि देत है प्रान॥
छोड़ि देत है प्रान जहाँ जल से बिलगावै।
देइ दूध में डारि रहै ना प्रान गँवावै॥
जाको वही अहार ताहि को का लै दीजै।

रहै न कोटि उपाय और सुख नाना कीजै ॥
यह लीजै दृष्टान्त सकै सो लेइ विचारी ।
ऐसा करै सनेह ताहि की मैं बलिहारी ॥
पलटू ऐसी प्रीति करु जल अरु मीन समान ।
जहां तनिक जल बीछुड़ै छोड़ि देत है प्रान ॥

ज्ञान

(१)

समुझाये से क्या भया जब ज्ञान आप से होय ॥
ज्ञान आप से होय हंस को कौन सिखावै ।
छीर करत है पान नीर को वह अलगावै ॥
अललपच्छ इक रहै गगन में अंडा देवै ।
बच्चा सुरति संभारि उलटि के फिर घर लेवै ॥
केहरि के सिसु कहँ कौन उपदेश बतावै ।
कुंजर देहि गिराय बात में बिलंब न लावै ॥
पलटू सतगुरु रहनि को परख लेइ जो कोइ ।
समुझाये से क्या भया ज्ञान आपु से होइ ॥

(२)

समुझे को समुझावई हीरा आगे पोत ॥
हीरा आगे पोत ज्ञानी को मूढ़ बुझावै ।
जहवां आंधी चलै बेना कै बतास चलावै ॥
अटकर सेती अंध डिठियारे राह बतावै ।
जैसे पंडित चतुर संत से बाद न आवै ॥
सुधा का पीवनहार ताहि को छाछ दिखावै ।
जेकरे बाजै तूर तहां का डफ्फ बजावै ॥
पलटू दीपक का करै जहँ सूरज की जोत ।
समुझे को समुझावई हीरा आगे पोत ॥

करनी और रहनी

अपनी अपनी करनी अपने अपने साथ ॥
अपने अपने साथ करै सो आगे आवै ।
बाप कै करनी बाप पूत कै पूतै पावै ॥
ज़ोरू कै जोरूहिं फलै खसम कै खसम को फरता ।
अपनी करनी सेती जीव सब पार उतरता ॥
नेकी बदी है संग और ना संगी कोई ।
देखो बूझि विचारि संग ये जैहैं दोई ॥
पलटू करनी और की नहीं और के माथ ।
अपनी अपनी करनी अपने अपने साथ ॥

दीनता

(१)

मन मिहीन कर लीजिये जब पिउ लागै हाथ ॥
जब पिउ लागै हाथ नीच ह्वै सबसे रहना ।
पच्छा पच्छी त्यागि ऊंच बानी नहिं कहना ॥
मान बड़ाई खोय खाक में जीते मिलना ।
गारी कोउ दै जाय छिमा करि चुपके रहना ॥
सबकी करैं तारीफ आपको छोटा जानै ।
पहिले हाथ उठाय सीस पर सबको आनै ॥
पलटू सोई सुहागिनी हीरा झलकै माथ ।
मन मिहीन कर लीजिये जब पिउ लागै हाथ ॥

(२)

जोग जुगुत ना ज्ञान कछु गुरुदासन को दास ॥
गुरुदासन को दास सँतन ने कीन्ही दाया ।
सहज बात कछु कहिन छुड़ाइन हरि की माया ॥
ताकिन तनिक कटाच्छ भक्ति भूतल उर जागी ।
स्वस्ता मन में आइ जगत की भ्रमना भागी ॥

भक्ति अभय पद दीन्ह सनातन मारग बाकी ।
अविरल ओकर नाम लगी ना कबहीं टांकी ॥
पलटू ज्ञान न ध्यान तप महा पुरुष की आस ।
जोग जुगुत ना ज्ञान कछु गुरुदासन को दास ॥

(३)

दूसर पलटू इक रहा भक्ति दई तेहि जान ॥
भक्ति दई तेहि जान नाम पर पकरयो मो कहँ ।
गिरा परा धन पाय छिपायो मैलै ओ कहँ ॥
लिखा रहा कुछ आन कर्म में दीन्हा आनै ।
जानौं मही अकेल कोऊ दूसर नाहिँ जानै ॥
पाछे भा फिर चेत देइ पर नाहीं लीन्हा ।
आखिर बड़े की चूक जोई निकला सोइ कीन्हा ॥
पलटू मैं पापी बड़ा भूलि गया भगवान ।
दूसर पलटू इक रहा भक्ति दई तेहि जान ॥

भेद

झंडा गड़ा है जाइके हद बेहद के पार ॥
हद बेहद के पार तूर जहँ अनहद बाजै ।
जगमग जोति जड़ाव सीस पर छत्र विराजै ॥
मन बुधि चित रहे हार नहीं कोउ वह घर पावै ।
सुरत सब्द रहै पार बीच से सब फिर आवै ॥
बेद पुरान की गम्म सकै ना उहवां जाई ।
तीन लोक के पार तहां रोसन रोसनाई ॥
पलटू ज्ञान के परे है तकिया तहां हमार ।
झंडा गड़ा है जाइ के हद बेहद के पार ॥

माया

(१)

नागिन पैदा करत है आपुइ नागिन खाय ॥

आपुइ नागिन खाय नागिन से कोउ न बाँचे ।
जटाधारी सम्भु नागिन के आगे नाचे ॥
सिंगीऋषि को जाय नागिन ने बन में खाई ।
नारद आगे पड़े लहर उनहूँ को आई ॥
सुर नर मुनिगन देव सभन को नागिन लीलै ।
जोगी जती औ तपी नहीं काहू को ढीलै ॥
संत बिवेकी गरुड़ है पलटू देखि डेराय ।
नागिन पैदा करत है आपुइ नागिन खाय ॥

(२)

कुसल कहां से पाइये नागिन के परसंग ॥
नागिनि के परसंग जीव कै भच्छक सोई ।
पहरू कीजै चोर कुसल कहवां से होई ॥
रुई के घर बीच तहां पावक लै राखै ।
बालक आगे जहर राखि करिके वा चाखै ॥
कनकधार जो होय ताहि ना अंग लगावै ।
खाया चाहै खीर गांव में सेर बसावै ॥
पलटू माया से डरै करै भजन में भंग ।
कुसल कहां से पाइये नागिन के परसंग ॥

जातिभेद

हरि को भजै सो है बड़ा जाति न पूछै कोय ॥
जाति न पूछै कोय हरी को भक्ति पियारी ।
जो कोइ करै सो बड़ा जाति हरि नाहिँ निहारी ॥
बधिक अजामिल रहे रहे फिर सदन कसाई ।
गनिका बिस्वा रही बिमान पै तुरत चढ़ाई ॥
नीच जाति रैदास आप में लिया मिलाई ।
लिया गिद्ध को गोद दिया बैकुंठ पठाई ॥
पलटू पारस के छुये लोहा कंचन होय ।
हरि को भजै सो है बड़ा जाति न पूछै कोय ॥

18. DEVA-TIRTHA KASHTHAJIVHA SWAMI.

A great Sanskrit scholar and famous saint of Benares. He is said to have been a Sáiva first but having been converted to the Vaishnava faith by the well known Ramsakheji of Ayodhya, he was required by his *guru* to argue with him. The *guru* was defeated and Deva thereupon put a wooden tongue in his mouth. A stone slab with his name engraved on it is still attached to the steps of the temple of Vishweswar and is trodden under foot by every pilgrim to that famous shrine. His songs depict a deep devotion to Sita Ram and he is therefore called Sitaramiya Kashthajivha Swami. His principal works are *Vinayámrita*, *Rámlagana*, *Rámáyana–Paricharyá*, *Vairágyaprádipa* and *Padáwali*. This last work was composed in 1897 V. E. He was *guru* of Maharaja Iswari Narain Sinha of Benares and his songs are still sung in the Benares Court.

वैराग्यप्रदीप

पद

व्यापा कलियुग का शाका,
सब पुरुषारथ थाका ॥
लोग ईश्वरहि के नहिं मानैं,
श्रुति की कहाँ कथा का ॥
बापहि बाप न कहै सो कैसे,
कहिहै काकहि काका ॥
काम आदि भट छेंकि रहे हैं,
धर्मपंथ को नाका ।
इनहिं मारि कै निबहि जाइ जग,
को अस जनमा बांका ॥
दिन दिन चोर अधरमी बाढ़े,
परधन को जिन्ह ताका ।
जो कोउ चढ़ै धर्म के पथ पर,
परै ताहि पर डांका ॥
जिन अपनी रसना यह रोकी,
नारीमुख नहि झांका ।
रामनाम को खरग लिये ते,
निबहे हांकी हांका ॥
मन रमि रहु रामझोपड़िया में ।
नाहिं तौ कालदूत जिउ लेहैं,
एकै एक थोपड़िया में ॥
जगके सुख से तृप्त न कोई,

जस माटी की पोटड़िया में ॥
यद्यपि अमिट अंक हैं विधि के,
जो कछु लिखे खोपड़िया में ।
का न बनैगो शुद्ध भाव से,
जस सुर बसत सोपड़िया में ॥
राजमहल में सो सुख नाहीं,
जो खर पात झोपड़िया में ।
जो रस भरी बैर में नाहीं,
जो रस मिलै कोपड़िया में ॥
इष्टदेव सियरामहिं भजु जिनि,
भूलै बात चोपड़िया में ।
अलख कथन में का सुख पैहै,
खेल गणेश थोपड़िया में ॥

कलिमें कतहूँ न देखा साँच,
सकल कपट को नाच ॥
पुरुष बने कुलटा नारी से,
कपटिन में बड़ पांच ।
सब जानत येई नहिं जानत,
परे भरम की खांच ॥
बात बात में छल चतुराई,
करत सोउ अधकांच ।
लोक लाज डर दूनों तजि कै,
रचत चमारी ढांच ॥
इनकी गति लखि त्रियाचरित सब
गुरु ते मानहुँ बांच ।
इनकी संगति से सहिले इहि,
सब भूंठन की आंच ॥
इनको रंग रहो नित येते,

कबहुं न मारी टाँच ।
देव खेलारी को छुलही में,
रंग रंगीलो मांच ॥
जरौ कलियुग की चतुराई ॥
झूठन की पाटी लिखि पढ़ि कै,
भाइ गई मन धतुराई ॥
बालक वृद्ध तरुण सबही को,
अतुराई औ बतुराई ।
रामरंग में कबहुँ न आवत,
देवनहूं से शतुराई ॥
सबी कोई मतलब ही के यार ।
नाहिं तो करत बिगार ॥
भानु कमल से प्रेम सही पै,
जब लगि वह गुलजार ।
टूटे पर रवि छार करत है,
पानिउ करत विकार ॥
जीव परम प्रिय देहहु को लखि,
गलित खलित लाचार ।
त्यागन चाहत पुनि पुनि तन को,
करम होत रखवार ॥
भावभक्ति के भूखे ईश्वर,
जन पर ढरत उदार ।
भाव बिना तो नरक पचावत,
गीता कहत पुकार ॥
पूरणकाम श्याम कारण बिनु,
अगतिन के हितकार ।
देवदृष्टि से देखि परे अब,
सांवरिया के द्वार ॥

जगत में वह विराग है दूर ॥
जामैं रामचरण रति उपजै,
छाइ रहै भरपूर ॥
छनक विराग मसानी उपजै,
अन्त घूर को घूर ।
वचन बिराग होत पढ़ि गुनिकै ,
अंदर उमड़ी धूर ॥
मन को निरमल करत करमही,
तदपि विषय रसभूर ।
पाय नवतई प्रबल होत मन,
ज्यों सरिता को पूर ॥
जो अनुराग विराग वही है,
ज्यों मिसिरी को चूर ।
देव दृष्टि से यह लखि लीजै,
करिय न हुराहुर ॥
नाहक ते जीवत हैं जिनकी,
नाहीं श्यामचरन में रति ॥
बिगरि रहा यह लोको जिनको,
का कहिये परमारथगति ।
भये न इतके भये न उतके,
बड़ी भई ररतन की छति ॥
छेरीगलथन पीठ ऊँट की
रचि बिरथा विधि की मेहनति ।
धरतीभार भये जीयत लौं,
मरि सहिहैं यम की साँसति ॥
सब अंगन से हरि को भजिये,
कबहूँ न उपजी ऐसी मति ।
राजपाट बिरथा धन विद्या,
जीवन में दम दम लानति ॥

श्यामकुञ्ज घन श्री यमुनारज,
जिनकी महिमा अति ते अति ।
जहँ विहरत श्रीदेवकिनन्दन,
जासे बनत अपतिन की पति ॥

घर को गोड़ाँई हम छोड़ो ।
श्यामलगन के वैरी जनन से,
नातो तृण सो तोड़ो ॥
मरमिन से कछु दिन संगति करि,
दुर्मतिभांड़ो फोड़ो ।
करम लिखा दुख सो सकारि कै,
ब्रह्मअंक जनु खोड़ो ॥
नामप्रताप कालकंटक मुख,
चरणामृत से मोड़ो ।
व्रज की रज विनु गति न दूसरी,
लागा तन को होड़ो ॥
आये विघन अनेकन तिनको,
नेम धरम से बोड़ो ।
देवकिसुत से चरणकमल सों,
मनको तागो जोड़ो ॥

मन की मनहीं माँह रही ॥
सियाराम को किंकर होइहौं,
जियमें धरी यही ।
किंकर भये काम कंचन के,
दिन दिन विपति सही ॥
सेइहौं साधू सन्तचरणामृत,
ऐसी बहुत चही ।
जन्म गयो कामिनि मुख चूमत,
मुख में लार यही ॥

सियारामपद चिंतन करि हौं,
बैठि एकन्त कहीं।
जन्म सिरान विषय चिन्तन में,
कछु नहिं जात कही॥
देव शरीर पाय कै अब तौ,
देखि हौं अवधमही।
बेचत फिरै कौन दर दर में,
कहि कै दही दही॥

जगत में तीन मतवाले।
हालमस्त कोइ मालमस्त है,
जहरी चश्म के कोइ घाले॥
चश्मदेवाना दर दर घूमै,
मालमस्त धन के पाले।
हालमस्त कोइ रामदेवाना,
जिसकी जीभ पड़े छाले॥

बहुत मोंहि ठगलेसि ठगिनियाँ,
नट खट जैसे रगिनियाँ॥
कुछ दिन रखले खेल कूद में,
कुछ दिन काम जगाय।
करमन की अँगुरी में डसलेसि,
जैसे कारी नगिनियाँ॥
वेष भये विषया के कारन;
नेम धरम के नांहीं।
परनारी की कौन चलावै,
बँचै न धीय भगिनियाँ॥
वेद पुरान कुरान पढ़े से;
दिन दिन बाढ़ै मान।
इनमें छुपि कै रहलि बाद मिसि,

उहई परम दगिनियाँ ॥
केहू देवता को का मानौ,
को ऐसो समरत्थ।
रामनाम अघ काटै जैसे,
गंगा जूड़ि अगिनियाँ ॥
रामरंग परसंग रचेक जो लागन पावै,
तौ छुवतै बीछी को रस ज्यों,
रोम राम चढ़ि धावै ॥
हियसमुद्र तब उमगै भाई,
आँखिन में रस आवै।
रामझलक में मगन होइकै,
राम राम रट लावै ॥
मल के अमल कहत सब कोई;
को अब इनहिं मनावै।
रामरंग में मल नहिं तेहि ते,
सोई अमल कहावै ॥
ई रस पोथिन से नहिं निसरै;
केउ न भाठि चुआवै।
देव सुधारस टप टप टपकै;
पूरा पकरि चिखावै ॥
अखिल राम को रंग,
बाकी सब रंगुये।
अलख वही लखि जात वही है,
जासे रंग तरंग ॥
श्वेतश्याम से माया रंगी,
तीन रंग गुण संग।
पंचभूत माया के रंगे,
जिनसे देह प्रसंग ॥

तीनि लोक करमन से रंगे,
देखि परत छिन भंग ।
रामरंग लागा नहिं छूटै,
दिन दिन बढ़त उमंग ॥
देव अनुग्रह सत संगति ही,
या के साधन अंग ।
याही में तब दंग रहैगो,
काहू से नहिं जंग ॥
कहां तक ठहरै काचो रंग ।
जैसे मुलम्मा सिखई बातें,
खुलत पाय परसंग ॥
राग रंग सांचो जब लागै,
भेदि जाय सब अंग ।
अमिट रंग को देखि देखि,
कै रहत देवाना दंग ॥
साधो येही गति की राह,
श्याम को भजन करो ।
चाहो तीरथ दान करो तुम,
चाहो ज्ञान औ योग ।
ऊँचे चढ़ि कै अंत गिरोगे,
मिटै नहीं यह रोग ।
चाहो यतन करो ॥
चाहो अमर की घरिया पीयो,
चाहो लगावो तारी ।
चाहो योगसमाधि करो तुम,
तेग काल की कारी ॥
या सब को सजन करो ॥
श्याम होहि सब रंग अन्त में,

श्याम न दूसर होइ ।
कालहुको यह महाकाल है,
जानि लेहु सब कोइ ।
संशय तजन करो ॥
मोर पंख येही दरसावत,
सर्प काल को काल ।
श्यामब्रह्म अस श्रुति बोलत सो,
देवकिसुत गोपाल ।
याको तुम भजन करो ॥
रहेउँ मैं हारि करि यतन ।
पल भर मन न थिराइ,
न्याय कहौं किस मत से चंचल,
योग पवन से मानै ।
गाढ़ नींद में थिर मन काहे,
का निरुवारा मतन ॥
तब थिराइ जब प्रेरक बरजै,
यह मत काहू छाना ।
तौ प्रेरक हू थिर मन नाहीं ।
जैसे भुव को अतन,
मन कै अंकुश ज्ञान कहत केउ,
ई अड़गुड़ मोहिं लागै,
थिरता ज्ञान परस पर कारन,
बैठिहि कवनी घतन ।
चंचल तै मैं श्याम अचलता,
देखहि देव नजरिहा ।
मैं मलीन जनमैं को आंधर,
परखि सकौं का रतन ।
साधु महातम अपरम्पार ।

चारि तरह के जीव जगत में,
सबको करत उधार ॥
महामूढ़ जीवन को सिखवत,
विग्रहपूजनसार ।
देहातम मति ताते विनसत,
होत बड़ो अधिकार ॥
कछु चेतन से यन्त्र पुजावत,
कहि सब विधि विस्तार ।
ताते अंतरमुखता उपजत,
बदत सकल व्यवहार ॥
अधिकारिन को सिखवत आतम,
पूजन के उपचार ।
जाते इष्टदेव अस दरसत,
घट घट करत विहार ॥
क्या खासी छवि छाई
संतन के तनमें ।
मुकुट धरम सिर पेच नम्रता,
जगमग गुन समुदाई ॥
ज्ञान विराग विमल दोउ कुण्डल,
कानन में लहराई ।
ध्यानरतन माला उर लहरत,
सुकरम कङ्कन भाई ॥
रोम रोम परहित सो चंदन,
महँ महँ महँ महँकाई ।
करमसूत्र दृढ़ता भजनहिं ते,
तनुछवि संतमिताई ।
पंचतत्वचिन्तन सो मुँदरी,
कंठी मधुर कहाई ॥

जीव देवतरु सुभग लता में,
नामसुमन झरि लाई ।
रामलगन बिन धिग जगजीवन,
धिग झूठी चतुराई ॥
अवध के संतन की बलिहार ।
त्रिभुवन के शृंगार ॥
निगमागम पुराण स्मृतिसम्मत,
करि चारिउ उपचार ।
प्रतिदिन रामचन्द्रपद अरचत,
परम भक्तिअनुसार ॥
भाव तिलक माला को समुझत,
परिहरि हृदयबिकार ।
नाना मत कहँ एक जानि कै,
जीति रहे संसार ॥
अरचत चरचत परचत खरचत,
परमरम्य व्यवहार ।
यहि विधि उत्तम काल बितावत,
चिंतत राम उदार ॥
जिनके हृदय बदनकमलन में,
रामभँवर गुंजार ।
देव धरम एकै दृढ़ राजत,
केवल परउपकार ॥
अब आया आगम खोटा,
बीसो बिस्वा टोटा ॥
योगी यती सिद्ध तपसिन के,
ढीले भये लँगोटा ।
दाया धरम कछु मनमें नाहीं,
फिरै बढ़ाये झोंटा ॥

वेश्या पहिरैं खासा मलमल,
लगे किनारी गोटा।
कुलवन्ती दुखरा से पावैं,
फटा पुराना मोटा॥
दूध मलाई बांका चाभैं,
जगै भांग का घोटा।
रूखा चून साधुजन पावैं,
कबहूं जलै भर लोटा॥
बेमरयाद चला सब कोई,
क्या रे बड़ा क्या छोटा।
भाई राम तब याद करौगे,
जब खड़कैगा सोंटा॥

अब कलयुग आवा,
छुट घट पातक छावा।
कलि को प्रथम चरण जिनि जानो,
द्वापर अघ दुइ चरण बखानो।
प्रथहि को तिसरो करि मानो,
चौथो डंक बजावा।
झूठ पखंड अकर्म अदाया,
पाप चरन को चौक लखाया।
चरन धरम को एक बचाया,
सोई बीज बनावा।
ज्ञानयोग जिव लेइ पराने,
धर्म कर्म के रूप हेराने।
कलि के डर साधन थहराने,
नामै पार लगावा।
नाम प्रताप मदोतित जागा,
जाके डर कलि को तम भागा।

बाढ़त देव चरनअनुरागा,
जाको यश श्रुति गावा ॥
सातो कसकत मेरे मन में ।
पढ़ि कै जो कछु सार न काढ़ै,
अटका ग्रंथन में ॥
हाकिम होइकै चाह करै,
जो परजन के धन में ।
ब्रह्म जानि कै जौ न करै,
रति सियवरचरणन में ॥
सकल मतन को एक न जानै,
भूला अनखन में ।
शास्त्रन में देखत नहिं देखत,
सब अपने तन में ॥
जग कौ देखि न ईशहि चीन्हत,
जस मुख दरपन में ।
कम नहिं ज्यादे पूरा सौदा,
परखत नहिं जन में ॥
इन सातन के देव मिलत हैं,
जिन भरमौवन में ।
श्याम रावरे चरण भजनु बिनु,
किन अपनो पद पायो ॥
विधिवत करम करत यज्ञादिक,
अंत नाम गुनगायो ।
हरि सुमिरन बिन होत न पूरा,
ऐसो व्यास बतायो ॥
मरनकाल में योगी पूरो,
मुख से प्रणव कढ़ायो ।
हिय में सुमिरत श्यामनाम को,

मुदित परमगति ध्यायो ॥
ज्ञानिउँ ब्रह्म भूतसाधन ते,
सकल बिकार बहायो ।
तबहीं होत भक्तिअधिकारी,
अस गीता में गायो ॥
वेद शास्त्र को मरम छानि,
जिन अपनो सान नशायो ।
देवअनुग्रह सतसंगति से,
भजन सार ठहरायो ॥

---

19. YUGULANANYASHARANA.

Yugulananysharana was one of the four Mahátmás of Ayodhya in my childhood. He was a great scholar of both Sanskrit and Persian and a good poet. He was respected by both Hindus and Musalmans and though I was too young to understand his teachings, his personality was extremely impressive, and I have heard him explaining the the esoteric meanings of Masnavi Moulana Rum's verses. He belonged to the sect of Jánaki Sakhas or companions of Sitá and he loved God as his Lover "the soul's comrade, teacher and bridegroom" in the manner explained in the note on Krishna Cult.

"He has written good many works, of which 37 dealing with the Ram-cult and allied subjects and covering no less than 2,200 pages, have been noticed. They were written between Samvat 1904 and 1922 (1847 to 1865.) The poet was therefore born probably in the first quarter of the 19th century and is known to have died in 1876." (The Second Triennial Report on the Search for Hindi Manuscripts; By Pt. Shyam Behari Misra).

युगुलानन्यशरण

मधुरमंजुमाला

इश्कस्वरूप

मंजु छन्द

इश्क रहस्य अथाह नाहप्रियचाह समेत बखानो ।
जाके श्रवन मनन कीन्हे सियश्याम मिलत रसखानो ।
याके परे अपर नाहीं कछु बेद पुरान पछानो ।
युगलानन्यशरन सब तजि निज इश्ककथा उरझानो ॥
शीशा शौक़ ज़ौक़ का कातिल दारू दरद दिमागी है।
मेहर मुहब्बत मुरशिद महरम मधुर छकाया रागी है ।
होश जोश अफ़सोस दूर नव नूरपूर अनुरागी है ।
युगलानन्य आस की सांची हरदम दर दिल जागी है ॥
जीवत ही लक्कर हो जावै सो शक्कर को खावेगा ।
कोह मोह से टक्कर लेवै तब फक्करपद पावेगा ।
जादू जाहिर चक्कर मक्कर छोड़ि स्वरूप समावेगा ।
युगुलानन्य अनूप नामधुनि सुनि सुनाय सरसावेगा ॥
तसबी फिरे नहीं कर डोलै वदन न बोले बानी ।
शबोरोज़ महबूबयाद की माला मेहरनिशानी ।
चाखे रस भाखे सपने नहिं नाम अमल मनमानी ।
युगुलानन्य फकीरी मुश्किल कोइ विरले पहिचानी ॥
चश्मचोट को ओट न करना लोटपोट हो जाना है ।
लाजमोट को पटक शीश से इश्ककोट खुद खाना है ।
खतरा ख़ौफ जुदा कर फौरन् नेहनिशान बजाना है ।
युगलानन्य ख़बरदारी से सोवे मन मस्ताना है ॥

सियवल्लभ से जाय हक़ीक़त कहो कोई अब मेरी।
मनिबिन फनि जलहीन मीन त्यों दशा हमारी घेरी।
जो आवै दिलदार यार तो उपजै मोद घनेरी।
युगलानन्यशरन तेरे हित राह रैनदिन हेरी॥
सीतारामरूपआशिक अलबेले अधिक अदागी हैं।
भीताराम गहैं गरिमागुन सागर मगन सुभागी हैं।
जीता काम काल काहिलकुल काफ़िर रहित बिरागी हैं।
युगलानन्यशरन अंतर घट जरत बिरह की आगी हैं॥
आशिक होना सहल नहीं मरने से मुश्किल मानोगे।
पलपल पर मरना जीना तिसको क्योंकर पहचानोगे।
चोज चमकातही न चले तहँ हाय हमेशे ठानोगे।
युगलानन्यशरन आशिकरस छानत छानत छानोगे॥
अपने अपने घर के भीतर अपनी गढ़े बड़ाई है।
नई नई बातें अविहित करि अर्थबाद बहकाई है।
जो कोई सन्देह करै तिस साथ जंग भमकाई है।
युगलानन्यशरन आशिक की दशा जुदी दरशाई है॥
सियवल्लभवर वपुष मिलन हित अद्भुत इश्क कलाई है।
मेहनत बिना मिलै मोहनमुद बेद नेति जेहि गाई है।
सांची बात न शक यामें कछु कथा पुरानन गाई है।
युगलानन्यशरन आशिक पर सियवरमेहर सदाई है॥
श्रीसियराम रंगीले रसनिधि रसिक सजाती सांचे।
जिनके अन्तर बाहरहूं निज नेह अजूब अयांचे॥
तिनके संग सजे भासे भल भाव चाव रस रांचे।
युगलानन्यशरन नेही आशिक मुदमंगल मांचे॥
मौन गौन गुन भांति शांति बिन जपी तपो सनमाने।
बचनबिरोध बोध बरजित कुल करत रोकिबो ठाने।
कठिन कष्ट हिय धारि गारि तन उपवासादि प्रमाने।
युगलानन्यशरन सत मत ते रहित निरंतर माने॥

नख सिख नवल माधुरी मनसिजमानमथन अवलोकैं।
मखमनहरन नाम अंतर उर रचत रहै अविसोकैं।
चख चख गुनपीयूष महारस तकैं न काहू लोकैं।
युगुलानन्य परख प्रीतम प्रिय नेहनाज नव नोकैं॥
राजे रैन ऐन चितवन चख चलन ललन लखि लोयन।
छाजे छैल छलाव भाव चितचाव चढ़ाय सुकोयन।
गाजे गरक गभीर धीर गुन रमन करत खुशबोयन।
युगलानन्यशरन बाजे बर बीना विशद बिलोयन॥
सुरमे सहित सलोने सुन्दर सुखमासर श्रीसरसें।
अनुपम अमल अमोल असल अनुराग बूंद बर बरसें।
ज्ञानी ग़रक गुमान मान मन मति गति बरबस करसें।
युगलानन्य नैन प्रीतम अति अदभुत लखि हिय हरसे॥
भली बुरी कोइ कोटि कहै पर अपने सुखमें उरझे हैं।
गली मिली संकेत कंजकल तहँ बसि फेर न सुरझे हैं।
कली अनूप खिली अन्दर उर तेहि सुवासि लहि मुरुझे हैं।
युगलानन्यशरन पल बिछुरत हो रहे पुरझे पुरझे हैं॥
नामध्यान अभिराम धरे उर अंकुर सतगुरबानी से।
व्यर्थ बाद कटु खेद तजे निर्वेद भजे अभिमानी से।
शान्ति नितान्त एकान्त बसे सियकान्तसनेह समानी से।
युगुलानन्यशरन घूमे नित अलखित दशा दिवानी से॥
बाहर बिविधि बहारभार पर अंतर जिकरे-खुदाई है।
ऊपर मलिन समान सही पै भीतर सरस सफाई है।
राजा रंक न भेद गहे कछु समता साज सजाई है।
युगलानन्यशरन सोई सत सब बिधि मम सुखदाई है॥
यारी अवधबिहारी प्यारी खारी जाल जहानी है।
सारी सौक चित्त चौपर मधि खेलै लगन लगानी है।
हार जीत दोनों प्रीतमसंजोग बियोग कहानी है।
युगलानन्यशरन संतन की ऐसी सरस निशानी है॥

मन तन बचन रचन नागरगुन नाम रूप खिन खटके।
गुनगन रमन चमन चितवन सुचि सैर रंग में अटके॥
बन बन सजन खोजि घायल जित तित प्रीतमहित भटके।
युगलानन्यशरन आखिर अब बासी सरजूतटके॥
आशिक हो के कतल न होवे जीवे जीव जहाना।
तिसके सम कमज़रफ अधम नहिं संत अनंत बखाना।
सूर सदाना फेर डराना ममता में मगनाना।
युगलानन्यशरन हर दो दिशि मसि मुख माहूँ लगाना॥
आशिक को हर वक़्त मुनासिब ख़बर बेख़बर होना।
सनम शौक़ सुहबत ज़ाहिर में खूब जागना सोना।
अच्छी चीज मधुर दिलबर हित आप सुखी दुख ढोना।
युगलानन्य सनेह समुझ बिन वृथा जनम का खोना॥
मुझे पसन्द पंद यही जो सिर कटाय मर जाना।
हाय हौक हरदम बिरहानल करना जमा खजाना।
रैन ऐन जागना रोवना गम का भोजन खाना।
युगलानन्य लाल मिलने हित व्याकुल बीन बजाना॥
क्यों बेनाहक समझाते हो मुझे मरम तो जानो।
हम तो रोग सोग से संयुत बिरहबियोग पछानो।
जो अच्छे करनेकी ख़ाहिश तौ दिलबर को आनो।
युगलानन्यशरन सबही विधि अबतो असल दिवानो॥
आशिक नाम धराय खाय फिर खौफ, फजीहत तिसकी है।
डुबे बिना मनसूर नूर निज नेह न यार हिरस की है।
नाहक तरक किया लज्जत दुनियाँ की खूब हवस की है।
युगलानन्यशरन डूबे दरियाव इशक गति किसकी है।
बात बनाना सूर कहाना खाहिश खाम ख़ज़ाना है।
सर दर दस्त करे अव्वल तब मारू राग बज़ाना है।
जिस सायत रन सनमुख होना तब फिर क्या शरमाना है।
युगलानन्यशरन लाशक अब सिर कटाय मरजाना है॥

बधिर अंध पंगू गूंगे सम करत लगत नहिं देरी।
छन में रंक राव पल अन्तर बिरह हेत हिय हेरी।
अटपट चाल हाल महरम किस तरह हूजिये ये री।
युगलानन्यशरन कहिये क्या पड़ी प्रीत की बेरी॥
चितवन चलन चमक खेलन सरजूकिनार सुधि कीनी।
बोलन हसन लसन जुलफन छवि छोरन छैल छवीनी।
हरसायत दिल लाय ललकि पुनि सुरस हीन मति भोनी।
युगलानन्यशरन बिरहिन प्रिय प्रान निछावरि कीनी॥
मेहंदी मधुर मोहब्बत मनसिज मेहरबान मृदु ताजी है।
मान समान मानिनी महरम ललित लालसा राजी है।
रीत पुनीत मनोहर सोहर सरस स्वाद सत साजी है।
युगलानन्य कंज करतल लखि नेह सुनौबत बाजी है॥
गुरूम् इश्क लपेटी बानी सानी सुधा सयानी।
क्षांत नैव मया किंचित् गुणसिंधुप्रवाह समानी।
हम तो टेक विवेक छांड़ि सब तेरे करन बिकानी।
युगलानन्य नेह नैनन से निरखि हंसो दिलजानी॥
वातसल्यरस बादशाह सन्देह रहित गुनसागर।
शाहनशाह अथाह अनूपम रस भूपेश उजागर।
नेही नेहनहे नाजुक नित निरखे नागरि नागर।
युगलानन्यशरन सतमखसुख समुझत गुनिनिधि आगर।
वातसल्य रस पूजनीय प्रिय गुरुप्रभाव धिय ध्याई।
मौज महान सुजान अनत किमिकेलि कलित छवि छाई।
या मधि रंच विवाद देश अवकाश न नेह लखाई।
युगलानन्य अकथ उज्वल रस कहत गिरा शरमाई॥
क्या कोई करसकै हमारा प्यारा निकट निवासी है।
खालिक झलक खलक खारिज नहिं खिजमत खैर खवासी है।
समुझा सरस शौक सोहबत सत समन फजीहत फांसी है।
युगलानन्यशरन सतगुरु की मेहर भाव भल भासी हैं॥

विमल विहार वाटिका वल्लभ भाव भान भल भा के हैं।
भाल भलाई भीत विगत भव भागी भान न ताके हैं।
खाहिश ख्वार खबर निज पर की फरामोश सद साके हैं
युगलानन्य रसीले रसनिधि अवधशहर के बांके हैं॥
मधुर मिजाज पसन्द फन्द दिल विशद बराबर दीदम्।
उसी रोज से खोज और सब त्यागि चश्म चसपीदम।
परमानन्द प्रेम प्रीतमपद सुगन सुभाव शुनीदम।
युगलानन्यशरन रस सागर पाप न नेक तपीदम॥
दीदम् दर बाजार तमाशा सख़ुन बीच नहिं आता है।
गूनागून अजायब नक़्शा सौदा शौक विकाता है।
ख़रीदार सरदार सलोना सुन्दर रूप दिखाता है।
युगलानन्यशरन मुरशिद की मेहर पाय छवि भाता है॥
आशिक की समता करने लायक़ तिहुँ लोक न कोई है।
योगी जती तपी ज्ञानी तिसके आगे सब छोई है।
उनसे बड़ा और नाहीं जिनकी मति रंगरस भोई है।
युगलानन्य इश्क कीने बिन बार बार मति रोई है॥
आशिक असल उपासक खासे अभिलासे रसरासे हैं।
नाशक सकल विभूति विचारत अमल अनूपम आसे हैं।
हर हमेश आवेश वेस निज परख रूप अभ्यासे हैं।
युगलानन्यशरन के जीवन जाहिर जगत उदासे हैं॥
पल पल पीर प्यार प्रीतमपद प्रेमप्रवाह बहावै हैं।
जल थल मधुर मनोज मोहनीमूरति लखि हुलसावै हैं॥
अलबल बचन नहीं छलमल अति असल प्रमोद समावै हैं।
युगलानन्यशरन आशिक लाशक सिय श्याम सोहावै हैं॥
दिलदारों की दूरदरकदीं दुनिये से कुछ न्यारी है।
उसही में मशग़ूल भूल हर लहजे रहैं बहारी है॥
बोलन हँसन मिलन तिसहीमय बाहर भान बिसारी है।
युगलानन्यशरन हम तो सोइ आशिक की बलिहारी है॥

नेह हिँडोरा डारा दर दिल पटरी प्रीति लगाई ।
खंभा खाहिश मिलन मोहब्बत मरुवा खूब सजाई ।
लट्टू रंगदार लय लालन डोरी जिकर जमाई ।
युगलानन्य हमेशे झूलें सिया सहित सुखदाई ॥
धूनी नेह जलाई हमने शबोरोज दिल अन्दर ।
आतश आह हमेशे निकसे जले जिसम मनमन्दर ॥
याद यार का हर दम माला फिरे कहर के कन्दर ।
युगलानन्य नज़र में मेरे आता नहीं सिकन्दर ॥
भीनी निसा अंधेरी घेरी बीम मौज्ञ दरसावै ।
लहर कहरमय उठे अनूठे देखत जिय डरपावै ।
पार यार दिलदार सलोना मुशकिल मिलन मनावै ।
युगलानन्यशरन इह मारग सुवुकसार कहँ पावै ॥
हरदम ख्याल खौफ नहिं खतरा खबरदार खिदमत में ।
खातिर खाह हजूरी हजरत ख़ाहिश नहिं अज़मत में ॥
ख़ालिक ख़लक एक सा मुझको मालुम शुद इस मत में ।
युगलानन्य क़लम क़ायम बर लिख पाया क़िसमत में ॥
बन्दा खूब अजूब वही है जिसे बन्दगी प्यारी ।
जिकर जाहरी सकल गुजारी जिसम गंदगी भारी ॥
नजर शाम और सहर बहरदरयाय इश्क छबिधारी ।
युगलानन्यशरन साबित दिल पावत प्रीतम प्यारी ॥
राह अजब बारीक बाल से सौगुन नज़र न आवै ।
हर यक तरफ़ बरफ़ के मानिँद सीरी हवा बहावै ।
रंगदार संगी नहिं दीगर तिमिरतोम दृग छावै ।
युगलानन्यशरन मुरशिद की मेहर सहित सुख पावै ॥
जागत रहो गहो डोरी छवि सूरति सजन सनेही का ।
पागत महो मोद माखन मधु मृदु तन गुन गन गेही का ।
लागत लाह लहो लोचन फल दशा विचित्र बिदेही का ।
युगलानन्यशरन सद्गुरुपद आशिक हो डर केही का ॥

दिन अरु रात सैन कीजे रस पीजे प्रेम पियाले का।
छिन छिन तात नेह नूरी तहक़ीक करो छबिवाले का।
रित तीनों तमतार पार हग दरसै सुख मतवाले का।
युगलानन्यशरन बेशक अब नजदीकी नृपलाले का॥
जे सतपंथ पाव धारे तिनको बहुविधि बहकाते हैं।
ज्ञान गरूर मजूर ज़हर प्याला पीये मदमाते हैं।
दुर्लभदेह पाय मानव शठ अहंप्रवाह बहाते हैं।
युगलानन्य नामअनुरागिन तरफ़ ताकि खुनसाते हैं॥
करनकोच के बीच धसे मुख से विज्ञान बताते हैं।
वाचकव्यर्थ बाद बादी नहिं लच्च लाभ लखिपाते हैं।
राम अनादि अखिलईशनपति प्रीति रहित बिललाते हैं।
युगलानन्यशरन इह भवनिधि फिरि फिरि आते जाते हैं॥
जाके रंग रूप रेखा नहिं कहि पुनि तहँ अरुझाते हैं।
अलख कहत कछु काहि लखत शठ अहमक़ जन्म नसाते हैं।
इनकी कौन कथा कहिये चुप रहिये प्रान पिराते हैं।
युगलानन्यशरन निज सुख लहि फूले नहीं समाते हैं॥
रसिक पारखी प्रेमदिवाना सियवल्लभछबिभीना है।
चित्त चारु चामीकर भीतर जड़ित सनेहनगीना है।
पल पल प्यास पास परसन की क़ीमत अजब नवीना है।
युगलानन्य दशा ऐसी बिन ज्यों नकटों का जीना है॥
गली भली छबिमिली रली रस तहां सदा हम बसते हैं।
मन नवनेहसरोवर मधि नित गरक न कभी निकसते हैं।
नाम अमोल अतोल दाम अभिराम धारि दिल लसते हैं।
युगलानन्य ज्ञान योगादिकपुंजपुंज लखि हँसते हैं॥
दरजा दूर इश्कबाजों का कहन सुनन से न्यारा है।
महबूबों दी मेहर न मांगे क़हर महाबुद धारा है।
आप खाक में मिले मौज से दिलजानी दिलदारा है।
युगलानन्य एक टक हरदम नेही नज़र निज़ारा है॥

मुझे किया बदनाम दीन दुनियें में अजब तमाशा है।
खुशी करैंदा आप महल में दैंदा नहीं दिलासा है।
जो कबहीं अर्जी गर्जी है लिखो जवाब न आसा है।
युगलानन्य याद में तेरे पानी बीच बतासा है॥
देखा आज रसीला गबरू अबरु खैंच कमाना।
सरजूसरितकिनारे प्यारे करैं कहर कतलाना।
संगी नवरंगी अलबेले सखा सजे धनुबाना।
युगलानन्य यार छबि ऊपर किया काम कुरबाना॥
अंक अशंक सु नव आशिक मनहरन श्रवन सुनलीजे।
आह सर्द तन जर्द नैन नित नीर पीर सें भीजे।
मधुर रसलपतर बचन उचारन अशन सु दूजे तीजे।
युगलानन्यशरन सीताबर तिनपर अधिक पसीजे॥
चितवन सांग चलाय यार मन तन मन छेद दिया है।
टाँका लगै न सीने माफ़िक ऐसा दरद किया है।
अगर हकीम मसीहा आवैं तो भी भीत हिया है।
युगलानन्यशरन सुन्दर मुसक्यान बिलोकि जिया है॥
योगी योगरोग में माते प्रानायाम समाधी।
हांसिल एक बराट न यामें केवल बाट बिआधी।
ज्ञानी ज्ञान कथैं निसि बासर मत अद्वैत दृढ़ साधी।
युगलानन्यशरन श्रम भ्रम बिन मारग नेह अनाधी॥
इश्क फकीरी अमल अमीरी दमरी सेर नहीं है।
कोह मोह की बेरी पहिरे सूरति फिरति बही है।
मन महबूब मिलाय न पल भर खाते दूध दही है।
युगलानन्यशरन बातों से किसने लाल लही है॥

PRINTED BY GANESH PRASAD AT THE BAJPALI PRESS, ALLAHABAD—X-1924.